श्रावण कृष्ण पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 25 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 249, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





साल में दो बार एचआईवी रोधी इंजेक्शन कारगर 16

पति पत्नी और वो के सीक्वल में भी कार्तिक 15










## बिहार विधानसभा में एंटी पेपर लीक विधेयक पास

पटना, एजेंसी

- भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी रोकने को कड़ी सजा का प्रावधान
- पांच साल तक की जेल और लगेगा 10 लाख रुपये जुर्माना

बिहार विधानसभा ने राज्य में आयोजित होने वाली भर्ती परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक और अन्य गड़बड़ियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से बुधवार को एक विधेयक पारित किया।

बिहार के संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी द्वारा सदन में पेश किए गए बिहार लोक परीक्षा (पीई) अनुचित साधन निवारण विधेयक, 2024 को विपक्ष के बहिर्गमन के बीच ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। नए कानून का उद्देश्य बिहार में प्रश्नपत्रों के लीक सहित प्रतियोगी परीक्षाओं में कदाचार पर अंकुश लगाना है। बिहार 'राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक' (नीट-यूजी) 2024 प्रश्नपत्र लीक मामले को लेकर हाल में सुर्खियों में भी रहा है। विधेयक में ऐसे कदाचार में शामिल लोगों के लिए कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है, जिसमें तीन से पांच साल की जेल और 10 लाख रुपये का जुर्माना शामिल है।

# किसानों की मांगों पर विचार करना होगा : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

**सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार को दिया निर्देश, प्रतिष्ठित व्यक्तियों की स्वतंत्र समिति बनाएं**

सुप्रीम कोर्ट ने शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शन कर रहे किसानों की एमएसपी को कानूनी रूप देने सहित विभिन्न मांगों के समाधान के लिए बातचीत को प्रतिष्ठित व्यक्तियों की एक स्वतंत्र समिति गठित करने का बुधवार को प्रस्ताव दिया। शीर्ष अदालत ने पंजाब और हरियाणा सरकारों को समिति के लिए नाम सुझाने और राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवरोधक हटाने के लिए प्रस्ताव देने के साथ ही शंभू बॉर्डर पर एक सप्ताह तक यथास्थिति रखने का आदेश दिया।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अगुवाई वाली तीन सदस्यीय पीठ ने कहा कि एक तटस्थ अंपायर की आवश्यकता है जो किसानों तथा सरकार के बीच विश्वास पैदा कर सके। पीठ में न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां भी शामिल रहे। पीठ ने कहा कि आपको किसानों की मांगों पर विचार करना होगा। कुछ मांगें वाजिब हो सकती हैं, अन्य स्वीकार्य नहीं हो सकती हैं। कहा कि एक सप्ताह में उचित निर्देश दिए जाएं। मामले की अगली सुनवाई अगले सप्ताह होगी।



संसद परिसर में किसान नेताओं के साथ कांग्रेस नेता राहुल गांधी। ● एजेंसी

### एमएसपी की कानूनी गारंटी किसानों का हक : राहुल

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने किसान नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के बाद बुधवार को कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी किसानों का हक है और यह सुनिश्चित करने के लिए इंडिया गठबंधन के घटक दल सरकार पर दबाव बनाएंगे। किसान नेताओं ने राहुल गांधी के संसद भवन स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात की। जिसके बाद गांधी ने संसद परिसर में कहा कि कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणापत्र में एमएसपी की कानूनी गारंटी देने की बात कही थी। हमने आकलन किया है कि ये बिल्कुल किया जा सकता है। इस बारे में हमने किसान नेताओं के साथ बैठक की। हमने तय किया है कि 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं से चर्चा कर, हम सरकार पर एमएसपी की कानूनी गारंटी के लिए दबाव बनाएंगे।

## एक नजर

### बेटी के यौन शोषण के दोषी को 20 साल की सजा

**कोल्हापुर।** महाराष्ट्र की एक अदालत ने अपनी नाबालिग बेटी का यौन शोषण करने वाले एक पिता को दोषसिद्धि के बाद 20 साल कैद की सजा सुनाई है। मुख्य जिला सत्र न्यायाधीश कविता अग्रवाल ने कोल्हापुर जिले के पन्हाला तहसील के गणपति गली कोडोली निवासी जगन्नाथ यशवंत आडके (47) को सजा और एक हजार का जुर्माना लगाया।

### हीरा खदान से मजदूर को मिला बेशकीमती हीरा

**पन्ना।** देश-दुनिया में बेशकीमती हीरों के लिए प्रसिद्ध मध्यप्रदेश के पन्ना जिले में बुधवार को एक मजदूर राजू गोंड को बेशकीमती हीरा मिला है। हीरा अधिकारी रवि पटेल का कहना है कि उसे 19.22 कैरेट का जेम क्वालिटी का हीरा मिला है, जिसकी अनुमानित कीमत 80 लाख से एक करोड़ है।

### एमए उर्दू के विद्यार्थी पढ़ेंगे कबीर के दोहे

**नई दिल्ली।** दिल्ली विवि (डीयू) की कार्यकारी परिषद अगर पाठ्यक्रम में प्रस्तावित बदलाव को मंजूरी दे देती है तो उर्दू से स्नातकोत्तर कर रहे विद्यार्थी संत कबीर दास के दोहे पढ़ते नजर आएंगे। अधिकारियों ने कहा कि कला संकाय के संशोधन को यदि मंजूरी मिलती है तो एमए उर्दू के पहले सेमेस्टर के विद्यार्थियों को कबीर के दोहे पढ़ाए जाएंगे।

# काठमांडू में हादसा, विमान में लगी आग, 18 लोगों की मौत

## त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ान भरते समय रनवे से फिसलकर हुआ क्रैश

काठमांडू, एजेंसी

काठमांडू में त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार सुबह उड़ान भरने के दौरान एक निजी एयरलाइन का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें एक बच्चे समेत 18 लोगों की मौत हो गई जबकि पायलट गंभीर रूप से घायल है। सौर्य एयरलाइंस का विमान एन9एएमई नियमित रखरखाव कार्य के लिए पोखरा जाते समय पूर्वाह्न 11:11 बजे हादसे का शिकार हो गया। विमान में चालक दल के दो सदस्य और एयरलाइन के तकनीकी कर्मी समेत 19 लोग सवार थे।

नेपाल के नागर विमानन प्राधिकरण ने बताया कि बमबॉर्डियर सीआरजे-200 विमान रनवे पर फिसल गया और उसमें तुरंत आग लग गई। मृतकों में एक ही परिवार के तीन लोग हैं जिनमें एयरलाइन के तकनीशियन मनु राज शर्मा, उनकी पत्नी प्रिजा खातीवाड़ा और चार वर्षीय बेटा आदि राज शर्मा शामिल हैं। प्रिजा और उनके बेटे की पहचान शुरुआत में कंपनी के कर्मचारी के रूप में की गई थी, लेकिन बाद में पता चला कि वे यात्री थे।

सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में विमान में आग लगते और धुआं उठते देखा जा सकता है। मृतकों की पहचान सह-पायलट एस. कतुवाल और सौर्य एयरलाइंस के कर्मचारी तथा यमन के नागरिक आरिफ रेदा के तौर पर हुई है। वहीं, पायलट कैप्टन मनीष शाक्य (37) का काठमांडू मॉडल हॉस्पिटल में उपचार किया जा रहा है। काठमांडू मेडिकल अस्पताल (केएमसी) के अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना में घायल हुए कैप्टन शाक्य की हालत गंभीर बनी हुई है। उनकी आंख और रीढ़ की हड्डी की सर्जरी की जा रही है। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और गृह मंत्री रमेश लेख ने घटनास्थल का दौरा करके राहत व बचाव कार्य के निर्देश दिए। ओली ने कहा कि वह विमान दुर्घटना में हुई मौतों से बहुत दुखी हैं। उन्होंने सभी से दुख की इस घड़ी में धैर्य रखने का आग्रह किया।



हादसे के बाद मौके पर पहुंचे बचाव दल के लोग। ● एजेंसी

- निजी एयरलाइन की उड़ान में सवार थे क्रू मेंबर सहित 19 यात्री
- विमान के पायलट की हालत गंभीर अस्पताल में चल रहा उपचार

### हादसे की जांच के लिए 5 सदस्यीय समिति गठित

ओली कैबिनेट की सिंह दरबार में आयोजित बैठक में, दुर्घटना की जांच के लिए नेपाल के नागर विमानन प्राधिकरण के पूर्व महानिदेशक रतीश चंद्रलाल सुमन के नेतृत्व में पांच सदस्यीय समिति गठित करने का निर्णय लिया गया। समिति को रिपोर्ट देने के लिए 45 दिन का समय दिया है।

## मेटा एआई हिंदी समेत सात नई भाषाओं में उपलब्ध

- जल्द ही और भाषाएं होंगी शामिल

**नई दिल्ली।** कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित कंपनी मेटा एआई अब हिंदी समेत सात नई भाषाओं में उपलब्ध है। कंपनी ने कहा कि यह कदम बहुभाषी खंड में मेटा के एआई असिस्टेंट की क्षमता बढ़ाता है। इसका मतलब यह है कि उपयोगकर्ता इन नई भाषाओं में व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, मैसेंजर और फेसबुक पर मेटा एआई के साथ बातचीत कर सकेंगे। कैलिफोर्निया के मेन्लो पार्क स्थित कंपनी ने बयान में कहा कि आप व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, मैसेंजर और फेसबुक पर मेटा एआई के साथ- हिंदी 'हिंदी-रोमनकृत लिपि', फ्रेंच, जर्मन, इतालवी, पुर्तगाली और स्पेनिश जैसी नई भाषाओं में भी बातचीत कर सकते हैं। जल्द ही और भी भाषाएं शामिल की जाएंगी। मेटा एआई अब 22 देशों में उपलब्ध है। अर्जेंटीना, चिली, कोलंबिया, इक्वाडोर, मेक्सिको, पेरू और कैमरून में इसकी सेवाएं हाल ही में शुरू हुई हैं। उपयोगकर्ता अब गणित और कोडिंग जैसे अधिक जटिल प्रश्नों के लिए हिंदी में सहायता के लिए उन्नत मेटा एआई मॉडल का उपयोग कर सकते हैं।

# कुपवाड़ा में मुठभेड़ एक जवान शहीद मार गिराया आतंकी

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच रातभर मुठभेड़ हुई जिसमें एक आतंकवादी मारा गया और हिमाचल प्रदेश के ऊना निवासी सेना के जवान दिलवर खान शहीद हो गए। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि कुछ दिन पहले सेना और पुलिस ने संदिग्ध आतंकवादी गतिविधियों के बारे में सूचना मिलने के बाद कुपवाड़ा के लोलाब इलाके में आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया था।

उन्होंने बताया कि मंगलवार को संदिग्ध गतिविधियां दिखाई देने पर सैनिकों ने संदिग्धों को चुनौती दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। श्रीनगर की चिनार कोर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि कुपवाड़ा के कोवुत इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया जानकारी मिलने पर सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 23-24 जुलाई को संयुक्त तलाश अभियान शुरू किया। सेना ने कहा कि मंगलवार को संदिग्ध गतिविधियां दिखाई देने पर सैनिकों ने संदिग्धों को ललकारा। इस पर आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और फिर मुठभेड़ शुरू हो गई। सेना ने कहा कि मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया और एक सैनिक घायल हो गया था। अधिकारियों ने बताया कि घायल सैनिक की बाद में उपचार के दौरान मौत हो गई।



मुठभेड़ के दौरान मोर्चा संभाले जवान।

- हिमाचल के ऊना के रहने वाले दिलवर खान शहीद
- कोवुत इलाके में सेना-पुलिस ने चलाया था तलाशी अभियान

**स्कूल बसों को रोकने पर शासन ने की कार्रवाई**

# संभागीय निरीक्षक और एआरटीओ निलंबित

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- रास्ते से बसों को पकड़कर पुलिस लाइन ले गए थे

**अमृत विचार :** चेकिंग के नाम पर स्कूली बच्चों से भरी दो बसों को एआरटीओ (प्रवर्तन) और अन्य विभागीय कर्मी पुलिस लाइन ले गए। दो घंटे तक बच्चे भीषण उमस व गर्मी में बैठे रहे। अभिभावकों ने इसकी जानकारी ट्वीट के जरिये मुख्यमंत्री कार्यालय को दी।

प्रथम दृष्टया लापरवाही पाए जाने पर संभागीय निरीक्षक प्राविधिक गुलाब चन्द्र को निलंबित कर दिया गया। बाद में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) विवेक कुमार शुक्ला को भी निलंबित कर दिया गया। मंगलवार को जिले के एक स्कूल के बच्चों की पूर्वान्ह 11 बजे छुट्टी हुई तो बच्चों को लेकर दो बसें कर्वी तक पहुंच गईं। इसी दौरान वाहनों की फिटनेस समाप्त हो जाने के नाम पर एआरटीओ (प्रवर्तन) दोनों बसों को लेकर कई किमी दूर पुलिस लाइन पहुंच गए। दोनों वाहनों को फायर सर्विस परिसर पुलिस लाइन में दाखिल कराया गया और लगभग एक बजे छोड़ा गया।

## धनबाद से गिरफ्तार अभियुक्त की सीबीआई रिमांड

**नीट-यूजी पेपर लीक मामला**

**पटना।** नीट-यूजी 2024 के प्रश्न पत्र लीक मामले में बिहार में पटना की एक विशेष अदालत ने झारखंड के धनबाद से गिरफ्तार एक अभियुक्त को बुधवार को छह दिनों के पुलिस रिमांड पर सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश दिया। सीबीआई ने धनबाद से गिरफ्तार किए गए अभियुक्त अविनाश कुमार उर्फ बंटी को वहां की एक अदालत से प्राप्त ट्रांजिट रिमांड के आधार पर यहां लाकर विशेष प्रभारी न्यायिक दंडाधिकारी धनंजय कुमार पांडे के समक्ष पेश किया था, जहां उसे न्यायिक हिरासत में लिया गया।

# कुर्सी को बचाओ और मित्रों पर लुटाओ है सरकार का नारा

**बजट पर चर्चा** — बिहार-आंध्र पर मेहरबानी, अन्य की अनदेखी : कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने केंद्रीय बजट को 'कुर्सी बचाओ और जुमला बजट' करार देते हुए बुधवार को कहा कि इस बजट में सिर्फ दो राज्यों बिहार और आंध्र प्रदेश पर मेहरबानी की गई है, लेकिन देश के अन्य राज्यों, किसानों और गरीबों की अनदेखी की गई है।

वर्ष 2024-25 के लिए केंद्रीय बजट पर लोकसभा में सामान्य चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा ने यह दावा भी किया कि 'कुर्सी को बचाओ और मित्रों पर लुटाओ' इस सरकार का आखिरी नारा है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार को बेरोजगारी नजर नहीं आ रही है तो आगामी विधानसभा चुनावों में उसे नजर आने लगेगी। हरियाणा के सिरसा से लोकसभा सदस्य सैलजा ने कटाक्ष करते हुए कहा कि वित्त मंत्री ने हमारा घोषणापत्र लागू किया, हम धन्यवाद करते हैं। कांग्रेस नेता ने जनगणना में देरी का मुद्दा भी उठाया।

### संसद परिसर में इंडी गठबंधन के सांसदों ने किया प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** विपक्षी इंडिया गठबंधन के घटक दलों के सांसदों ने केंद्रीय बजट में विपक्षी दलों द्वारा शासित राज्यों के साथ भेदभाव का आरोप लगाते हुए बुधवार को संसद भवन परिसर में प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन में राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और कई अन्य विपक्षी दलों के सांसद शामिल हुए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि यह बजट जनविरोधी है। राहुल गांधी ने इस विरोध प्रदर्शन का हवाला देते हुए अपने व्हाट्सएप चैनल पर कहा कि यह बजट भारत के संघीय ढांचे की गरिमा पर आघात है।

### विपक्ष ने राज्यसभा से किया बहिर्गमन



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी दलों ने बुधवार को आम बजट 2024-25 में बिहार और आंध्र प्रदेश को छोड़कर अन्य राज्यों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए राज्यसभा से बहिर्गमन किया। सभापति जगदीप धनखड़ द्वारा नियम 267 के तहत दिए गए नोटिस खारिज करने के बाद विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने बजट का जिक्र करते हुए कहा कि इसमें किसी भी राज्य को कुछ नहीं मिला। सबकी थाली खाली और दो की थाली में पकौड़े और जलेबी।

### किसी राज्य के साथ भेदभाव नहीं किया



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट आवंटन में राज्यों के साथ भेदभाव किए जाने के विपक्ष विशेषकर कांग्रेस के आरोपों को खारिज करते हुए बुधवार को कहा कि इसमें किसी भी राज्य के साथ भेदभाव नहीं किया गया है और बजट भाषण में सभी राज्यों का नाम नहीं लिया जाता है, लेकिन बजट दस्तावेजों में सभी राज्यों के आवंटन का उल्लेख होता है। सीतारमण ने कांग्रेस को चुनौती देते हुए कहा कि देश में सबसे अधिक बजट पेश करने वाली पार्टी अपने पूर्ववर्ती वित्त मंत्रियों के बजट भाषण को पढ़कर देखे कि क्या उसमें सभी राज्यों के नाम का उल्लेख है।

**पारिवारिक लाभ योजना** — नया पोर्टल बनकर तैयार, बनाई जा रही है एसओपी, किस जिले में कितने आवेदन लंबित, पोर्टल से चलेगा पता

# 45 दिन के भीतर करना होगा आवेदन का निस्तारण

राजीव शुक्ला, लखनऊ

**अमृत विचार :** पारिवारिक लाभ योजना के तहत मिलने वाली आर्थिक मदद के लिए अब लाभार्थियों को वर्षों का इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

आवेदन के 45 दिनों के भीतर अगर सब कुछ सही पाया गया तो योजना का पैसा लाभार्थी के खाते में पहुंच जाएगा। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की तरह समाज कल्याण विभाग अब पारिवारिक लाभ योजना की भी एसओपी तैयार कर रहा है। एसओपी में आवेदन निस्तारण की समय सीमा तय की जा रही है।

समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित पारिवारिक लाभ योजना का नया पोर्टल बनकर तैयार हो गया है। अब इस योजना के लिए सिर्फ ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार जांच में आवेदन सही पाए जाने के बाद उसे पोर्टल पर फीड कर दिया जाएगा। पोर्टल पर फीड होने से लाभार्थी भी अपने आवेदन की स्थिति को जान सकेंगे। साथ ही पोर्टल पर यह भी प्रदर्शित होगा कि प्रदेश में किस जिले के कितने आवेदन लंबित हैं, कितने आवेदन निरस्त किए गए और कितने आवेदनों में लाभार्थी के खातों में पैसा भेजा जा चुका है।

### क्या है पारिवारिक लाभ योजना

राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के तहत सरकार गरीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के कमाऊ मुखिया की मृत्यु होने पर परिवार के आश्रित को एक साथ तीस हजार रुपये की आर्थिक सहायता देती है। शर्त यह है कि मुखिया की उम्र 60 साल से कम होनी चाहिए।

### आवेदन करने की अवधि भी तय

एसओपी में आवेदन करने की समय सीमा भी तय की जा रही है। योजना का लाभ पाने के लिए लाभार्थी को मुखिया की मृत्यु के बाद 45 दिनों के अंदर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। किसी वजह से अगर लाभार्थी 45 दिनों में आवेदन नहीं कर पाता, तो उसे आवेदन के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी से अनुमति लेनी होगी। जिला समाज कल्याण अधिकारी आवेदन को समाज कल्याण निदेशालय से अग्रसारित करेंगे। निदेशालय से अनुमति मिलने के बाद ही आवेदन किया जा सकेगा।

### दोबारा नहीं कर पाएंगे आवेदन

विभागीय अधिकारी बताते हैं कि पिछले दिनों विभाग ने इस योजना में लंबित आवेदनों की जांच कराई। जांच में एक ही लाभार्थी के छह-छह, सात-सात आवेदन पाए गए। बताया कि ऑनलाइन आवेदन होने से लाभार्थी एक बार ही आवेदन कर सकेगा। पहला आवेदन जांच के बाद निरस्त किए जाने पर भी दोबारा आवेदन नहीं होगा। आवेदन के समय लाभार्थी की ओर से जैसे ही अपने आधार और बैंक खाते का ब्यौरा दर्ज किया जाएगा। बाकी जानकारी आवेदन में अपने आप फीड होती जाएगी। खास बात यह है कि मुखिया का मृत्यु प्रमाण पत्र भी ऑटो फेच हो जाएगा।

# नीतीश कुमार के फिर बिगड़े बोल अरे महिला हो, कुछ जानती नहीं हो

पटना, एजेंसी

- राजद की महिला विधायक रेखा देवी पर भड़के बिहार के सीएम
- आरक्षण कानूनों को नौवीं अनुसूची में शामिल करने को विपक्ष का हंगामा

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बुधवार को विधानसभा में अपना आपा खो बैठे और राजद की महिला विधायक रेखा देवी पर भड़कते हुए एक विवादास्पद टिप्पणी करते हुए कहा कि अरे महिला हो, कुछ जानती नहीं हो! उनके बयान पर फिर से हंगामा खड़ा हो गया है।

राजद विधायक भाई वीरेंद्र ने बाद में इस मुद्दे पर कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पता नहीं महिलाओं को क्या-क्या बोलने लगे। पता नहीं महिलाओं से उन्हें प्रेम है या नफरत? यह बात हमें समझ ही में नहीं आती। बिहार विधानसभा में बुधवार को राज्य के संशोधित आरक्षण कानूनों को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल किए जाने की मांग को लेकर विपक्ष ने हंगामा किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हस्तक्षेप करने के लिए उठे। उस समय राजद की मसौढी से विधायक रेखा देवी कुछ कह रही थीं।

मुख्यमंत्री ने रेखा देवी की ओर उंगलियां दिखाते हुए ऊंची आवाज में कहा कि अरे महिला हो, कुछ जानती नहीं हो। राजद ने किसी महिला को आगे बढ़ाया था? क्या आपको पता है कि मेरे सत्ता संभालने के बाद ही बिहार में महिलाओं को उनका हक मिलना शुरू हुआ। 2005 के बाद हमने महिलाओं को आगे बढ़ाया है। बोल रही हो, फालतू बात.. इसलिए कह रहे हैं, चुपचाप सुनो। महिला विधायक से इस तरह मुखातिब होने का विपक्षी सदस्यों ने विरोध किया।



विधानसभा सत्र को संबोधित करते बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।

### 247 अपात्रों ने लिया था पीएम आवास योजना का लाभ, डीआरडीए ने जारी किए थे नोटिस

# छह महीने बीते...सिर्फ 16 अपात्रों से हो पाई वसूली, 231 का अता-पता नहीं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- डेढ़ साल पहले जांच में पकड़ में आया था मामला
- 92 लाख 40 हजार रुपये अब भी डकारे बैठे हैं अपात्र




**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभ लेने वाले अपात्रों से प्रशासन रुपये की वसूली नहीं कर पा रहा है। कुल 247 लोगों से 98,80,000 रुपये की वसूली की जानी है और छह महीने में सिर्फ 16 लोगों से ही 6,40,000 रुपये की वसूली हो सकी है। जबकि 231 लोगों से 92,40,000 रुपये की वसूली बाकी है। इनमें तमाम ऐसे हैं जो घरों पर ही नहीं मिल रहे हैं। कोई दिल्ली चला गया है तो कोई मुंबई में मजदूरी कर रहा है। ऐसे में वसूली चुनौती बनी हुई है।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत गांव में बेघरों के लिए घर बनाने की केंद्र सरकार की योजना है। इसके तहत गरीब लोगों को सरकार की ओर से 40,70 और 10 हजार रुपये की तीन किस्तों में मकान बनाने के लिए कुल एक लाख 20 रुपये दिए जाते हैं। अब तक इस योजना के तहत जिले के 70,884 लोगों को चुना जा चुका है। पात्रता सूची में नाम आने और पहली किस्त के रुपये जारी होने के बाद भी 247 लोग अपात्र निकले हैं। इन्हें पहली किस्त जारी होने के बाद जांच कराई गई तो पता चला कि 247 अपात्रों को पात्र बनाकर रुपये जारी किए गए है। इसके बाद विकास विभाग में खलबली मच गई। सभी को इस बात का आश्चर्य हुआ कि एक-दो नहीं बल्कि 247 अपात्रों का चयन किया जा चुका है। कुल 98 लाख 80 हजार रुपये अपात्रों के खाते में पहुंच चुके है। जांच में खुलासा होने के बाद प्रशासन की ओर से तय किया गया कि इनसे रुपये की रिकवरी की जाए। लगभग छह महीना पहले अपात्रों को रिकवरी का नोटिस जारी किया गया और तभी से इनसे पैसा वसूली की कार्रवाई चल रही है, लेकिन यह कार्रवाई अभी किसी नतीजे तक नहीं पहुंची है। रिकवरी अब तक मात्र 16 लोगों पर ठिठकी हुई है। तमाम प्रयासों के बाद भी अब तक सिर्फ छह लाख 40 हजार रुपये ही वसूले जा सके हैं। शेष लोग अब भी सरकारी रुपये गबन किए हैं।

> डेढ़ साल पहले पीएम आवास अपात्रों को दिए जाने का प्रकरण आया था। जिसके बाद कई सचिवों पर कार्रवाई की जा चुकी है। अपात्रों से रुपये की वसूली की कार्रवाई चल रही है।
> – **अवधेश राम**, पीडी डीआरडीए।

**अब तक नौ सचिवों पर कार्रवाई...**

अपात्रों को प्रधानमंत्री आवास देने में अब तक नौ सचिवों के खिलाफ कार्रवाई हो चुकी है। कुछ को निलंबित किया गया है तो कुछ का तबादला। कुछ पर अन्य कार्रवाई की गई है। इसके बाद भी लगातार पीएम आवास अपात्रों को दिए जाने के आरोप लगते रहते हैं। बीते दिनों तिलहर विधायक सलोना कुशवाहा ने विधान सभा में अपात्रों को पीएम आवास दिए जाने का मुद्दा उठाया। अन्य जनप्रतिनिधि भी कई बार पीएम आवासों को लेकर मुद्दा उठा चुके हैं। इसके बाद भी स्थिति में बदलाव नहीं हो पा रहा है। पात्रता तय करने वाले सचिवों की भूमिका आज भी सवालों में है।

## ग्राम पंचायत हरनाई से ग्राम प्रधान पद पर शोभित कुमार का निर्विरोध निर्वाचन



**खुटार, अमृत विचार :** खुटार में हुए पंचायत उपचुनाव प्रक्रिया में ग्राम पंचायत हरनाई में शोभित कुमार ग्राम प्रधान पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए। आरओ ने उन्हें प्रमाण पत्र सौंप कर बधाई दी। खुटार ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत हरनाई के ग्राम प्रधान होते लाल की विगत वर्ष 17 अक्टूबर को एक सड़क हादसे में मौत हो गई थी। जिसके बाद से हरनाई में ग्राम प्रधान का पद रिक्त चल रहा था। पंचायत उपचुनाव की घोषणा के बाद मृतक प्रधान होते लाल के पुत्र शोभित कुमार व उनकी मां सरला देवी ने नामांकन पत्र दाखिल किए थे। बुधवार को नामांकन पत्रों की जांच व नाम वापसी के चलते दोनों नामांकन पत्र वैध पाए गए। जिस पर सरला देवी पत्नी स्वर्गीय होतेलाल ने नामांकन पत्र वापस ले लिया। जिसके बाद शोभित निर्विरोध निर्वाचित हो गए। आरओ डॉ राजेंद्र कुमार ने बताया कि सरला देवी के द्वारा नामांकन पत्र वापस लेने पर शोभित कुमार को निर्विरोध ग्राम प्रधान निर्वाचित घोषित किया गया है। सायं चार बजे आरओ ने शोभित कुमार को ग्राम प्रधान का प्रमाण पत्र सौंपते हुए बधाई दी। बीडीओ वीरेंद्र मिश्र ने भी शुभकामनाएं दीं। समर्थकों में खुटार नगर पंचायत अध्यक्ष पति बाबूराम, मुकेश तिवारी आदि मौजूद रहे। उधर ग्राम पंचायत सिल्हुआ में ग्राम पंचायत सदस्य पद के वार्ड संख्या नौ से शकुंतला देवी व वार्ड संख्या सात से छैलबिहारी भी निर्विरोध निर्वाचित हुए है।

**एक नजर**

### वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाए चालक, 8 डंपर सीज

**खुटार, अमृत विचार :** जिला खनन अधिकारी अभिषेक पटेल ने अवैध खनन व बिना वैध प्रपत्र के उप खनिज का परिवहन करने को लेकर अभियान चलाया। बुधवार को चेकिंग अभियान के दौरान जिला खनन अधिकारी ने जब डंपर चालकों से उप खनिज परिवहन को लेकर दस्तावेज मांगे तो डंपर चालक कोई भी प्रपत्र नहीं दिखा सके। जिस पर उन्होंने बिना वैध प्रपत्र के उप खनिज का परिवहन करने को लेकर आठ डंपर मौके पर ही सीज कर दिए। उसके बाद उन्होंने अवैध रूप से खनन कर मिट्टी को ले जा रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा व चालक से पूछताछ शुरू की। लेकिन चालक द्वारा कोई भी संतोषजनक जबाव न मिलने पर उन्होंने वाहन सीज कर थाने पर खड़ा करा दिया है।

### एससीएसटी शिक्षक संघ की बैठक आज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** प्रांतीय अनुसूचित जाति जनजाति बेसिक शिक्षक संघ की मासिक बैठक 25 जुलाई को शाम पांच बजे लोधीपुर स्थित संयोगिता मैरिज लॉन में होगी। संघ के जिलाध्यक्ष अजय वर्मा ने बताया कि बैठक में ब्लाक इकाइयों के पुनर्गठन, सदस्यता अभियान समेत अन्य बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने सभी साथियों से समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# नशाखोरी के दुष्प्रभाव समझाए, दूर रहने की शपथ दिलाई

### जीआईसी में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत हुई संगोष्ठी, कई जगह हुए कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** राजकीय इंटर कॉलेज सभागार में बुधवार को नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर छात्रों को नशाखोरी से बचने का आह्वान करते हुए इससे होने वाली हानियों के बारे में अवगत कराया गया। बच्चों को नशा नहीं करने की शपथ भी दिलाई गई।

संगोष्ठी में डॉ. नंदिनी सक्सेना ने नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के संबंध में जानकारी देते हुए छात्रों को जागरूक किया। वन स्टॉप सेंटर प्रभारी नमिता ने महिलाओं एवं बच्चों को सरकार द्वारा चलाई जा रहीं विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मो. अफजल एवं अनिल वर्मा ने न्याय विभाग द्वारा गरीबों एवं महिलाओं को दी जाने वाली विधिक सहायता से संबंधित जानकारी साझा की। वहीं, समाज कल्याण विभाग के वरिष्ठ लिपिक नवेद ने छात्रों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने भी छात्रों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों को बता समाज में नशा मुक्ति अभियान को जनजागरुकता का प्रसार करने को प्रेरित किया।



राजकीय इंटर कॉलेज में नशा मुक्त अभियान संगोष्ठी को संबोधित करतीं वन स्टाप सेंटर प्रभारी नमिता। ● अमृत विचार

**निबंध में सानिया और भाषण में कोमल पांडेय ने मारी बाजी**



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जीएफ कॉलेज में बुधवार को नशा उन्मूलन विषय पर एक संगोष्ठी हुई। जिसमें प्राचार्य प्रोफेसर मोहसिन हसन खां ने कहा कि नशे की लत परिवार और समाज पर नकारात्मक प्रभाव डालती है, इसलिए नशे से दूर रहना ही इसका सर्वोत्तम इलाज है। डीएसडब्लू प्रोफेसर फैयाज अहमद ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को नशे से दूर रहकर अपना ध्यान अध्ययन और भविष्य संवारने में लगाना चाहिए। समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. नीलम टंडन ने नशाखोरी से समाज पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव को रेखांकित किया। डॉ. रईस अहमद ने सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों के बारे में उपयोगी जानकारी दी। डॉ. स्वप्निल यादव, डॉ. मोहम्मद शोएब, डॉ. कौशर जमाल, डॉ. रज़ा रसूल आदि ने भी विचार व्यक्त कर विद्यार्थियों को जागरूक किया। कार्यक्रम में एनसीसी, एनएसएस, रोवर्स-रेंजर्स, रोड सेफ्टी क्लब एवं कॉलेज के छात्र-छात्राओ के बीच नशा उन्मूलन विषय पर निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता भी कराई गई। निबंध में सानिया ने प्रथम, रिया राठौर ने द्वितीय व पूजा यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मरियम व मोअज्जमा को सांत्वना पुरस्कार मिला। भाषण में कोमल पांडेय को प्रथम, तैयबा नाज को द्वितीय और काजल को तृतीय स्थान मिला। सना व मोअज्जमा को सांत्वना पुरस्कार मिला। निर्णायक मंडल में डॉ. नीलम टंडन, डॉ. स्वप्निल यादव व डॉ रज़ा रसूल शामिल रहे। डॉ. इरम जहां, डॉ. समन ज़हरा ज़ैदी आदि का सहयोग रहा।

## समाज को नशा मुक्त करने में करें सहयोग



स्वामी धर्मानंद इंटर कॉलेज में नशा मुक्ति गोष्ठी में मौजूद छात्र। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** स्वामी धर्मानंद सरस्वती इंटर कॉलेज में बुधवार को नशा मुक्ति जागरुकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. अमीर सिंह ने छात्रों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। प्रधानाचार्य ने कहा कि नशा विभिन्न रोगों का जनक है, जो लोगों को मृत्यु के द्वार तक पहुंचाता है। उन्होंने छात्रों का आह्वान किया कि वह समाज को नशा मुक्त करने का अपने स्तर से भी प्रयास करें। अनिल कुमार मालवीय के संचालन में चले कार्यक्रम में डॉ. प्रेमचंद, अमर सिंह दिनकर, उमेश कुमार दीक्षित, अमर सिंह, सुधीर कुमार त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

**प्रश्नोत्तरी के विजेता पुरस्कृत:** जीजीआईसी में हुई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सुब्रत तिवारी, सौरभ वर्मा, आकाश शर्मा, आदर्श शंखवार, निखिल मौर्य विजयी रहे। जिन्हें पुरस्कृत किया गया। शैलेंद्र विक्रम सिंह, प्रेमशंकर सक्सेना, संजय शंकर मिश्रा, महेंद्र कुमार, राजीव श्रीवास्तव, सुरेंद्र पाल आदि का सहयोग रहा।

## सरकारी बोरी में गल्ला भरी ट्रॉली पकड़ी



ट्रॉली में सरकारी बोरियों में भरा गल्ला।

**पुवायां, अमृत विचार :** मझिगवां गांव का कोटेदार बुधवार को सरकारी बोरियों में गल्ला भरकर ट्रॉली से पुवायां मंडी बेचने आ रहा था। रास्ते में नायब तहसीलदार सरजीत सिंह ने पकड़ लिया। नायब तहसीलदार ने कोटेदार से पूछताछ करने के बाद पूर्ति निरीक्षक महेश कुमार कठेरिया को बुलवाया। पूर्ति निरीक्षक ने ट्रॉली पर चढ़कर देखा तो 15 सरकारी बोरियां रखी थी। इसके बाद नायब तहसीलदार व पूर्ति निरीक्षक ने कोटेदार की दुकान पर जाकर स्टॉक चेक किया तो वह पूरा मिला। कोटेदार ने बताया कि खाली हुए सरकारी बोरों में वह अपने खेत का गेहूं भर कर मंडी में बिक्री करने जा रहा था। पूर्ति निरीक्षक महेश कुमार कठेरिया ने बताया कि कोटेदार का स्टॉक मिलान किया गया तो वह पूरा निकला।

> शिकायत के आधार पर कोटेदार को रोका गया था। सरकारी बारदाना होने के कारण पूर्ति निरीक्षक को जांच के लिए बुलाया था। – **सरजीत सिंह**, नायब तहसीलदार

# श्रद्धा और उल्लास से मनाया पार्थसारथी का 97वां जन्मोत्सव

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



गुरुदेव गोपालाचारी के जन्मोत्सव पर ध्यान-साधना में लीन अनुयायी। ● अमृत विचार

- आरसी मिशन आश्रम में जुटे सैकड़ों अनुयायी
- ध्यान-साधना और गीतों से जागृत की चेतना

**अमृत विचार :** श्री रामचंद्र मिशन के गुरु पार्थसारथी राजगोपालाचारी का 97वां जन्मोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। मिशन के अनुयायियों ने ध्यान साधना कर आध्यात्मिक उन्नति की कामना कर महात्मा रामचंद्र महाराज की समाधि पर नतमस्तक होकर गुरुसत्ता को प्रणाम किया। आश्रम में अनुयायियों का दिनभर मेला लगा रहा।

श्री रामचंद्र मिशन के पूर्व अध्यक्ष एवं गुरुदेव पार्थसारथी राजगोपालाचारी का जन्मोत्सव मनाने के लिए बुधवार को आश्रम में बड़ी संख्या में अनुयायी उमड़ पड़े। गुरु महाराज की स्मृतियां संजोए अनुयायी भावुक भी दिखाई दिए। अपने गुरु के भौतिक सानिध्य को याद कर तमाम अभ्यासियों की आंखें छलछला रही थीं। मिश्रीपुर बाईपास चौराहा स्थित आश्रम बुधवार को श्रद्धा और भक्ति के रंग में रंगा हुआ दिखा। बाबू जी महाराज की समाधि स्थल पर अनुयायी पुष्प अर्पित कर नतमस्तक हो रहे थे। सभागार में अभ्यासियों ने ध्यान साधना कर आत्मोत्थान, मानव कल्याण व विश्व बंधुत्व की कामना की। इस मौके पर अभ्यासियों ने गीत, भजन भी प्रस्तुत किए। प्रशिक्षक श्रीगोपाल अग्रवाल, आनंद बाबू मिश्रा, ललिता त्यागी, सुयश सिन्हा, अमिता सक्सेना, ब्रह्माशंकर शर्मा, अजीत श्रीवास्तव, सुनील अग्रवाल, संजीव मौर्या, राजी सिन्हा, सुनीता सिन्हा, राकेश भारद्वाज सहित मिशन के बड़ी संख्या में अभ्यासी मौजूद रहे।



आरसी मिशन में गुरु रामचंद्र महाराज की समाधि पर पुष्प अर्पित करते अनुयायी।

**गृहस्थ जीवन में रहकर ईश्वर प्राप्ति केवल ध्यान साधना से ही संभव**

जन्मोत्सव कार्यक्रम में मिशन के जोन प्रभारी दीपक त्यागी ने कहा कि गृहस्थ जीवन में रहकर ईश्वर प्राप्ति, ध्यान साधना से ही संभव है। वर्तमान में विश्व के 165 से अधिक देशों में लोग सहज मार्ग साधना पद्धति से जुड़कर आध्यात्मिक लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मिशन के अभ्यासी को मिशन के उत्थान के लिए तन, मन, धन से समर्पित होना चाहिए। केंद्र प्रभारी सर्वेश चंद्रा ने कहा कि राम चंद्र जी महाराज ने राजयोग की जो सरल साधना पद्धति लोगों को उपलब्ध कराई है, वह अद्वितीय है। गुरुदेव पार्थसारथी राजगोपालाचारी की महा-समाधि के उपरांत उनके उत्तराधिकारी कमलेश पटेल दाजी सहज मार्ग को जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं।

## 22 अगस्त को होगा कोटेदार का चुनाव

**पुवायां, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत नाहिल में कोटेदार का चुनाव 22 अगस्त को होगा। यह जानकारी खंड विकास अधिकारी संजय कुमार यादव ने दी। ग्राम पंचायत नाहिल में तीन माह पूर्व कोटेदार हरपाल गुप्ता ने कार्य करने में असमर्थता जताते हुए इस्तीफा दे दिया था। जिसके बाद से पास के गांव मरौरी- गुलौली में कोटा अटैच कर दिया गया था। मरौरी-गुलौली के कोटेदार द्वारा नाहिल के राशन कार्ड धारकों से अभद्रता किए जाने व गल्ला कम दिए जाने की शिकायतें अफसरों के पास पहुंची थी, जिसके बाद पूर्ति निरीक्षक अधिकारी महेश कुमार कठेरिया ने खंड विकास कार्यालय को पत्र लिखकर ग्राम सभा में नए कोटेदार का चुनाव कराने की मांग की थी। ग्राम प्रधान, सचिव, खंड विकास अधिकारी एवं पूर्ति निरीक्षक अधिकारी की सहमति से 24 जुलाई को चुनाव प्रक्रिया शुरू की गई, लेकिन ग्राम प्रधान की अचानक तबीयत खराब होने के कारण चुनाव को आगे बढ़ा दिया गया, जिसके लिए 22 अगस्त की तिथि तय की गई है। खंड विकास अधिकारी संजय कुमार यादव ने कहा अगली नियत तिथि पर पूर्णतया निष्पक्ष चुनाव कराया जाएगा।

School Education
ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :
7906732664, 8445507002

S.R. INSTITUTIONS
Approved by PCI, AICTE, INC, DGT New Delhi
Affiliated to AKTU, BTE, UPSMF, ABV Medical University, Uttar Pradesh Lucknow
Registration Open 2024-25
B.Sc. (Nursing) GNM DPT
B.PHARMA D.PHARMA
ITI Courses
ELECTRICIAN 2 Years Course | COPA 1 Year Course | H.S.I. 1 Year Course | RADIOLOGY TECHNICIAN 2 Years Course
Add. : Maikpur, Bhuta-Faridpur Road, Bhuta, Bareilly, UP-243503
Contact : 9720456885, 9837464606

सांई पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट एण्ड सांई अस्पताल
(UP State Medical Faculty Lucknow)
प्रवेश सत्र : 2024-25
छात्रवृत्ति उपलब्ध
• Diploma OT • Diploma Dialysis
• Diploma Cardio
Stadium Road, Bareilly
Call us : 6399449913, 7253077077

# जनपद को निपुण बनाने के प्रयासों की हुई समीक्षा, मांगा सहयोग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



डायट में आयोजित समीक्षा बैठक में शामिल बीईओ, एसआरजी और एआरपी।

- डायट प्राचार्य की अध्यक्षता में हुई बैठक में बीएसए ने दिए दिशा निर्देश
- बिंदुवार समीक्षा कर बीएसए ने किया कार्यक्रमों का आंकलन

**अमृत विचार :** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ददरौल में बुधवार को खंड शिक्षा अधिकारियों, एसआरजी एवं एआरपी की समीक्षा बैठक हुई। डायट प्राचार्य हरिवंश कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में जनपद को निपुण बनाने के लक्ष्य की ओर किए जा रहे कार्यों समेत तमाम बिंदुओं की समीक्षा की गई।

बीएसए दिव्या गुप्ता ने बताया कि बैठक में निपुण भारत मिशन 2024-25 की रणनीति के तहत शैक्षिक सत्र 2024-25 में सभी विकास खंडों के स्कूलों को निपुण बनाने के लक्ष्य के सापेक्ष अब तक हुई प्रगति की समीक्षा की गई। इसके अलावा निपुण विद्यालय कार्ययोजना की जानकारी जनपद एवं राज्य स्तर पर साझा करने, निपुण विद्यालय कार्ययोजना श्रेणीवार विद्यालयों की संख्या, डिजिटल पंजिका, निपुण जनपद बनाने के लिए बीईओ और एआरपी के लिए मुख्य बिंदुओं, एनईपी 2020 के चार वर्ष पूर्ण होने पर शिक्षा सप्ताह के आयोजन संबंधी गतिविधियों, अधिकतम सहयोगात्मक पर्यवेक्षण, गणित एवं विज्ञान किट का उपयोग, कक्षा-कक्ष का प्रिंटरिच वातावरण तैयार करने की समीक्षा की गई।

इसके अलावा निपुण तालिका पर आंकलन, पुस्तकालय को सक्रिय एवं समृद्ध बनाने, अनुपयोगी सामग्री का निस्तारण, स्वच्छ विद्यालय-स्वच्छता सप्ताह की गतिविधियों, शिक्षक संकुल की बैठक का नियमित एवं प्रभावी आयोजन, को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों में माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम के आयोजन, को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों में लर्निंग कार्नर विकसित किए जाने, शिक्षक संकुल के टीएलएम निर्माण का उपभोग, टीएलएम मेला का आयोजन आदि बिंदुओं की भी डायट प्राचार्य हरिवंश कुमार ने समीक्षा कर दिशा निर्देश दिए। इस दौरान डायट प्रवक्ता बीएल मौर्या, डीसी राजन प्रजापति समेत सभी बीईओ, एसआरजी और एआरपी मौजूद रहे।

## राज्य अध्यापक पुरस्कार: चार शिक्षक शिक्षिकाएं साक्षात्कार में हुए शामिल

- जिला स्तर से दो शिक्षकों की राज्य स्तर पर की जाएगी संस्तुति

**शाहजहांपुर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ददरौल में बुधवार को राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए आवेदन करने वाले शिक्षकों का साक्षात्कार लिया गया। राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए बेसिक शिक्षा विभाग के चार शिक्षकों ने आवेदन किया था। डायट प्राचार्य हरिवंश कुमार और बीएसए दिव्या गुप्ता ने आवेदनकर्ताओं कंपोजिट विद्यालय टिकरी, ददरौल की शिक्षिका अंबिका श्रीवास्तव, प्राथमिक विद्यालय कुतुआपुर सिंधौली की बबिता श्रीवास्तव, प्राथमिक स्कूल मठिया, पुवायां की शिक्षिका अमिता शुक्ला और प्राथमिक स्कूल तेरा, सिंधौली के प्रधान अध्यापक सरताज अली से स्कूल संचालन, छात्र-छात्राओं के नामांकन, उनका स्कूल में ठहराव, स्कूल की गतिविधियों समेत अन्य जानकारी के आधार पर साक्षात्कार लिया। महानगर के देवी प्रसाद बालिका जूनियर हाईस्कूल की प्रधान अध्यापिका रेनू पांडेय का भी नाम आवेदनकर्ता में शामिल था, लेकिन रेनू पांडेय ने विभाग को जानकारी दी कि उन्होंने कोई आवेदन नहीं किया था, उनके नाम से किसी अन्य ने आवेदन कर दिया था। साक्षात्कार में रेनू पांडेय अनुपस्थित भी रहीं। बीएसए दिव्या गुप्ता ने बताया कि साक्षात्कार के बाद दो शिक्षकों के नाम प्रदेश स्तर पर संस्तुति सहित भेजे जाएंगे। डायट प्राचार्य हरिवंश कुमार की अध्यक्षता में गठित साक्षात्कार समिति में बीएसए समेत एसएस कॉलेज के राजनीति विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर आदित्य कुमार सिंह शामिल रहे।

उत्तर प्रदेश सरकार व नीति आयोग द्वारा रजिस्टर्ड Reg. No.201900787012235
Social Welfare Service Trust (NGO)
एक कदम समाज की ओर.... (समाज कल्याण सेवा ट्रस्ट)
समाज कल्याण सेवा ट्रस्ट NGO द्वारा बरेली के टॉप कॉलेज व यूनीवर्सिटी में सीधे प्रवेश लें
Admission Open 2024
NGO द्वारा SC/ST छात्र/छात्राओं के लिए फ्री प्रवेश किताबे व यूनीफार्म फ्री
Polytechnic/GTI | B.B.A | B.C.A | B.Tech | M.B.A | M.C.A
PARAMEDICAL PHARMECY
DPT | D.R.(Opt) | OT | X-RAY
GNM (Note: Paid Course) | ANM (Note: Paid Course) | B. Pharma | D. Pharma (नोट: JEECUP परीक्षा अनिवार्य)
AAYURVEDIC COURSE
GNM | ANM | B. Pharma
EDUCATION COURSE
B.Ed | M.Ed | BTC
नोट:- किसी भी कोर्स में प्रवेश लेने के लिए विद्यार्थियों के 60% अंक व 2 लाख सालाना आय से कम का आय प्रमाण-पत्र होना अनिवार्य है।
OBC/Gen./Other छात्र/छात्राओं को प्रवेश लेने पर विशेष छूट मिलेगी
Office Add. Mahanagar Colony Gol Chakkar, Near PNB ATM Gate No.1,Pilibhit bypass, Bareilly
M. 9045350563, 7310916076, 9027260563
ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। Website - www.sksa.org.in Email: skseva6@gmail.com







# बारिश से सड़कों पर दलदल... वाहन फंसे, कई लोग चोटिल

## मंगलवार रात और बुधवार दोपहर को हुई बरसात, पानी जमा होने पर धंस रही हैं सीवर लाइन के लिए खोदी गई सड़कें

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** सीवर लाइन डालने के लिए खोदी गई सड़कें बारिश में लोगों के लिए मुसीबत बन गई हैं। मंगलवार रात और बुधवार दोपहर हुई बारिश से सड़कें दलदल में तब्दील हो गई। जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। दिन भर साइकिल, बाइक और ई रिक्शा वाहन सड़कों में फंसते रहे। इस दौरान कई बाइक और साइकिल सवार गिरकर चोटिल भी हुए। यह स्थिति आए दिन बन रही है। ठीक से मरम्मत न होने के कारण पाटे जाने के बाद भी सड़कें बारिश में धंस रही हैं। लगभग चार साल से शहरवासी इसका दंश झेल रहे हैं। अब चौथी बार सीवर लाइन डालने के लिए समय सीमा बढ़ाई गई है।

बारिश ने सड़कों की मरम्मत के नाम पर हुई खानापूरी की पोल खोल रही है। बुधवार को कई जगहों पर वाहनों के फंसने के चलते धक्का मारकर निकालना पड़ा। जल निगम की ओर से सीवर लाइन बिछाने का काम कराया गया था। अगस्त तक काम को पूरा करने का दावे के बाद दिसंबर 2023 तक कार्य पूरा नहीं हुआ। कार्यदायी संस्था द्वारा सड़कों की मरम्मत के कार्य में लापरवाही लोगों के ऊपर भारी पड़ने लगी है। बुधवार को बारिश होने पर सड़कों की हालत खराब हो गई। सदर बाजार, कच्चा कटरा, घंटाघर, लाल इमली चौराहा समेत मुख्य बाजार सहित दर्जनों स्थानों पर दलदल जैसी स्थिति बन गई। वाहन फंसने से लोगों का निकलना दूभर हो गया। कई जगहों पर होमगार्ड की ड्यूटी लगाकर वाहनों को पास कराया गया। बड़े वाहन फंसने पर क्रेन के जरिये निकाला गया है। मंगलवार को गड्ढे भरने के लिए डाली गई मिट्टी दलदल हो जाने के कारण ई-रिक्शा से लेकर कार तक फंसती रहीं। पुलिसकर्मियों को धक्के देकर वाहनों को निकालना पड़ा।


मुख्य बाजार में दलदल भरी सड़क से निकलते लोग। ● अमृत विचार

- सीवर लाइन डालने को बढ़ाई गई चौथी समय सीमा
- सालों से खोदाई का दंश झेल रहे महानगरवासी

### दिन भर फंसते रहे वाहन

महानगर में बारिश के बाद सड़कों में गड्ढे हो गए। जिसके चलते यहां से गुजरने वाले वाहन फंसते हुए देखे गए। ई-रिक्शा, बाइक और साइकिल सवारों को सबसे ज्यादा परेशानी हुई। मुख्य बाजार के व्यापारियों ने बताया कि दिन भर में छह से ज्यादा लोग चोटिल हुए हैं। कई चालकों के ई रिक्शा फंस गए, जिन्हें लोगों ने धक्का देकर निकाला। पुलिस कर्मियों ने भी ई रिक्शा में धक्का लगाया।


बुधवार को हुई बारिश में भीगते जाते छात्र और छात्रा। ● अमृत विचार

> सीवर लाइन बिछाने के बाद सड़क की मरम्मत का काम करवाया जा रहा है। जहां पर सड़क बैठ गई थी, वहां पर मिट्टी, बजरी, रेता आदि डलवाया गया है। इसके साथ ही पैचिंग वर्क भी करवाया गया है।
> – **कपिल एम सिंह**, अधिशासी अभियंता जल निगम।

### 20 से 25 मिनट की बारिश में माल गोदाम रोड बन जाता है तालाब

**जमुका।** बुधवार दोपहर में हुई 20 से 25 मिनट की बारिश से सड़कें जलमग्न हो गईं। लोगों को रोजा अड्डा चौराहे से मालगोदाम तक जाने लिए लबालब पानी से होकर गुजरना पड़ा। यह समस्या काफी दिनों से बनी हुई है। अभी तक कोई निराकरण नहीं हो सका है। लोगों का कहना है कि अब उनकी आदत बन चुकी है। सबसे अहम बात यह है कि अंजान लोग इस रास्ते से गुजरते है तो वह नाले की साइड से निकलने का प्रयास करते है तो नाले में गिरने की आशंका बनी रहती है।


माल गोदाम रोड पर भरा पानी। ● अमृत विचार

## सेल एग्री की दीवार गिरी, बाल बाल बचा किसान


सेल एग्री की गिरी दीवार।

**पुवायां, अमृत विचार :** अधिक बरसात होने की वजह से एक कंपनी की दीवार के किनारे पानी भर गया और दीवार पड़ोसी किसान की फसल में गिर गई। एक घंटा पहले ही किसान अपनी फसल में खाद डालकर गया था। अगर घटना के समय किसान फसल में खाद डाल रहा होता तो दुर्घटना हो सकती है।

क्षेत्र के गंगसरा और पुवायां के बीच इनायतपुर में सेल एग्री कमोडिटीज लिमिटेड के आसपास अधिक बरसात होने की वजह से पानी भरा हुआ था। वहीं पड़ोस के किसानों ने अपने खेत में धान की फसल लगा रखी है। जिस वजह से बराबर नमी बनी रहती है। कंपनी की एक दीवार सोमवार को गिर गई। वहीं कंपनी के पीछे की दीवार बुधवार सुबह गिर गई, जिस खेत में बुधवार को दीवार गिरी है, वहां एक घंटा पहले किसान अपनी धान की फसल में खाद लगाकर गया था। दीवार गिरने के समय कोई मौके पर नहीं था। नहीं तो बड़ी घटना हो सकती थी। वहीं कंपनी की कई दीवार और टीन शेड गिरने से कंपनी का भी काफी नुकसान हुआ।

### आज का मौसम

| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| 33.0° | 27.0° |
| सूर्योदय 05.25 | सूर्यास्त 07.8 |

## दोस्त से मिलने गया युवक लापता

**तिलहर, अमृत विचार :** दोस्त से मिलने गया युवक अचानक लापता हो गया। परिजनों ने लापता युवक के साथ अनहोनी की आशंका जताते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। कोतवाली पुलिस युवक की तलाश कर रही है।

खिरिया उदैत गांव के राजेश सिंह ने बताया कि उनका पुत्र अमित सिंह(20) 22 जुलाई की दोपहर लगभग 2 बजे तिलहर बुलेट से एक दोस्त से मिलने गया था। उन्होंने बताया कि इसके बाद से वह घर वापस नहीं आया तो उसकी खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। उसका मोबाइल बंद जा रहा है। कोतवाल विशाल प्रताप सिंह ने बताया कि शक के आधार पर कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। युवक की तलाश की जा रही है।

## सड़क पर दिखा तेंदुआ किसानों के उड़े होश

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** गांव हंसपुर जंगल के किनारे बसा हुआ है। यहां पर अक्सर जंगली जानवर दिखाई दे जाते हैं। जिस वजह से ग्रामीणों ने जंगल के किनारे स्थित खेतों में झोपड़ीनुमा ऊंची मचान बना रखी है। किसान उन्हीं मचानों पर रहकर फसलों की रखवाली करते हैं।

मंगलवार रात को कुछ किसान मजदूरों के साथ मचान पर बैठकर फसल की रखवाली कर रहे थे। कुछ ट्रैक्टर ट्रॉली से गांव की तरफ से आ रहे थे। गांव हंसपुर के पास किसानों को ट्रैक्टर की रोशनी में सड़क पर खड़ा एक तेंदुआ दिखा तो उन्होंने ट्रैक्टर रोक लिया। आसपास के खेतों में मचान बनाकर फसल की रखवाली कर रहे किसानों को फोन कर इसकी सूचना दी। जिसके बाद मचान पर बैठे किसान किसी तरह से वहां से निकलकर ट्रैक्टर के पास पहुंचे। इस दौरान करीब एक घंटे तक तेंदुआ रोड पर ही घूमता रहा। तेंदुआ की चहलकदमी से किसान खेतों से भाग कर अपने घर पहुंचे। जहां गांव के लोगों को भी जानकारी दी। हालांकि इस मामले की वन विभाग को सूचना नहीं दी गई है।


मंगलवार रात को सड़क पर खड़ा तेंदुआ।

- गांव हंसपुर की घटना, एक घंटे तक घूमता रहा तेंदुआ

## दुकान से दिन दहाड़े 80 हजार रुपये चोरी

**खुदागंज।** बीज भंडार की दुकान पर ग्राहक बनकर एक चोर ने गल्ले में रखे 80 हजार रुपये चोरी कर लिए और फरार हो गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के ग्राम महिला निवासी राहुल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि खुदागंज जलालपुर मार्ग पर उनकी खाद एवं बीज भंडार की दुकान है। वह अपनी दुकान चला रहे थे, तभी एक अज्ञात व्यक्ति आया। जब वह अंदर खाद की बोरी लेने गए थे तभी उसने गल्ले से 80,000 निकाल लिए और जब तक पता चला वह अपनी बाइक लेकर फरार हो गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## करंट से किशोर झुलसा

**रोजा।** थाना क्षेत्र के मोहल्ला आदर्श नगर कॉलोनी निवासी 15 वर्षीय अभिषेक यादव बुधवार की सुबह बारिश के पानी में घर के बाहर नहा रहा था। उसने बिजली का खंभा पकड़ा तो करंट लग गया, जिससे वह झुलस गया। परिवार वालों ने उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

## ग्राहक बनकर आए, व्यापारी से रुपये भरा बैग लूटा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- कांट क्षेत्र में चौहनापुर रोड पर दिनदहाड़े हुई वारदात
- सीसीटीवी में बाइक पर जाते दिखे दो बदमाश, बैग में थे 40 हजार रुपये

**अमृत विचार :** जिले में लूट की वारदातें थम नहीं रही हैं। कांट क्षेत्र में बाइक पर सवार दो बदमाश गल्ला खरीदने के बहाने एक दुकान पर आए और गल्ला व्यापारी का 40 हजार रुपये से भरा बैग, रजिस्टर और दुकान की चाबी लूटकर ले गए। पुलिस ने दुकान से कुछ दूरी पर कैमरे खंगाले तो फुटेज में दो बदमाश बाइक से जाते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कांट थाना क्षेत्र के गांव कुर्रिया कला निवासी रामसरन गुप्ता ने बताया कि वह गल्ला व्यापारी है। उसकी चौहनापुर रोड पर किराए की दुकान है। वह दुकान पर गल्ला खरीदने का काम करता है। मंगलवार की दोपहर सवा 12 बजे वह दुकान खोलकर चबूतरे पर बैठा हुआ था। पड़ोस में उसने बैग रख रखा हुआ था। दो बदमाश ग्राहक बनकर उसकी दुकान पर आए। एक बदमाश बाइक स्टार्ट किए बैठा रहा और दूसरा बदमाश बाइक से उतरा। बदमाश ने गल्ला व्यापारी से भाव पूछा। इस दौरान मौका पाकर बदमाश उसका बैग उठाकर भमौली गांव की तरफ भाग गए। गल्ला व्यापारी ने बदमाशों का पीछा किया तो पता नही चला। उन्होंने बताया कि दोनों बदमाश की उम्र 30 से 35 के बीच होगी, जो पैंट व शर्ट पहने हुए थे। वह बाइक नंबर नहीं देख पाया। व्यापारी ने कांट थाना पर सूचना दी। उप निरीक्षक सत्येंद्र कुमार मौके पर पहुंचे और गल्ला व्यापारी से जानकारी की। पुलिस ने स्कूल के पास कैमरे चेक किए तो दोनों बदमाश फुटेज में आते-जाते दिखाई दिए है। व्यापारी ने बताया कि बैग में 40 हजार रुपये, रजिस्टर, दुकान की चाबी आदि सामान था। उप निरीक्षक सत्येंद्र कुमार ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस विवेचना कर रही है।


चोरी के सामान सहित पकड़े गए आरोपी। ● अमृत विचार

### आरपीएफ ने तीन चोरों को पकड़ा, सामान बरामद

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** अधिकारियों के निर्देश पर आरपीएफ चोरों के खिलाफ अभियान चला रही है। आरपीएफ ने रोजा क्षेत्र में तीन चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए चोर रोजा थाना क्षेत्र के है। पुलिस ने उनके कब्जे चोरी की डीएपी खाद तथा दो सामान के नग बरामद किए है। आरपीएफ के उप निरीक्षक विकास कुमार को बुधवार की सुबह पांच बजे सूचना मिली कि कुछ चोर रोजा क्षेत्र में चोरी की योजना बना रहे है। पुलिस ने घेराबंदी करके तीन चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए चोर रोजा थाना क्षेत्र के मढिया कॉलोनी के अजय, अभिषेक और अजय चौहान है। पुलिस ने उनकी निशानदेही से चोरी की डीएपी खाद और दो पार्सल नग बरामद किए है। आरोपी ट्रेनों में पार्सल नग और मालगाड़ी से खाद आदि चोरी करते है। आरपीएफ ने तीनों का चालान कर दिया। टीम में सहायक उप निरीक्षक वीर भद्र सिंह, प्रमेंद्र सिंह नेगी आदि थे।

## किशोर समेत दो ने फंदे पर लटककर जान दी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- शराब पीने को लेकर परिजनों ने निगोही के यशवीर को डांटा था
- परिजनों को बिना बताए घर से निकल गया था कांट निवासी संबोध

**अमृत विचार :** जिले में किशोर समेत दो ने फंदे पर लटककर जान दे दी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।

**निगोही।** थाना क्षेत्र के गांव महोलिया में किशोर का शव पेड़ पर लटका मिलने से हड़कंप मच गया। गांव निवासी रितिक(15) पुत्र जयवीर सिंह का बुधवार की सुबह छह बजे गांव के बाहर नीम के पेड़ पर रस्सी से शव लटका हुआ था। खेत पर जा रहे गांव वालों ने देखा तो परिजनों को जानकारी दी। मृतक रितिक का पिता जयवीर सिंह मौके पर पहुंचा और बेटे के शव को उतार लिया। इधर सूचना पर निगोही पुलिस पहुंची। मृतक के पिता ने बताया कि उसका बेटा शराबी किस्म का था। वह शाम को शराब पीकर रोज आता था। परिवार वालों ने उसे डांट दिया था। वह रात में मकान से उठकर गया और फांसी लगा ली। उनका कोई आरोप नहीं है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर परिवार वालों को सुपुर्द कर दिया।

**कांट।** थाना क्षेत्र के गांव जशनपुर निवासी संबोध(50) मंगलवार की शाम सात बजे परिवार वालों को बिना बताए घर से निकला था। रात नौ बजे तक वापस नहीं आने पर परिवार वालों ने गांव में तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चला। बुधवार की सुबह छह बजे गांव वालों ने गांव के बाहर देखा कि एक पेड़ से उसका शव गमछे से लटका हुआ था।

गांव वालों की भीड़ लग गई। परिवार वाले मौके पर पहुंचे और थाने पर सूचना दी। पुलिस ने शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवार वालों ने बताया कि उनका किसी पर कोई आरोप नहीं है। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

## वाहन की टक्कर से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** मंगलवार को सड़क पार करते समय वाहन की टक्कर से घायल व्यक्ति की बरेली में इलाज के दौरान मौत हो गई।

थाना सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला एमनजई जलालनगर में एक मीनार मस्जिद के पास रहने वाला मो. राशिद खां (48) ट्रैक्टर-ट्रॉली चलाता था। भतीजे अयान खां ने बताया कि सोमवार को चाचा जिला अस्पताल में चाची के साथ आंत का आपरेशन कराने गए थे। मंगलवार की सुबह उनका आपरेशन होना था। रात 8 बजे वह अस्पताल के बाहर टहलने निकले। इसी दौरान सड़क पार करते समय वाहन से उनकी टक्कर हो गई। सिर में गंभीर चोट लगने से वह गिर पड़े। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल राशिद को ट्रामा सेंटर भर्ती कराया, जहां से डॉक्टरों ने गंभीर हालत देखते हुए बरेली रेफर कर दिया था। बरेली के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान बुधवार को उसकी मौत हो गई। पत्नी रूबी, बच्चों का बुरा हाल है।


मृतक मो. राशिद खां।

## गलियों से नहीं निकला बाढ़ का पानी परेशान लोगों ने जाम कर दी सड़क


लोधीपुर में जाम लगाए लोग और सड़क के दोनों ओर लगी वाहनों की लाइन। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रोजा

- लोधीपुर में सड़क पर बैठकर नगर निगम अधिकारियों के खिलाफ की नारेबाजी

**अमृत विचार :** लोधीपुर में बाढ़ का पानी मकानों और गलियों से न निकलने पर बाढ़ पीड़ितों ने लोधीपुर में जाम लगा दिया। लोगों ने नगर निगम के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। इस दौरान दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। नगर मजिस्ट्रेट और सीओ सिटी जाम स्थल पर पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने समझाने का प्रयास किया, लेकिन लोग नहीं माने। अधिकारियों ने नगर आयुक्त से बात कराई। उनके आश्वासन पर करीब आधे घंटे बाद जाम खुला।

शहर के मोहल्ला लोधीपुर में वार्ड संख्या नंबर तीन में बसपा नेता बहादुर लाल आजाद वाली गली में अभी भी बाढ़ का पानी गली और मकानों में भरा हुआ है। गली से निकलने में लोगों को परेशानी हो रही है। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि नगर निगम से कई बार शिकायत की, लेकिन बाढ़ का पानी अभी तक नहीं निकाला गया। क्षेत्र के आक्रोशित लोगों ने बुधवार की शाम छह बजे खन्नौत पुल के नीचे लोधीपुर में सड़क पर बैठकर जाम लगा दिया। इस दौरान काफी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। लोगों ने जिला प्रशासन तथा नगर निगम प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सूचना पर रोजा थाना के अपराध निरीक्षक गंगा सिंह जाम स्थल पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन लोग नहीं माने। दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम में रोडवेज की बसें भी फंस गई। अपराध निरीक्षक गंगा सिंह ने अधिकारियों को सूचना दी। नगर मजिस्ट्रेट तथा सीओ सिटी जाम स्थल पर पहुची। दोनों अधिकारियों ने लोगों को समझाने का प्रयास किया। क्षेत्र के लोगों ने कहा कि नगर आयुक्त यहां आकर बात करें और कहे कि गलियों में भरा पानी निकाल दिया जाएगा। नगर मजिस्ट्रेट ने नगर आयुक्त से फोन पर लोगों की बात कराई। नगर आयुक्त के आश्वासन पर आधे घंटे बाद जाम खत्म हुआ।

## सड़क दुर्घटनाओं में महिला समेत दो की मौत, मचा कोहराम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** कुर्रिया कलां रोड पर सड़क पार करते समय कार ने महिला को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गई। घायल को मेडिकल कॉलेज लाया गया। इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। इधर, शाहाबाद में अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी थी। घायल की बरेली ले जाते समय मौत हो गई। मृतक निगोही क्षेत्र का रहने वाला था।

**कांट।** थाना क्षेत्र के गांव कुर्रिया कला निवासी सुमन(58) मंगलवार को दिन में खेत पर गई थी। वह शाम छह बजे पैदल घर लौट रही थी। सड़क पार करते समय तेज गति से आ रही कार ने उसको साइड से टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गई। चालक कार लेकर भाग गया। खबर मिलने पर महिला के परिवार वाले मौके पर आ गए। परिवार वालों ने हादसे की सूचना कांट थाना पर दी और उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। इलाज के दौरान सुमन की देर रात मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया।

**निगोही।** थाना क्षेत्र के गांव पाल बस्ती निवासी ईश्वरी दयाल(62) अपने भांजे रामवीर के साथ 22 जुलाई को बाइक से हरदोई गए हुए थे। हरदोई रोड पर शाहाबाद थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी थी, जिससे बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गए थे।

परिवार वालों ने शाहाबाद में अस्पताल में भर्ती कराया था। डॉक्टर के रेफर करने पर परिजन मंगलवार की देर रात उसे बरेली ले जा रहे थे। शाहजहांपुर से निकलते ही घायल ईश्वरी ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

### ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत

**शाहजहांपु, अमृत विचार :** नेशनल हाइवे पर हुलासनगरा गांव के सामने ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। घायल को कटरा सीएचसी पर लाया गया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतक बरेली जिले का रहने वाला था। वह भाई को लेने कटरा आ रहा था। बरेली के थाना फतेहगंज पूर्वी के गांव जरौल निवासी यशवीर(22) मंगलवार की शाम पांच बजे बाइक से अपने भाई सुखबीर को लेने कटरा आ रहा था। नेशनल हाईवे हुलासनगरा गांव के सामने ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे सुखवीर घायल हो गया। घायल को कटरा सीएचसी पर लाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। चालक ट्रक लेकर भाग गया। मृतक यशवीर के परिवार वालों ने बताया कि वह हल्द्वानी में प्राइवेट नौकरी करता था। चार दिन पहले वह घर आया था। उसका भाई कटरा में रिश्तेदारी में आया हुआ था। उसी को लेने आ रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी ने बताया कि तहरीर मिलने पर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
150 बेड का विश्वस्तरीय कैंसर हॉस्पिटल
RADIOTHERAPY
TRUE BEAM STX LINAC
यह SRS, SBRT, IGRT, IMRT,VMAT और 3D CRT जैसी फोटॉन थेरेपी (6 Mv, 10Mv, 15Mv) पद्धतियाँ प्रदान करने में सक्षम है।
BRACHYTHERAPY
24 Channel
PET CT SCAN
बरेली मंडल की एक मात्र मशीन
FDG -PET CT
PSMA- PET CT (प्रोस्टेट कैंसर)
सोडियम फ्लोराइड बोन पीईटी
DOPA -PET CT (पार्किंसंस आवर्तक ब्रेन ट्यूमर, आदि)
द्वितीय पीढ़ी की मशीन जिससे कैंसर के स्टेज का पता चलता है
Immunotherapy & Chemotherapy
Dedicated Cancer Modular OT's
आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का इलाज
हमारे विशेषज्ञ
डॉ. अर्जुन अग्रवाल (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. लक्ष्मण पांडे (रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. आमिर मलिक (हेड एंड नेक कैंसर सर्जन)
डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा (क्लिनिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. संदीप (मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. चीना गर्ग (ऑन्कोपैथोलॉजिस्ट)
डॉ. अंकित कुमार (न्यूक्लियर मेडिसिन ऑन्कोलॉजिस्ट)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 92581 16087, 78912 35003
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कैम्पस, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

Leading you to blossoming health
खुशलोक हॉस्पिटल
मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर
सिन्धी मार्केट, निकट पुलिस चौकी मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, बरेली
फोन : 7500875003, 0581-2530800/700
HELPLINE: 9760701234
आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
कैंसर के उच्चस्तरीय उपचार की उपलब्धता अब खुशलोक हॉस्पिटल में
डॉ. तूलिका त्यागी
एम.बी.बी.एस., डी.एन.बी. रेडियेशन ऑन्कोलॉजी
कैंसर रोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक कमला नेहरू मेमोरियल हॉस्पिटल, प्रयागराज
पूर्व चिकित्सक ओमेगा कैंसर हॉस्पिटल विशाखा पटनम
- सभी प्रकार के कैंसर रोगों की जाँच एवं निदान एक ही स्थान पर
- महिलाओं में होने वाले कैंसर जैसे स्तन कैंसर बच्चेदानी का कैंसर के लिये परामर्श एवं इलाज की व्यवस्था
- सभी प्रकार के कैंसर रोगों के लिए Chemotherapy (कीमोथैरेपी) की व्यवस्था
- कैंसर रोगों से बचाव के लिये परामर्श एवं टीकाकरण (Vaccination)
- आनुवांशिक रूप से होने वाले कैंसर रोगों के लिये स्क्रीनिंग (Screening) की व्यवस्था
24 घण्टे इमरजेन्सी
आई.सी.यू. व वेंटिलेटर की सुविधा उपलब्ध
Website: www.khushlokhospital.com
Email: khushlokhospital@rediffmail.com

MAXLIFE SUPERSPECIALITY HOSPITAL
मैक्सलाइफ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड फहमी आई.वी.एफ. सेन्टर
डॉ. अनीस बेग
M.B.B.S., D.C.H.
Child Specialist
डॉ. फैहमी खान
M.B.B.S., D.G.O D.M.A.S., F.M.A.S
Gyanaecologist, Ivf Specialist
हृदय रोग विभाग
स्थायी/अस्थायी पेसमेकर इम्प्लांटेशन
बैलून माइट्रल वाल्वोटॉमी
2डी ईको कार्डियोग्राफी
टी.एम.टी.
24 Hrs हॉल्टर मॉनिटरिंग
ई.सी.जी.
डिजिटल एक्स-रे
अनुभवी कार्डियोलॉजिस्ट द्वारा संचालित कैथ लैब
कोरोनरी एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी
लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
एडवांस आई.सी.यू.
एडवांस एन.आई.सी.यू.
मॉड्यूलर ऑपरेशन
24/7 सुविधा उपलब्ध
निकट ईसाइयों की पुलिया, सिन्धु नगर, सैटेलाइट बरेली
0581-2990926
0581-2990928

## कई घंटे विलंब से पहुंचीं ट्रेनें

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर मंगलवार की रात बारिश का पानी रेलवे लाइन में भर जाने से सिग्नल फेल हो गए। इस दौरान डाउन लाइन की ट्रेनें प्रभावित हुई। ट्रेनें कई घंटे विलंब से यहां पहुंची, जिससे यात्रियों को दिक्कत को दिक्कत का सामना करना पड़ा। सीएमआई एसके ठाकुर ने बताया कि मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर रेल लाइन पर बारिश का पानी भर गया था। इस दौरान सिग्नल फेल हो गए थे। डाउन लाइन की नई दिल्ली-लखनऊ मेल अपने निर्धारित समय से तीन घंटे, नई दिल्ली-लखनऊ सुपर फास्ट एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय सवा तीन घंटे, चंडीगढ़-लखनऊ एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय पौने चार घंटे, चंडीगढ़-लखनऊ सुपरफास्ट एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से साढ़े चार घंटे, गंगा सतलज एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय चार घंटे, जम्मूतवी-कानपुर एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय साढ़े तीन घंटे, जननायक एक्सप्रेस भी अपने निर्धारित समय से साढ़े तीन घंटे विलंब से यहां पहुंची है। यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

# पुतला फूंकने को लेकर पुलिस आंदोलनकारियों में नोकझोंक

### पुलिस ने घेरा बना नहीं फूंकने दिया पुलिस, प्रशासन का पुतला

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार :** भारतीय किसान मजदूर यूनियन (राष्ट्रवादी) के कार्यकर्ताओं ने समस्याओं के समाधान नहीं होने पर पुलिस प्रशासन का पुतला फूंकने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस के आगे असफल रहे। इसके बाद सभी समस्याओं का निस्तारण नहीं होने तक धरना प्रदर्शन जारी रखने और मौका मिलने पर पुतला दहन करने की चेतावनी दी।

भारतीय किसान मजदूर यूनियन (राष्ट्रवादी) के कार्यकर्ताओं ने 11 सूत्रीय ज्ञापन 12 जुलाई को एसडीएम को दिया था। इसके बाद समस्याओं का समाधान नहीं होने पर 18 जुलाई से डाक बंगला में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। 5 दिन धरना प्रदर्शन चलने के बाद 22 जुलाई को धरना स्थल पर बैठक कर 24 जुलाई को पुलिस और प्रशासन का पुतला दहन करने की रणनीति बनाई थी। बुधवार को सुबह पुतला दहन करने के लिए संगठन के कार्यकर्ता धरना स्थल पर एकत्र होने लगे।


आंदोलनकारी किसानों से बात करती पुलिस। ● अमृत विचार

- समस्याओं का समाधान नहीं होने पर भाकिमयू (राष्ट्रवादी) के कार्यकर्ता पहुंचे डाक बंगला

जानकारी होते ही धरना स्थल पर पुवायां, बंडा, सिंधौली थाने की फोर्स पहुंच गई और धारा 144 का हवाला देते हुए पुतला दहन करने से रोक दिया। चार- पांच घंटे तक पुतला दहन करने को लेकर पुलिस और आंदोलनकारियों के बीच लुकाछिपी चलती रही। किसान नेताओं ने कई बार पुतले तक पहुंचने का प्रयास किया, लेकिन वह कामयाब नहीं हो सके। पुलिस ने पुतले के चारों ओर घेरा लिया और खड़ी हो गई। अंत में किसानों ने टकराव नहीं करने का निर्णय लेते हुए समस्याओं का समाधान नहीं होने तक शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन जारी रखा और मौका मिलते ही पुतला दहन करने की चेतावनी दी। संगठन के तहसील अध्यक्ष भरत सिंह यादव ने बताया कि 25 जुलाई को एसडीएम से वार्ता के बाद आगे आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। धरना प्रदर्शन में संजय मिश्रा, हरपाल सिंह, कर्मजीत सिंह, सोमवीर सिंह, अवनीश कुमार, जबर सिंह, भाई लाल आदि बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# किसानों ने गरीबों को आवास दिलाने की मांग उठाई

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (किसान सरकार) ने पात्रों को आवास दिलाने की मांग उठाई है। आवास के लिए लगभग 12 गांव की महिलाओं ने भारतीय किसान यूनियन (किसान सरकार) के बैनर तले प्रदर्शन कर एसडीएम को ज्ञापन दिया।

बुधवार को डाक बंगला में किसान सरकार ने सैकड़ो महिलाओं के साथ धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया। मुख्यमंत्री को संबोधित एसडीएम को दिए ज्ञापन में कहा कि ग्राम पंचायत धर्मगंदपुर खुर्द, लखनापुर, गुधनी, भरतापुर, गंगसरा आदि गांवों में बड़ी संख्या में परिवारों को प्रधानमंत्री द्वारा चलाए जा रही, आवास योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। भारतीय किसान यूनियन (किसान सरकार) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन कश्यप ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र पात्रों को आवास दिए जाने की मांग की। प्रदर्शनकारियों में पवन कश्यप के साथ मोहिनी, गुड्डी देवी, गोदावरी, पूनम देवी, आरती देवी, जगतपाल, सत्यवती, शांति देवी, महिमा देवी, गीता देवी, श्यामा, ममता देवी, उमाकांत, अनीता, सुनीता, सीमा, राजकुमारी, ज्ञान देवी, देवकली, बिटाना, राजवती आदि मौजूद रहीं।



डाक बंगला परिसर में आवास की मांग को लेकर प्रदर्शन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

- महिलाओं ने भारतीय किसान यूनियन (किसान सरकार) के बैनर तले किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

## दावत खाने गए किशोर को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली के मोहल्ला कांशीराम कॉलोनी निवासी सुशीला देवी ने बताया कि उसका 16 वर्षीया पुत्र अतुल कश्यप पड़ोस में आरती के घर 16 जुलाई की रात नौ बजे दावत खाने के लिए गया था। मोहल्ले के गुलशन, बादल और करन उसके बेटे को गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके बेटे को पीटकर घायल कर दिया। शोर शराबा होने पर आरोपी अतुल को जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ◆ घबराहट ◆ छाती में दर्द या भारीपन ◆ सांस फूलना ◆ पैरों में सूजन ◆ हाई ब्लडप्रेशर ◆ हाई कोलेस्ट्रोल ◆ डाइबिटीज (शुगर) ◆ सीने या पेट में जलन या दर्द ◆ हार्ट अटैक ◆ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

## सार-संक्षेप

### 35 बच्चों की निगाह कमजोर, मिलेंगे चश्में




**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मदरसा नुरुल हुदा में बुधवार को कैंप लगाकर छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। कैंप का आरंभ जिला मदरसा शिक्षा अधिकारी मोहम्मद खालिद ने फीता काटकर किया। कैंप में स्वास्थ्य टीम के प्रभारी डॉ. मोहम्मद यूसुफ और डॉ. आलोक ने 227 बच्चों का परीक्षण कर उन्हें उपयोगी परामर्श दिया। बरसात और उमस भरी गर्मी को देखते हुए चिकित्सकों ने बच्चों को सफाई पर ध्यान देने और बासी भोजन नहीं करने की सलाह दी। साथ ही स्वच्छ पानी का सेवन करने को कहा। नेत्र रोग परीक्षक डॉ. आलोक ने बच्चों की आंखों की जांच की, जिसमें 36 बच्चों की निगाह कमजोर पाई गईं। कमजोर निगाह वाले चिन्हित बच्चों को स्वास्थ्य विभाग की ओर से निःशुल्क चश्मा उपलब्ध कराया जाएगा। इस दौरान बच्चों को हरी सब्जियां अधिक खाने को कहा गया। प्रधानाचार्य इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां की देखरेख में चले मेडिकल कैंप में जिला मदरसा शिक्षा अधिकारी मोहम्मद खालिद ने स्वास्थ्य विभाग की टीम को मदरसे की ओर से स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। टीम में श्वेता चार्ल्स, फार्मासिस्ट आरती आदि शामिल रहे। शारिक खान, मोइन खान, साजिद अली खान, इजहार हसन, कामरान हुसैन, ममनून खान, जहूरखान, मोहम्मद जाहिद आदि शिक्षकों का सहयोग रहा।

### अज्ञात डीसीएम चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**खुटार, अमृत विचार :** डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई थी। ग्रामीणों ने घेराबंदी कर डीसीएम को पकड़ लिया था, लेकिन चालक फरार हो गया था। जिस पर पुलिस ने डीसीएम को थाने में खड़ा करा लिया था। बुधवार को मृतक नवीन कुमार के पिता सर्वेश कुमार निवासी सराय ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसका बेटा रविवार को पड़ोस के गांव बरुआ से अपने घर वापस बाइक से आ रहा था। तभी सराय से बरुआ की ओर जा रही खीरे भरी डीसीएम चालक ने तेज रफ्तार से लापरवाही के चलते उसके बेटे की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी। जिससे उसके बेटे नवीन(18) की मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस ने सर्वेश कुमार की तहरीर के आधार पर अज्ञात डीसीएम चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### ट्रैक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**खुटार, अमृत विचार :** उप्र परिवहन रोडवेज बस चालक जोगा सिंह निवासी मोहल्ला बालाबनी कस्बा व थाना पूरनपुर ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह रोडवेज बस का चालक है। 17 जुलाई को पीलीभीत से बस लेकर पलिया खीरी जा रहा था। तभी खुटार पूरनपुर रोड के खुटार थाना क्षेत्र के मुरादपुर टोल प्लाजा के पास पहुंचा था कि सामने से आ रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक ने बस में टक्कर मार दी गई थी। जिस पर बाई साइड में आपातकालीन खिड़की के पास बैठी सवारी के हाथ में गंभीर चोटें आई थी। बस चालक जोगा सिंह ने बुधवार को थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### रंजिशन महिला को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जलालाबाद क्षेत्र के ग्राम अब्दुल्ला नगर निवासी शिवम ने बताया कि 23 जुलाई की सुबह आठ बजे उसकी दादी जगदेवी अपने खेत पर दवा छिड़कने गई थी। पुरानी रंजिश को लेकर रोशन लाल आदि ने उसकी दादी को धारदार हथियार से घायल कर दिया। इस दौरान उनका सोने का कुंडल खेत पर गिर गया। प्रभारी निरीक्षक हरिपाल सिंह ने बताया कि आरोपी रोशन लाल, मनू, जूली के खिलाफ रिपोर्ट रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## एक नजर

### तमंचा लेकर फोटो वायरल करने का आरोपी गिरफ्तार

**तिलहर, अमृत विचार :** उप निरीक्षक अनुज कुमार ने बताया कि 22 जुलाई को सोशल मीडिया पर तमंचा और कारतूस के साथ एक युवक का फोटो वायरल हुआ था। जिस पर अधिकारियों ने संज्ञान में लेते हुए तिलहर पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए थे। पुलिस ने मंगलवार की शाम सरयू पुलिया के निकट वीडियो वायरल करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया अभियुक्त समीर निवासी कच्चा कटरा थाना तिलहर है। पुलिस ने एक तमंचा, एक कारतूस तथा नो खोखा बरामद किए है। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया। टीम में मोहित कुमार आदि थे।

### बिना पंजीकरण के चल रहा प्रिंस हेल्थ सेंटर सीज

**जलालाबाद, अमृत विचार :** डिप्टी सीएमओ ने नगर के प्रिंस हेल्थ केयर सेंटर को सीज कर दिया। तहसील रोड पर प्रिंस हेल्थ केयर सेंटर बिना पंजीकरण के चल रहा था। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मोहम्मद आसिफ अली स्टाफ के साथ बुधवार को पहुंचे। उन्होंने रजिस्ट्रेशन कराने तक अस्पताल बंद करा दिया।डिप्टी सीएमओ ने बताया कि मौके पर कोई डॉक्टर नहीं मिला। अस्पताल के संचालन का लाइसेंस भी नहीं दिखाया जा सका इसलिए अस्पताल को सीज कर दिया गया है। उन्होंने अपनी रिपोर्ट मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सौंप दी है।

### बिजली विभाग के कर्मचारी को पीटा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कस्बा मिर्जापुर निवासी मुकेश ने बताया कि वह अनुसूचित जाति का है। वह बिजली विभाग का कर्मचारी है। 20 जुलाई को शाम आठ बजे खंभे पर चढ़कर वह बिजली का तार जोड़ रहा था। कस्बा के रोहित तथा हरिओम आए और कहा कि बिजली ठीक मत करो, नीचे उतर आओ। मुकेश ने कहा कि बिजली का तार जोड़कर नीचे आऊंगा। वह खंभे से नीचे उतरकर आया तो आरोपियों ने जातिसूचक शब्द का प्रयोग करते हुए उसे पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### दो परिवारों का कराया समझौता

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एसपी के निर्देश पर पुलिस लाइन में बुधवार को परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन किया गया। जहां दो दंपत्तियों का आपस में समझौता कराया गया। दोनों को एक साथ विदा किया गया। टीम में प्रभारी निरीक्षक मनीश कुमार, उप निरीक्षक मधू यादव, महिला सिपाही पूनम मिश्रा, करुणा, सौरभ कुमार थे।

# हमारा अधिकार उचित पगार नारे के साथ सड़क पर उतरे प्रशिक्षु

## मानदेय बढ़ाने को लेकर प्रशिक्षु डॉक्टरों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- बोले- मानदेय से संतुष्ट नहीं, मांगें पूरी होने तक जारी रहेगी हड़ताल
- मेडिकल कॉलेज से बरेली मोड़ तक किया पैदल मार्च, की नारेबाजी



मेडिकल कॉलेज के गेट पर प्रदर्शन करते प्रशिक्षु डॉक्टर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** राजकीय मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के प्रशिक्षु चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज परिसर में प्रदर्शन करके नारेबाजी की। प्रशिक्षुओं ने बरेली मोड़ तक पैदल मार्च किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि उन्हें मात्र 12 हजार रुपये मानदेय दिया जा रहा है, जोकि बहुत कम है। उन्होंने कहा कि उनकी मांगें नहीं माने जाने तक हड़ताल जारी रहेगी।

राजकीय मेडिकल कॉलेज में वर्तमान में 2019 बैच के 100 से ज्यादा एमबीबीएस के छात्र-छात्राएं प्रशिक्षु है। उनको प्रदेश सरकार की तरफ से 12 हजार रुपये मानदेय दिया जा रहा है। जो चिकित्सा सेवा में दिए गए उनके योगदान के मुताबिक कम है। प्रशिक्षु चिकित्सकों ने मानदेय बढ़ाने के लिए बुधवार को मेडिकल कॉलेज परिसर में प्रदर्शन कर नारेबाजी की। इसके बाद हड़ताल कर दी। छात्र-छात्राएं हाथों में तख्ती लिए हुए थे, जिस पर लिखा था कि हमारा अधिकार उचित पगार। तख्तियों में अलग-अलग स्लोगन लिखे हुए थे। इसके बाद प्रशिक्षु चिकित्सकों ने नारेबाजी करते हुए बरेली मोड़ तक पैदल मार्च किया। 2019 बैच के प्रशिक्षु चिकित्सक शुभम यादव समेत कई प्रशिक्षु डॉक्टरों ने बताया कि कर्नाटक राज्य में प्रशिक्षु चिकित्सकों को 32 हजार रुपये, असम में 30 हजार रुपये, बंगाल में 28 हजार रुपये, दिल्ली में 26 हजार 300 रुपये और सेंट्रल कॉलेज में 26 हजार 300 रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जाता है। यहां केवल 12 हजार रुपये मानदेय दिया जा रहा है। जोकि बहुत कम है। जबकि 10 घंटे कार्य लिया जाता है। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग की है कि उनका मानदेय बढ़ाया जाए।

# फर्रुखाबाद-शाहजहांपुर-मैलानी रेल लाइन मंजूर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** सांसद अरुण कुमार सागर की ओर से संसद में फर्रुखाबाद-शाहजहांपुर-मैलानी रेल लाइन का मुद्दा उठाए जाने के बाद रेल मंत्रालय ने लाइन बिछाने को मंजूरी दे दी है। सांसद सागर से बुधवार को मुलाकात के दौरान रेल मंत्री ने यह जानकारी दी।

सांसद लगातार शाहजहांपुर में विकास कार्यों को गति दिलाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने संसद में कई बार फर्रुखाबाद- शाहजहांपुर-मैलानी रेलवे लाइन के निर्माण का मुद्दा उठाया था। अब रेल मंत्रालय ने रेल लाइन डालने को मंजूरी दे दी है। बुधवार को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से उनके कार्यालय में सांसद ने मुलाकात की।


रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिलते सांसद अरुण कुमार सागर।

- अरुण कुमार सागर ने संसद में कई बार उठाया था मुद्दा

इस दौरान उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र में रेलवे से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा की। रेल मंत्री ने सांसद को जानकारी देते हुए बताया कि फर्रुखाबाद-शाहजहांपुर-मैलानी रेल लाइन को मंजूरी दे दी गई है। सागर ने बताया कि रेल लाइन बनने से इन क्षेत्रों में आने-जाने वाले लोगों को काफी राहत मिलेगी। बहुत जल्द रेल लाइन का निर्माण शुरू हो जाएगा। रेल मंत्रालय ने अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे दिए हैं। सांसद सागर ने रेल मंत्री का आभार व्यक्त किया।

### ग्राम विकास मंत्री को दिया 30 सड़कों का प्रस्ताव

सांसद अरुण सागर ने दिल्ली में स्थित ग्राम विकास राज्यमंत्री कमलेश पासवान से उनके कार्यालय में मुलाकात कर विकास से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। सांसद ने संसदीय क्षेत्र की तीस सड़कों के निर्माण का प्रस्ताव मंत्री को देकर जल्द निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की है।

## श्याम औषधि वाटिका को पुनर्जीवित करने को रोपी पौध


श्याम औषधि वाटिका में पौध लगाते नगर आयुक्त डॉ. विपिन मिश्रा व वीआईपी ग्रुप के सदस्य।

- वीआईपी ग्रुप के सदस्यों ने बाढ़ से नष्ट हुई वाटिका को फिर से हरा-भरा बनाने का लिया संकल्प

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मेडिकल कॉलेज परिसर स्थित श्री श्याम औषधि वन वाटिका में बुधवार को वीआईपी ग्रुप विद हैल्पिंग हैंड्स के सदस्यों ने नगर निगम के सहयोग से एक बार फिर पौधरोपण मुहिम चलाई। बाढ़ के कारण वन वाटिका की पौध नष्ट हो गई थी।

पौध रोपण से पहले नगर निगम के सहयोग से वाटिका की सफाई कराई गई। इसके बाद नगर आयुक्त डॉ. विपिन मिश्रा के नेतृत्व में सदस्यों ने एक बार फिर नए उत्साह के साथ औषधीय पौधे रोपित किए। ग्रुप के सदस्यों ने इस वाटिका को फिर से हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया। ग्रुप क्रिएटर अभिनय गुप्ता की देखरेख में चले अभियान में मुहिम प्रभारी ज्योति गुप्ता, संयोजक रिद्धि बहल, नुजहत अंजुम, विजय शंकर मिश्रा, अवधेश शुक्ला, संजय अग्रवाल, सतीश सक्सेना, पुनीत मिश्रा आदि शामिल रहे।

# वार्ड-8 में 56 बाढ़ पीड़ितों को वितरित की राहत किट


राहत किट बांटते डीसीबी चेयरमैन डीपीएस राठौर और पार्षद राम बरन सिंह।

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** वार्ड- 8 बृज विहार कॉलोनी के मंदिर परिसर में चमकनी करबला, बहादुरपुरा, माधवनगर मोहल्ले के 56 बाढ़ पीड़ितों को राहत किट का वितरण किया गया।

बुधवार को जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर ने सभी बाढ़ पीड़ितों की समस्याएं सुनकर उन्हें शासन की ओर से उपलब्ध कराई गई राहत किट प्रदान की। बैंक अध्यक्ष राठौर ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रत्येक पीड़ित के साथ खड़े हैं। राहत किट वितरण में पूर्व डीसीबी चेयरमैन प्रदीप पांडेय, पार्षद रामबरन सिंह, नायब तहसीलदार निवेदिता ठाकुर, लेखपाल गुरु प्रकाश चौधरी, संजीव मिश्रा, आशीष भदौरिया, संजय वर्मा आदि मौजूद रहे।

# बिजली कटौती के विरोध में हिंदू युवा वाहिनी ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, तिलहर

- कार्यकर्ताओं ने उपकेंद्र पर दिया धरना एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार:** लगातार हो रही बिजली कटौती से परेशान होकर हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने पावर हाउस पर नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने एसडीओ सौरभ शाक्य को ज्ञापन सौंपा।

बुधवार को हिंदू युवा वाहिनी के निवर्तमान नगर अध्यक्ष संजीव कुमार के नेतृत्व में तमाम पदाधिकारी बिजली पावर हाउस पर एकत्रित हुए। उन्होंने प्रदर्शन करते हुए कहा बीते कुछ दिनों से नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती की जा रही है जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

आए दिन लोकल फॉल्ट को लेकर बिजली काट दी जा रही है जिससे आम जनमानस परेशान है और इससे सरकार की छवि भी धूमिल हो रही है। उन्होंने एसडीओ सौरव साहब को ज्ञापन देते हुए कहा कि अगर जल्द कटौती में परिवर्तन नहीं हुआ तो वह आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। काफी देर तक विभाग का कोई भी अधिकारी नहीं पहुंचा तो धरना प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ता आक्रोशित हो गए और जमकर नारेबाजी करने लगे जिसकी आवाज सुनकर एसडीओ सौरभ शाक्य ने मौके पर पहुंचकर सभी को शांत किया। इस दौरान शोभित राठौर अतुल सुमित कुमार अमित कुमार शिवम मौर्य विजय कुमार राहुल राठौर मोहित कुमार नीरज शर्मा राम मूर्ति आदि मौजूद रहे।


जमीन पर बैठ कर विरोध दर्ज कराते हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### तार टूटे, चार घंटे ठप रही विद्युत आपूर्ति

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मंगलवार की रात आंधी व बारिश में ककरा कला विद्युत सब स्टेशन में बिजली के तार कई जगह टूट गए थे, जिसके चलते चार घंटे आपूर्ति ठप रही। पानी न आने से लोगों को काफी दिक्कत हुई। ककरा कलां फीडर से मोहल्ला सुभाषनगर कॉलोनी, आवास विकास कॉलोनी, महमंद जलालनगर, ककरा, बाड़ूजई पेशावरी आदि मोहल्ले जुड़े है। मंगलवार की रात नौ बजे लाइट चली गई और रात 11 बजे आई। रात में आंधी बारिश में बिजली के तार टूट गए। सुबह छह बजे से दिन में दस बजे तक बिजली ठप रही है। उपभोक्ताओं ने बताया कि रात में बिजली काट दी जाती है। उपभोक्ताओं में रोष व्याप्त है।


विद्युत सब स्टेशन में नोटिस देते किसान महासंघ के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### कर्मियों की मनमानी से किसान कल्याण महासंघ में आक्रोश

**अल्हागंज, अमृत विचार :** बिजली कटौती और बंच लाइन न डालने से किसान कल्याण महासंघ के कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। उन्होंने सब स्टेशन पर धरना प्रदर्शन करने का नोटिस जेई को दिया है। दिए गए नोटिस में कहा गया है कि गर्मी में जमकर कटौती की जा रही है। जबकि प्रदेश सरकार का 24 घंटे आपूर्ति करने का आदेश है। इसी काफी दिनों से बंच लाइन डालने की कवायद चल रही है, लेकिन अभी तक कार्य को पूरा नहीं हो पाया। सब स्टेशन पर तैनात कर्मचारी कभी भी सीयूजी नंबर नहीं उठाते हैं। ग्रामीण सब स्टेशन के चक्कर लगाते रहते हैं, लेकिन कहीं भी सुनवाई नहीं होती। किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर पांच दिनों में इन समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो विद्युत सब स्टेशन पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। नोटिस देने वालों में पुष्कल त्रिपाठी, आकाश कुशवाहा, सपन शर्मा, महेश सिंह, सुमेर सिंह गुड्डू सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पहाड़ा नहीं सुना पाए बच्चे


बच्चों से पहाड़े सुनते सीएमओ डॉ. आरके गौतम। ● अमृत विचार

- सीएमओ ने चार स्कूलों का किया निरीक्षण, सफाई के निर्देश दिए

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** सीएमओ डॉ. आरके गौतम ने शहर के चार स्कूलों का निरीक्षण किया।

बुधवार को वह प्राथमिक विद्यालय अजीजगंज, प्राथमिक विद्यालय बाडूजई प्रथम, प्राथमिक विद्यालय लालपुर, सिविलियन विद्यालय अकर्रा रसूलपुर का निरीक्षण किया। सीएमओ ने बच्चों से पहाड़े और गिनती सुनी। हिंदी की किताब पढ़वाई। साथ ही सामान्य ज्ञान और फलों के नाम पूछे। अधिकांश बच्चे पहाड़े नहीं सुना पाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसके पश्चात सीएमओ ने लालपुर में आयोजित ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस सत्र का निरीक्षण किया। ड्यूलिस्ट में 33 लाभार्थियों के टीके लगाए जाने थे, जिसमें 11 के टीके लगाए गए थे। चार गर्भवतियों का टीकाकरण किया गया। इस दौरान उन्हें ड्यूटी स्टाफ मौजूद मिला।

# डॉ. बरखा बनीं अभाविप महानगर अध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


हर्ष व्यक्त करते नवनियुक्त पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- एसएस कॉलेज में गठित की गई नवीन कार्यकारिणी

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की सत्र 2024-25 के लिए महानगर इकाई का गठन कर लिया गया है। बुधवार को एसएस कॉलेज में जिला प्रमुख बृजेश मिश्रा ने गत वर्ष की कार्यकारिणी को भंग किया। इसके बाद चुनाव अधिकारी डॉ. अनुराग अग्रवाल ने नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की। नवनियुक्त पदाधिकारियों को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया।

प्रांत खेलो भारत गतिविधि के प्रांत प्रमुख रविकांत शुक्ला ने बताया कि डॉ. बरखा सक्सेना को महानगर अध्यक्ष, डॉ. रानू दुबे, डॉ. शिखा सक्सेना, पवन गंगवार, गौरव राय को उपाध्यक्ष, आशीष भदौरिया को मंत्री, अभिषेक पांडेय, आनंद स्वरूप सक्सेना, आयुष श्रीवास्तव को सहमंत्री, रितिक राजपूत को आंदोलन प्रमुख, सारस्वत पांडेय को महाविद्यालय प्रमुख, यशराज गुप्ता को सह महाविद्यालय प्रमुख, जीशान गाजी को इंटर कॉलेज प्रमुख, अनुज वर्मा को इंटर कॉलेज सह प्रमुख, आशुतोष मिश्रा-एसएफएस संयोजक, उदय-एसएफएस सह संयोजक, वैभव सक्सेना-एसएफडी संयोजक, आभास दीक्षित- सह संयोजक, मोहिनी प्रजापति- राष्ट्रीय कलामंच संयोजक, करन सिंह- खेलो भारत गतिविधि संयोजक, सूर्य दुबे-सह संयोजक, अनुज गुप्ता- एग्रीविजन संयोजक, आयुष श्रीवास्तव-मीडिया संयोजक, सचिन सिंह-सोशल मीडिया संयोजक, अनुज वर्मा-सह संयोजक नियुक्त किए गए। राघव द्विवेदी, रवि मोहन, ध्रुव सक्सेना, जितेंद्र, विशाल मिश्र को कार्यकारिणी सदस्य गुप्ता नामित किया गया है।

### विवाहिता को घर से निकाला, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** चौक कोतवाली के मोहल्ला गौहरपुरा निवासी आकांक्षा त्रिपाठी ने बताया कि उसकी शादी पांच साल पहले मयंक शर्मा निवासी लोधीपुर थाना रोजा के साथ आर्य समाज में हुई थी। उसके माता-पिता ने सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। दहेज से ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे। आरोप है कि उसका पति शराब पीकर दहेज को लेकर मारपीट करता था। ससुराल वालों ने उससे कहा कि खेती की कुछ जमीन मयंक के नाम बैनामा करने को अपने पिता से कहो। उसके मना करने पर 9 जुलाई को ससुराल वालों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। तब से वह मायके में है। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि पति मयंक शर्मा व सास सुषमा शर्मा के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### खुली मिलीं मीट की दुकानें, पुलिस पर लगाए आरोप

**तिलहर, अमृत विचार :** सावन महीने में नगर में कई मार्गों पर मीट के दुकान खुली होने पर हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने कड़ी नाराजगी जताते हुए पुलिस पर कई आरोप लगाए। हिंदू संगठनों के विरोध के बाद दुकानदारों ने दुकानों को बंद कर दी। बुधवार को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पीछे तमाम मीट की दुकान खुले होने पर हिंदू संगठनों के लोगों ने हंगामा करते हुए और जनप्रतिनिधियों से शिकायत की। विहिंप के जिला सह मंत्री सुरेश शर्मा पप्पू ने मौके पर जाकर छापा मारा, लेकिन उससे पहले ही दुकानदारों ने दुकानें बंद कर दी। आरोप लगाया कि पुलिस का एक अधिकारी नगर का माहौल खराब कर रहा है। मिलीभगत से ही नगर में बुधवार को कई जगह मीट की दुकानें खुल गई। उन्होंने चेतावनी दी कि हिंदू समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाई गई तो आंदोलन किया जाएगा। उधर विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने राजनपुर रोड तथा नगर में मीट की दुकान पूर्ण रूप से बंद कराने की मांग की। इस दौरान अमित कुमार, सीताराम, हरदयाल, अखिल मौर्य, सुरेश शर्मा पप्पू, मनीष सिंह, इरशाद, अमन राठौर आदि मौजूद रहे।

### अश्वनी कुमार बने प्रभारी निरीक्षक



**कांट, अमृत विचार :** पुलिस लाइन में तैनात निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह को कांट का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। तीन दिन पहले प्रभारी निरीक्षक दया शंकर को लाइन हाजिर कर दिया गया था। इससे पहले वह मदनापुर में तैनात रहे थे। उन्होंने चार्ज लेने के बाद कहा कि जनता की शिकायतों का निस्तारण किया जाएगा। अपराध पर अंकुश लगाने का प्रयास करेंगे। अपराधियों के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई की जाएगी। अपराधियों को संरक्षण देने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# कोलाघाट पर चल रहा अनशन आज से भूख हड़ताल में होगा तब्दील

संवाददाता, मिर्जापुर

- लोड टेस्ट कराने को लेकर प्रशासन ने अभी तक नहीं लिया गया निर्णय

> लोड टेस्ट संबंधी पत्रावली शासन स्तर पर लंबित है। पत्रावली पर आदेश होने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। – **महेश कुमार**, एसडीएम

**अमृत विचार:** कोलाघाट पुल से हल्के वाहनों का आवागमन चालू करने की मांग को लेकर क्रमिक अनशन लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। अनशन कारियों ने गुरुवार से भूख हड़ताल पर बैठने की घोषणा की है। पूर्व मंत्री व लोक सभा प्रत्याशी ने भी अनशन स्थल पर पहुंचकर जनहित में धरने का समर्थन किया है।

कोलाघाट पुल के निकट सोमवार से जिला पंचायत सदस्य रामकुमार राठौर की अगुवाई में चल रहा क्रमिक अनशन तीसरे दिन भी जारी रहा। बुधवार को पूर्व मंत्री अवधेश वर्मा व लोकसभा चुनाव में पूर्व सपा प्रत्याशी ज्योत्सना कश्यप ने धरना स्थल पर पहुंच कर जनहित में हल्के वाहनों का आवागमन चालू करने के लिए चलाए जा रहे आंदोलन का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के बच्चे पुल के चलते बेहतर शिक्षा से वंचित हो रहे साथ ही लोगों की स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रभावित हो रही है।

उन्होंने कहा कि यदि पुल चलने लायक नहीं था तो इसमें जनता की गाढ़ी कमाई के करोड़ों रुपये मरम्मत में क्यों लगा दिए। इसके बाद भी सरकार लोड टेस्ट कराने से क्यों पीछे हट रही है। अवधेश वर्मा ने कहा कि यदि पुल आवागमन के लायक नहीं है तो सरकार जल्द विकल्प के रूप में नए पुल का निर्माण शुरू कराए। जिला पंचायत सदस्य रामकुमार राठौर ने कहा कि लोड टेस्ट की मांग जब तक पूरी नहीं होगी वह धरने पर बैठे रहेंगे। उन्होंने कहा कि गुरुवार से भूख हड़ताल शुरू कर दी जाएगी। चौधरी विनोद यादव ने कहा कि प्रशासन जनहित की मांग की अनदेखी कर रहा है।


मिर्जापुर में कोलाघाट पुल के पास धरना देते बड़ी संख्या में लोग। ● अमृत विचार

### तीसरे दिन ये लोग रहे अनशन पर

बुधवार को अनशन पर रामकुमार राठौर, डॉ. मोहित शर्मा, रामवीर सिंह सोमवंशी, सूरजपाल सिंह यादव, चौधरी विनोद यादव, श्यामलाल सागर, वेदप्रकाश शर्मा, दीपक नागवंशी, ओमपाल कुशवाहा, रवीश पाल कुशवाहा, तारा यादव, सोनम अग्रवाल, नीलम गुप्ता, वेदवीर यादव, विपिन यादव, अवनीश यादव, भानु, रामदास राठौर, रामसेवक कश्यप, रजनीश शास्त्री, तसव्वर अली आदि मौजूद रहे।

शाहजहांपुर की खबरें पेज 9 पर भी पढ़ें



भगन्दर, बवासीर

सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी., एकता नगर
स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी
(I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ
आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू,पू, वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षों का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना
गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

# कछला में गंगा खतरे के निशान से 12 सेमी ऊपर

## नरौरा से छोड़ा गया 86 हजार क्यूसेक पानी, दातागंज में बढ़ा जलस्तर, फिर आ सकती है बाढ़

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- रामगंगा का लगातार बढ़ रहे जलस्तर से हजरतपुर से जुड़े क्षेत्रों में दहशत का माहौल
- बाढ़ सुरक्षा चौकियों पर सतर्कता, ग्रामीणों को सावधान कर रहे कर्मचारी



उसहैत क्षेत्र में उफान पर गंगा नदी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नरौरा बैराज से पिछले दो दिन से छोड़े जा रहे पानी के कारण कछला में गंगा का जलस्तर एक बार फिर खतरे के निशान से 12 सेमी ऊपर पहुंच गया है। जिससे तटवर्ती इलाकों में बाढ़ का खतरा पैदा हो गया है। रामगंगा में भी जलस्तर बढ़ रहा है, जिससे दातागंज और हजरत पुर क्षेत्र में गंगा ने विकराल रूप धारण कर लिया है। हालांकि अभी बाढ़ नहीं आई है फिर भी जल्द ही बाढ़ के हालात से इनकार नहीं किया जा सकता है। बाढ़ खंड ने अपनी सभी सुरक्षा चौकियों पर कर्मचारी तैनात कर दिए हैं। ग्रामीणों को सावधान कर दिया है। पशुओं को बाहर न ले जाने की हिदायत दी गई है। बुधवार को भी नरौरा से 86 हजार 603 क्यूसेक पानी छोड़ा गया जो अगले 16 घंटे में कछला पहुंचेगा।

पहाड़ों पर हो रही बारिश के चलते हरिद्वार और बिजनौर बैराज में पानी का ओवरफ्लो हो रहा है। इसलिए वहां से पानी छोड़ा जा रहा है। ऊपर से आने वाला पानी नरौरा बैराज में आता है, इसलिए पिछले दो दिनों से नरौरा से 50 हजार क्यूसेक से अधिक पानी गंगा में छोड़ा जा रहा है। नरौरा से छोड़ा गया पानी सहसवान से गुजरता है। सहसवान की महावा नदी ने एक बार फिर अपनी धार का आंचल फैलाना शुरू कर दिया है। जिससे आस पास का इलाका जलमग्न होने लगा है। गंगा की धार ने तटवर्ती इलाकों पर हलचल पैदा कर दी है। लोग पानी बढ़ने से फिर परेशान हो रहे हैं। यह पानी कछला गंगा से होता हुआ सीधे उसहैत क्षेत्र में गिरता है। जिससे उसहैत के अटैना घाट पर जलस्तर बढ़ने से स्थानीय लोगों को खतरा पैदा कर रहा है।

बाढ़ खंड के अनुसार बुधवार को सुबह नरौरा से 86 हजार 603 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। यह पानी सहसवान के महावा बांध नदी से होता हुआ कछला गंगा में पहुंचता है। बुधवार को कछला गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से काफी ऊपर था।

### 16 घंटे बाद दिखेगा बाढ़ का असर

बुधवार को छोड़ा गया पानी करीब 16 घंटे बाद कछला पहुंचेगा, उसके बाद आगे निकल जाएगा। यही पानी उसहैत क्षेत्र में तबाही मचा सकता है। इसलिए बाढ़ खंड ने अपनी सभी सुरक्षा चौकियों पर कर्मचारियों को तैनात कर दिया है, और हर पल नजर बनाए रखने को कहा है। उसहैत क्षेत्र के गांव जटा और असमिया रफतपुर, के लोगों को सावधान कर दिया गया है। गंगा की ओर न जाने की सलाह दी गई है। पशुओं को भी गंगा की ओर न जाने की हिदायत दी गई है।

### रामगंगा में 10 दिन बाद सामान्य हुई थी बाढ़ की स्थिति

रामगंगा में भी दो दिन से पानी बढ़ रहा है, जिससे जिले की दातागंज तहसील के तटवर्ती गांवों में बाढ़ का खतरा पैदा हो गया है। तहसील प्रशासन ने क्षेत्र में फिलहाल बाढ़ की संभावना से इनकार किया है, फिर भी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। इसी तरह हजरतपुर क्षेत्र में गंगा में दो दिन से पानी बढ़ रहा है। जिससे गंगा ने एक बार फिर अपना आकार बदलना शुरू कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि दस दिन में जहां पानी कम हो रहा था वहां फिर से पानी बढ़ने का खतरा पैदा हो गया है। यदि इस बार पानी बढ़ता है तो बड़े पैमाने पर क्षति होगी।

> नरौरा से बुधवार को 86 हजार क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा गया है। यह पानी अगले दिन दोपहर तक यहां पहुंचेगा। फिलहाल कछला गंगा खतरे के निशान से 12 सेमी ऊपर बह रही है। अब गुरुवार को पीछे से आ रहे पानी के बढ़ने से गंगा में उफान आ सकता है। ऐसी स्थिति में उसहैत दातागंज और हजरतपुर के तटीय इलाकों में दिक्कत हो सकती है। फिलहाल बाढ़ खंड ने अपनी सभी चौकियों पर कर्मचारी तैनात कर दिए हैं। अभी बाढ़ के हालात नहीं हैं। सावधानी बरतने को कहा गया है।
>
> –नेशपाल, सहायक अभियंता, बाढ़ खंड

जबकि नरौरा से बुधवार को छोड़ा गया पानी आने के बाद कछला गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से काफी ऊपर पहुंच जाएगा। इस संभावना के चलते जिला प्रशासन ने कछला नदी के आस पास सुरक्षा बढ़ा दी है। लोगों की कुछ दुकानों को भी हटा दिया है। गंगा में स्नान करने वालों को भी सावधानी बरतने को कहा जा रहा है।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**कछला, अमृत विचार :** मथुरा बरेली मुख्य मार्ग स्थित जीबी पन्त डिग्री कालेज के सामने सिलेंडर भरे ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को बरेली उपचार के लिए रेफर किया गया है। हादसे के बाद से परिवार में चीख पुकार मची हुई है।

कस्बा के वार्ड 6 निवासी नेकसू का 18 वर्षीय पुत्र वंश शर्मा बुधवार को बाइक से कछला गंगा घाट की ओर जा रहा था, तभी जीबी पंत डिग्री कालेज के निकट पीछे से आ रहे सिलेंडर भरे ट्रक ने वंश की बाइक को टक्कर मार दी जिससे वंश गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी वाइफ भी पूरी तरह चकनाचूर हो गयी। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने हंगामा कर दिया जिससे पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया चालक मौके से भाग गया। चौकी इंचार्ज राजेन्द्र सिंह ने बताया कि घायल को स्थानीय स्वास्थ्य केन्द्र पर भर्ती कराया जहां उसकी हालत गंभीर होने पर परिजन बरेली ले गए। इस घटना के बाद परिजनों में चीख पुकार मची हुई है।

# 101 लीटर की कांवर से भगवान शिव का होगा जलाभिषेक

संवाददाता, उझानी



101 लीटर की कांवर ले जाते शिवभक्त।

**अमृत विचार:** बरेली सैटेलाइट संगतपुरा निवासी से शिव भक्त हेमंत प्रजापति निखिल कुमार दीपक प्रजापति सुमित कुमार शिव पटेल कछला गंगा घाट से 101 लीटर कांवर लेकर जा रहे हैं। उनके द्वारा सावन मास के दूसरे सोमवार 29 जुलाई को गुलाडिया स्थित गौरी शंकर शिव मंदिर में जलाभिषेक किया जाएगा। शिव भक्तों ने बताया कि वह हर साल कछला से गंगा जल भर भगवान का जलाभिषेक करते हैं।

# माध्यमिक शिक्षक संघ का धरना प्रदर्शन आज

**बिसौली, अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा की समस्याओं के निस्तारण को माध्यमिक शिक्षक संघ जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर 25 जुलाई को प्रदर्शन करेगा। संगठन के जिला मंत्री आलोक पाठक ने बताया कि धरना प्रदर्शन में शिक्षकों शिक्षिकाओं की समस्याओं और प्रमुख मांगों को उठाया जाएगा। संगठन पुरानी पेंशन की बहाली, तदर्थ शिक्षकों की बहाली, शिक्षकों को निशुल्क चिकित्सा, चयन बोर्ड की धारा 12,18 व 21 को पुनः स्थापित करना, स्थानांतरण की प्रक्रिया का सरलीकरण, विषय विशेषज्ञों को पुरानी पेंशन का लाभ दिया जाना, एनपीएस के सही रखरखाव को लेकर धरना दिया जाएगा। जिला अध्यक्ष देशराज सिंह यादव, जिला मंत्री आलोक पाठक ने शिक्षकों से धरना प्रदर्शन में भाग लेने की अपील की।

# एएनएम की तर्ज पर काम करेंगे वर्कर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जिला अस्पताल में संपूर्ण सुरक्षा केंद्र कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण
- नशा मुक्ति और एड्स की रोकथाम को होगा काम

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में खुलने जा रहे संपूर्ण सुरक्षा केंद्र पर नियुक्त आउट रिच वर्कर एनएनएम की तर्ज पर ग्रामीण क्षेत्रों में काम करेंगे। यह कर्मचारी नशा मुक्ति और एड्स नियंत्रण के लिए काम करेंगे। गांवों में नशा करने वालों को खोज कर उन्हें जिला अस्पताल स्थित केंद्र पर लाया जाएगा, जहां उनका उपचार किया जाएगा। जिला अस्पताल में कर्मचारियों को प्रशिक्षण देकर समझाया गया।

जिला अस्पताल में संपूर्ण सुरक्षा केंद्र खोला जा रहा है। केंद्र पर एक मैनेजर और दो आउट रिच वर्कर की तैनाती हुई है। यह केंद्र लोक स्मृति सेवा संस्थान द्वारा खोला गया है। संस्थान ने ही तीनों कर्मचारियों की तैनाती की है। केंद्र पर तैनात आउट रिच वर्कर देहात इलाकों में एएनएम की तर्ज पर काम करेंगे। यह वर्कर हर ब्लॉक स्तर पर जो गांव हैं वहां जाएंगे। गांवों में यदि कोई नशा छोड़ना चाहता है तो उसे संपूर्ण सुरक्षा केंद्र लाया जाएगा। यहां पर उसका उपचार किया जाएगा। नशा पीड़ित व्यक्ति को खान पान के बारे में बताया जाएगा। उसे समझाया जाएगा कि शराब या अन्य कोई नशा शरीर को नुकसान पहुंचाता है। सामाजिक छवि खराब होती है। इसलिए समाज के साथ चलने के लिए नशामुक्त होना जरूरी है। इसके साथ ही आउट रिच वर्कर एड्स मरीजों को खोजेंगे। गांव देहात में पिछड़े इलाकों में मलिन बस्तियों में लोगों के बीच बात की जाएगी। जिससे इस तरह के मरीजों का पता लगाया जा सके। एड्स मरीजों का पता गुप्त रखा जाएगा। उनका उपचार भी गोपनीय ढंग से होगा। जिससे किसी को उनके बारे में जानकारी न हो सके। संपूर्ण सुरक्षा केंद्र पर किसी भी तरह की शारीरिक परेशानी बीमारी के हल के बारे में जानकारी मिलेगी।

> जिला अस्पताल में संपूर्ण सुरक्षा केंद्र खोलने की तैयारी पूरी कर ली गयी है। एक्स रे रूम के निकट वाला वार्ड खाली कर दिया है। उसमें ब्लड जांच मशीन लगाई जाएगी। केंद्र पर तैनात मैनेजर व आउट रिच वर्कर के लिए अलग से व्यवस्था की जा रही है। यहां आने वाले मरीजों को भी इसी वार्ड में लाया जाएगा जिससे उनकी काउंसलिंग की जा सके। अस्पताल प्रशासन सभी सुविधाएं मुहैया करा रहा है। जिससे जनपद के मरीजों को यहां पर एक और बीमारी से निजात दिलाई जा सके।
>
> –डा. कप्तान सिंह, सीएमएस

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

# दिव्यांशी हेड गर्ल और अर्पित चुने गए हेड बॉय

संवाददाता, बिल्सी



अलंकरण समारोह के मौके पर मौजूद चयनित छात्र व शिक्षक। ● अमृत विचार

अमृत विचार : बदायूं रोड पर स्थित फ्यूचर लीडर्स स्कूल में बुधवार को अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए छात्र संसद के सदस्यों की आधिकारिक नियुक्ति का प्रतीक बना। इस समारोह में सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया, नेतृत्व, जिम्मेदारी और लोकतांत्रिकता के अर्थ को समझा। जिसमें हेड गर्ल के लिए दिव्यांशी यादव और हेड बॉय के लिए अर्पित यादव को चुना गया। इसके अतिरिक्त एक्टिविटी इंचार्ज के लिए प्रियांशी चौहान, डिसिप्लिन इंचार्ज के लिए आरुषि शाक्य, असेंबली इंचार्ज के लिए अनुष्का चौहान स्पोर्ट्स इंचार्ज के लिए वीपी सिंह का चयन किया गया। कल्पना हाउस में प्रीफैक्ट के पद पर दृष्टि यादव और प्रतीष सागर कैप्टन के पद लिए अंशिका चौहान और शौर्य प्रताप सिंह तथा वाइस कैप्टन के पद के लिए प्रियांशी, निर्भय पाराशरी का चयन किया गया।

कौटिल्य हाउस में प्रीफैक्ट के पद के लिए अमित कुमार एवं निमिषा माथुर, कैप्टन के लिए अयान और अलशिफा वाइस कैप्टन के लिए सत्यम शर्मा, तनु और सारांश का चयन किया गया। कलाम हाउस से प्रीफैक्ट के पद लिए सत्यम शर्मा और पायल, कैप्टन के लिए रिया एवं सूर्यवंशी वाइस कैप्टन के लिए सुधांशु राठौर और पावनी सिंह के नाम का चयन किया गया। कस्तूरबा हाउस के प्रीफैक्ट पद के लिए आस्था चौहान और संदीप राठौर, कैप्टन के लिए दिव्यांशु प्रताप सिंह और राधिका तथा वाइस कैप्टन के लिए समर्थ मौर्य अक्ष सिंह और इशिता का चयन किया गया।

# आज 11 से एक बजे तक गुल रहेगी बिजली

**बदायूं, अमृत विचार :** जनपद न्यायालय की 33 केवीए की लाइन का रीकन्डक्टरिंग का कार्य 25 जुलाई को किया जाएगा जिससे विद्युत केन्द्र कार्यशाला से संबन्धित क्षेत्र मंडी समिति, नरऊ गांव, बाबा कॉलौनी, दुर्गा कॉलौनी, इंद्रा नगर, सुन्दर नगर, राज नगर, आदर्श नगर, बुद्ध विहार, कृष्णा नगर, बीआईएमटी स्कूल, सियाराम नगर कॉलौनी, एकता नगर, हीरो कॉलौनी, आवास विकास, नेकपुर, डीएम एवं माल गोदाम रोड, विद्युत उपकेन्द्र ढाक वाली जियारत से जुड़े ग्राम इस्लामगंज टाउन, दौरी नरोत्तमपुर, रूपापुर, सूरजपुर, पडौआ, बुद्धवाई, तालगांव एवं नगला शर्की आदि क्षेत्रों की बिजली सप्लाई पूर्वान्द 11 से एक बजे तक ठप रहेगी।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

# शराब पार्टी पर बोले सांसद शासन-प्रशासन लगाए लगाम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- राजकीय मेडिकल कॉलेज में प्राचार्य और चिकित्सकों का शराब पार्टी का वीडियो वायरल

**अमृत विचार :** दूसरों की सेहत का इलाज करने वाला राजकीय मेडिकल कॉलेज शराब पार्टी को लेकर चर्चा में है। गत दिनों हुई शराब पार्टी में कॉलेज के जिम्मेदार भी शामिल बताए जा रहे हैं। कॉलेज प्रशासन का कहना है कि इस तरह के निजी कार्यक्रमों का वीडियो वायरल करना ठीक नहीं है। सपा सांसद ने शराब पार्टी पर आपत्ति जाहिर करते हुए कहा है कि शासन और प्रशासन को इस पर लगाम लगानी चाहिए।

इन दिनों एक वीडियो वायरल हो रहा है जो राजकीय मेडिकल कालेज का बताया जा रहा है। वीडियो में दिखाया गया है कि मेडिकल कालेज में शराब पार्टी चल रही है जिसमें कालेज प्रशासन के जिम्मेदार भी शामिल हैं। पार्टी में महिलाएं जम कर डांस कर रही हैं। जाम से जाम टकरा रहे हैं। इस तरह का वीडियो आने के बाद राजकीय मेडिकल कालेज प्रशासन पर उंगलियां उठने लगी हैं। जबकि कालेज प्रशासन का कहना है कि राजकीय मेडिकल कालेज के एक प्रोफेसर के घर पर निजी कार्यक्रम हुआ था उसमें कुछ लोगों ने शराब पार्टी की होगी। इसमें राजकीय मेडिकल कालेज को क्यों घसीटा जा रहा है। शराब पार्टी का वीडियो देखने वालों का कहना है कि जहां लोगों का इलाज होता हो वहां इस तरह के कार्यक्रम नहीं होने चाहिए। मेडिकल कॉलेज की पढ़ाई करने वाले सैकड़ों छात्र छात्राओं को भी ऐसे कार्यक्रमों से दूर रहना चाहिए।

सपा सांसद आदित्य यादव ने शराब पार्टी पर आपत्ति जाहिर करते हुए कहा कि शासन एवं जिला प्रशासन को यह सब देखना चाहिए। प्रशासन को इस पर लगाम लगानी चाहिए। राजकीय मेडिकल कॉलेज में इस तरह कार्यक्रम होंगे तो छवि खराब होगी। यह ठीक नहीं है। इस पर लगाम लगानी चाहिए। उन्होंने कहा कि मेडिकल कालेज शिक्षा का मंदिर है। ऐसे स्थानों पर अगर कोई ऐसा कर रहा है तो यह गंभीर है।

> राजकीय मेडिकल कालेज में कोई शराब पार्टी नहीं हुई। जो वीडियो वायरल किया जा रहा है वह राजकीय मेडिकल कॉलेज के एक प्रोफेसर के आवास का है। अब कोई अपने घर पर क्या कर रहा है। उसकी वीडियो बनाना ठीक नहीं है। इसमें राजकीय मेडिकल कॉलेज का कोई रोल नहीं है। कुछ लोग उल्टे सीधे वीडियो बना कर विवाद पैदा करना चाहते हैं।
>
> –डा. एनसी प्रजापति– प्राचार्य राजकीय मेडिकल कॉलेज

# कुटी मंदिर में हुआ महाकाल का भव्य श्रृंगार, बांटा प्रसाद

**बिल्सी, अमृत विचार :** नगर के मुख्य बाजार स्थित कुटी मंदिर में सावन माह के पहले सोमवार को भोलेनाथ के भक्तों ने महाकाल का अदभुत श्रृंगार किया। बाबा के दर्शन के लिए यहां देर रात तक भक्तों का तांता लगा रहा। बाबा का श्रृंगार प्रत्येक सोमवार को स्वरूप बदल-बदल कर किया जाता है। साथ ही बाबा के भजनों पर भक्त जमकर झूमे। बाद में यहां बाबा की आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। इससे पहले नगर पालिकाध्यक्षा ज्ञानदेवी सागर, सभासद प्रखर माहेश्वरी, अजीत गूर्जर, उमेश बाबू, विकास बाबू, राहुल माहेश्वरी ने नगर के एक दर्जन से अधिक बुजुर्ग लोगों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। इस मौके कुलदीप वार्ष्णेय, सौरभ बाबू, मुन्ना लाल, उज्ज्वल वार्ष्णेय, उमेश वार्ष्णेय, दिलीप वार्ष्णेय, अर्चित आदि भक्तों का विशेष सहयोग रहा। इधर नगर के बंबा चौराहे के निकट स्थित शिव शक्ति भवन मंदिर में भी भक्तों ने महाकाल का भव्य श्रृंगार भगवान गणेश जी के स्वरुप में किया गया। बाद में प्रसाद का वितरण किया गया।

## एक नजर

### पांच अगस्त तक होंगे निःशुल्क कंप्यूटर कोर्स के लिए आवेदन

बदायूं, अमृत विचार : जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने बताया कि जनपद के पिछड़ा वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को विभाग द्वारा एक वर्षीय ओ लेवल एवं तीन माह का सीसीसी कम्प्यूटर का नि:शुल्क कोर्स निशुल्क कराया जाता है। इसके लिए आवेदन लिए जा रहे हैं। आवेदन पांच अगस्त तक होंगे। कहा कि इच्छुक अभ्यर्थी विभाग की वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की एक कॉपी उन्हें विकास भवन स्थित विभाग में जमा करनी होगी। वहीं जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने बताया कि शादी अनुदान के लिए किए गए आवेदनों पर स्वीकृति के लिए बैठक 25 जुलाई कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में होगी। जिसमें बजट के सापेक्ष लाभार्थियों के चयन पर डीएम द्वारा स्वीकृति दी जाएगी।

### पट्टे की जमीन पर खड़े शीशम के पेड काटने की एसडीएम से शिकायत

बिसौली, अमृत विचार : कमजोर किसान के पट्टे वाली जमीन पर खड़े तीन शीशम के पेड़ कुछ लोगों ने काटकर बेच लिए। जिसकी शिकायत किसान ने एसडीएम की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परसेरा निवासी अतर सिंह ने बताया कि उसे 2013 में पट्टे पर जमीन मिली थी। इस जमीन पर तीन शीशम के पेड़ थे। गत एक माह वह अपना इलाज कराने बरेली गया था। इसी दौरान कुछ लोगों ने शीशम के पेड़ काटकर बेच दिए। जिस पर किसान ने एसडीएम को शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

# दिल्ली से 30 हजार असली के बदले लाए एक लाख के नकली नोट, तीन पकड़े

## अलापुर थाना क्षेत्र में नकली नोट से कोल्ड ड्रिंक्स खरीदते पकड़े गए

संवाददाता, म्याऊं (बदायूं)



अलापुर पुलिस की गिरफ्त में नकली नोट चलाने के आरोपी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : थाना अलापुर पुलिस ने दिल्ली से नकली नोट लाकर बदायूं के बाजार में चलाने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 6400 रुपये के नकली नोट बरामद हुए। जिसमें 27 नोट 200, 2 नोट 500 के थे। वह दिल्ली के युवक से 30 प्रतिशत में रुपये लाकर दुकानों पर चलाते थे।

एसपी सिटी अमित किशोर श्रीवास्तव ने बताया कि कार सवार एक युवक थाना अलापुर क्षेत्र के गांव बिचपुरी के पास एक खोखे पर पहुंचा था। उसने दो सौ रुपये का नोट देकर कोल्ड ड्रिंक खरीदी। खोखा संचालक पप्पू दक्ष को नोट न कली लगा। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। म्याऊं चौकी इंचार्ज राकेश सिंह चौहान मौके पर पहुंचे। युवक की तलाशी ली उसके पास से तीन और नकली नोट बरामद हुए। युवक को चौकी लाया गया। पुलिस ने उससे पूछताछ की। युवक ने अपने दो अन्य साथियों के नाम बताए। मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक ने टीम बनाकर घेराबंदी की और गौतरा तिराहे से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने अपने नाम उसावां थाना क्षेत्र के गांव बझेड़ा निवासी मनोज पुत्र गजेंद्र सिंह, अलापुर के मोहल्ला बजरिया के वार्ड तीन निवासी अभय गुप्ता और इसी मोहल्ले के गोविंद उर्फ गौरव गुप्ता पुत्र मदनलाल बताया। उनके पास से नकली नोट के अलावा 1250 के असली नोट भी मिले। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह कुछ दिन पहले अपने साथी गांव बझेड़ा निवासी रोबिन पुत्र जसवीर के साथ दिल्ली गए थे। उन्हें वहां हरिद्वार का भगत जी उर्फ नेता जी नाम का युवक मिला। उसने 30 हजार रुपये असली नोट के बदले एक लाख रुपये के नकली नोट दिए। चारों लोगों ने एक लाख रुपये आपस में बांट लिए। अपने-अपने हिस्से के नकली नोट चलाते रहे। पुलिस ने आरोपी मनोज, अभय गुप्ता, गोविंद उर्फ गौरव गुप्ता, रोबिन, भगत जी उर्फ नेता जी के खिलाफ जाली मुद्रा की तस्करी करने समेत विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। पकड़े गए आरोपियों को जेल भेजा। फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। खुलासा करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक के साथ चौकी इंचार्ज राकेश चौहान व लोकेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबिल रामबाबू, कांस्टेबल गोपाल त्यागी व शहंशाह खान रहे।

- पुलिस की पूछताछ में उगला राज, उत्तराखंड का युवक भी शामिल



जाली मुद्रा की तस्करी करने वाले तीन युवकों को पकड़ा गया है। वह दिल्ली में एक युवक को 30 हजार रुपये देकर एक लाख के नकली नोट लाए थे। आरोपियों की तलाशी लेने पर 6400 रुपये के जाली नोट भी बरामद हुए। बाकी के नोट वह बाजार में खर्च कर चुके हैं। उनके दो और साथियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार करके जेल भेजा जाएगा। बाजार में कहां-कहां नकली करेंसी चलाई गई इसकी जानकारी की जा रही है।

**– अमित किशोर श्रीवास्तव**, एसपी सिटी।

### कार की टक्कर से अनियंत्रित ऑटो पलटा बालिका की मौत

- मंगलवार देर शाम थाना उसहैत क्षेत्र के गांव टिकाई के पास हुआ हादसा

बदायूं, अमृत विचार : थाना उसहैत क्षेत्र में कार की टक्कर से ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में एक बालिका की मौत हो गई। वह ऑटो में बैठकर अपने घर जा रही थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। बालिका की मौत से परिवार में कोहराम मचा है।

उसहैत थाना क्षेत्र के गांव कुंवरगांव निवासी जसवंत अपनी 10 साल की बेटी गुड़िया और अन्य परिजनों के साथ जिला कासगंज के थाना पटियाली क्षेत्र निवासी अपनी रिश्तेदारी में गए थे। मंगलवार देर शाम परिवार ऑटो में बैठकर वापस लौट रहा था। थाना उसहैत क्षेत्र के गांव टिकाई के पास विपरीत दिशा से तेज रफ्तार से आई कार ने ऑटो को टक्कर मार दी। ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। ऑटो के नीचे दबने से गुड़िया की मौत हो गई। मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

# हाइटेंशन लाइन का तार टूटकर गिरा, बाल बाल बचीं मां-बेटी

संवाददाता, बदायूं


टूटा पड़ा तार दिखाता पीड़ित परिवार।

- झोपड़ी में लगी आग, हजारों का सामान जलकर हुआ राख
- चेयरमैन ने मौके पर पहुंचकर क्षतिपूर्ति दिलाने की मांग की

अमृत विचार : हाइटेंशन लाइन का तार टूट कर गिरने से छत पर सो रही मां बेटी तार की चपेट में आने से बच गईं। तार गिरने से लिंटर चटक गया और त्रिपालनुमा झोपड़ी में आग लग गई। इस घटना के बाद मोहल्ले में चीख पुकार मच गई। तमाम लोग मौके पर पहुंच गए। बिजली विभाग को सूचना दी लेकिन विभाग का कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा।

उसहैत कस्बे में नंदकिशोर का परिवार एक छोटे से मकान में रहता है। नंदकिशोर मेहनत मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता है। उसके घर में एक कमरे पर लिंटर पड़ा है उसके आगे त्रिपालनुमा झोपड़ी है। नंदकिशोर के मकान की छत के ऊपर से काफी नीची हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। इस लाइन से परिवार हर समय भयभीत रहता है। मंगलवार को नंदकिशोर मजदूरी करने गया था, बेटा भी घर नहीं था। उसकी पत्नी गुड्डी और बेटी पूनम थी। मां बेटी रात को छत पर सो रही थीं। इसी बीच तार टूट कर छत पर गिर गया। जिससे मां-बेटी चपेट में आने से बच गईं। तार गिरने से छत का लिंटर चटक गया। साथ ही झोपड़ी में आग लग गई। झोपड़ी जलने से उसमें रखा सभी सामान जल गया। आग लगने से चीख पुकार मच गई। जिसने भी सुना वह दौड़कर वहां पहुंचा। लोगों ने किसी तरह मां बेटी को घर से निकाला। स्थानीय विद्युत उपकेंद्र पर सूचना दी गई। लेकिन किसी कर्मचारी ने फोन रिसीव नहीं किया। लोगों ने थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने लाइन को बंद कराया। मौके पर पहुंचे चेयरमैन नवाब हसन ने बिजली विभाग की लापरवाही पर रोष प्रकट किया और नंदकिशोर के परिवार को नुकसान की क्षतिपूर्ति दिलाने की बात कही। कई घंटे बाद बिजली कर्मचारी मौके पर पहुंचे तो लोगों ने विरोध किया और उन्हें तार नहीं जोड़ने दिया। पीड़ित महिला ने जिलाधिकारी से हाईटेंशन लाइन का तार हटाने की मांग की है।

### बीज, उर्वरक व कीटनाशक खरीदने पर दुकानदार से कैशमेमो लें किसान

बदायूं, अमृत विचार : जिला कृषि अधिकारी डीके सिंह ने बताया कि किसानों के द्वारा निजी दुकानों से बीज, उर्वरक, कीटनाशक आदि की खरीदारी की जा रही है। जिस दुकानदार से वस्तुएं खरीद रहे हैं। उनका कैशमेमो किसान अवश्य लें।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी

साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006


### करंट लगने से महिला की मौत

बिसौली, अमृत विचार : दीपक टॉकीज के पास वाली गली में राजो पत्नी राम भरोसे बुधवार सुबह पानी से फर्श की सफाई कर रही थीं। उनका पौंछा पास में रखे टेबिल फैन से जा लगा। पंखे में करंट आने से राजो को झटका लगा। वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गईं। परिजन महिला को नगर के निजी अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

# सड़क हादसे में बाइक सवार शिक्षक की मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग स्थित गांव सिलहरी के पास किसी वाहन ने बाइक सवार शिक्षक को टक्कर मार दी। हादसे में शिक्षक की मौके पर मौत हो गई। राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवाया। देर रात परिजनों ने पहुंचकर शिनाख्त की। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

हादसा सिविल लाइन क्षेत्र में मंगलवार देर शाम गांव सिलहरी के पास हुआ। बिल्सी कोतवाली क्षेत्र के गांव रामपुर टांडा निवासी मदन कुमार भारती (53) पुत्र श्रीकृष्ण भारती गांव चीतरी चंगासी के उच्च प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक थे। मंगलवार को वह बाइक से विद्यालय गए थे। विद्यालय के अवकाश के बाद वह बदायूं शहर आए थे। जहां अपना काम निपटाने के बाद बिसौली में अपने निर्माणाधीन मकान पर जा रहे थे। मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग पर गांव सिलहरी के पास किसी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। शिक्षक की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर सिविल लाइन कोतवाली पुलिस पहुंची। शव की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवाया। शिक्षक के देर रात तक घर पर न पहुंचने पर परिजनों ने तलाश की। पुलिस के पास पहुंचे। पुलिस ने हादसे के बारे में बताया और फोटो दिखाया। परिजनों ने मदन कुमार के रूप में पहचान की। पुलिस ने बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराया। शिक्षक की बाइक को टक्कर मारने वाले वाहन की पुलिस तलाश कर रही है।

## ईको कार की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

संवाददाता, सहसवान

अमृत विचार : बदायूं-मेरठ राजमार्ग पर तेज रफ्तार ईको कार ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी। साइकिल सवार युवक की मौके पर मौत हो गई। पुलिस की सूचना पर परिजन चीत्कार करते हुए पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।


मृतक झम्मन लाल।

कोतवाली सहसवान क्षेत्र में नगर के मोहल्ला शहबाजपुर निवासी झम्मन लाल (55) पुत्र केशो बुधवार लगभग साढ़े पांच बजे खेत से सब्जी लेने के लिए साइकिल से जा रहे थे। बदायूं-मेरठ राजमार्ग पर कोतवाली सहसवान क्षेत्र में पेट्रोल पंप के पास गुन्नौर की ओर से तेज रफ्तार से आई ईको कार ने उनकी साइकिल को टक्कर मार दी। झम्मन की मौके पर ही मौत हो गई।


हादसे में बुजुर्ग की मौत के बाद विलाप करतीं परिजन। ● अमृत विचार

- बुधवार तड़के कोतवाली सहसवान क्षेत्र में बदायूं-मेरठ राजमार्ग पर हुआ हादसा


साइकिल सवार की मौत के बाद मौके पर जमा भीड़।

हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने शिनाख्त करके व्यक्ति के परिजनों को अवगत कराया, तो परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने कार पकड़ी है लेकिन चालक फरार हो गया। उसकी तलाश की जा रही है।

### सीओ की गाड़ी के चालक ने एजेंट से अखबार छीने

बिसौली, अमृत विचार : नगर निवासी 60 वर्षीय यशोदानंदन वार्ष्णेय अखबार के एजेंट हैं। वह बुधवार सुबह अखबार बांट रहे थे। रोडवेज बस अड्डे के पर सीओ बिसौली की सरकारी गाड़ी का चालक आ गया। यशोदानंद से उनके बेटे आशीष के बारे में पूछा। कहा कि पहले उसे पंखा लगाने के लिए उसके आवास पर भेजो। तभी अखबार बांटना। वृद्ध यशोदानंदन गिड़गिड़ाए लेकिन चालक की दबंगई कम नहीं हुई। चालक ने एजेंट के अखबार छीनकर रख लिए। बताया जा रहा है कि आशीष दो बार सीओ की गाड़ी के चालक के घर का पंखा ठीक कर चुका है और लगा चुका है। तीसरी बार पंखा खराब होने पर आशीष ने पंखा ठीक किया लेकिन समय न मिलने के कारण पंखा लगा नहीं सका। यशोदानंद वार्ष्णेय ने सीओ सुनील कुमार को प्रार्थना पत्र दिया। सीओ ने चालक के खिलाफ जांच का आश्वासन दिया है।


प्रवेश प्रारंभ
VARUN ARJUN UNIVERSITY V.A.U The path to education
VAMRCH SHAHJAHANPUR



वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
कैम्पस : वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी | 3 वर्ष | अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए। |
| एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फिजियोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी | 3 वर्ष | |
| बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस | 3 वर्ष | पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी0) |

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन) | 2 वर्ष | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों। |
| एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ) | 2 वर्ष | |

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.
प्रवेश हेतु संपर्क करें
डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504
डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सपरिटेंडेन्ट) मो. 7521001987


# शिविर में दी सुरक्षा स्वावलंबन की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- महिला कल्याण विभाग ने पार्वती कन्या संस्कृत कन्या इन्टर कॉलेज में लगाया शिविर

अमृत विचार : महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन के अन्तर्गत संकल्प हब के अन्तर्गत पार्वती कन्या संस्कृत कन्या इन्टर कॉलेज में विधिक शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें परियोजना समन्वयक चाइल्ड हेल्पलाइन कमल शर्मा ने बालिकाओं को सुरक्षा स्वावलंबन की जानकारीदी।
कहा कि अगर किसी को कोई भी समस्या है तो वह 1098 पर कॉल कर अपनी समस्या का समाधान करा सकता है। बाल विवाह अधिनियम के प्राविधानों के अनुसार कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश हैं। प्रतीक्षा मिश्रा सेन्टर मैनेजर द्वारा वन स्टाप सेन्टर, महिला हेल्पलाइन की जानकारी प्रदान की गयी। रवि कुमार संरक्षण अधिकारी द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना पति की मृत्युपरांत निराश्रित महिला पेशन योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पति की मृत्युपरान्त पुर्नविवाह दम्पति पुरस्कार, दहेज प्रथा से पीड़ित महिलाओं को कानूनी सहायता की बारे में बताया गया। उपरोक्त सभी योजनाओं की जान। कशिश सक्सेना ने महिला सम्बन्धित कानूनों पर विस्तृत जानकारी बालिकाओं को दी गयी। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा घरेलू हिंसा पर विस्तृत जानकारी देते हुए महिला एवं बालिका हेतु कार्य कर रही हेल्पलाइन की जानकारी दी। कार्यक्रम में वन स्टाप सेन्टर चौकी प्रभारी सपना जायसवाल, लक्ष्मी तिवारी हेड कांस्टेबल, प्रीती, आरती पीएलवी, डीएलएस, महिला थाना के स्टाफ के साथ प्रधानाचार्य, पार्वती कन्या संस्कृत कन्या इन्टर कॉलेज सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित मौजूद रहा।

### सड़क किनारे खड़े बुजुर्ग की बाइक की टक्कर से गई जान

बदायूं, अमृत विचार : थाना हजरतपुर क्षेत्र में दातागंज मार्ग किनारे खड़े बुजुर्ग को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। घायल की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। हजरतपुर क्षेत्र के गांव आसफपुर निवासी तेजपाल (60) सब्जी खरीदने हजरतपुर कस्बा जाने के लिए गांव के बाहर सड़क किनारे खड़े थे। इसी दौरान तेज रफ्तार से बाइक आई और तेजपाल को टक्कर मार दी। हादसे में तेजपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने बाइक सवार चित्रीकरन गांव निवासी अफरोज पकड़ लिया है।

# निजी अस्पताल में गर्भपात मामले की होगी जांच

संवाददाता, उझानी

- बरी वाले बाईपास स्थित निजी अस्पताल के डॉक्टर का वीडियो वायरल
- सीएमओ ने प्रकरण में लिया संज्ञान, अस्पताल संचालक से जवाब तलब

अमृत विचार : नगर में बरी वाले बाईपास के निजी अस्पताल में गर्भपात कराने का वीडियो वायरल हो रहा है। डॉक्टर कह रहे हैं, छह हजार रुपए दीजिए और रात के अंधेरे में गर्भपात कराइए। वीडियो प्रसारित होने के बाद स्वास्थ्य विभाग में खलबली मची गई है। सीएमओ डा. रामेश्वर मिश्रा ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए अस्पताल संचालक से स्पष्टीकरण मांगा है और कार्रवाई के लिए जांच के आदेश दिए हैं।

गर्भपात पर प्रतिबंध है। लेकिन कस्बे के एक प्राइवेट अस्पताल के डॉक्टर ने सभी प्रतिबंधों को किनारे कर गर्भपात की फीस निर्धारित कर दी है। डॉक्टर का एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें डॉक्टर एक युवक से गर्भपात करने का सौदा कर रहा है। वीडियो में डॉक्टर कहता है कि वह गर्भपात कर देगा इसके लिए छह हजार रुपए देने होंगे। रात के अंधेरे में महिला को लेकर आओ, एक घंटे में गर्भपात कर देंगे। डाक्टर ने कहा कि वह हर रात को गर्भपात करता है।

डॉक्टर की बात का वीडियो वायरल होने पर स्वास्थ्य विभाग में खलबली मची है। जिम्मेदार जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कह रहे हैं। कस्बे के लोगों का कहना है कि जो डॉक्टर गर्भपात करता है वह बाईपास स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में कार्यरत है। उसके पास रात को भीड़ लगी रहती है। कस्बे के आस पास के गांवों से हर रोज महिलाओं को लेकर आते हैं और गर्भपात कराते हैं। लेकिन स्वास्थ्य विभाग को इसकी भनक तक नहीं है। लोगों का कहना है कि इसी तरह अन्य अस्पतालों में भी चोरी छिपे गर्भपात किए जाते हैं।

> उझानी के बरी वाले बाईपास स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में अवैध गर्भपात का वीडियो देखा है। मामले की जांच कराई जाएगी। उसके बाद कार्रवाई होगी। इस तरह के कार्य करने वाले किसी को बख्शा नहीं जाएगा। विभाग की टीम उक्त चिकित्सक के बारे में जानकारी करेगी, उसके बाद अस्पताल का रजिस्ट्रेशन भी चेक किया जाएगा। इसमें देरी नहीं की जाएगी। डॉक्टर की जा रही बातचीत का वीडियो देखा है उसी के आधार पर अस्पताल संचालक से स्पष्टीकरण मांगा गया है। जवाब का इंतजार है।
> **–डा. रामेश्वर मिश्रा** – सीएमओ


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मैंने अपने पुत्र अरुण कुमार पुत्र राम प्रकाश व पुत्रवधु कोमल पत्नी अरुण कुमार को दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। भविष्य में अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। **मुन्नी देवी पत्नी स्व. राम प्रकाश, नि. मकान नं. 26, केला बाग, थाना किला, बरेली**

सूचना
सूचित किया जाता है कि मेरे आवासीय प्लॉट स्थित रोठा मुस्तकिल तह व जिला बरेली खेत नं. 765/1 मि. में से विक्रेता इश्तियाक मोहम्मद पुत्र हाजी इसरार मोहम्मद नि. मिलक रोठा, बरेली से क्रय किया था जिसके बैनामे के दो पृष्ठ सं. 5 व उसके पीछे का पृष्ठ मूलरूप से वास्तव में कहीं खो गया है। **नगमा पुत्री रहीस मियाँ, नि. किला इंग्लिशगंज, अनाज मंडी, बरेली।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे तीन पुत्र बबलू, जावेद एवं साजिम गलत संगत में पड़ने की वजह से मेरी सही बात सुनने व समझने को तैयार नहीं हैं। मैंने तीनों पुत्रों को उनके चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य, लेनदेन के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का उनसे कोई वास्ता नहीं होगा। **सहाबुद्दीन पुत्र भज्जू निवासी कस्बा उसहैत, मो. भद्दा, वार्ड नंबर 8, परगना उसहैत, तहसील दातागंज, जिला बदायूं।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अशरफ पुत्र मो. असलम निवासी एजाज नगर गौटिया, थाना बारादरी जिला बरेली को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **शकीला पत्नी मो. असलम निवासी एजाज नगर गौटिया, थाना बारादरी जिला बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# पॉवर लिफ्टिंग में बदायूं के रोहित को प्रथम स्थान

## पुलिस परेड ग्राउंड में अंतरजनपदीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता शुरू, खिलाड़ियों ने किया क्षमता का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** पुलिस परेड ग्राउंड में पुलिस विभाग की अंतरजनपदीय भारोत्तोलन क्लस्टर (भारोत्तोलन, योग एवं पॉवर लिफ्टिंग) प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने परेड की सलामी ली और फीता काटकर प्रतियोगिता की शुरूआत की। एसपी देहात राम मोहन सिंह ने भार उठाया। खिलाड़ियों ने तालियां बजाकर स्वागत किया। प्रतियोगिता तीन दिन चलेंगी। खिलाड़ियों ने एक-दूसरे से बेहतर करने के लिए अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। एसपी सिटी अमित किशोर श्रीवास्तव, सीओ सिटी आलोक मिश्रा, सीओ उझानी शक्ति सिंह मौजूद रहे।

पॉवर लिफ्टिंग की पुरुषों की 59 किग्रा वर्ग की प्रतियोगिता में बदायूं के रोहित को पहला, हरीश को दूसरा, महिला के 63 किग्रा वर्ग में शाहजहांपुर की पुष्पा चाहर को पहला, मुरादाबाद की अमरीन को दूसरा और पुरुषों के 66 किग्रा वर्ग में बिजनौर के पवन शर्मा को पहला बरेली के सिद्धार्थ बालियान को दूसरा स्थान मिला। पुरुषों के 74 किग्रा वर्ग में बरेली के कटार भाटी को पहला, शाहजहांपुर के निसार हुसैन को दूसरा, 83 किग्रा वर्ग में बिजनौर के शुभम मलिक को पहला, अमरोहा के कपिल चौधरी को दूसरा स्थान मिला। 93 किग्रा वर्ग में शाहजहांपुर के भारत पवार ने पहला, बदायूं के पवन कुमार ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। जिसके बाद 105 किग्रा वर्ग की प्रतियोगिता हुई। जिसमें पीलीभीत के सुमित पहले स्थान पर रहे। जियाउर्रहमान को दूसरा स्थान मिला। 120 किग्रा वर्ग में अमरोहा के परमजीत पहले, शहाजहांपुर के गौरव गौतम दूसरे, 120 किग्रा से ऊपर के वर्ग में रामपुर के विनय पहले, जगमोहन दूसरे नंबर पर रहे। महिलाओं के 47 किग्रा वर्ग में बिजनौर की रजनी पहले, मुरादाबाद की पूजा दूसरे, 52 किग्रा वर्ग में शाहजहांपुर की संगीता पहले, बदायूं की नूतन दूसरे, 57 किग्रा वर्ग में मुरादाबाद की संगीता पहले, बदायूं की निकिता दूसरे स्थान पर रहीं। जिसके बाद 69 किग्रा वर्ग की प्रतियोगिता हुई। जिसमें पीलीभीत की उर्वशी पहले, बरेली की रंजना दूसरे, 76 किग्रा वर्ग में मुरादाबाद की मधु कश्यप पहले, बदायूं की पायल कोयड़ दूसरे और 84 किग्रा वर्ग में शाहजहांपुर की साक्षी पहले व मुरादाबाद की रमा यादव दूसरे स्थान पर रहीं। 26 जुलाई को प्रतियोगिताओं का समापन होगा।


भारोत्तोलन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करता खिलाड़ी। ● अमृत विचार


बैज लगाकर एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह का स्वागत करते एसपी सिटी।

- पहले दिन शाहजहांपुर, मुरादाबाद, बिजनौर, रामपुर के खिलाड़ी छाए
- महिला वर्ग में बदायूं, पीलीभीत, बरेली, संभल, अमरोहा का रहा दबदबा


प्रतियोगिताओं के शुभारंभ पर वजन उठाते एसपी देहात राम मोहन सिंह।

## एक नजर

### गाड़ी में ठूंसकर भरे पशु दो नामजद समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बदायूं,अमृत विचार :** कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र के पटेल चौक पर पीपल्स फॉर एनिमल्स संस्था के अध्यक्ष व पशु प्रेमी विकेंद्र शर्मा ने एक गाड़ी में 27 पशु पकड़े थे। पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने गाड़ी से पशु बाहर निकलवाए थे। जिसमें तीन पशु मृत मिले थे। पशु प्रेमी की तहरीर पर इसरा, खालिद और एक अज्ञात के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की है। संस्था के अध्यक्ष मंगलवार देर शाम किसी काम से मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग से होते हुए बिसौली की ओर जा रहे थे। नवादा चौराहे से कुछ आगे बढ़कर पटेल चौक पर एक गाड़ी राजमार्ग किनारे खड़ी मिली। जिसमें से पशुओं की आवाज आ रही थी। विकेंद्र शर्मा ने गाड़ी के ऊपर चढ़कर देखा तो पशु ठूंसकर भरे मिले। उन्होंने गाड़ी के चालक से जानकारी की तो वह भागने लगा। पशु प्रेमी ने उसे बिट्ठो लॉन के आगे घेर लिया। पुलिस को सूचना दी। गाड़ी में बैठे एक युवक को पकड़ लिया जबकि उनके साथी फरार हो गए। सूचना देने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। गाड़ी में पशुओं को उतरवाया गया। जिसमें तीन भैंसों की मौत हो चुकी थी जबकि कई घायल थीं। गाड़ी का चालक जिला संभल के थाना गुन्नौर क्षेत्र के गांव सैजना निवासी खालिद है।

### बस की छत पर बैठकर सफर कर रहे यात्री

**इस्लामनगर,अमृत विचार :** क्षेत्र में डग्गामार बसों का संचालन हो रहा है। कस्बे से दिल्ली के लिए दौड़ रहीं दर्जनों अवैध स्लीपर बसों की छत पर बैठकर लोग यात्रा कर रहे हैं। इससे हादसे की संभावना बनी रहती है। अवैध स्लीपर बसों के संचालन पर पुलिस मौन है। बुधवार को एक स्लीपर बस संचालक ने बस के भीतर क्षमता से काफी अधिक यात्रियों को बैठा लिया। बस के अंदर जगह न होने पर शेष बचे लोगों को बस की छत पर बैठा लिया। इसके बाद बस दिल्ली के लिए रवाना हो गई। यह स्थिति रोजाना की है। कस्बे से दर्जनभर से अधिक अवैध स्लीपर बसों का संचालन हो रहा है। सुरक्षित यात्रा के लिए यातायात नियम को एक तरफ दुरूस्त करने के लिए सरकार नियम को कड़े कर रही है। अनुपालन को लेकर जुर्माना भी वसूला रही है। इसके बाद भी डग्गामार वाहनों के संचालन पर रोक नहीं लग पा रही है। बस के अंदर जगह कम पड़ने पर छत पर भी यात्रियों को बैठा लिया जाता है। जो कि जोखिम भरा है। यह स्थिति किसी भी बड़े हादसे की वजह बन सकती है।

# पांच क्षेत्र पंचायत और 70 ग्राम पंचायत सदस्य निर्विरोध निर्वाचित

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- छह अगस्त को चार प्रधान, एक क्षेत्र पंचायत सदस्य पद पर होगा उपचुनाव

**अमृत विचार:** त्रिस्तरीय पंचायत उप चुनाव की नामांकन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद पांच क्षेत्र पंचायत एवं 70 ग्राम पंचायत सदस्य निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए हैं। अब छह अगस्त को चार प्रधान, एक क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए चुनाव होगा। इन्हें नामांकन पत्रों की जांच के बाद नाम वापसी के लिए बुलाया गया था। इस प्रक्रिया के बाद चुनाव चिन्ह आवंटित किए गए हैं। वहीं चार ग्राम पंचायत सदस्य के पद रिक्त रह जाएंगे। इन पद पर किसी ने नामांकन नहीं कराया है।

जिले की चार ग्राम पंचायतों और छह क्षेत्र पंचायत सदस्य तथा 74 ग्राम पंचायत सदस्यों के पद रिक्त हैं। इन पदों पर छह अगस्त को चुनाव होना है। नामांकन प्रक्रिया समाप्त होने पर 74 में से 70 ग्राम पंचायत सदस्य निर्विरोध चुने गए हैं। इनके अलावा छह में से पांच क्षेत्र पंचायत सदस्य वार्ड 70 रोहान, वार्ड 47 पुरशाह द्वितीय, 35 वार्ड बुटला खंजन, 54 वार्ड ककोड़ा द्वितीय, 52 वार्ड उनौला पर प्रत्याशी निर्विरोध चुने गए। वहीं वार्ड 22 बैरमई बुजुर्ग प्रथम में चुनाव होना है। वहीं चार ग्राम प्रधान पदों पर चुनाव होगा। जिसमें ग्राम पंचायत अल्लीपुर चाची पुर में तीन प्रत्याशी, रिजौला में तीन, तालिबनगर में तीन और भिंदुलिया प्लासी में दो प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

### तीन ग्राम पंचायत सदस्य हुए निर्विरोध

**विजयनगला, अमृत विचार :** ब्लॉक सलारपुर क्षेत्र के गांव भिन्दुलिया प्लासी में दो उम्मीदवार प्रधान पद के लिए मैदान में हैं। तीन ग्राम पंचायत सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। भिन्दुलिया प्लासी में होने वाले प्रधान पद के लिए तीन लोगों ने नामांकन कराया था। जिसमें एक ने नाम वापस ले लिया। अब दो प्रत्याशी मैदान में बचे हैं। इनके बीच मुकाबला होगा। छह अगस्त को प्रधान पद के लिए वोट डाले जाएंगे।

# बिना नीलामी के बेचे उपकरण तहसीलदार को सौंपी गई जांच

संवाददाता, बिसौली

- एसडीएम ने जांच के लिए नियुक्त किए अधिकारी
- बिना नीलामी के कबाड़ी को सीएचसी के उपकरण बेचने का मामला

**अमृत विचार:** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों के द्वारा अलमारी, मेज, कुर्सी समेत लगभग 16 कुंतल जिसकी कीमत लाखों में है। उन्हें कबाड़ी के हाथों बेच दिया। वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए एसडीएम ने जांच के आदेश दिए हैं। तहसीलदार को जांच अधिकारी नामित किया है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मौजूद लाखों रुपये का सामान कबाड़ी के हाथों वहां के कर्मचारियों द्वारा बेच दिया गया। कबाड़ी को बेचे सामान पर सरकारी स्टीकर लगा है। जिसका किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। जानकारी होने पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ पंकज शर्मा, चीफ फार्मासिस्ट धीरेंद्र नाथ मिश्रा के द्वारा कबाड़ी की दुकान पर बेचे गए सामान को देखा गया। अधिकारियों ने सामान को स्वास्थ्य केंद्र का बताया। इसी दौरान थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस के सामने ही चिकित्सा अधीक्षक ने सामान को ई रिक्शा में भरवाकर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा दिया। परंतु किसी के खिलाफ कार्रवाई के लिए थाने में शिकायत दर्ज नहीं कराई। इधर वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए एसडीएम कल्पना जायसवाल ने तहसीलदार को जांच अधिकारी नामित करते हुए जांच के आदेश दिए हैं। इस संबंध में एसडीएम कल्पना जायसवाल ने बताया कि स्वास्थ केंद्र का सामान कबाड़ी के यहां बेचे जाने का वीडियो आया था। इसकी जांच तहसीलदार से कराई जा रही है। जांच के बाद पता चलेगा कि सामान किसके द्वारा बेचा गया है। इसके बाद ही दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

# ओवरटेक करने से अनियंत्रित टैंपो पलटा

**कछला ,अमृत विचार:** मथुरा बरेली मुख्य मार्ग पर घट घट वासी आश्रम के पास वाहन को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर टेंपो पलट गया। टेंपो पलटने से उसमें सवार किशनपाल पुत्र दाताराम, पुनीत पुत्र मोहन निवासी वार्ड 03 कछला एवं राघवन पुत्र दयानंद निवासी बिल्सी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर कछला चौकी इंचार्ज राजेन्द्र सिंह मौके पर पहुंच गये। उनके द्वारा घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उझानी पर भर्ती कराया गया है। साथ टक्कर मारने वाले वाहन को कब्जे में ले लिया।


हादसे के बाद मौके पर मौजूद पुलिस।

# निरीक्षण में मिलीं खामियां, सुधार के दिए निर्देश


कादर बाड़ी राजकीय हाईस्कूल का निरीक्षण करते डीआईओएस डॉ प्रवेश कुमार।


पीएम विश्वकर्मा योजना की जानकारी देते कैप्टन विजय कुमार गौतम ।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- बुधवार को डीआईओएस ने किया कई कॉलेजों का औचक निरीक्षण

**अमृत विचार:** जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ प्रवेश कुमार ने बुधवार को माध्यमिक स्कूलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय उन्हें विद्यालयों में अव्यवस्थाएं मिलीं। साथ ही बच्चों की संख्या भी कम थी। जिस पर उन्होंने प्रधानाचार्य को सुधार करने के साथ ही बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराने को कहा।

माध्यमिक स्कूलों में शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए प्रयास तेज कर दिए गए हैं। नए शैक्षिक कैलेंडर में विद्यालयों का नियमित निरीक्षण कर उनमें शैक्षिक गुणवत्ता परखने के आदेश जिला विद्यालय निरीक्षक को दिए गए हैं। इसी के क्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक ने स्कूलों का निरीक्षण किया। बुधवार को उन्होंने राजकीय इंटर कॉलेज निजामपुर में निरीक्षण किया तो व्यवस्थाएं ठीक थीं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंटर कॉलेज चौडेरा का परिसर काफी गंदा था। कक्षों की स्थिति भी ठीक नहीं मिली। इस पर प्रधानाचार्य ने बताया कि सफाई कर्मचारी नहीं होने से सफाई व्यवस्था ठीक नहीं रह पाती। उन्होंने ग्राम प्रधान से सफाई कार्य कराने के आदेश दिए। राजकीय हाई स्कूल मामूरगंज के निरीक्षण में पंजीकरण के सापेक्ष बच्चों की संख्या कम थी। जिस पर बच्चों की संख्या बढ़ाने के आदेश दिए। राजकीय हाई स्कूल कादर बाड़ी में प्रधानाचार्य को स्कूल की और बेहतर स्थिति करने के आदेश दिए।

### विद्यार्थियों को दी पीएम विश्वकर्मा योजना की जानकारी

शहर के श्री कृष्ण इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स को कैप्टन विजय कुमार गौतम ने पीएम विश्वकर्मा योजना तथा नया सवेरा योजना के बारे में जानकारी दी। कैप्टन ने छात्रों तथा कैडेट्स को पीएम विश्वकर्मा योजना के बारे में बताया कि कोई भी विद्यार्थी हस्तशिल्पकार, मूर्तिकार, लोहार, सोनार आदि में प्रशिक्षण प्राप्त कर योजना का लाभ उठा सकते है। प्रशिक्षण के दौरान लाभार्थी को पांच सौ रुपये प्रतिदिन का स्टाइपेंड भी दिया जाता है। टूल्स किट के लिए के लिए 15 हजार तथा दिए जाते हैं। इसके बाद 3,00000 तक का निम्न ब्याज दर पर लोन उपलब्ध कराया जाता है।

# युवक को बंधक बनाकर 3.63 लाख रुपये लूटे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- मंगलवार को मामा की उधारी के रुपये वापस करने जा रहा था युवक

**अमृत विचार :** बदायूं से ईको कार में सवार होकर बरेली जा रहे किसान को रास्ते में बंधक बना लिया और 3 लाख 63 हजार रुपये लूट लिए गए। बदमाश किसान को बरेली के रामगंगा पुल के आगे जंगल में फेंककर भाग गए। उनसे संपर्क न होने पर परिजनों ने बरेली के थाना सुभाष नगर थाने में किसान की गुमशुदगी दर्ज कराई। बुधवार देर शाम किसान नगर सहसवान पहुंचा। किसान ने किसी का फोन लेकर अपने परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे। बदायूं और बरेली पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने जांच शुरू की।

जिला संभल के थाना जुनावई क्षेत्र के गावं चिरवारा निवासी जसवीर सिंह खेती करके परिवार का पालन पोषण करते हैं। कुछ दिनों पहले उन्होंने एक ट्रैक्टर खरीदने के लिए अपने मामा से चार लाख रुपये उधार लिए थे। उनकी फसल बिकी तो वह मामा के रुपये वापस करने के लिए मंगलवार को बरेली जाने को घर से निकले। वह रोडवेज बस से बदायूं पहुंचे। जहां से एक ईको कार में सवार हुए थे। ईको कार चालक व उसके दो साथियों ने रामगंगा के पास उन्हें बंधक बनाकर मोबाइल छीना और मारपीट की थी। उन्हें जंगल ले जाकर बांधा और रुपये लूट लिए थे। जिसके बाद वह फरार हो गए। सुभाष नगर के अलावा बदायूं पुलिस को सूचना दी।

# पति की हत्या कराने में महिला समेत दो को भेजा जेल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


पुलिस की गिरफ्त में पति की हत्या कराने वाली पत्नी और उसका दोस्त।

- मुरादाबाद में नौकरी छोड़कर गांव रहने लगा था युवक, पति-पत्नी में होने लगा था झगड़ा

**अमृत विचार :** थाना वजीरगंज क्षेत्र के गांव निजामपुर निवासी युवक की हत्या करके शव तालाब में फेंका गया था। पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा किया है। युवक की पत्नी ने अपने दोस्त के साथ मिलकर पति की हत्या कराई थी। पुलिस ने पत्नी समेत दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया।

बुधवार को दोनों को जेल भेजा है। हत्याकांड में शामिल उनके तीसरे साथी की तलाश की जा रही है। गांव निजामपुर के पास तालाब में 9 जुलाई को युवक का शव बरामद हुआ था। शव लकड़ी और ईटों से बंधा हुआ था। पुलिस ने शव तालाब से बाहर निकलवाया। युवक की पहचान गांव निजामपुर निवासी सतीश कुमार यादव पुत्र जयपाल के रूप में हुई थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। जिसमें गला दबाकर हत्या करने की पुष्टि हुई थी। मृतक के तहेरे भाई राजेंद्र सिंह पुत्र चंद्रकेश की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की थी।

एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने थाना वजीरगंज पुलिस और एसओजी को खुलासे का निर्देश दिया। टीम ने सीडीआर रिपोर्ट निकाली। हत्याकांड में गांव निजामपुर निवासी राजेंद्र उर्फ करू पुत्र रामवीर, गांव किशनपुर निवासी धर्मपाल पुत्र मोर सिंह के साथ मृतक की पत्नी ममता के नाम सामने आए। मंगलवार रात पुलिस ने आरोपी राजेंद्र और ममता को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की पूछताछ में उन्होंने बताया कि सतीश कुमार मुरादाबाद में रहकर नौकरी करते थे। उसकी पत्नी ममता की राजेंद्र से दोस्ती हो गई थी। एक महीने पहले राजेंद्र नौकरी छोड़कर गांव में रहने लगे थे। घर में पति-पत्नी में झगड़ा होने लगा था तो ममता ने राजेंद्र से मिलकर अपने पति को रास्ते से हटाने का निर्णय लिया। राजेंद्र ने धर्मपाल को एक लाख रुपये का लालच देकर सतीश की हत्या की योजना बनाई थी। 5 जुलाई की शाम लगभग साढ़े छह बजे सतीश, राजेंद्र और धर्मपाल ने खेत पर बैठकर शराब पी। दोनों ने सतीश को शराब पिलाई। नशे में धुत होने पर राजेंद्र और धर्मपाल ने अंगोछी से गला घोंटकर सतीश की हत्या कर दी।

## सार-संक्षेप

### अभ्यास वर्ग में संगठन के महत्व को समझाया



**बदायूं,अमृत विचार :** बुधवार को शहर के वैभव लॉन में विश्व हिंदू परिषद का एक दिवसीय अभ्यास वर्ग षष्ठी पूर्ति उत्सव के समापन की रूपरेखा के साथ संपन्न हुआ। विहिप का अभ्यास वर्ग में विहिप के ब्रज प्रांत के सह मंत्री मुकेश शुक्ला ने संगठन के सत्संग के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि विहिप का सत्संग हिंदुओं को एक पटल पर लाने का कार्यक्रम है। सत्संग जिला प्रखंड, खंड एवं उपखंड में भी होना चाहिए। विहिप के विभाग संगठन मंत्री देवेंद्र सोम ने कहा कि हमें अपनी आय से प्रतिदिन कम से कम कुछ न कुछ आवश्यक धर्म के लिए निकलना चाहिए। जिससे कि धर्म रक्षा निधि के माध्यम से धर्म की रक्षा हो सके। विभाग मंत्री मानवेंद्र राणा ने संगठन की अचार पद्धति एवं संगठन के उद्देश्य पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष नीरज रस्तोगी, जिला मंत्री उज्जवल गुप्ता, महिशा सिंह, अरविंद शर्मा, विनय सिंह ,राजीव जौहरी, ऋषि वर्मा, शुभम रस्तोगी, हरिओम पाठक, रचना शंखधार, मनी भदोरिया, अरविंद गुप्ता ,नीरज शर्मा, उत्कर्ष मिश्रा, राजेश बाबू, नीरज कोचर, राजेश सपरा, मयूर गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

### अवैध खनन करते ट्रैक्टर ट्राली किए सीज

**बिसौली ,अमृत विचार :** नगर व देहात में धड़ल्ले से अवैध खनन हो रहा है। रात के अंधेरे में दर्जनों ट्रैक्टरों से अवैध रूप से मिट्टी खनन चल रहा है। कोतवाली पुलिस ने परसेरा के जंगल में छापा मारकर दो टैक्टर ट्रॉली मिट्टी से भरे पकड़े हैं। माफिया जेसीबी लेकर भाग गए। खनन अधिकारी को सूचना दी गई। जिला खनन अधिकारी ने दोनों ट्रैक्टर ट्राली सीज कर दी हैं। अवैध खनन से किसानों की उपजाऊ जमीन की मिट्टी खराब हो रही है। भारतीय किसान संघ के मंडल अध्यक्ष दिनेश यादव का कहना है प्रशासन की मिलीभगत से ग्रामीण क्षेत्र से रात के अंधेरे में अवैध खनन हो रहा ह। एसडीएम कल्पना जायसवाल ने बताया कि रात के अंधेरे में अवैध खनन को अंजाम देने वाले दो टैक्टर ट्रालियों पकड़ी हैं। खनन से संबंधित धाराओं में कार्रवाई की जा रही है।

### शिक्षा सप्ताह के अंतर्गत मनाया गया स्पोर्ट्स डे

**बिल्सी ,अमृत विचार :** नगर के बाबा इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को शिक्षा सप्ताह" मनाया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की चौथी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में यह सप्ताह भर चलने वाला उत्सव राष्ट्रीय शिक्षा नीति द्वारा शुरू किए गया है। देश भर में शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए हमारी प्रतिबद्धता शिक्षा सप्ताह का उद्देश्य शिक्षार्थियों, शिक्षकों, नीति के बीच सहयोग और नवाचार की भावना को बढ़ावा देना है। यह सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने, चुनौतियों पर चर्चा करने आदि के लिए एक मंच प्रदान करता है। आज शिक्षा सप्ताह के अन्तर्गत तीसरा दिन खेल दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें खेल और फिटनेस के महत्व को उजागर करने के लिए तथा बच्चों को स्वस्थ और फिट रहने के लिए खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मार्बल्स, हूप रोलिंग, गिल्ली डंडा, लंगड़ी जैसे खेलों का आयोजन किया गया। खेलों का शुभारम्भ विद्यालय डायरेक्टर अनुज वार्ष्णेय व राज कुमार गुप्ता ने किया। इस मौके पर विद्यालय प्रधानाचार्य रूपा माहेश्वरी, प्रशासक अमित माहेश्वरी व समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### शिविर में 80 महिलाओं का किया स्वास्थ्य परीक्षण

**बिल्सी ,अमृत विचार :** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पीएम सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्र की करीब 80 से अधिक गर्भवती महिलाओं का टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हे बेहतर स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए सलाह भी दी गई। डा चारू वार्ष्णेय ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान महिलाओं को आयरन युक्त वस्तुओं का सेवन अधिक करना चाहिए। उन्होंने बताया कि गर्भ में बच्चे के विकास होने से अक्सर खून की कमी आ जाती है। जो आयरन युक्त वस्तुएं ही खून की कमी को दूर करती हैं। इसलिए इन वस्तुओं की मात्रा को बढ़ा देना चाहिए। इस मौके पर चिकित्सा अधीक्षक डा .सर्वेश कुमार, शशिवाला, सुमन शर्मा, नाजिया आदि मौजूद रही।

# बिसौली में जर्जर लाइनें टूटने से बिजली आपूर्ति गुल

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार :** सालों पुरानी विद्युत लाइने दम तोड़ रहीं हैं। नगर की जर्जर लाईन लोगों की जान के लिए खतरा बनी हुई हैं। गर्मी में बिजली की भी सांस नहीं चल रही है। कई कई घंटों सप्लाई बाधित रहती है। लोग गर्मी से बेहाल हो रहे हैं। जर्जर लाइनों पर अधिक लोड होने के कारण आय दिन तार टूट कर गिर गिरते रहते हैं। कई बार लोग भी बाल बाल बच चुके हैं। नगर वासियों ने कई बार शिकायत की, लेकिन समस्या को गंभीरता से नहीं लिया गया। नगर के मोहल्ला कौआ टोला ,सराय, साहूकारा में कई सालों पूर्व खींचे गए बिजली के तारों की अब तक मरम्मत नहीं की गयी है। जिससे लाइन जर्जर हो चुकी हैं। सोमवार की रात को अधिक लोड के चलते कौआ टोला में जर्जर लाईन का तार टूट कर गिर गया। गनीमत रही इस दौरान वहां कोई मौजूद नहीं था।


बिसौली में लटक जर्जर बिजली तार।

मोहल्ला वासियों ने बिजली घर को फोन से सूचना दी जिस पर विद्युत कर्मियों ने सुबह को लाइन संभालने की बात कही। बुधवार सुबह जैसे ही लाइन का तार जोड़ा गया वैसे ही फिर तार टूट गया। उसे जोड़ दिया गया, लेकिन घंटों पूरे फीडर की सप्लाई बंद रही। एक वर्ष पहले भी कस्बे में लाइन टूट कर गिर जाने से बड़ा हादसा हो चुका है। जिसमें एक ही परिवार के तीन लोगों ने अपनी जान गंवाई थी। इसी के चलते लोगों में आक्रोश है। कस्बे के लोगों ने जर्जर तार बदलने की मांग की है।

**बिनावर बिजली घर पर पहुंचे किसान, किया विरोध प्रदर्शनः** विजय नगला,अमृत विचार : क्षेत्र में बिजली संकट से जूझ रहे किसानों ने आज जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर बिजली सप्लाई शुरू कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने गांव के बाहर बड़ी लाइन के निकट खड़े होकर प्रदर्शन किया और रोस्टर के हिसाब से बिजली देने की मांग की है।

### 'तीन दिन में बिजली संकट हल नहीं हुआ तो धरना-प्रदर्शन'

**उघैती,अमृत विचार :** उघैती थाना क्षेत्र के खितौरा बिजली सब स्टेशन से अघोषित कटौती से जनमानस बेहाल है। ग्रामीणों ने बिजली समस्या को लेकर तहसील प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि यदि तीन दिन के अंदर समस्या का समाधान नहीं किया गया तो धरना प्रदर्शन किया जाएगा। क्षेत्र में बिजली समस्या कई दिनो से बनी हुयी है। जिससे परेशान होकर भाकियू ने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। किसान यूनियन के पदाधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र के लगभग 80 से अधिक गांवों में लोग ट्रिपिंग और कटौती से परेशान हैं। दिन में दो से तीन घंटे ही बिजली मिल पा रही है, जबकि 18 घंटे बिजली देने का फरमान शासन ने दिया है। शिकायत के अधिकारी सुनने को तैयार नहीं हुए। ज्ञापन देने आए भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों का कहना है कि यदि तत्काल बिजली आपूर्ति की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो किसान यूनियन विद्युत उपकेंद्र पर धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होगा। उमस भरी गर्मी में बिजली न आने से पदाधिकारियों में रोष है। इस मौके पर यूनियन के भारत सिंह, सुरेंद्र सिंह, अनवीर सिंह, रज्जन अली, कुलदीप गुप्ता, सतीश गुप्ता, समीर हुसैन, रामअवतार, अले नवी, आदि मौजूद रहे।

# खतौनी में गलत अंश निर्धारण में सुधार हो


खतौनी अंश निर्धारण के संबंध में आयोजित बैठक में मौजूद दस्तावेज लेखक।

संवाददाता, सहसवान

- दस्तावेज लेखकों ने कहा खतौनी में 95 प्रतिशत गलतियों से दिक्कत

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश दस्तावेज लेखक एसोसिएशन के पदाधिकारियों की बैठक में संगठन के अध्यक्ष विकारुल हसन ने तमाम समस्याएं उठाईं। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने दस्तावेज लेखकों को बताया कि अंश निर्धारित खतौनी में 95 प्रतिशत गलती दर्ज हैं। राजस्व विभाग के अंश निर्धारण में त्रुटि हो गई है। जिसे सही करें। जिससे विक्रेता व क्रेता को किसी भी प्रकार का नुकसान न हो।

अंश निर्धारण खतौनी ठीक कराने के संबंध में राजस्व अधिकारियों को बताते हुए अध्यक्ष ने कहा कि 95 प्रतिशत खतौनी गलत बनी हैं। पूरे प्रदेश की यही दशा है। बैठक का संचालन प्रांतीय मंत्री महेंद्र सिंह शाक्य ने किया। बैठक में सगीरूद्दीन, गिरीश चंद्र, प्रेमपाल शाक्य, नेत्रपाल कश्यप, मदनलाल यादव, जगदीश सिंह, भास्कर, चन्द्रभान आदि दस्तावेज लेखक उपस्थित रहे।

## आज का मौसम

आसमान में बादल छाए रह सकते हैं।

35⁰ अधिकतम तापमान | 27⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.27 | सूर्यास्त 07.15

## जिले में आज

- सेवायोजन विभाग द्वारा कार्यालय खंड विकास अधिकारी अमांपुर में रोजगार मेला सुबह 10 बजे से।
- आम आदमी पार्टी की बैठक अशोक नगर स्थित शिक्षा प्रकोष्ठ कार्यालय सुबह 11 बजे से।
- सिविल डिप्लोमा इंजीनियर संघ द्वारा मांगों लेकर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन सिंचाई खंड कार्यालय पर सुबह 10 बजे से।
- जिले में एसपी के निर्देशन में नियमित वाहन चेकिंग यातायात पुलिस द्वारा सुबह 10 बजे से।

# भोले की जय जयकार कर आस्था की राह में बढ़ रहे कांवड़ियों के कदम

## वातावरण को भक्तिमय बनाए हुए हैं शिव भक्तों के काफिले, सेवा के लिए आगे आ रहे समाजसेवी, नगर पालिका ने कांवड़ियों के लिए कीं व्यवस्थाएं

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** जुबां पर बम भोले के स्वर, पैरों में घुंघरुओं की छनछन और सीटी की आवाज वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय बनाए हुए है। भक्ति में डूबे शिवभक्त भजनों की धुन पर थिरकते हुए आगे बढ़ रहे हैं। बुधवार को आसमां से फुहार बरसती रही। भगवान शिव के प्रिय माह सावन में इस फुहार ने शिवभक्तों में आस्था को और परवान चढ़ा दिया। हालांकि धूप निकलने पर उमस बढ़ी तो कांवड़ियों ने राहत लेने के लिए पेड़ों के नीचे और पड़ावों में पनाह ली।

शिव भक्त सावन के दूसरे सोमवार को अपने आराध्य का जलाभिषेक करने के लिए रविवार को ही निकल पड़े। सुबह से रात तक लहरा गंगाघाट तक पहुंचते रहे और गंगाजल लेकर शिवालयों की ओर रवाना हुए। शिवालयों में साज सज्जा की गई है। तीर्थनगरी सोरों में कांवड़ियों ने साज सज्जा का सामान खरीदकर लहरा घाट पर कांवड़ को आकर्षक स्वरूप दिया। इसके बाद शिवभक्त गंगास्नान करने के बाद जल लेकर गंतव्य की ओर रवाना हुए।बुधवार को आसमान से रिमझिम फुहार बरसती रही और शिवभक्त कांवड़ लेकर झूमते गाते आगे बढ़ते रहे।


तीर्थ नगरी से कांवड़ लेकर जाता कांवड़ियों का जत्था। ● अमृत विचार


तीर्थ नगरी सोरों में सजी कांवड़ साज– सज्जा की दुकान। ● अमृत विचार

**महिलाओं में भी उत्साह :** महिलाएं भी शिव की आस्था में डूबी हुई हैं। फिरोजाबाद, आगरा सहित दूर दराज क्षेत्रों की महिलाएं कांधे पर कांवड़ लिए भोले की जयकार करते हुए बुधवार को गुजरीं।

**आस्था संग देशभक्ति का जोश :** शिव भक्तों में भगवान शिव की आस्था का ही जोश नहीं था, बल्कि देश प्रेम भी दिखाई दिया। शिव भक्त कांवड़िये वाहनों और कांवड़ों पर तिरंगा लगाकर जोशीले नारे लगाते हुए गंतव्य की ओर जा रहे थे।

### डाक कांवड़ का बढ़ता जा रहा क्रेज

एक समय था जब सावन के महीने में एक–दो डाक कांवड़ देखने को मिलती थी, लेकिन अब डाक कांवड़ का काफी क्रेज दिखाई दे रहा है। तमाम डाक कांवड़ रविवार को लहरा से कासगंज होते हुए गुजरीं। डाक कांवड़ की विशेषता है कि कांवड़िया कहीं रुकते नहीं हैं, बल्कि दौड़ते हुए आगे बढ़ते हैं।


धूप से राहत पाने के लिए पेड़ों की छांव में खड़े कांवड़िया। ● अमृत विचार



कांवड़ियों के लिए मोबाइल शौचालय।


लहरा गंगा घाट पर जल भरने पहुंचे कांवड़िया। ● अमृत विचार


मध्यप्रदेश से आए हैं। हर साल कांवड़ लेकर जाते हैं। इस साल भी गंगा जल लेकर गंतव्य की ओर जा रहे हैं। सावन के दूसरे सोमवार को भोले का जलाभिषेक करेंगे। – कन्हैया


परिवार के साथ कांवड़ लेने आते हैं। दोस्त भी भक्ति में डूबे रहते हैं। परिवार और दोस्तों के साथ आस्था की राह आसान हो जाती है। पता हीं नहीं चलता और उत्साह रहता है। – संदीप


बारिश होती है तो मौसम सुहाना हो जाता है। धूप में उमस रहती है, लेकिन भोले की भक्ति में डूबने के बाद हमें थकान का ऐहसास नहीं होता और मंजिल की ओर उत्साह के साथ बढ़ते हैं। – दीपक


अपनी मनौती मांगकर गंगा जल लेने आते हैं। मनौती पूरी होती है, लेकिन इस बार क्या मनौती मांगी है यह नहीं बताएंगे। बस भोले की आस्था में अटूट विश्वास बनाए हुए हैं। – शीशपाल

## एक नजर

### किशोरी को बहलाकर ले गया गांव का युवक

**कासगंज, अमृत विचार :** थाना सहावर के एक गांव की किशोरी को 22 जुलाई को गांव का ही युवक शनि बहला फुसलाकर ले गया। सुबह परिजन सोकर उठे तो बेटी घर में नहीं थी। घर से चांदी की तोडिया और पांच हजार रुपए भी गायब थे। पिता ने थाने पहुंच कर तहरीर दी । इंस्पेक्टर प्रवेश राणा ने बताया है कि रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस आरोपी और किशोरी की तलाश कर रही है।

### वांछित आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कासगंज, अमृत विचार :** गंजडुंडवारा कोतवाली पुलिस ने बीएनएस एक्ट के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने बताया कि वांछित अभियुक्त अतुल निवासी ग्राम सिकहरा थाना गंजडुण्डवारा को विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है । वहीं सोरों कोतवाली इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी ने बताया कि वांछित आरोपी सनी निवासी नगला बंजारा को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

# स्कूलों और कॉलेजों में बड़ी संख्या में सदस्य बनाने के लिए चलाएं अभियान

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की जिला स्तरीय सदस्यता कार्यशाला एवं पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में संगठन की मजबूती पर जोर दिया गया।

प्रांत संगठन मंत्री अंशुल श्रीवास्तव ने कहा सभी कार्यकर्ता कॉलेज कैंपस में जाकर नए सदस्य बनाएंगे, जो आगे चलकर संगठन को गति देंगे। प्रथम सत्र में जिला प्रमुख अंकित पुंढीर ने कहा कि जो लक्ष्य तय किया गया है, उसको पूरा करने का प्रयास करें। प्रांत सह मंत्री के तेजेन्द्र लोधी ने कहा कि इस बार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कासंगज का सदस्यता लक्ष्य 15000 है। द्वितीय सत्र में एटा विभाग की संगठन मंत्री नीरज गोस्वामी ने प्रत्येक नगर इकाई को सदस्यता का लक्ष्य दिया। इसी सत्र में एटा विभाग संयोजक मृदुल तिवारी ने नगर सदस्यता प्रमुख एवं सह सदस्यता प्रमुख बनाकर सदस्यता के लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए योजना बताई। तृतीय सत्र में पोस्टर का विमोचन किया गया। जिला संगठन मंत्री आंशिक शंखधार, जिला सह प्रमुख भारती वार्ष्णेय, जिला संयोजक यश मिश्रा , जिला सह संयोजक शिवांक नायक जी, प्रान्त सह संयोजक शिवम यादव , अभय , कृष्णा एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


पोस्टर दिखाते अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- विद्यार्थी परिषद की सदस्यता कार्यशाला में संगठन की मजबूती पर दिया जोर

## बंद मिले डेढ दर्जन आंगनबाड़ी केंद्र

**पटियाली, अमृत विचार:** पटियाली के बाल विकास परियोजना अधिकारी राजीव कुमार चौधरी ने क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक आंगनबाडी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।

ग्राम पंचायत हथौड़ावन केंद्र से बाल कुमारी, बीनपुर से राधा व आशा, रमपुरा से हेमा, मीना, नीतू व कल्पना, अशोकपुर से ज्योति, कविता, किरन, नगला हीरा से नीलम मिश्रा, रेनू मिश्रा, कुतुबपुर सराय से अंजू, जिनौल से गुड्डी, सुषमा, नरथर से रानू और सुलोचना अनुपस्थित थीं। इन सभी केंद्रों पर ताले लटके हुए थे। सीडीपीओ ने गैर हाजिर कार्यकत्रियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। वहीं मुख्य सेविकाओं से केंद्र संचालन न होने के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा है। उन्होंने बताया कि कार्यकत्रियों द्वारा नोटिस का जवाब संतोष जनक नहीं मिलता है, तो मानदेय रोकने की कार्रवाई की जाएगी।

# बारिश में उमस से राहत, जलभराव मुसीबत

संवाददाता, गंजडुंडवारा

**अमृत विचार:** झमाझम बारिश से कस्बा जलमग्न हो गया। सड़कें तालाब बन गईं, वहीं निचली बस्तियों में बरसात का पानी घरों में घुस गया। जलभराव से दुश्वारियां बढ गईं तो लोग नगर पालिका की ड्रेनेज व्यवस्था को दोषी मनाते हुए आक्रोशित दिखाई दिए।

बुधवार सुबह से ही बादलों में सूरज की आंख मिचोनी जारी थी। आखिरकार दोपहर बाद बदरा झमाझम बरसे। कस्बे के मुख्य मार्गों एवं बस्तियों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। बारिश ने भीषण गर्मी से राहत तो दी पर पालिका के दावों की पोल खोल कर रख दी। वैसे पालिका द्वारा जलभराव रोकने के लिए लगातार नाला सफाई का कार्य कराया जा रहा था, लेकिन बारिश में यह नाकाफी साबित हुआ। स्थिति यहां तक पहुंच गई कि घरों व दुकानों में भी नालों का गंदा पानी भर गया। लोगों का कहना था कि नाले नालियों की सफाई भलि भांति करा दी होती तो जलभराव का सामना न करना पड़ता।


बुधवार को गंजडुंडवारा में बरसात से बाजार में जलभराव। ● अमृत विचार

- निचली बस्तियों में घरों में घुसा बरसात का पानी,सड़कें बनीं तालाब
- पालिका की ध्वस्त ड्रेनेज व्यवस्था पर लोगों में दिखा गुस्सा

### यहां हुआ जल भराव

कस्बे के मुख्य मार्ग सुदामापुरी रोड,हनुमानगढ़ी चौराहा,थाना रोड, स्टेट बैक रोड,नगला भीकन,सुदामापुरी,पुरानी,टीन बाजार सब्जी मंडी सहित कई वार्डों में जलभराव हुआ।

# उद्यमी गोपाल माहेश्वरी को डीएम ने किया सम्मानित



उद्यमी गोपाल माहेश्वरी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करतीं डीएम मेधा रूपम।

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** इन्वेस्टर्स समिट में दिए गए प्रोजेक्ट को धरातल पर उतारने के लिए सरकार की ओर से बुधवार को डीएम मेधा रूपम ने उद्यमी गोपाल माहेश्वरी एवं शुभम माहेश्वरी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। संजीव मराठा, संजय धूपड़, कृष्ण मुरारी, राकेश बिड़ला एडवोकेट, अरविन्द माहेश्वसरी, संजय पलतानी, नीरज लाहोटी, नीरज जैन, संजय गुप्ता, विनीत अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, साकेत विंदल, मनोज तोशनीवाल, अभिषेक भारद्वाज, मुकेश शर्मा ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत हत्या का आरोप

**कासगंज, अमृत विचार:** सहावर थाना क्षेत्र के गांव मंडनपुर निवासी अनार सिंह ने अपनी पुत्री गुलाब श्री का विवाह दो वर्ष पूर्व सदर कोतवाली के गांव नगला समस निवासी होडिल सिंह के साथ किया था। गुरुवार की सुबह 10:30 बजे पिता को सूचना मिली कि पुत्री की मौत हो गई। वह परिजनों के साथ शहर के स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे वहां ससुरालीजन नहीं थे। शव पर चोट और गले में फंदे के निशान थे। इंस्पेक्टर लोकेश भाटी मौके पर पहुंचे और परिजनों से पूछताछ की। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अनार सिंह का आरोप है कि बेटी के पति, ससुर, देवर, ननद, और सास अतिरिक्त दहेज के रूप में एक लाख रुपए, सोने की चेन, अंगूठी की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर पुत्री का गला दबाकर और मारपीट कर हत्या कर दी। उन्होंने पुलिस को तहरीर दी है।


मृतका गुलाब श्री

# निस्तारित की जाएं सफाई कर्मचारियों की समस्याएं


पूर्व पालिका अध्यक्ष राजेंद्र बौहरे को ज्ञापन देते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ ने बुधवार को सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर मांग पत्र पूर्व पालिका अध्यक्ष को दिया।

स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष सोनू भंडारी के नेतृत्व में पदाधिकारियों एवं सफाई कर्मचारियों ने पालिका अध्यक्ष मीना माहेश्वरी को संबोधित ज्ञापन पूर्व पालिका अध्यक्ष राजेंद्र बौहरे को देकर समस्याओं के निराकरण की मांग की। कहा कि सफाई कर्मचारियों से शाम छह बजे से रात नौ बजे तक सफाई कार्य न कराया जाए। ट्रैक्टर पर तैनात कर्मचारियों से एक बार काम लिया जाए। हाथ गाड़ी वाले कर्मचारियों से तीन चार किलोमीटर दूर कूड़ा न डलवाया जाए। संविदा एवं स्थाई कर्मचारियों का एरियर और बोनस का भुगतान कराया जाए। उन्हें सफाई उपकरण दिए जाएं। बैकलॉग सफाई कर्मचारियों को उनके मूल पद पर लाया जाए। ज्ञापन देने वालों में मोहित तेजधारी, मुकेश बाल्मीकि, तरुण कुमार, नवनीत, रमेश, मौरध्वज, नरेश, हरीश, राकेश, आदि मौजूद रहे।

- स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ ने पूर्व पालिका अध्यक्ष को दिया ज्ञापन

## हायर सेंटर रेफर की गई गर्भवती की रास्ते में मौत

**कासगंज, अमृत विचार:** थाना सहावर के उदरनपुर निवासी प्रेमशंकर की 28 वर्षीय पत्नी मीना देवी को मंगलवार की दोपहर प्रसव पीड़ा होने पर परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां हालत ठीक नहीं होने पर अलीगढ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, लेकिन परिजन शहर के एक निजी अस्पताल ले गए। निजी अस्पताल में चिकित्सकों ने गर्भवती का परीक्षण किया। हालत नाजुक बताते हुए हायर सेंटर ले जाने की सलाह दी। परिवार के लोग एम्बुलेंस से अलीगढ़ ले जा रहे थे। रास्ते में उसकी मौत हो गई। शव को परिजन गांव ले आए और सूचना पुलिस को देकर शव का पोस्टमार्टम कराए जाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। सहावर के इंस्पेक्टर प्रवेश राणा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।


मृतक मीना देवी

# गंजडुंडवारा स्वास्थ्य केंद्र में बेहतर होंगी सुविधाएं

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** जन सामान्य की सेहत के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। गंजडुंडवारा की सीएचसी में एक्स-रे मशीन का संचालन जल्द शुरू किया जाएगा। यह कहना है उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का। उन्होंने पूर्व में प्रकाशित अमृत विचार की खबर का संज्ञान लेकर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करने की योजना बनाई है।


ब्रजेश पाठक

कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एक्स-रे मशीन लगी हुई है, लेकिन टेक्नीशियन नही है। यहां मरीजों के लिए 50 बेड हैं। विभिन्न प्रकार की जांच के लिए हेल्थ एटीएम उपलब्ध है। एक्स-रे के लिए उपलब्ध कराई गई मशीन कारगर साबित नहीं हो पा रही है। इसलिए मरीजों को जिला अस्पताल रेफर किया जाता है। ऐसे में मरीजों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कुछ दिनों पहले अमृत विचार ने इस अव्यवस्था को लेकर प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया था। उसके बाद डिप्टी सीएम ने मामले में संज्ञान लिया है। उन्होंने मशीन के इंस्टॉलेशन के लिए संबंधित स्टाफ की नियुक्ति का भरोसा दिया । कहा कि जन सामान्य की सेहत के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। गंजडुंडवारा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सा सुविधा और बेहतर बनाई जाएंगी। लापरवाह होंगे उन पर कार्रवाई भी की जाएगी।

- डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने अमृत विचार की खबर का लिया संज्ञान

### कभी भी निरीक्षण कर सकते हैं डिप्टी सीएम

कासगंज में स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्थाओं का डिप्टी सीएम कभी भी जायजा ले सकते हैं। जिससे कि लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सके। आकस्मिक निरीक्षण के दौरान यदि उन्हें कहीं कोई लापरवाही मिली तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई भी होना तय है।

# सराफा कारोबारियों का न किया जाए उत्पीड़न

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** जिला सर्राफा एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने एसपी को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। सराफा कारोबारियों की समस्याएं बताईं। एसपी ने व्यापारियों से प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील की।

जिला महामंत्री दीपक गुप्ता सर्राफ, जिला प्रभारी राजेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में मिले प्रतिनिधिमंडल ने एसपी से मुलाकात कर कहा कि प्रमुख बाजारों मे शाम 7:00 बजे से रात्रि 8:30 बजे तक पुलिस पैट्रोलिंग की व्यवस्था की जाए। शहर अध्यक्ष राजकुमार जाखेटिया, शहर महामंत्री रोहतास यादव ने कहा कि सर्राफा व्यापारियों का उत्पीड़न न किया जाए। महामंत्री विपुल गर्ग, कोषाध्यक्ष राहुल बिडला ने कहा कि किसी भी सराफा व्यवसायी को उसकी दुकान खाली छोड़कर न उठाया जाए। एसपी ने सराफा कारोबारियों को आश्वस्त किया है। सर्राफा व्यापारी उत्कर्ष गर्ग, शशाक माहेश्वरी, अंकुर अग्रवाल व अन्य मौजूद रहे।


एसपी अपर्णा रजत कौशिक को स्मृति चिन्ह भेंट करते सराफा कारोबारी।

- जिला सर्राफा एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने की एसपी से मुलाकात

## घर से निकालने के विरोध पर बहू को पीटा

**सोरों जी, अमृत विचार:** घर से निकाले जाने का विरोध करने पर विवाहिता के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने पति और देवर के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है।

कस्बा के मुहल्ला चंदन चौक निवासी अंजलि मिश्रा ने अपने पति रजत कुमार मिश्रा और देवर सोनू मिश्रा पर आरोप लगाया है कि आए दिन मारपीट करते हैं। 22 जुलाई को पति ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। विरोध किया तो पति ने देवर के साथ मिलकर लात घूसों और लाठी से पीटकर घायल कर दिया और जान से मरवा देने की धमकी दी। सोरों के इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी ने बताया कि पुलिस जांच कर रही है।

**बाढ़ का खतरा** | बदायूं की ओर तो कभी कासगंज की ओर उफान मारने को आतुर है गंगा, बढ़ रहा है जलस्तर

# बार–बार रास्ता बदल रहीं गंगा की मचलती लहरें

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** बैराजों से किए जा रहे पानी के डिस्चार्ज से गंगा नदी में जलस्तर बढ़ रहा है। बुधवार को भी जलस्तर में बढ़ोत्तरी हुई। नदी के पानी का रुख कहीं आबादी की ओर न हो जाए, इसको लेकर ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। सिचाई विभाग के अधिकारियों ने अभी जलस्तर और बढ़ने की संभावना जताई है।

हरिद्वार और बिजनौर बैराज से पिछले तीन दिनों से पानी छोड़ा जा रहा है। 36 घंटे 45 सेंटीमीटर तक पानी बढ़ गया है। गंगा की लहरें गांव की ओर रुख करने को आतुर दिख रही हैं। कभी बदायूं की ओर लहरें अपनी राह तलाश लेती हैं तो अब कासगंज की ओर रुख दिखाई दे रहा है। सिंचाई विभाग के अधिकारी तकनीकी विधि से लहर का रास्ता परख रहे हैं।


पटियाली के गांव बस्तौली की ओर बढ़ता गंगा नदी का पानी।

### आंकड़े की नजर से

- हरिद्वार बैराज : 58377
- बिजनौर बैराज : 45933
- नरौरा बैराज : 86603
- कछला गंगा नदी पर पानी का गेज : 163.35 मीटर

गंगा नदी में बैराजों से पानी छोड़ा जा रहा है जिससे हल्की बाढ़ का खतरा है। अभी खतरे की बाढ़ नहीं है। फसली भूमि और आबादी सुरक्षित है। सिंचाई विभाग की टीमें निगरानी कर रही हैं।
– **शमशेर सिंह**, अधिशासी अभियंता सिंचाई

### फसलों की ओर बढ़ रहा पानी

कछला एवं कादरगंज गंगा घाट पर जलस्तर में बढ़ोत्तरी हुई है। गंगा का पानी बुधवार को पटियाली क्षेत्र के तटवर्ती ग्रामों की फसली भूमि तक पहुंच गया था। गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ने से किसानों को चिता सता रही है कि कहीं नदी का पानी आबादी की ओर रुख न कर जाए। सिंचाई विभाग के अधिकारी गांव में डेरा जमाए हुए हैं। गांव बस्तौली, ब्रह्मपुर की फसलों तक पानी पहुंच गया है। अब पानी आबादी की ओर बढ़ सकता है। फिलहाल धान, मक्का और मूंगफली की फसल को नुकसान है।

एक नजर

### छत से गिरकर किशोर की मौत, महिला घायल

एटा। निधौली कलां के ग्राम हिम्मतपुर निवासी रोहित (16) पुत्र धनपत सिंह एक सप्ताह पहले छत से गिर गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों द्वारा उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। हालात गंभीर देख उसे आगरा रेफर कर दिया था। आगरा में मंगलवार की देर रात रोहित ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। दूसरी ओर थाना बागवाला क्षेत्र के गांव कीलरमऊ निवासी सुमन (35) बुधवार की सुबह कपड़े सुखाने के लिए छत पर गई थी। अपने घर के पीछे गिर गई।महिला की हालात गंभीर देख आगरा रेफर किया गया है।

### रक्तदान शिविर 11 को

**जलेसर।** नगर की समाजसेवी संस्था भारत विकास परिषद द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन 11 अगस्त प्रात: 10 बजे से अग्रसेन सेवा सदन बड़ा बाजार में होगा। परिषद के अध्यक्ष निर्मल अग्रवाल ने बताया कि रक्तदान शिविर का आयोजन एवं जयप्रकाश अग्रवाल की स्मृति में प्रियांशु अग्रवाल के सहयोग से आयोजित हो रहा है इसमें कार्यकारी संस्था लोकहितम ब्लड बैंक आगरा होगी।

# कासगंज की फर्जी एसपी बन आगरा पुलिस पर डाला जाल

## चोरी का माल खरीदने की बात कह दो सराफा कारोबारी पकड़वाये

संवाददाता, कासगंज/आगरा

- भाजपा नेताओं ने किया हंगामा तो दोनों व्यापारियों को छोड़ा गया
- इसके बाद कॉल करने वाली युवती ने व्यापारियों से मांगे रुपये

**अमृत विचार :** जालसाजों से बचने के लिए पुलिस भले ही समय-समय पर लोगों को टिप्स देती है, लेकिन इस बार तो जालसाज ने पुलिस को ही चकरघिन्नी बना दिया। कासगंज की फर्जी एसपी बनकर जालसाज युवती ने आगरा पुलिस से खेरागढ़ के दो सराफा व्यापारियों को पकड़वा दिया। हालांकि भाजपा नेताओं के हंगामे के बाद व्यापारियों को छोड़ दिया। एडीजी ने जांच कराने की बात कही है।

मंगलवार को डीसीपी ईस्ट के पीआरओ के पास एक युवती का फोन आया। उसने खुद को कासगंज की एसपी अपर्णा रजत कौशिक बताया। उसने खेरागढ़ के दो सराफा कारोबारियों को पकड़वाने को कहा। बताया कि दोनों ने चोरी के आभूषण खरीदे हैं। इस पर पीआरओ ने इंस्पेक्टर खेरागढ़ देवकरण सिंह को फोन कर दिया। पुलिस ने दोनों कारोबारी ललित और राहुल वर्मा को पकड़ लिया और जिस नंबर से कॉल आया उस नंबर पर कारोबारियों के फोटो भी भेजे। भाजपा नेताओं को जानकारी हुई तो उन्होंने हंगामा किया। हंगामा बढ़ता देख पुलिस ने दोनों को छोड़ दिया। इसके बाद कारोबारियों के नंबर पर उस युवती का कॉल आया। उसने पैसों की डिमांड की तब जाकर मामला खुला। पुलिस ने पता किया तो वह जालसाज की कॉल निकली। पुलिस जांच कर रही है।

> फेक कॉल का मामला है। जालसाज युवती ने पुलिस को परेशान किया है। कासगंज एसपी बनकर व्यापारियों को पकड़वाया गया। हर पहलू की जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी
> **– अनुपमा कुलश्रेष्ठ,** एडीजी आगरा जोन

### फर्जी नंबर से धमकाए व्यापारी

फर्जी एसपी ने कॉल कर व्यापारियों को धमकाया। मामला नहीं निपटने पर उन्हें जेल भेजने की धमकी दी। कहा कि वह बड़ी बहन के नाते समझा रही है यदि बात नहीं मानोगे तो जेल जाने से कोई नहीं रोक सकता। इस तरह की बातें सुनकर भाजपा नेता दिनेश गोयल को शक हुआ। उन्होंने डीसीपी पश्चिमी नगर सोनम कुमार को पूरी जानकारी दी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में खेत में मिला युवक का शव

**अलीगंज, अमृत विचारः** अलीगंज थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव खेत में पड़ा मिला। सीओ सकीट व डॉग स्क्वायड ने जांच पड़ताल की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अलीगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव टपुआ उर्फ कंचनपुर आसे निवासी 35 वर्षीय सतेद्र सिंह उर्फ पप्पू पुत्र श्रीनिवास शौच के लिए मंगलवार को खेत की ओर गया था, लेकिन वापस नहीं आया। परिवारीजनों द्वारा सतेंद्र की तलाश की गई तो पता चला कि उसका शव गांव के किनारे बने देवी मंदिर के पास रामदास सिंह के खेत में पड़ा है। परिजन ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंच गए। शव देखकर कोहराम मच गया। थाना अलीगंज पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। क्षेत्राधिकारी सकीट संजय कुमार और डॉग स्क्वायड भी मौके पर पहुंच गया। मृतक के चाचा योगेश कुमार ने थाना अलीगंज में तहरीर दी।



मृतक सतेन्द्र

# आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए पोस्ट ऑफिस में उमड़ रहे लोग

संवाददाता अवागढ़

**अमृत विचारः** सरकार द्वारा राशन कार्ड, किसान सम्मान निधि की केवाईसी, स्कूलों के फॉर्म भरने में जरूरी कर देने पर आधार कार्ड अपडेट कराने को लेकर एक सप्ताह से पोस्ट ऑफिस पर बड़ी संख्या में लोग आ रहे हैं। भीड़ संभालने को उप डाकपाल को पुलिस की सहायता लेनी पड़ रही है।

आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए नगर में दो केंद्र बनाए गए हैं एक डाकघर दूसरा श्रेयस ग्रामीण बैंक लेकिन ग्रामीण बैंक द्वारा एक सप्ताह से ऑपरेटर न होने की बात कह आधार कार्ड अपडेट का कार्य बंद कर दिया है। उप डाकपाल नरेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया की प्रतिदिन 40 से 50 आधार कार्ड ही अपडेट हो पाते हैं जिसके कारण आधार कार्ड अपडेट करने वालों की संख्या में दिन प्रतिदिन इजाफा हो रहा है। कुछ ग्रामीण तो रोजाना नोकझोंक करने पर उतर आते हैं। जिसकी वजह से पूरे दिन पुलिस डाकघर पर मौजूद रहती है। उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष रवेन्द्र वार्ष्णेय रिंकू ने जिला प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र ही ग्रामीण बैंक में भी आधार कार्ड को अपडेट करने का कार्य शुरू कराया जाए, ताकि लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।



आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए डाकघर के बाहर बड़ी संख्या में लोग।

# गुरु के रूप में भगवा ध्वज का किया पूजन

संवाददाता, अमांपुर

- आरएसएस के स्वयंसेवकों ने मनाया गुरु पूजन उत्सव

**अमृत विचारः** कस्बा अमांपुर में बुधवार को आरएसएस के तत्वाधान में गुरु पूजन उत्सव मनाया गया। स्वयंसेवकों ने भगवा ध्वज का गुरु के रूप में पूजन किया और भारत माता को परम वैभव तक ले जाने का संकल्प लिया।

विभाग संघचालक उमाशंकर शर्मा ने संघ के संस्थापक डा. केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन दर्शन की जानकारी देते हुए कहा कि संघ देश और समाज के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करता है। इसके स्वयं सेवक निस्वार्थ भाव से समर्पण की भावना के साथ राष्ट्र निर्माण का कार्य करने के लिए उत्सुक रहते हैं।

उन्होंने कहा कि स्वयंसेवक बिना किसी अपेक्षा के संघ कार्य में सहयोग करते हैं। संघ भगवा ध्वज को ही परमपूज्य गुरु मानकर कार्य करता है। इनकी पूजा करता है। नगर संघ चालक राकेश पाराशर ने कहा कि संघ समाज में समरसता का भाव जगाता है। अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य सुरेन्द्र सिंह एवं संचालन पुष्पेंद्र कुमार ने किया। प्रधानाचार्य जागन सिंह, सोलंकी, नरेंद्र सोलंकी, सुरेश माहेश्वरी, विपिन बिहारी, उमाशंकर साहू, शिवांशू अग्रवाल, आदित्य नंदन, धीरज गुप्ता, विजय प्रकाश गुप्ता, पुष्पेंद्र वर्मा, मनोज गुप्ता, बिजेश वर्मा, कमल गुप्ता, बन्टी गुप्ता, सोनू गुप्ता, रामखिलाड़ी उपाध्याय, राहुल जौहरी, आकाश गुप्ता सर्राफ, अवधेश सर्राफ, लखमीचंद्र, गौरव गुप्ता, दरवेश फौजी, रिंकू अग्रवाल, श्रीराम सोलंकी, वीरी सिंह शाक्य, लक्ष्मण शर्मा, आयुष गुप्ता आदि स्वयंसेवक मौजूद रहे।

# करंट से झुलसा बिजली कर्मी, सहकर्मी पर लगाया आरोप

संवाददाता,गंजडुण्डवारा

- अचानक सप्लाई चालू होने से कर्मचारी के हाथ झुलसे, तहरीर दी

**अमृत विचारः** नगर पालिका में कार्यरत आउटसोर्स बिजली कर्मी ने सहकर्मी पर जान से मारने की नीयत से स्ट्रीट लाइट की सप्लाई चालू कर देने का आरोप लगाया। सप्लाई चालू होने से वह करंट से झुलस गया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दे कार्रवाई की गुहार लगाई है।

आउटसोर्स कर्मी नफीस ने सहकर्मी वसीम के विरुद्ध तहरीर में कहा कि मंगलवार शाम 7 बजे तेल मिल कालोनी में स्ट्रीट लाइट की टूटी लाइन सही करने सप्लाई बंद कर सहकर्मी सतेन्द्र के साथ गया था। वह काम कर रहा था तभी लाईन में करंट दौड गया, जिससे वह लिफ्ट गाड़ी में गिर गया। करंट लगने से उसके शरीर का काफी हिस्सा जाम हो गया और हाथ झुलस गए। नगर पालिका कार्यालय में जानकारी करने पर पता लगा कि ड्यूटी न होते हुए भी वसीम ने लाइन चालू कर दी। उसने वसीम से बिना सूचना सप्लाई चालू करने की वजह पूछी तो अभद्रता की और कहा कि तुझे करंट लगाकर मार दूंगा। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि आउटसोर्स पालिकाकर्मी ने तहरीर दी है। जांच पड़ताल कर कार्यवाही की जाएगी।

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आई बालिका गंभीर रूप से झुलसी

**कासगंज, अमृत विचारः** छत से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर 10 वर्षीय बालिका झुलस गई। उसे उपचार के लिए निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। इधर पिता ने विद्युत निगम के अधिकारियों से हाईटेंशन लाइन हटाने की मांग की है।

मामला बुधवार शाम का है। गांव नगला गुलाबी निवासी जसवीर की 10 वर्षीय पुत्री नीतिका घर की छत पर थी। अचानक वह छत के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गई। परिजन उसे निजी अस्पताल में ले गए। परिजनों का आरोप है कि विद्युत निगम के अधिकारियों से कई बार तार हटाने की मांग की लेकिन अधिकारियों ने कोई ध्यान नहीं दियाई। इधर विद्युत निगम के अधिशासी अभियंता सत्येंद्र गंगवार का कहना है कि अभी कोई शिकायत नहीं मिली है। मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### खंभे पर करंट की चपेट में आकर लाइनमैन की मौत

**एटा, अमृत विचार :** फाल्ट सही करते समय लाइन मैन करंट की चपेट में आकर झुलस गया। उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्रवाई करने और मुआवजा दिलाने की मांग की है।

थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव पंचमपुर निवासी केदारी लाल (45) पुत्र सूबेदार संविदा लाइनमैन के रूप में काम करता है। मेडिकल कॉलेज के पास बिजली खराब हो गई तो वह सही करने के लिए गया था। बिजली घर से शटडाउन भी ले लिया था। काम करते समय तारों में करंट दौड़ गया। इससे वह नीचे गिर गया। अन्य साथी उसे अस्तपाल ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# खेतों में चरने के बाद दस बकरियों की मौत

संवाददाता, गंजडुंडवारा

- खेतों में डाले कीटनाशक के कारण मौत होने का लगाया जा रहा अनुमान

**अमृत विचारः** खेत में चारा चरने के बाद चार पशुपालकों की दस बकरियों की मौत हो गई। पशुचिकित्सा विभाग की टीम ने मृत बकरियों का पोस्टमार्टम किया। लेखपाल ने निरीक्षण कर आख्या एसडीएम को दी।

मंगलवार शाम को थाना क्षेत्र सिकंदरपुर के गांव रसूलपुर निवासी पशुपालक राधेश्याम, रामरतन, नेकसे एवं रामप्रकाश बकरियों को चराने खेतों में गए थे। चारा चरने के बाद बकरियों की एक-एक कर मौत होने लगी। कुछ ही देर में दस बकरियां मर गईं। घटना की जानकारी पशुचिकित्साधिकारी अनुज कुमार को मिली। वह टीम के साथ गांव पहुंचे और शवों को पोस्टमार्टम कराया तथा बीमार बकरियों का उपचार किया। उपजिलाधिकारी कुलदीप कुमार के निर्देश पर लेखपाल प्रशांत कुमार ने मौके का निरीक्षण किया। रामरतन की चार, राधेश्याम की चार और नेकसे तथा रामप्रकाश की एक-एक बकरी की मृत्यु हुई है।

> प्रथम दृष्टया बकरियों की मौत कीटनाशक लगा चारा खाने और दवा युक्त खेतों में भरा पानी पी लेने से हुई है। मौत का सही कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम कराया गया है। **– डॉ. अमित कुमार,** पशु चिकित्साधिकारी।

### फंदे पर लटका मिला बीएससी की छात्रा का शव

**फिरोजाबाद।** थाना अरांव क्षेत्र के गांव कुढीना निवासी 24 वर्षीय शिवानी बीएससी फाइनल ईयर की छात्रा थी। वह बुधवार को भैंस को खेतों पर ले गई थी। परिजन तलाशते पहुंचे तो उसका शव पेड़ से लटका मिला। एसएसपी सौरभ दीक्षित का कहना है कि छात्रा ने फांसी क्यों लगाई, इस बात की जांच की जा रही है।

# गर्मी और उमस से स्कूल में बच्चे बेहोश

संवाददाता, सोरोंजी

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी का महीना मई और जून गुजर गया, जुलाई माह भी गुजरने वाला है लेकिन गर्मी और उमस कम होने का नाम नहीं ले रही है। जिसका खामियाजा स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को भुगतना पड़ रहा है।

सोरों विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय गुडगुड़ी में भीषण गर्मी और उमस से बच्चे बेचैन दिखाई दिए। एक बच्चा बेहोश हो गया। अध्यापकों के हाथ पैर फूल गए। आनन फानन में अध्यापक बेहोश बच्चों को डॉक्टर के पास लेकर गए जहां उपचार के बाद उसकी हालत में सुधार बताया जा रहा है। ऐसा ही मामला विकास क्षेत्र सिढपुरा के प्रावि सुनहरा में हुआ। यहां एक बालिका बेहोश हो गई। अध्यापक बच्ची पर हवा करते रहे। अध्यापकों ने बताया कि कोराना के बाद शिक्षा की प्रतिपूर्ति के लिए विभाग ने शिक्षण कार्य के घंटे बढ़ाए थे। तीन साल बाद भी विद्यालयों के समय में परिवर्तन नहीं किया गया। बारिश हो नहीं रही, ऐसे में उमस भरी गर्मी में 8 से 2 बजे तक बच्चों को विद्यालयों में रखा जाता है। बच्चे परेशान होते हैं। बच्चों की सेहत को ध्यान में रखकर समय में परिवर्तन किया जाए।



बेहोश छात्रा की हवा करते शिक्षक।



छात्रा के सिर पर पट्टी रखतीं शिक्षका।

- शिक्षक बोले- स्कूलों के समय में हो परिवर्तन, बच्चों की सेहत का रखा जाए ध्यान

## विहिप व बजरंग दल ने किया हनुमान चालीसा

**अमांपुर, अमृत विचारः** कस्बा के एटा रोड पर स्थित प्रचीन हनुमान मदिर में मंगलवार शाम को विहिप एवं बजरंग दल के स्वयंसेवकों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया।

राकेश पाराशर, अनिल शर्मा, अवधेश स्वर्णकार, पुष्पेंद्र वर्मा, आकाश गुप्ता सर्राफ, लक्ष्मण शर्मा, विकास दादा, पृथ्वीराज चौहान, अभिषेक सोनी, गौरव सोनी, पंकज पाराशर, सुखवीर चौहान, आयुष भारद्वाज, अभिषेक सर्राफ, मोहनलाल शाक्य, अवनीश पचौरी, विक्रम ठाकुर, योगेन्द्र गुप्ता, आकाश सविता, अजय शर्मा, धीरज शर्मा, मधुर सविता, नितिन माथुर आदि शामिल रहे।

# विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई का पुनर्गठन



विद्यार्थी परिषद की कार्यकारिणी गठन के बाद मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, एटा

**अमृत विचारः** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जैथरा नगर इकाई का बुधवार को पुनर्गठन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि विद्यार्थी परिषद 1948 से ही राष्ट्र, अपनी सनातन संस्कृति के साथ समाज की रक्षा हेतु प्रतिबद्धता के साथ काम कर रहा है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जैथरा नगर इकाई की घोषणाप्रांत खेल कार्य संयोजक विमल एवं चुनाव अधिकारी ललित ने की। देवांशू गौर को नगर मंत्री, विवेक को नगर अध्यक्ष, अंकित को नगर सह मंत्री, सूरज एसएफएस संयोजक, प्रियांशु को खेल कार्य संयोजक बनाया गया।

## युवक ने खाया जहर, उपचार के दौरान मौत

**कासगंज, अमृत विचारः** पत्नी की मौत से व्यथित युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

शहर के अशोक नगर निवासी गोपाल के 35 वर्षीय पुत्र रंजीत की पत्नी शिवानी की पांच माह पूर्व बीमारी से मौत हो गई थी। पत्नी की मौत के बाद से ही वह खोया-खोया रहता था। बुधवार को सुबह उसने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया।

हालत बिगड़ी तो परिजनों को जानकारी हुई। वह उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसका उपचार किया लेकिन उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ और मौत हो गई। पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार किया, तो पुलिस ने शव पंचनामा भर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# संघ के गुरु दक्षिणा कार्यक्रम में किया गया पौधरोपण

संवाददाता,अवागढ़

**अमृत विचारः** अवागढ़ की ग्राम पंचायत जिनावली के गांव कल्याणपुर में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के गुरु दक्षिणा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सह बौद्धिक प्रमुख धर्मवीर सिंह ने स्वयं सेवकों के साथ मिलकर कार्यक्रम स्थल पर पौध रोपण कर हरित क्रांति का संदेश दिया।

खण्ड कार्यवाह अवधेश कुमार ने कहा कि सभी को दैनिक दिनचर्या में योगाभ्यास शामिल करना चाहिए। योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है। उन्होंने गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए स्वयंसेवकों को विस्तृत रूप में जानकारी दी। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के गुरु परम् पवित्र भगवा ध्वज के बारे में भी लोगों को जानकारी देकर हिन्दुत्व के प्रति जागरूक किया। सभी स्वयं सेवकों ने प्रार्थना के बाद भगवा ध्वज पर पुष्प अर्पित करते हुए ध्वज प्रणाम किया। रमेश पाल सिंह जादौन, वीरपाल लाखा, नेत्रपाल सिंह, आदि थे।



पौधरोपण करते सह बौद्धिक प्रमुख धर्मवीर सिंह व स्वयं सेवक।

### गुरु पूजन कार्यक्रम आज

जलेसर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में गुरु पूजन कार्यक्रम आज शाम 7 बजे चिंता हरण सत्संग भवन में आयोजित होगा। संघ के नगर कार्यवाह अटल बिहारी वार्ष्णेय ने समस्त स्वयंसेवकों से आवाहन किया कि वह समय से गुरु पूजन कार्यक्रम में पहुंचें।

### चार वारंटी पुलिस ने किए गिरफ्तार

**कासगंज।** एएसपी राजेश भारती ने बताया कि थाना सिकंदरपुर वैश्य पुलिस द्वारा वारंटी निर्भान एवं बृजभान निवासी नगला तिलक, सदर कोतवाली पुलिस द्वारा नीरज उर्फ भोला निवासी नगला रम्पुरिया थाना व जनपद कासगंज, थाना ढोलना पुलिस ने वारंटी कुंवरपाल निवासी हरसेना थाना ढोलना को गिरफ्तार किया है।

### विद्युत कटौती के खिलाफ आज किसान करेंगे प्रदर्शन

**जलेसर, अमृत विचार :** विद्युत स्टेशन इसौली से हो रही अघोषित विद्युत कटौती को लेकर गुस्साये किसानों के द्वारा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन 25 जुलाई से होगा। किसान नेता हर्ष बृजवासी ने बताया कि किसानों को अनवरत 10 घंटे विद्युत आपूर्ति के आदेश हैं। ईसौली विद्युत स्टेशन पर मौजूद कर्मचारियों की लाल फीता शाही के चलते नाम मात्र के लिए बिजली उपलब्ध हो रही है। इसमें कोई भी राजनीतिक दल या किसान यूनियन नहीं रहेगी किसानों के द्वारा ही आंदोलन होगा।

प्रकृति का साथ — कासगंज में किया गया प्रयोग, अन्य जिलों के लिए चल रहा है मंथन

# मजबूत होंगे पेड़ों के तने, नदी को शुद्ध करेंगी जड़ें

संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचारः** बुलंदशहर, अलीगढ़ सहित अन्य जिलों का कूड़ा कचरा ढोकर गंगा में मिलने वाली काली नदी काफी समय से मैली है। इसका पानी इतना प्रदूषित हो गया है कि जलीय जीवों की जान जा रही है। किसानों में चिंता है कि वह इस नदी का केमिकल युक्त पानी फसल में देते हैं तो फसल सेहत को नुकसान पहुंचा सकती है।

इस बीच वन विभाग ने एक नई योजना तैयार की र इस पर सबसे पहले प्रयोग कासगंज जिले में किया गया । यह प्रयोग सफल हुआ तो पूरी पत्रावली बनाकर शासन को भेज दी गई । कासगंज में काम को बेहतर ढंग से करने की मंजूरी भी मिल गई और तत्कालीन वन प्रभागीय अधिकारियों ने छोटे-छोटे हिस्सों में काम भी कराया। अब एटा, कन्नौज, फर्रुखाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया सहित कई जिलों और शहरों से गुजरने वाली नदियों पर इसी योजना के तहत कार्य करने की तैयारी है। यदि सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो प्रदेश की नहर और नदियां प्राकृतिक रूप से पौधों की जड़ों से शुद्ध की जाएंगी और प्रदूषण दूर कर पानी को अविरल और निर्मल बनाया जाएगा।

**इन पौधों की जड़ें दूर करेंगीं प्रदूषण :** औषधीय पौधा लेमनग्रास, खसखस नदियों के किनारे लगाया जाएगा, जबकि छायादार वृक्षों के पौधे नदियों के किनारे खेतों की मेड़ पर लगाए जाएंगे। इनकी जड़ें पानी की ओर बढ़ेंगी तो प्रदूषण को अपनी ओर खींच लेंगी और पानी में ऑक्सीजन लेवल बढ़ा देंगी। इस प्रयोग पर आईआईटी कानपुर और दिल्ली के विद्यार्थियों ने भी शोध किया।



कासगंज की काली नदी। ● अमृत विचार

> हमने अपनी सेवानिवृत्ति से लगभग छह महीने पहले कासगंज में इसका प्रयोग किया था। यह प्रयोग काफी सफल रहा। अलीगढ़ मंडल में फिर धीमे-धीमे इसका प्रयोग आगे बढ़ाया गया। इसमें भी सफलता मिली। फिर इसकी पत्रावली बनाकर शासन को भेजी गई। अब शासन स्तर से इसे कभी भी प्रदेश में लागू किया जा सकता है। **– दिवाकर वशिष्ठ,** तत्कालीन प्रभागीय निदेशक

### हथकड़ी लगे कैदी को ताजमहल दिखाने पहुंचे हिमाचल प्रदेश के दो पुलिसकर्मी

**आगरा, अमृत विचार :** हिमाचल पुलिस हाथ में हथकड़ी लगे कैदी को ताजमहल दिखाने के लिए आ गए। ताज की सुरक्षा में लगे जवानों ने उन्हें अंदर नहीं जाने दिया। दोनों पुलिसकर्मियों की कहासुनी भी हुई। इस दौरान उनकी वीडियो बनाई गई तो वह झगड़ा करने लगे। किसी प्रकार दोनों पुलिसकर्मियों को समझाया गया। हिमाचल पुलिस को जानकारी दे दी गई है। दरअसल हिमाचल पुलिस कैदी को यूपी में पेशी पर लेकर आई थी। दो सिपाही कैदी को ताजमहल दिखाने लेकर पहुंचे। एक सिपाही सादा कपड़ों में था। कैदी के हाथ में हथकड़ी लगी हुई थी। वह ताजमहल परिसर में प्रवेश करने के लिए गए तो सुरक्षा में लगे जवानों ने रोक दिया। इस पर वो जवानों से भिड़ गए। मामला बढ़ता देख ताजगंज थाने की पुलिस को सूचित किया गया। थाना पुलिस पहुंच गई। किसी प्रकार दोनों पुलिसकर्मियों को समझाया। एसीपी ताज सुरक्षा सैय्यद अरीब अहमद का कहना है कि जांच की जा रही है। वीडियो के आधार पर कार्रवाई होगी, हिमाचल पुलिस को सूचित किया गया है।

### पिता की डांट से क्षुब्ध किशोरी ने फंदा लगाकर दी जान

**एटा/ जैथरा।** थाना जैथरा क्षेत्र के गांव परौली सुहागपुर निवासी रोशनीको। पिता ने किसी बात बात पर डांट दिया था। इसी बात से झुब्ध होकर रात में किशोरी ने फंदा लगाकर जान दे दी। सुबह परिजनों को जानकारी हुई तो कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### गाड़ी में डालकर नगदी व मोबाइल लूटा

**एटा, अमृत विचार :** विपिन कुमार पुत्र ध्रुव सिंह ने पुलिस को तहरीर दी कि कोतवाली देहात के गांव विरामपुर पुल के पास उसको बदमाशों ने रोक लिया। गाड़ी में डालकर मारपीट की और 20 हजार रुपए, मोबाइल लूट लिया। पुलिस जांच कर रही है।

## आईएमसी प्रमुख ने नदीम कुरैशी को फिर सौंपी जिम्मेदारी

**बरेली, अमृत विचार :** आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने नदीम कुरैशी को एक बार फिर से संगठन में जिम्मेदारी दी है। उन्हें राष्ट्रीय कोर कमेटी में सदस्य के साथ प्रदेश का संगठन प्रभारी नामित किया है। पिछले दिनों आईएमसी प्रमुख ने लिविंग में रह रहे लड़की और लड़कों का सामूहिक निकाह कराने का एलान किया था। कार्यक्रम की अनुमति आईएमसी के संगठन प्रभारी नदीम कुरैशी के नाम से मांगी गई थी। प्रशासन ने कार्यक्रम की अनुमति देने से मना कर दिया था। बताते हैं कि आईएमसी प्रमुख की बिना अनुमति के नदीम कुरैशी ने कार्यक्रम स्थगित करने संबंधी पत्र प्रशासन को दिया था। इससे नाराज होकर मौलाना तौकीर रजा खां ने नदीम कुरैशी, डॉ. नफीस खान और मुनीर इदरीसी को पार्टी से निलंबित कर कारण बताओ नोटिस जारी किया था। अब आईएमसी प्रमुख ने फिर नदीम कुरैशी पर भरोसा जताते हुए उनका कद बढ़ाया।

**बरेली और मुरादाबाद मंडल के विधायकों और मंत्रियों ने की मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट**

# जन सामान्य की समस्याएं न सुनी जाएं तो हमें बताएं : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ बरेली

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अधिकारियों के स्तर पर अगर क्षेत्रीय जनता की समस्याएं न सुनीं जाएं तो सीधे उन्हें बताएं। लोगों की हर समस्या का समाधान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बुधवार को सरकारी आवास पर बरेली और मुरादाबाद मंडल के विधायक और मंत्रियों के साथ शिष्टाचार भेंट के दौरान उन्हें यह भरोसा दिलाया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायक अपने क्षेत्र में सक्रियता बढ़ाएं और लोगों की समस्याएं सुनने के साथ निस्तारण कराने का प्रयास करें। जनता में अपनी पकड़ मजबूत करें। लोकसभा चुनाव के दौरान जो भी कमी रह गई हो, उसे दूर करें, ताकि 2027 के विधानसभा चुनाव में इसका फायदा मिल सके। मुख्यमंत्री ने विधायकों से चुनाव के दौरान उन्हें मिले वोट के बारे में भी जानकारी ली। वोट प्रतिशत में कमी और कारणों पर चर्चा की। कई विधायकों ने विपक्षी दलों की ओर से संविधान बदलने और आरक्षण खत्म करने जैसी बयानबाजी को निराशाजनक प्रदर्शन का कारण बताया। उनका कहना था कि इसी कारण से वोट प्रतिशत में कमी आई है।वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री ने कहा है कि सभी विधायक क्षेत्र में अधिक से अधिक समय दें। विकास की योजनाओं पर जोर दें।

मुख्यमंत्री से मिलने वालों में मंत्री सुरेश खन्ना, संजय सिंह गंगवार, धर्मपाल सिंह, विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा, डॉ. एमपी आर्या, प्रोफेसर श्याम बिहारी लाल, स्वामी प्रवक्ता नंद, महेश गुप्ता, हरीश शाक्य, विवेक वर्मा, वीर विक्रम सिंह, राजीव कुमार सिंह, बाबू राम पासवान, सलोना कुशवाहा, हरिप्रकाश वर्मा, अरविंद कुमार सिंह, चेतराम, एमएलसी बहोरन लाल, कुंवर महाराज सिंह आदि शामिल हैं।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करते बरेली मंडल के विधायक। ● अमृत विचार

## स्नातक: प्रवेश को द्वितीय चरण के आवेदन का आज अंतिम दिन

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए द्वितीय चरण के पंजीकरण गुरुवार तक होंगे। इसके बाद 26 जुलाई से 5 अगस्त तक प्रथम चरण के छूटे हुए और द्वितीय चरण में पंजीकृत छात्रों की मेरिट जारी कर प्रवेश किए जाएंगे। गुरुवार तक पहली चरण में पंजीकृत छात्रों के प्रवेश होंगे। अब तक एक लाख से अधिक छात्रों के प्रवेश हो चुके हैं। स्नातक में प्रवेश के लिए 10 मई से पंजीकरण शुरू हुए थे। प्रथम चरण में 9 जून तक पंजीकरण हुए थे लेकिन बाद में इसे बढ़ाकर 10 जुलाई कर दिया गया था और 11 से 25 जुलाई तक मेरिट जारी कर प्रवेश लेने के निर्देश दिए गए थे। वहीं दूसरे चरण में 25 जुलाई तक पंजीकरण होंगे और फिर मेरिट जारी कर प्रवेश होंगे। मुख्य प्रवेश नियंत्रक प्रो. एसके पांडेय ने बताया कि द्वितीय चरण के तहत प्रवेश पंजीकृत छात्रों के मेरिट के आधार पर प्रवेश होंगे।

**कार्यालय खंड शिक्षा अधिकारी वि. खं. कटरा, खुदागंज, शाहजहांपुर**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विकास क्षेत्र कटरा खुदागंज, शाहजहांपुर के जर्जर विद्यालय कंपोजिट स्कूल कंधरापुर के प्राथमिक विद्यालय के मूल भवन एवं प्राथमिक विद्यालय पिपरी के मूल भवन की नीलामी हेतु गठित नीलामी/तकनीकी समिति के समक्ष दिनांक 26.07.2024 को बी. आर. सी. कार्यालय खुदागंज पर नीलामी का कार्य संपन्न किया जाना है, इच्छुक बोलीदाता प्रात: 10.00 बजे उपस्थित होकर बोली में प्रतिभाग कर सकते हैं।

**खंड शिक्षा अधिकारी, कटरा खुदागंज, शाहजहांपुर**

# मंडल के जिलों की खराब रैंकिंग पर कमिश्नर नाराज

## जिलाधिकारी शाहजहांपुर और बदायूं को रैंकिंग में सुधार लाने के दिए कड़े निर्देश

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने बुधवार को कमिश्नरी सभागार में मंडलीय समीक्षा बैठक में विकास के कार्यों में जून की प्रदेश स्तरीय जारी रैंकिंग की स्थिति अच्छी नहीं होने पर नाराजगी जताई। प्रदेश में पीलीभीत की 11वीं, बरेली की 21वीं, बदायूं की 43वीं, शाहजहांपुर की 64 वीं रैंक आई है। कमिश्नर ने जिलाधिकारी शाहजहांपुर और बदायूं को निर्देश दिए कि रैंकिंग में सुधार कर आगामी माह में 10 अग्रणी जिलों में शामिल हों।

मंडलायुक्त ने उपनिदेशक पंचायत और एडी हेल्थ को निर्देश दिए कि जिलों में साफ-सफाई, एंटी लार्वा का छिड़काव कराएं। कांवड़ यात्रा के मद्देनजर सभी मार्गों को तत्काल सही करने के लिए कहा है। हर घर नल योजना की समीक्षा के दौरान सीडीओ बदायूं ने बताया कि तहसील सहसवान से शिकायतें आई हैं कि कार्यदायी संस्था ने सड़क खोद कर छोड़ दी है। कमिश्नर ने कार्यदायी संस्था और अधिशासी अभियंता जल निगम से मौके की जांच कर आख्या मांगी। अटल आवासीय विद्यालय के निर्माण कार्यों की समीक्षा में कहा गया कि प्रत्येक दशा में 31 जुलाई तक कार्य पूरा करा लिया जाए। निराश्रित गोवंशों को संरक्षित करने और सहभागिता योजना के तहत उनका सत्यापन कराने के लिए कहा।एडीएम प्रशासन को निर्देश दिए कि राजस्व कार्यों को गंभीरता से लेकर लंबित वादों की पैरवी कराकर निस्तारण कराएं।

जिलाधिकारी बरेली रविंद्र कुमार, जिलाधिकारी पीलीभीत संजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी बदायूं निधि श्रीवास्तव, जिलाधिकारी शाहजहांपुर उमेश प्रताप सिंह, अपर आयुक्त न्यायिक प्रीति जयसवाल, संयुक्त विकास आयुक्त प्रदीप कुमार, चारों जिलों के सीडीओ, एडीएम प्रशासन, एडी हेल्थ, मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी आदि मौजूद रहे।




अधिकारियों के साथ बैठक करतीं कमिश्नर सौम्या अग्रवाल। ● अमृत विचार

### छह परियोजनाएं शुरू कराने के आदेश

बैठक के दौरान कमिश्नर ने 50 लाख से अधिक निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि मंडल में छह परियोजनाएं शुरू नहीं हो सकी हैं, उन्हें जल्द ही शुरू कराएं।संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि जल्द ही अधूरे निर्माण कार्य को पूरा करें। उन्होंने जिन 10 परियोजनाओं का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। उन्हें संबंधित विभाग को हैंड ओवर करने के लिए कहा।

### पीलीभीत में पिछले साल रोपे गए 15 फीसदी पौधे ही बचे जीवित

बैठक में पिछले साल पीलीभीत में रोपित किए गए पौधों में 15 प्रतिशत जीवित पाए जाने की बात सामने आई। कमिश्नर ने कहा कि लगाए गए पौधों को जीवित रखने के लिए रोजगार सेवक को लगाया जाए। संबंधित अधिकारी हर तीन माह में स्वयं एक बार पेड़ों को देखने जरूर जाएं। सत्यापन भी कराने के लिए भी कहा। वन संरक्षक क्षेत्रीय निदेशक ने बताया कि 20 जुलाई को मंडल का पौधरोपण का निर्धारित लक्ष्य 1.90 करोड़ सभी जिलों ने पूरा कर लिया है, इस पर कमिश्नर ने डीएम, सीडीओ और जिला स्तरीय अधिकारियों की सराहना की।

## सावन में अंडों की खपत कम कैरी ने दाम घटाए

**बरेली, अमृत विचार :** सावन में अंडों की खपत कम हो गई है। इसको देखते हुए केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान (कैरी) ने अंडों के दाम कम कर दिए हैं।

एक दिन पहले निदेशक डॉ. अशोक कुमार तिवारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया गया। निदेशक के अनुसार संस्थान में अंडे की खपत कम होने पर दामों को संशोधित किया गया है। पहले अंडा 110 रुपये किलो की दर से बिक रहा था। अब 80 रुपये की दर से बिकेगा। चटके हुए अंडे का दाम 55 से घटाकर 40 रुपये प्रति किलो, बटेर के अंडे जो 60 रुपये सैकड़ा मिल रहे थे, वे अब 30 रुपये सैकड़ा की दर बेचे जाएंगे। बिक्री काउंटर पर नई दरों की सूची को चस्पा कर दिया गया है। बुधवार से नई रेट पर ही अंडों की बिक्री की गई। इसके अलावा एग पेड़ा, चिकन मीट बड़ी, एग सॉसेज, एग रबड़ी मलाई, एग रसमलाई, बटेर के अंडे का अचार, मल्टीग्रेन एग बिस्किट, चिकन मीट बाइट्स और चिकन मीट सॉसेज की बिक्री पुराने दामों पर ही होगी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सिसौना, वि.खं. मझगवां, जिला बरेली**

**निविदा सूचना**

पंजीकृत फर्मों के आपूर्तिकताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सिसौना की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त, चतुर्थ, पंचम राज्य वित्त आयोग, SLWM एस.बी.एम. ICDS RGSA एवं मनरेगा की धनराशि से सी.सी. रोड, नव नाली निर्माण/मरम्मत, खडंजा, नव निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य (फर्नीचर व दरी, स्ट्रीट लाईट, एलईडी लाइट, स्थापना अनुरक्षण, हैण्डपंप रिवोर, नये हैण्डपम्प/ह्यूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनबाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउंड्रीवाल, पंचायत घर/मरम्मत, इंटरलॉकिंग ईंट, इंटरलॉकिंग कार्य, सोलर लाइट, पंचायत घर निर्माण, पशु शेड, शोक पिट, सार्वजनिक शौचालय, विद्यालय हेतु LCD U TV क्रय, अंत्येष्टि स्थल, वृक्षारोपण, आंगनबाड़ी भवन निर्माण, CSC का निर्माण स्कूल कायाकल्प, रूफ रेन वाटर हार्वेस्टिंग, पानी की टंकी का निर्माण, खाद्यान्न निर्माण हेतु शटर, गेट क्रय, बिजली फिटिंग कार्य, ग्रा.पं. में विभिन्न स्थानों पर मिट्टी भराव कार्य। अमृत सरोवर निर्माण कार्य, समर्सिबल रिपेयर व क्रय पंचायत घर की बाउंड्रीवाल, खाद के पक्के गड्डों का निर्माण, अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्य के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें पेंट, ईंट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, रेत, लोहा, बजरी, टाईल्स, पाईप, टोटी, स्टेशनरी, प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी/राख, सैनेटाइजिंग फॉगिंग कार्य सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय पीपीआई किट, ओपन जिम, लोहे का तार एवं अन्य सामग्री/वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदाएं ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 31/07/2024 को प्रात: 11 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन दोपहर 01 बजे तक खोली जाएगी।

**ग्राम प्रधान-राजकुमार सिंह** **सचिव-प्रियदर्शन यादव**

**कार्यालय ग्राम पंचायत भीकमपुर, वि.खं. मझगवां, जिला बरेली**

**निविदा सूचना**

पंजीकृत फर्मों के आपूर्तिकताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भीकमपुर की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त, चतुर्थ, पंचम राज्य वित्त आयोग, SLWM एस.बी.एम. ICDS RGSA एवं मनरेगा की धनराशि से सी.सी. रोड, नव नाली निर्माण/मरम्मत, खडंजा, नव निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य (फर्नीचर व दरी, स्ट्रीट लाईट, एलईडी लाइट, स्थापना अनुरक्षण, हैण्डपंप रिवोर, नये हैण्डपम्प/ह्यूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनबाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउंड्रीवाल, पंचायत घर/मरम्मत, इंटरलॉकिंग ईंट, इंटरलॉकिंग कार्य, सोलर लाइट, पंचायत घर निर्माण, पशु शेड, शोक पिट, सार्वजनिक शौचालय, विद्यालय हेतु LCD U TV क्रय, अंत्येष्टि स्थल, वृक्षारोपण, आंगनबाड़ी भवन निर्माण, CSC का निर्माण स्कूल कायाकल्प, रूफ रेन वाटर हार्वेस्टिंग, पानी की टंकी का निर्माण, खाद्यान्न निर्माण हेतु शटर, गेट क्रय, बिजली फिटिंग कार्य, ग्रा.पं. में विभिन्न स्थानों पर मिट्टी भराव कार्य। अमृत सरोवर निर्माण कार्य, समर्सिबल रिपेयर व क्रय पंचायत घर की बाउंड्रीवाल, खाद के पक्के गड्डों का निर्माण, अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्य के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें पेंट, ईंट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, रेत, लोहा, बजरी, टाईल्स, पाईप, टोटी, स्टेशनरी, प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी/राख, सैनेटाइजिंग फॉगिंग कार्य सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय पीपीआई किट, ओपन जिम, लोहे का तार एवं अन्य सामग्री/वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदाएं ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 31/07/2024 को प्रात: 11 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन दोपहर 02 बजे तक खोली जाएगी।

**ग्राम प्रधान-बबली देवी** **सचिव-प्रियदर्शन यादव**

**कार्यालय ग्राम पंचायत बचेरा, वि.खं. मझगवां, जिला बरेली**

**निविदा सूचना**

पंजीकृत फर्मों के आपूर्तिकताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बचेरा की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त, चतुर्थ, पंचम राज्य वित्त आयोग, SLWM एस.बी.एम. ICDS RGSA एवं मनरेगा की धनराशि से सी.सी. रोड, नव नाली निर्माण/मरम्मत, खडंजा, नव निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य (फर्नीचर व दरी, स्ट्रीट लाईट, एलईडी लाइट, स्थापना अनुरक्षण, हैण्डपंप रिवोर, नये हैण्डपम्प/ह्यूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनबाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउंड्रीवाल, पंचायत घर/मरम्मत, इंटरलॉकिंग ईंट, इंटरलॉकिंग कार्य, सोलर लाइट, पंचायत घर निर्माण, पशु शेड, शोक पिट, सार्वजनिक शौचालय, विद्यालय हेतु LCD U TV क्रय, अंत्येष्टि स्थल, वृक्षारोपण, आंगनबाड़ी भवन निर्माण, CSC का निर्माण स्कूल कायाकल्प, रूफ रेन वाटर हार्वेस्टिंग, पानी की टंकी का निर्माण, खाद्यान्न निर्माण हेतु शटर, गेट क्रय, बिजली फिटिंग कार्य, ग्रा.पं. में विभिन्न स्थानों पर मिट्टी भराव कार्य। अमृत सरोवर निर्माण कार्य, समर्सिबल रिपेयर व क्रय पंचायत घर की बाउंड्रीवाल, खाद के पक्के गड्डों का निर्माण, अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्य के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें पेंट, ईंट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, रेत, लोहा, बजरी, टाईल्स, पाईप, टोटी, स्टेशनरी, प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी/राख, सैनेटाइजिंग फॉगिंग कार्य सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय पीपीआई किट, ओपन जिम, लोहे का तार एवं अन्य सामग्री/वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदाएं ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 31/07/2024 को प्रात: 11 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन दोपहर 03 बजे तक खोली जाएगी।

**ग्राम प्रधान-शकुन्तला देवी** **सचिव-प्रियदर्शन यादव**

**कार्यालय ग्राम पंचायत तिगाई दत्तनगर, वि.खं. मझगवां, जिला बरेली**

**निविदा सूचना**

पंजीकृत फर्मों के आपूर्तिकताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत तिगाई दत्तनगर की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त, चतुर्थ, पंचम राज्य वित्त आयोग, SLWM एस.बी.एम. ICDS RGSA एवं मनरेगा की धनराशि से सी.सी. रोड, नव नाली निर्माण/मरम्मत, खडंजा, नव निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य (फर्नीचर व दरी, स्ट्रीट लाईट, एलईडी लाइट, स्थापना अनुरक्षण, हैण्डपंप रिवोर, नये हैण्डपम्प/ह्यूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनबाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउंड्रीवाल, पंचायत घर/मरम्मत, इंटरलॉकिंग ईंट, इंटरलॉकिंग कार्य, सोलर लाइट, पंचायत घर निर्माण, पशु शेड, शोक पिट, सार्वजनिक शौचालय, विद्यालय हेतु LCD U TV क्रय, अंत्येष्टि स्थल, वृक्षारोपण, आंगनबाड़ी भवन निर्माण, CSC का निर्माण स्कूल कायाकल्प, रूफ रेन वाटर हार्वेस्टिंग, पानी की टंकी का निर्माण, खाद्यान्न निर्माण हेतु शटर, गेट क्रय, बिजली फिटिंग कार्य, ग्रा.पं. में विभिन्न स्थानों पर मिट्टी भराव कार्य। अमृत सरोवर निर्माण कार्य, समर्सिबल रिपेयर व क्रय पंचायत घर की बाउंड्रीवाल, खाद के पक्के गड्डों का निर्माण, अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्य के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें पेंट, ईंट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, रेत, लोहा, बजरी, टाईल्स, पाईप, टोटी, स्टेशनरी, प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी/राख, सैनेटाइजिंग फॉगिंग कार्य सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय पीपीआई किट, ओपन जिम, लोहे का तार एवं अन्य सामग्री/वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदाएं ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 31/07/2024 को प्रात: 11 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन सायं 04 बजे तक खोली जाएगी।

**ग्राम प्रधान-गंगा सहाय** **सचिव-प्रियदर्शन यादव**

## लेनदेन में पूर्व प्रधान की पत्नी की पीट-पीटकर हत्या

**बरेली/अलीगंज, अमृत विचार :** थाना अलीगंज क्षेत्र के गांव गैनी में पैसों के लिए पूर्व प्रधान का बड़े भाई से विवाद हो गया। बीच-बचाव करने पहुंची उनकी पत्नी को भी जमकर पीटा, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने बड़े भाई समेत चार आरोपियों पर हत्या समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। गांव गैनी निवासी पूर्व प्रधान एवं अधिवक्ता सुशील कुमार शर्मा ने बताया कि मंगलवार रात 9 बजे उनका बड़े भाई सतीश चंद्र शर्मा से पैसों को लेकर विवाद हो गया था। इस दौरान सतीश के बेटा शरद शर्मा ने उनके साथ मारपीट की। उनके सिर और पैर में चोट आई है। विवाद बढ़ता देख उनकी पत्नी पूनम शर्मा (68) बीच बचाव करने लगीं। आरोप है कि शरद शर्मा, उसकी पत्नी प्राची, सतीश शर्मा और उसकी पत्नी कमला ने मारपीट की, जिससे पूनम गंभीर रूप से घायल हो गईं। पूनम को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# मुस्लिम लड़कों के साथ रहने को उकसाने पर तीन के खिलाफ रिपोर्ट

- **दो छात्राओं व एक छात्र ने लगाया लैक्मे अकादमी की संचालिका पर आरोप**

मुरादाबाद कार्यालय

**अमृत विचार:** महानगर के कांठ रोड स्थित लैक्मे अकादमी में मेकअप समेत कई कोर्स सिखाए जाते हैं। छात्र-छात्राओं ने आरोप लगाया कि अकादमी में कलावा, सिंदूर, मंगलसूत्र पहनकर जाने पर उत्पीड़न किया जाता है।

हिंदू बच्चों का ब्रेन वाश किया जाता है। अकादमी के अंदर खुलेआम नमाज पढ़ी जाती है। अकादमी की संचालिका मुस्लिम लड़कों के साथ रहने के लिए प्रेरित करती हैं। कहती है कि मैं भी पहले हिंदू थी। शादी करके एक मुस्लिम के साथ रह रही हूं। अकादमी में नकली प्रोडक्ट भी रखे जाने की बात कही।

रिपार्ट दर्ज कराने वाले छात्र-छात्राओं में शामिल तान्या ने बताया कि नकली प्रोडक्ट के कारण चेहरे पर एलर्जी हो गई थी। काफी इलाज कराने के बाद ठीक हो सकी। हिंदू छात्र-छात्राएं विरोध करते हैं तो उन्हें बीच में ही निकाल दिया जाता है। रिपोर्ट दर्ज कराने वाले विद्यार्थियों ने फीस वापसी के साथ ही परिजनों की जान की सुरक्षा भी किए जाने की मांग पुलिस से की। एसएसपी सतपाल अंतिल ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज करने के साथ ही अकादमी को सील कर दिया गया है। विवेचना की जा रही है।

### बजरंग दल ने किया था प्रदर्शन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मंगलवार को अकादमी के अंदर हिंदू विद्यार्थियों के साथ भेदभाव को लेकर बजरंग दल ने प्रदर्शन किया था। अकादमी की संचालिका व अन्य के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग की थी। जिसके बाद ही पुलिस हरकत में आई। एसएसपी के निर्देश पर सिविल लाइंस थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। इंस्पेक्टर मनीष सक्सेना ने बताया कि पूरे मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है। घटना के हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है।

## बुखार से दिमाग पर असर, चार बच्चों में मिले मेनिनजाइटिस के लक्षण

**बरेली, अमृत विचार :** अगर बच्चों को बुखार आए तो परिजन इसकी अनदेखी न करें, क्योंकि अगर इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो बुखार बच्चों के दिमाग पर गंभीर असर डाल सकता है। जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में दो महीने में ऐसे चार बच्चों में मेनिनजाइटिस के लक्षण मिले हैं। इनके सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं। संदिग्ध मरीजों को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर किया जा रहा है। एडीएसआईसी एवं वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अलका शर्मा के अनुसार बच्चे को लगातार बुखार आ रहा है तो इसको नजर अंदाज न करें। मेनिनजाइटिस बीमारी एक विषाणु ग्रुप बी वायरस के कारण होती है। यह विषाणु बहुत थोड़े समय में मस्तिष्क के स्पाइनल कार्ड, झिल्लियों (मेनिनजीज) में संक्रमण पैदा करता है। रोकथाम न होने पर यह जानलेवा साबित हो सकता है। इसलिए बच्चे को दो दिन से अधिक बुखार आए तो तुरंत चिकित्सक की सलाह लें।

# जीजा-साली को बेहोश कर तांत्रिक 50 हजार लेकर भागा

- **हिचकी आने की बीमारी के चलते 15 दिन से जीजा के घर रह रही थी साली**
- **तांत्रिक ने पहले पानी पढ़कर दिया तो युवती हो गई ठीक, मामले में पुलिस को दी गई तहरीर**

संभल कार्यालय

**अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में अंधविश्वास के चलते ठगी का मामला सामने आया है। तांत्रिक ने बीमारी ठीक करने का भरोसा दिलाकर घर में हवन कराते हुए जीजा-साली को बेहोश कर दिया और 50 हजार रुपये लेकर भाग गया। मामले में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

थाना क्षेत्र के गांव जहानपुर निवासी प्रताप सिंह पुत्र बादाम सिंह ने थाने में तहरीर देकर कहा कि उसके बेटे हरिओम की साली रिंकी पुत्री पप्पू निवासी गांव दूधमा थाना जरीफनगर करीब 15 दिन से उसके घर पर रह रही है।

रिंकी को हिचकियां आती थीं। रिंकी को इधर-उधर से दवा दिलाई लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ तो एक तांत्रिक से मुलाकात हुई। तांत्रिक ने रिंकी को पानी पढ़कर दे दिया तो उसकी तबीयत ठीक हो गई। इसके बाद तांत्रिक ने हवन करने की बात कही और गांव जहानपुर में उसके घर पर हवन का सामान लेकर आ गया। तांत्रिक ने हवन शुरू किया। उसने हरिओम व रिंकी बैठा लिया। तांत्रिक ने हरिओम से 50 हजार रुपये निकलवा कर हवन में रखवा लिए। कुछ देर हवन चला।

जिसके बाद हरिओम और रिंकी बेहोश हो गए जबकि तांत्रिक 50 हजार रुपये लेकर भाग गया। प्रताप सिंह ने पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई। वहीं उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## राज्यसभा सांसद का जीएम को पत्र, लखनऊ से बरेली तक चले ट्रेन

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** बसपा से राज्यसभा सांसद रामजी गौतम ने जिलेवासियों को सस्ते और सुहाने सफर के लिए रेलवे जीएम सौम्या माथुर को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने लखनऊ से सीतापुर, मैलानी व पीलीभीत होकर बरेली तक ट्रेन चलाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अमानपरिवर्तन को कई साल हो गए, लेकिन अभी तक जिलेवासियों को ऐशबाग से पीलीभीत और बरेली तक ट्रेन की सुविधा नहीं है। राज्यसभा सांसद ने मीटरगेज की सेंचुरी, काठगोदाम एक्सप्रेस की तरह ब्राडगेज ट्रेन चलाने, मौजूदा समय पर चलने वाली ट्रेनों का संचालन लखनऊ एवं ऐशबाग से पीलीभीत और बरेली तक करने की मांग की है। साथ ही लखनऊ से सीतापुर तक चल रही एलटीटी सुपर फास्ट का विस्तार मैलानी व पीलीभीत तक करने, लखनऊ से मैलानी और पीलीभीत के रास्ते नई दिल्ली तक ट्रेन चलाने, लखनऊ चंडीगढ़ एक्सप्रेस का विस्तार पीलीभीत, बरेली तक करने की मांग की है।

# पहले बनाया युवक का अश्लील वीडियो, फिर कराया धर्म परिवर्तन

- **आरोपियों ने बेटी से कराया निकाह, 22 लाख रुपये भी हड़पे**
- **एडीजी के आदेश पर थाना किला पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट**

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** अश्लील वीडियो बनाकर एक युवक का ब्लैकमेल और धर्म परिवर्तन कराकर निकाह करा दिया गया। युवक के पिता ने जेवर समेत करीब 22 लाख रुपये की ठगी का भी आरोप लगाया है। एडीजी के आदेश पर थाना किला पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पिता ने बेटे को तलाश करने की भी मांग की है।

किला के केलाबाग निवासी प्रेमशंकर शर्मा ने बताया कि उनका बेटा गौरव एक दूरभाष कंपनी में काम करता था। 2 जनवरी 2023 को सुबह 9:30 बजे उनका बेटा ड्यूटी पर गया था, लेकिन वापस नहीं आया। वह घर से सात लाख रुपये नकद और बेटी की शादी के लिए रखे आठ लाख रुपये के जेवर साथ ले गया था।

उन्हें पता चला कि गौरव प्रेमनगर के मौलानगर के एक समुदाय विशेष के परिवार के संपर्क में है। परिवार इस समय इज्जतनगर के परतापुर चौधरी में रहता है। बेटे को बंधन से मुक्त कराने के लिए उन्होंने 10 जनवरी 2023 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को डाक से शिकायती पत्र भेजा, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। आरोप लगाया कि आरोपी, उसकी पत्नी, दो बेटे, बेटी और एक अन्य ने मिलकर गौरव का अश्लील वीडियो बना लिया और ब्लैकमेल करके गौरव से 14 लाख रुपये और आठ लाख रुपये के जेवर हड़प लिए। प्रेमशंकर का आरोप है कि उनके बेटे का धर्म परिवर्तन कराकर आरोपियों ने उसका जबरन निकाह करा दिया है। शिकायत करने पर आरोपी गौरव से झूठी शिकायतें करा रहे हैं। प्रेमशंकर ने बताया कि वह कई बार पुलिस अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने एडीजी से शिकायत की। एडीजी के आदेश पर किला पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## पुलिस महानिरीक्षक ने बैठक में दिए निर्देश

**बरेली, अमृत विचार :** पुलिस महानिरीक्षक डॉ. राकेश सिंह ने रेंज के सभी जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों और पुलिस अधीक्षकों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में शासन द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन, ऑपरेशन क्लीन, ऑपरेशन त्रिनेत्र और मिशन शक्ति फेज चार के अंतर्गत स्थापित महिला हेल्पडेस्क तथा कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान उन्होंने हत्या, लूट, डकैती, दुष्कर्म, दहेज हत्या, पॉक्सो एक्ट, अपहरण, गोकशी, धर्मांतरण समेत अन्य मामलों में तत्काल प्रभाव से कार्रवाई के आदेश दिए। इस मौके पर बरेली के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य समेत पीलीभीत, बदायूं और शाहजहांपुर के अधिकारी शामिल रहे।

**पब्लिक नोटिस**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रिजवान हुसैन पुत्र श्री इन्तजार हुसैन, निवासी 149 कटरा चांद खां पुराना शहर, बरेली एक किता मकान नं.-163 रकबई 45.99 वर्ग मी. बाकै मोहल्ला कटरा चांद खां पर.तह. व जिला बरेली को पीरामल कैपीटल एण्ड हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड, बरेली में बंधक कर ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन किया है, उक्त सम्पत्ति के बाबत एक किता रजिस्टर्ड पिछला मूल बैनामा जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 04.08.1998 वही सं.-1 जिल्द संख्या-717 पृष्ठ सं.-87 से 104 क्रमांक 3979 स.र. बरेली में हुई कहीं खो गया है। जिसकी सूचना दिनांक 23.07.2024 को पुलिस को दी जा चुकी है। उक्त पिछले मूल बैनामें की अनुउपलब्धता के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस प्रकाशन के 15 दिन के भीतर अपनी आपत्ति व्यक्तिगत रूप से समस्त दस्तावेजों साक्ष्यों सहित मेरे कार्यालय में सामान्य कार्य दिवस की सामान्य कार्य अवधि में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर यह मानते हुये कि इस विषय में किसी कोई को आपत्ति नहीं है उपरोक्त लोन जारी कर दिया जायेगा।

**अमिताभ भंज, एडवोकेट**
**कार्यालय-चैम्बर नं. 11,**
**बड़ा वकालतखाना,**
**सिविल कोर्ट, बरेली।**
**सूचीवद्ध अधिवक्ता-पीरामल कैपिटल एण्ड हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड**

अमृत विचार
www.amritvichar.com

मूर्खशिष्योपदेशेन दुष्टास्त्रीभरणेन च।
दु:खितै: सम्प्रयोगेण पण्डितोऽप्यवसीदति॥

मूर्ख शिष्य को पढ़ाने पर, दुष्ट स्त्री के साथ जीवन बिताने पर तथा दुखियों- रोगियों के बीच में रहने पर विद्वान व्यक्ति भी दुखी हो ही जाता है।

## संपादकीय

# धरोहरों का संरक्षण

संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनेस्को हर साल विश्व धरोहर समिति का आयोजन करती है, जिसके तहत विश्व की प्राचीन विरासतों को विश्व धरोहर के रूप में चिन्हित किया जाता है। विश्व धरोहर समिति के इस वर्ष का आयोजन भारत में हो रहा है। भारत में यह आयोजन पहली बार हो रहा है। 21 जुलाई से शुरू हुआ यह आयोजन 31 जुलाई तक चलेगा। समिति वैश्विक धरोहरों से संबंधित मामलों का प्रबंधन करती है तथा स्थलों को विश्व धरोहर सूची में शामिल करने के बारे में निर्णय लेती है। हालांकि भारत हमेशा से यूनेस्को समेत संयुक्त राष्ट्र की सभी इकाइयों तथा क्रियाकलापों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेता रहा है, पर इस सम्मेलन की मेजबानी यह दर्शाती है कि विश्व के सांस्कृतिक परिदृश्य में भी भारत का महत्व बढ़ रहा है। समिति के 46 वें सत्र के उद्घाटन के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने ठीक ही कहा कि भारत इतना प्राचीन है कि यहां वर्तमान का हर बिंदु किसी न किसी गौरवशाली अतीत की गाथा कहता है। प्राचीनता के साथ-साथ विविधता भी भारतीय सभ्यता की एक प्रमुख विशिष्टता है। इसलिए धरोहरों में भी हमें बहुलता के साथ-साथ विविधता के दर्शन होते हैं। इस अवसर पर पूर्वोत्तर भारत के ऐतिहासिक मोइदम को लोकप्रिय विश्व धरोहर सूची में शामिल करने के लिए नामित किया गया है। इससे पूर्व भारत के 42 स्थल इस सूची में स्थान प्राप्त कर चुके हैं। धरोहर और विरासत का संरक्षण हमारा प्रमुख दायित्व है। इनके बारे में शोध और अनुसंधान भी निरंतर जारी रहना चाहिए।

संस्कृति और इतिहास भी वैचारिक संघर्षों की भूमि होते हैं। ऐसे संघर्षों में पूर्वाग्रह प्रभावी तत्व बन जाते हैं। इस स्थिति में पुरातन के संबंध में हमारी समझ धूमिल हो जाती है तथा हम अतीत के आयामों से पूर्णता एवं समग्रता से परिचित होने से वंचित रह जाते हैं। अक्सर अज्ञान और अनदेखी से विरासतें नष्ट हो जाती हैं। उनका नष्ट होना इतिहास एवं संस्कृति की वृहत पुस्तिका से एक अध्याय के विलुप्त हो जाने जैसा है। भारत अपनी धरोहरों के संरक्षण तथा पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ दुनिया के अनेक देशों में ऐसे कार्यों में सहयोग दे रहा है। सरकार के प्रयासों से विदेशों में रखी हुई अमूल्य धरोहरों को देश में वापस लाने के काम में तेजी आई है। अब तक 350 से अधिक कलाकृतियों को भारत लाया जा चुका है। इससे हमारी सांस्कृतिक समृद्धि में वृद्धि हुई है। विश्व धरोहर समिति की दस दिन चलने वाली बैठक में बीते साल के कामकाज की समीक्षा होगी। इस आयोजन में 150 से अधिक देशों के दो हजार से ज्यादा प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। धरोहरों के संरक्षण के आर्थिक लाभ भी हैं। सरकार और विभिन्न संस्थाओं के साथ-साथ नागरिकों को भी इसमें योगदान देना चाहिए।

# विकसित भारत की संकल्पना



डॉ. विकास प्रधान
असिस्टेंट प्रोफेसर
बीसलपुर (पीलीभीत)

कृषि आधारित अर्थव्यवस्था में कृषि को जिसकी वृद्धि दर महज 1.8 प्रतिशत गत वर्ष रही हो प्रथम वरीयता इस बजट में मिलना महत्वपूर्ण है, किंतु आंकड़ागत धन आवंटन में कृषि फिर भी पीछे रह गई, जिससे चार प्रतिशत की वृद्धि दर पाना निश्चय ही मुश्किल होगा। जबकि कृषिगत भूमि का संकुचन निरंतर बढ़ता जा रहा है और कृषि पर आय नहीं अन्न की निर्भरता बढ़ती जा रही है।

आज भी एक रुपए में सर्वाधिक हिस्सा लगभग 27 प्रतिशत उधारियों से प्राप्त हो रहा है, वहीं व्यय में 19 प्रतिशत ब्याज अदायगी में। इस पर नवीन विकल्प तलाशने होंगे प्रति व्यक्ति आय को सिर्फ जनसंख्या में भाग देकर बढ़ता हुआ देखना विकास नहीं हो सकता, बल्कि मनरेगा जैसी अन्य योजनाओं का निर्माण कर नवीन आय का निर्माण करना आवश्यक है। अन्यथा रुपए 48 .21 लाख करोड़ राशि का बड़ा बजट भारतीय अर्थव्यवस्था के एक हिस्से को तथा एक निश्चित जनसंख्या के जहाज को विकास की ऊंची उड़ान (टेक ऑफ स्टेज आफ डेवलपमेंट) की ओर तो ले जाएगा, लेकिन इसे लैंड कैसे और कहां करना है का विकल्प नहीं होगा और पूर्ण जनसांख्यिकी लाभांश नहीं मिल सकेगा।

मंगलवार को अंतरिम बजट 2024-2025 के चार प्रमुख स्तंभों गरीब, किसान, महिला और युवा का उल्लेख करते हुए माननीय वित्त मंत्री ने नौ नवीन प्राथमिकताओं के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की बात, विकसित भारत की संकल्पना के साथ वित्तीय वर्ष 2024-2025 का पूर्ण बजट प्रस्तुत किया है।

कृषि आधारित अर्थव्यवस्था में कृषि को जिसकी वृद्धि दर महज 1.8 प्रतिशत गत वर्ष रही हो प्रथम वरीयता इस बजट में मिलना महत्वपूर्ण है, किंतु आंकड़ागत धन आवंटन में कृषि फिर भी पीछे रह गई, जिससे चार प्रतिशत की वृद्धि दर पाना निश्चय ही मुश्किल होगा। जबकि कृषिगत भूमि का संकुचन निरंतर बढ़ता जा रहा है और कृषि पर आय नहीं अन्न की निर्भरता बढ़ती जा रही है। कृषि हेतु उत्पादकता से अधिक अनुकूलनीयता का उल्लेख करना आकर्षित करता है, जिसमें राष्ट्रीय सहकारिता नीति को व्यवस्थित करना दलहन व तिलहन में आत्मनिर्भरता पाना आदि पुरानी बातों को ही समाहित किया गया है, लेकिन जलवायु अनुकूलित नई किस्म के बीज विकसित करना और सब्जी उत्पादन हेतु नई सप्लाई चैन बनाना सराहनीय कदम है। अब चुनौती यह है कि कृषि शोध व कृषि में सार्वजनिक निवेश का बढ़ाना आवश्यक है।

द्वितीय प्राथमिकता में पुनः रोजगार व प्रशिक्षण को सम्मिलित करना प्रधानमंत्री पैकेज योजना का एक अंग है, जिसमें कामगारों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना तथा 5 वर्षों में 20 लाख युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देना कौशल विकास केंद्र की पुरानी अवधारणा को आगे बढ़ना ही है अर्थात इसमें कुछ नया नहीं है। जब तक उनकी उत्पादकता पर काम न किया जाए, एक कारण यह है कि आर्थिक सर्वेक्षण में जब वित्त मंत्री स्वयं स्वीकार चुकी हैं कि राष्ट्र में 50 प्रतिशत स्नातक रोजगार योग्य नहीं है, इसका दोष किसे दिया जाए? नीतियों में खामियां, पाठ्यक्रम का गैर व्यवसायीकरण या शिक्षा व्यवस्था। बजट में रुपए 7.5 लाख तक के ऋण की सुविधा उपलब्ध कराना, घरेलू संस्थानों में उच्चतर शिक्षा के लिए रुपए 10 लाख तक ऋण की वित्तीय सहायता और उसे पर ब्याज छूट के लिए ई-वाउचर देना युवाओं को आकर्षित कर सकता है, किंतु वही प्रशिक्षित युवा व शिक्षित युवा बाजार में अपने लिए या बाजार उसके लिए कितने अवसर उपलब्ध करा पता है, का प्रश्न रोजगार परकता पर अभी प्रश्न ही है जिसका उत्तर खोजना होगा। इसी क्रम में समावेशी मानव संसाधन व सामाजिक न्याय की अवधारणा में समावेशी तत्व महत्वपूर्ण है जिसे लघु व कुटीर उद्योगों में बजट आवंटन को बढ़ाकर मुद्रा ऋण की राशि को 10 से 20 लाख करना, 5 वर्षों में 1 करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना आदि सहायक सिद्ध होंगे और अर्थव्यवस्था विकास की ओर अग्रसर होगी।

विकसित भारत हेतु औद्योगिक विकास के रूप में औद्योगिक पार्क व औद्योगिक गलियारों को विकसित करने का बजट यह प्रावधान निश्चित ही आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देगा। बशर्ते अवसंरचना विकास नीतिगत निर्णय व समय विलंबना का शिकार न हो। वित्त मंत्री ने एक बड़ी धनराशि लगभग 11.11 लाख करोड़ पूंजीगत रूप में व्यय करने की बात कही है, जो सबसे महत्वपूर्ण है, जिसमें विनिर्माण व संरचना विकास हेतु व्यय प्रस्तावित है, ध्यान रहे कि इससे शहरीकरण को बढ़ावा मिलेगा, किंतु यह ग्रामीण वातावरण को और दूषित न करें। शहरों में शहरी हाट के विकास से अधिक ग्रामीण साप्ताहिक हाट को प्रोत्साहन देने से मुद्रा वेग व मुद्रा गुणक अधिक बलवान होगा, जिसकी आवश्यकता भी है। ऊर्जा सुरक्षा हेतु प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना उत्साहवर्धक है। साथ ही परमाणु रिएक्टरों का अनुसंधान व विकास व थर्मल पावर प्लांट में स्वदेशी प्रौद्योगिकी का प्रयोग ऊर्जा संरक्षण व निर्माण को बल देगा, जिसकी आवश्यकता भी है। पर्यटन व नवाचार में आंध्र प्रदेश व बिहार को वरीयता देने के अलावा बजट में कुछ नहीं है, जो भारत जैसी अर्थव्यवस्था का विकास की राह में अवरुद्धता उत्पन्न कर सकते हैं। साथ ही अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देते हैं हुए पूंजीगत आवंटन की अधिक धनराशि का व्यय जनकल्याण हेतु पूंजीगत व्यय में कटौती करके ही संभव होगा, जो वर्तमान में विकासशील भारत के हित में नहीं होगा। इन दोनों में संतुलन समय की मांग है। अगली पीढ़ी के सुधारों में सम्मिलित दायरों जैसे भूमि संबंधी कार्य, एनपीएस, वात्सल्य, आदि में शिक्षा स्वास्थ्य परिवहन पर्यावरण को भी सम्मिलित किया जा सकता था।

भारत ग्रामीण राष्ट्र है और ग्रामीण आर्थिक विकास व ग्रामीण अर्थव्यवस्था की समृद्धि के बिना विकसित भारत का सपना अधूरा है। वित्तमंत्री की प्रशंसा की जानी चाहिए कि ग्रामीण विकास हेतु बजट में 1.80 लाख करोड़ की व्यवस्था की गई है, जो ग्रामीण अव संरचना को विकसित करेगा। रक्षा क्षेत्र में जी.डी.पी (सकल घरेलू उत्पाद) का सबसे बड़ा हिस्सा व्यय करना समय की मांग हो सकती है, किंतु शिक्षा व स्वास्थ्य में अभी भी सार्वजनिक निवेश अत्यधिक कम है, जो चिंताजनक है। यद्यपि रेल मंत्रालय को 2.55 लाख करोड़ की सौगात बजट में दी गई है, लेकिन रेल सहित परिवहन विभाग में नवाचार, नए साधन, नई रेलगाड़ियां की बात स्पष्ट नहीं है। अर्थशास्त्र की भाषा में बात की जाए तो नौकरीपेशा व्यक्ति हतोत्साहित हुआ है, जिसे बचत करने, नया घर बनाने आदि का कोई प्रोत्साहन बजट में नहीं मिला, क्योंकि पुराने टैक्स स्लैब में 80 सी में बचत का दायरा हो या होम लोन की लालसा सब सिमट गई है, जिससे थोड़ा कर बचाने के लिए नए कर रिजीम में प्रवेश बचत को हतोत्साहित करेगी और अर्थव्यवस्था में इन्फ्लेशनरी प्रेशर अर्थात् महंगाई का दबाव बढ़ाएगी। साथ ही राजकोषीय घाटे का लक्ष्य तीन प्रतिशत जिसे बहुत पहले लक्षित किया गया था वर्तमान के 4.9 प्रतिशत राजकोषीय घाटे का होना उन निर्णय व अधिनियमों की विफलता का संकेत है।

एक तरफ घरेलू बचतों का हतोत्साहन व दूसरी तरफ निजी निवेश पर अल्पकाल में 20 प्रतिशत तथा दीर्घकाल में 12.5 प्रतिशत तक का बड़ा ब्याज देना तर्कसंगतता के रूप में अर्थव्यवस्था को असंतुष्ट करने जैसा है। यह संतुलन अत्यधिक उपभोग की अवस्था को जन्म दे सकता है, जिसके लिए संभवतः भारतीय अर्थव्यवस्था तैयार नहीं है।

आज भी एक रुपए में सर्वाधिक हिस्सा लगभग 27 प्रतिशत उधारियों से प्राप्त हो रहा है, वहीं व्यय में 19 प्रतिशत ब्याज अदायगी में। इस पर नवीन विकल्प तलाशने होंगे प्रति व्यक्ति आय को सिर्फ जनसंख्या में भाग देकर बढ़ता हुआ देखना विकास नहीं हो सकता, बल्कि मनरेगा जैसी अन्य योजनाओं का निर्माण कर नवीन आय का निर्माण करना आवश्यक है। अन्यथा रुपए 48.21 लाख करोड़ राशि का बड़ा बजट भारतीय अर्थव्यवस्था के एक हिस्से को तथा एक निश्चित जनसंख्या के जहाज को विकास की ऊंची उड़ान (टेक ऑफ स्टेज आफ डेवलपमेंट) की ओर तो ले जाएगा, लेकिन इसे लैंड कैसे और कहां करना है का विकल्प नहीं होगा और पूर्ण जनसांख्यिकी लाभांश नहीं मिल सकेगा।

## प्रसंगवश

# बजट से वृद्ध निराश



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

हिंदू धर्म और संस्कृति में वृद्ध जनों के सम्मान और सेवा संबंधी बड़ी-बड़ी बातें कही गई हैं। मनुस्मृति कहती है कि 'अभिवादनशील और नित्य वृद्धों की सेवा करने वाले की चार चीजें बढ़ जाती हैं: आयु, विद्या, यश और बल'। महाभारत में उल्लेख है कि 'वह सभा ही नहीं है, जिसमें वृद्ध न हों'।

वाल्मीकि प्रसंग है कि रामायण में जब भरत श्रीराम को मनाने वन में गए हैं तो राम ने उनसे कुशल प्रश्न पूछने के बहाने सारी राजनीति सिखलाई है। श्रीराम उनसे पूछते हैं कि "तात! क्या तुम देवतावों, पितरों, भृत्यों, पिता के समान आदरणीय वृद्धों, वैद्यों और ब्राह्मणों का सम्मान करते हो?" और अब तो संयुक्त राष्ट्र संघ की सामान्य सभा द्वारा भी 1 अक्टूबर का दिन "अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस" के रूप में मनाने की अपेक्षा की गई है। वह मनाया भी जाता है। हालांकि सद्यः प्रस्तुत किए गए देश के आम बजट में वृद्धों की अवहेलना जारी है। वे बेचारे कुछ सुविधाओं के लिए आस लगाए बैठे थे, किंतु निराशा ही हाथ लगी। कुछ समय पहले तक उन्हें रेल किराए में छूट मिलती थी, जो मोदी सरकार ने खत्म कर दी थी। सोचा था अबकी शायद यह रियायत बहाल हो जाए, पर ऐसा नहीं हुआ। चूंकि वृद्धजन युवाओं के समान पुरुषार्थ करने से तो रहे, अतः उन्हें डाकघर, बैंक आदि में जमा धन राशियों पर अधिक ब्याज मिलने की आशा रहती है। मोदी काल में ये दरें निरंतर घटीं। इससे उनका जेब खर्च कम का कम ही बना रहा। आयकर में उन्हें जैसी और जो अल्प सुविधा अब तक थी, वही बनी रही। उससे आगे उन्हें कुछ भी नहीं मिल सका, जबकि महगाई बराबर बढ़ रही है। उनकी कर छूट सीमा अवश्य बढ़ाई जानी चाहिए थी, किंतु ऐसा नहीं हुआ।

पुरानी पेंशन बहाल नहीं की गई। कोरोना काल में रोकी गई मंहगाई भत्ते की किश्त भी नहीं प्रदान की गई, जबकि कहा यह जा रहा है कि भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बन चुका है। समाज में वृद्धों के साथ उपेक्षा और अत्याचार की खबरें आम हैं। संतानें उन्हें प्रताड़ित करती हैं, घर से निकाल देती हैं। इस पर जो कानून है, वह अव्यवहारिक है। फिलहाल केंद्र सरकार बुजुर्गों को रामभरोसे ही छोड़े है।

# शिक्षा में गुणवत्ता की आवश्यकता



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

अधिक निराशा की बात यह है कि इस स्थिति को सुधारने की कोई प्रशासनिक इच्छा शक्ति तो नहीं ही दिखाई जा रही, राजनीतिक इच्छा शक्ति का भी घोर अभाव है।

नए आर्थिक सर्वेक्षण में सरकार ने स्वीकार किया है कि देश के विश्वविद्यालयों से डिग्री लेकर निकलने वाला हर दूसरा नौजवान किसी काम के लायक नहीं होता। यानी पचास प्रतिशत, कहें तो आधे डिग्रीधारी नौजवान किसी नौकरी के लायक नहीं होते। कुछ वर्ष पहले चैंबर ऑफ कॉमर्स ने यह अनुपात इससे भी भयानक बताया था। कहा गया था कि देश के तकनीकी संस्थानों से निकलने वाले पचहत्तर प्रतिशत तकनीकी ग्रेजुएट किसी काम के लायक नहीं होते, जबकि पचासी प्रतिशत सामान्य ग्रेजुएट किसी नौकरी के लायक नहीं होते।

अब, सरकार है तो अपनी रिपोर्ट में कुछ लाज बचाकर ही बातें करेगी। इसलिए पचासी और पचहत्तर प्रतिशत को पचास प्रतिशत के दायरे में समेट कर नए आंकड़े जारी किए गए। जब कोई ग्रेजुएट होकर रोजगार के बाजार में उतरता है तो उसे "किसी काम के लायक नहीं" का तमगा पहना देना बहुत आसान है, लेकिन यह जिम्मेदारी लेने को कोई तैयार नहीं होता कि आखिर किसी नौजवान को इस शिक्षण तंत्र ने कैसे "नालायक" बनाकर अकेला छोड़ दिया। न सिर्फ बनाकर, बल्कि अब वे उसे नालायक बता भी रहे हैं। क्या इसमें उस नौजवान की एकांत जिम्मेदारी है या हमारे शिक्षण तंत्र की विफलता भी इसमें शामिल है? सीधा सादा मामला बनता है शिक्षण की गुणवत्ता का और उस माहौल का, जो हम उस नौजवान को देते हैं। यानी, हमारा तंत्र अरबों रुपए खर्च कर करोड़ों नौजवानों को "किसी काम के लायक नहीं" की माला पहना कर जिंदगी के बियाबान में भटकने छोड़ देता है और हम विश्व गुरु आदि के दिवास्वप्न में डूबने लग जाते हैं। इस संदर्भ में कुछ बातें काबिले गौर हैं। आर्थिक सर्वेक्षण में देश भर के पचास प्रतिशत डिग्री धारियों के किसी लायक नहीं होने की बात कही गई है। यानी इसमें देशभर में फैले विश्वविद्यालयों, अन्य शैक्षणिक संस्थानों के साथ ही तमाम आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी आदि के साथ ही बीएचयू, जेएनयू, डीयू, हैदराबाद यूनिवर्सिटी आदि जैसे नामचीन संस्थान भी शामिल हैं। सरकार ने अपनी रिपोर्ट में औसत निकालकर आंकड़े प्रस्तुत किए हैं। थोड़ी गहराई से सोचें तो आईआईटी, आईआईएम, जेएनयू आदि से निकलने वाले नौजवानों में ऐसी संख्या आनुपातिक रूप से कम होगी, जिन्हें किसी लायक नहीं कह सकें बनिस्पत बिहार-यूपी आदि के सामान्य संस्थानों से निकलने वालों के। मन थर्रा उठता है अगर यह सोचा जाए कि देश भर के पचास प्रतिशत "किसी लायक नहीं" बन पाने वालों में बिहार के विश्वविद्यालयों से निकलने वाले बच्चों का अनुपात क्या होगा?

इनमें बिहार जैसे पिछड़े राज्यों में अवस्थित निजी विश्वविद्यालयों या अन्य निजी संस्थानों से निकलने वाले बच्चों का अनुपात क्या होगा। कोई रिपोर्ट अगर जारी हो और सच से पर्दा उठ सके तो पता चले कि बिहार, उत्तर प्रदेश आदि में अवस्थित अधिकतर सरकारी और निजी शैक्षणिक संस्थान प्रतिभाओं के हंता बन कर रह गए हैं। देश के ऐसे नौजवान, जो डिग्री हासिल करने के बाद नियोक्ताओं के शब्दों में "किसी नौकरी के लायक" नहीं होते, आनुपातिक रूप से उनकी सबसे अधिक पैदावार हिंदी पट्टी के इन इलाकों में ही होती है। इससे भी अधिक निराशा की बात यह है कि इस स्थिति को सुधारने की कोई प्रशासनिक इच्छा शक्ति तो नहीं ही दिखाई जा रही, राजनीतिक इच्छा शक्ति का भी घोर अभाव है। लगता ही नहीं कि बिहार जैसे भयानक बेरोजगारी से ग्रस्त निर्धन राज्य के राजनीतिज्ञों को अपने विश्वविद्यालयों की दशा-दिशा से कोई मतलब भी है। सबकी आंखों के सामने हमारे अधिकतर विश्वविद्यालय सर्वाधिक भ्रष्ट सरकारी ऑफिसों में शुमार हो चुके हैं, जहां दिन-रात नियम कानूनों की खुलेआम हत्या होती है, जहां शिक्षा की गुणवत्ता पर सिर्फ मुंह जबानी बातें होती हैं, जहां के नामांकित छात्र इस देश के सबसे अधिक अभागे छात्रों में शुमार हैं और जहां से निकलने वाले अधिकांश ग्रेजुएट सच में किसी काम के लायक नहीं होते।

यह सब कोई कुछेक व्यक्तियों और समूहों की कारस्तानी नहीं, बिहार के अधिकतर विश्वविद्यालयों में प्रतिभाओं की, उत्साहों की, शैक्षणिक गुणवत्ता की, निष्ठाओं की, नियमों की, कानूनों की बाकायदा संस्थानिक हत्या होती है और यह सब कोई लुक छिप कर नहीं, खुला खेल फर्रुखाबादी की तर्ज पर होता है। बिहार सरकार को चाहिए कि वह केंद्र सरकार की तर्ज पर कोई विशेष सर्वेक्षण करवाए, जिससे हम जान सकें कि हमारे राज्य के संस्थानों से निकलने वाले कितने प्रतिशत ग्रेजुएट किस लायक बन पा रहे हैं।

## सोशल फोरम

# श्वेत प्रासाद में अश्वेत महिला



अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

अमेरिका के इतिहास में पहली बार ऐसा हो रहा है कि कोई महिला और वह भी अश्वेत राष्ट्रपति पद की दावेदार बनी है। इसके प्रमुख सबक हैं। पहला, पूंजीवाद यदि अपने ही हितों में काम करे तो प्रत्यक्ष रूप में सामाजिक भेदभाव के संस्कार दूर करता है। वह सामाजिक उत्पीड़न और विषमता दूर नहीं करता, लेकिन उन पर टिके सामंती संस्कारों को दूर करता है।

दूसरा, कमला हैरिस की उम्मीदवारी की घोषणा स्वयं निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन ने की है। यह 'अबकी बार ट्रम्प सरकार' का मुकाबला करने का डेमोक्रेट्स का आह्वान है। मुझे कमला हैरिस के "भारतीय" मूल से कोई खास उत्साह नहीं हो रहा है, लेकिन रिपब्लिकन की तुलना में डेमोक्रेट्स अमेरिका के लिए बेहतर हैं। तीसरा, अमेरिकी समाज में जनतांत्रिक चेतना, पूंजीवाद के दायरे में ही, इतनी तो है कि "भारतीय" मूल की उम्मीदवार को लेकर मुंडन कराने, धराशायी होने की धमकियां नहीं दी जा रही हैं, बल्कि भारतीय मूल के अमेरिका जा-बसैयों की शक्ति का पता चलता है। यह शक्ति केवल राजनीतिक नहीं है। हर क्षेत्र में भारतवंशी अग्रणी हैं। अब "मूल" निवासियों ने इनके प्रतिनिधि को शासन के शीर्ष पद के लिए प्रस्तावित किया है।

चौथा, अमेरिका अब एकमात्र महाशक्ति है। उसके राजनीतिक पटल का विश्व परिदृश्य पर असर पड़ता है। फिलिस्तीन पर इस्राइली हमलों के खिलाफ अमेरिकी विश्वविद्यालयों में जो विरोध प्रदर्शन हुए थे, उसके बाद विद्यार्थियों को खुफियागिरी, धमकी और पुलिस कार्रवाई का सामना करना पड़ा। यह सब डेमोक्रेट बाइडेन के काल में हुआ। फिर भी वैश्विक राजनीति की दृष्टि से रिपब्लिकन की तुलना में डेमोक्रेट्स बेहतर हैं। ओबामा अश्वेत थे और वे डेमोक्रेटिक पार्टी में एक महिला को पीछे करके आए थे। इतिहास ने करवट बदली है और उसी डेमोक्रेटिक पार्टी में ओबामा के वारिस बाइडेन ने अश्वेत महिला को अपना उम्मीदवार घोषित किया है।

-फेलबुक वॉल से

# क्या अवधेश प्रसाद होंगे सपा के मुख्यमंत्री दावेदार



नवेद शिकोह
वरिष्ठ पत्रकार

यूपी के आगामी विधानसभा चुनाव में बसपा के पास दलित समाज की घर वापसी करने का एक ये प्लस प्वाइंट है कि मायावती मुख्यमंत्री की दावेदारी का अकेला दलित चेहरा होंगी। इसकी काट न एनडीए के पास है और न इंडिया के पास।

दलित वोट बैंक उत्तर प्रदेश की सियासत का टर्निंग प्वाइंट बन गया है। यहां बसपा हाशिए पर है तथा इंडिया और एनडीए बराबर की शक्तियां बनकर किसी भी चुनाव के लिए दो-दो हाथ करने को तैयार हैं। लोकसभा चुनाव में यूपी के नतीजों के हिसाब से तो इंडिया एनडीए पर भारी है। यूपी में भाजपा की हार और इंडिया की जीत के तमाम कारणों में एक बड़ा कारण ये है कि दलित समाज का बड़ा हिस्सा भाजपा और बसपा से खिसक कर इंडिया यानी सपा और कांग्रेस के साथ दिखाई दिया। आगे भी बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि दलित वर्ग किसके साथ आ रहा है और किसका साथ छोड़ रहा है।

बताते चलें कि अब से करीब दस बरस पहले यूपी में बसपा का इस समाज पर एकछत्र राज चलता था। पूर्व में 2014 के लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने यूपी में दलितों-पिछड़ों का विश्वास जीतने की रणनीति में सफलता हासिल करने का सिलसिला शुरू किया था। गैर यादव पिछड़ी जातियों के बड़े वर्ग के साथ दलित समाज का करीब आधा हिस्सा भाजपा को निरंतर चुनावी सफलताएं दिलाने में सफल रहा। ऐसे में ज्यों-ज्यों भाजपा मजबूत होती गई बसपा उतनी ही कमजोर होती गई। 2024 के लोकसभा चुनाव में सूबे में एक नया बदलाव आया और भाजपा व बसपा से जुड़ा दलित वर्ग छिटककर सपा और कांग्रेस (इंडिया) पर विश्वास करता दिखा। भाजपा को अतिआत्मविश्वास था कि गरीब-वंचित वर्ग को फ्री राशन और गरीब कल्याण योजनाएं जोड़े रहेंगी, किंतु आरक्षण, जाति जनगणना और बढ़ते निजीकरण की चर्चाओं के बीच संविधान की रक्षा सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा बन गया। महंगाई और बेरोजगारी ने भी असर किया और यूपी में भाजपा को भारी नुकसान उठाना पड़ा। बसपा की सियासी निष्क्रियता, गठबंधन की राजनीति के इस दौर में मायावती का अकेले चुनाव लड़ने का फैसला, पार्टी संयोजक आकाश आंनद द्वारा भाजपा पर आक्रामक होने पर उन्हें बैठा देने जैसे घटनाक्रम से बसपा पर भाजपा की बी टीम के आरोप गहरे होते गए।

इससे मुस्लिम समाज ने तो बसपा को सिरे से खारिज किया ही बचाखुचा अच्छा खासा दलित समाज भी इंडिया के साथ आ गया। बसपा के मूल वोटबैंक को लगा कि पार्टी सुप्रीमो चाहती ही नहीं हैं कि उनकी पार्टी सत्ता में भागीदारी निभाए। ऐसे में भाजपा से नाखुश दलित समाज को न चाहकर भी बसपा के बजाय इंडिया को मजबूत करना बेहतर लगा। बसपा यदि अपना अस्तित्व बचाने के लिए यूपी के आगामी विधानसभा चुनाव तक यानी ढाई-तीन वर्ष निरंतर सपा या कांग्रेस जैसे विपक्षी दलों के बजाय सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ आक्रामक रही, पार्टी सुप्रीमो मायावती मुस्लिम-मुस्लिम का पहाड़ा छोड़कर दलित समाज के लिए जमीनी संघर्ष करती नजर आईं, संविधान की रक्षा जैसे विषयों पर गंभीर दिखीं, जाति जनगणना, आरक्षण जैसे मुद्दों पर मुखर रहीं। निजीकरण के खिलाफ मोर्चा खोला या प्राइवेट कंपनियों में आरक्षण की मांग दमदार तरीके से उठाई तो बसपा अपना खोया दलित जनाधार भाजपा और इंडिया से थोड़ा बहुत वापस लाकर सूबे में त्रिकोणीय ताकत के समीकरण पैदा कर सकती है।

यूपी के आगामी विधानसभा चुनाव में बसपा के पास दलित समाज की घर वापसी करने का एक ये प्लस प्वाइंट है कि मायावती मुख्यमंत्री की दावेदारी का अकेला दलित चेहरा होंगी। इसकी काट न एनडीए के पास है और न इंडिया के पास। सपा मुखिया चाहें तो पार्टी और इंडिया हित में वो त्याग की भावना दिखाकर दलित राजनीति का बड़ा ट्रंप कार्ड खेलकर अपनी सफलता की रफ्तार को आगे बढ़ा सकते हैं। अयोध्या में भाजपा को पराजित कर ऐतिहासिक जीत हासिल कर एक बड़ा राजनीतिक संदेश देने वाले सपा के वरिष्ठ नेता, कई बार के विधायक, मौजूदा सपा सांसद अवधेश प्रसाद को अखिलेश यादव यूपी के मुख्यमंत्री का दावेदार बनाकर बड़ी सियासी चाल चल सकते हैं। खुद मुख्यमंत्री बनने का मोह छोड़कर यदि अखिलेश यादव ने ऐसा कदम उठा लिया तो उनको अनेक लाभ मिलने की संभावना बन जाएगी। वो राष्ट्रीय फलक पर और तेजी से उभरेंगे, उनका कद राष्ट्रीय राजनीति में और भी ऊंचा हो जाएगा। दलित समाज से सपा की पुरानी कड़वाहट पूरी तरह दूर हो जाएगी। खुद जीतने की कोशिश के बजाय भाजपा को जिताने और बार-बार सपा को हराने कि रणनीति बनाने वाली बसपा को इस तरह सपा अच्छा सबक भी सिखा सकती है।

देश के अधिकांश राजनीतिक दल परिवारवादी कहलाते हैं। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को अक्सर परिवार वाद के आरोपों से घेरा जाता है। कांग्रेस ने इन इल्जामों से घिरी अपनी छवि को तोड़ने की हर संभव कोशिश समय-समय पर की है। दस साल चलने वाली यूपीए सरकार में सोनिया गांधी प्रधानमंत्री बन सकती थीं, लेकिन पार्टी कार्यकर्ताओं की मांग के बाद भी उन्होंने पीएम बनना स्वीकार नहीं किया। राहुल गांधी को प्रत्यक्ष रूप से प्रधानमंत्री की दावेदारी का चेहरा नहीं बनाया गया। मौजूदा समय में राहुल गांधी या सोनिया गांधी के बजाय कांग्रेस के दलित चेहरे मल्लिकार्जुन खड़गे को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया। शायद यही सब कारण रहे कि आज कांग्रेस हाशिए से बाहर निकलकर अपनी पुरानी सियासी ताकत हासिल करने के लक्ष्य की तरफ बढ़ती दिख रही है।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को अपने सहयोगी दल कांग्रेस के गांधी परिवार से त्याग की भावना सीखना चाहिए। यूपी में दलित चेहरे को मुख्यमंत्री का दावेदार बनाकर सपा अपने पीडीए की धार को और भी मजबूत कर देती है तो ताज्जुब नहीं कि अखिलेश यादव भविष्य की राष्ट्रीय राजनीति में प्रधानमंत्री पद की दावेदारी का बड़ा चेहरा बन जाएं।

# व्यक्ति और समाज का सापेक्ष संबंध



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

समाज अनेकानेक व्यवस्थाओं की एक व्यवस्था है। अब अनेकानेक की कोई संख्या तो बतला नहीं सकूंगा। कैसे बतलाऊं? जीवन का विस्तार असीम है और इस विस्तार की दिशाएं या कोण भी अगणित हैं। इस विस्तार, दिशाओं और कोणों में कितनी संस्थाएं या व्यवस्थाएं काम कर रही हैं? इसे कौन बतला सकता है?

ये संस्थाएं या व्यवस्थाएं परिवार से लेकर विश्वसंस्थाओं तक फैली हुई हैं। ये व्यवस्थाएं न्याय से भी जुड़ी हैं, शिक्षा और चिकित्सा से भी जुड़ी हैं। ये संस्थाएं या व्यवस्थाएं पुलिस सेना रक्षा संचार से भी संबद्ध हैं। राजनीति और प्रशासन से भी जुड़ी हैं। ये व्यवस्थाएं धार्मिक भी हैं, आर्थिक, व्यापारिक, औद्योगिक भी हैं। ये व्यवस्थाएं कृषि से भी जुड़ी हैं। ये व्यवस्थाएं स्थानीय भी हैं और विश्वस्तरीय भी हैं। ये संस्थाएं, व्यवस्थाएं या संगठन बनते और बिगड़ते रहते हैं, आगे भी बढ़ते हैं, पीछे भी हो जाते हैं। इनमें विरोध और अंतर्विरोध भी होते हैं, लेकिन इनके बीच एक संतुलन या समन्वय हमेशा बना रहता है। यह संतुलन और समन्वय ही समाज के स्वस्थ होने का लक्षण है। संतुलन समन्वय का आधार परस्पर विश्वास तथा परस्पर विश्वास का आधार सत्य है, लेकिन जब सत्य के स्थान पर छल आ जाता है, तब भरोसा भी विचलित हो जाता है, जब भरोसा विचलित हो जाता है, तब संतुलन और समन्वय गड़बड़ा जाता है, तब समाज के स्वास्थ्य की चिंता होती है, क्योंकि समाज स्वस्थ है तो व्यक्ति भी स्वस्थ होगा, उसके जीवन में सुख चैन होगा, लेकिन समाज ही अस्वस्थ होगा तब व्यक्ति का स्वस्थ रह पाना कठिन होता चला जाएगा।

झूठ, छल, कपट, अपराध, हिंसा, जबरदस्ती जैसी घटनाएं बढ़ती चली जाएंगी। मत्स्य न्याय या जंगलराज जैसा हो जाएगा। अशांति हो जाएगी। यह व्यक्ति और समाज का सापेक्ष संबंध है।

# दफ्तर में घुसकर सचिव पर तानी रिवॉल्वर, धमकाया

## नोटिस के बाद भी धनराशि नहीं जमा कर रहा था आवंटी

अयोध्या कार्यालय

### आरोपी अक्सर ऑफिस आकर बनाता था दबाव



सचिव सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी प्राधिकरण द्वारा जनकपुरी में विकसित की जा रही एलआईजी कॉलोनी में भी एक फ्लैट के लिए दबाव बना रहा था। जबकि उसे बताया जा रहा था कि आवंटन नीलामी प्रक्रिया के तहत होगा। उन्होंने बताया कि नोटिस और फ्लैट को लेकर आरोपी अक्सर आफिस आकर दबाव बनाता था।

- अयोध्या विकास प्राधिकरण में हुई घटना

**अमृत विचार :** अयोध्या विकास प्राधिकरण कार्यालय में बुधवार को आवंटी बताए जा रहे एक युवक ने सचिव सत्येंद्र कुमार सिंह के कक्ष में घुस कर उन पर रिवॉल्वर तान दी और जमकर अभद्रता की। कक्ष में तेज आवाजें सुन दौड़े प्राधिकरण कर्मियों ने आरोपी को दबोच प्राधिकरण सचिव को किसी तरह सुरक्षित किया। कैंट पुलिस आरोपी पंकज उपाध्याय को थाने ले आई है। सचिव ने केस दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है। घटनाक्रम को लेकर प्राधिकरण कर्मियों में तीखा आक्रोश है।

जनकपुरी निवासी पंकज उपाध्याय को गुप्तारघाट में प्राधिकरण द्वारा एक दुकान आवंटित की गई है। जिसकी करीब 55 लाख 75 हजार रुपये की धनराशि उसे प्राधिकरण कोष में जमा करनी थी। धनराशि जमा न करने पर प्राधिकरण द्वारा उसे कई नोटिस जारी किये गये। इसी बीच वह हाईकोर्ट चला गया। हाईकोर्ट की ओर से उपाध्यक्ष को प्रकरण निस्तारण के आदेश दिए गए। बार-बार नोटिस से खफा होकर पंकज उपाध्याय बुधवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे प्राधिकरण कार्यालय पहुंच गया। वहां सचिव से मुलाकात के लिए पर्ची भेजने के बाद कुछ देर तक गलियारे में टहलता रहा। बुलावे पर भीतर जाते ही सचिव सत्येंद्र कुमार सिंह से भिड़ गया और ऊंची आवाज में अपशब्द कहने लगा। सचिव सत्येंद्र कुमार ने बताया कि उसे समझाने का प्रयास किया, लेकिन नहीं माना तो उसे ऑफिस से चले जाने के लिए कहा। इस पर वो तैश में आ गया और कमर में खुसी रिवॉल्वर निकाल कर तान दी। सचिव ने बताया कि उन्होंने उसका हाथ पकड़ लिया। कैंट थाना पुलिस को सूचना दी गई। कैंट थाना प्रभारी दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और सीसीटीवी फुटेज आदि हासिल करने के बाद आरोपी को कैंट थाने ले गये।

## राहुल गांधी कल कोर्ट में होंगे हाजिर

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में कांग्रेस सांसद व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शुक्रवार को एमपी-एमएलए कोर्ट में हाजिर होंगे। कोर्ट ने राहुल गांधी का बयान दर्ज करने के लिए 26 जुलाई की तारीख नियत की है। इस मामले में कोर्ट ने कड़ा रूख अख्तियार किया है। गौरतलब है कि बंगलुरु में एक जनसभा के दौरान राहुल गांधी ने तत्कालीन बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौजूदा केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक बयानबाजी की थी। जिसको लेकर कोतवाली देहात थाने के हनुमानगंज निवासी कोआपरेटिव के पूर्व चेयरमैन व बीजेपी नेता विजय मिश्रा ने 4 अगस्त 2018 को राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था, जिसमें राहुल की जमानत पहले ही हो चुकी है। इस संबंध में कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से दी गई सूचना के अनुसार राहुल कोर्ट में पेश होने के लिए शुक्रवार को जिले में आएंगे।

# नौ करोड़ के राख घोटाले में कई कर्मचारी जांच की जद में

संवाददाता, रायबरेली

- ऊंचाहार की दो एजेंसियों के बीच विरुद्ध प्रारंभिक जांच शुरू

**अमृत विचार :** एनटीपीसी में राख निस्तारण में हुए नौ करोड़ के खेल में एनटीपीसी के दो अधिकारियों अरविंद कुमार राय और त्वरित बंगाल के विरुद्ध कार्रवाई चल रही है, किंतु इसमें कुछ अन्य कर्मचारी और निजी एजेंसी भी जांच की जद में है। जिसमें ऊंचाहार की दो एजेंसियों अमर इंटर प्राइजेज और द्विवेदी रोड लाइंस के विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज हो सकती है।

ऊंचाहार की जिन दो एजेंसियों के विरुद्ध प्रारंभिक जांच शुरू हुई है, इन एजेंसियों ने एनटीपीसी से राख उठाकर सड़क निर्माण में एनएचएआई को आपूर्ति की थी। इन एजेंसियों ने न सिर्फ एनटीपीसी को चूना लगाया है, अपितु अधिक लोड भरकर परिवहन नियमों को भी तोड़ा गया है। इनके काले कारनामों का साक्ष्य एनटीपीसी द्वारा लगाए गए तौल करने वाले धर्म कांटे में दर्ज है। अधिकतम 55 टन भार लोड करने के नियम को दरकिनार करके 65 टन तक राख लोड किया गया है। यहीं नहीं इन एजेंसियों ने राख की आपूर्ति डेढ़ से ढाई सौ किमी की दूरी करने का क्लेम एनटीपीसी से किया है, जिसका वाहन भाड़ा भी एनटीपीसी से हासिल किया है। इसमें सबसे बड़ा खेल यह हुआ कि जिस टैंकर ने एनटीपीसी के ऐश पांड से राख लोड की। वहीं करीब 500 किमी की दूरी मात्र चार घंटे में तय करके वापस लौट आया और दूसरी बार लोडिंग की है।

यह सारा खेल एनटीपीसी के अभिलेखों में प्रमाण के रूप के पकड़ा गया है। पूरे मामले की जांच कर रही विजिलेंस ने दोनों एजेंसियों के वाहन भाड़े के अभिलेखों को कब्जे में लिया है। उसके बाद अब इन एजेंसियों के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराने की कवायद शुरू हुई है। जिसके बाद राख का काम करने वाली एजेंसियों में हड़कंप मचा हुआ है।

## सार-संक्षेप

### दो हजार चिकित्सक बन गए विशेषज्ञ डॉक्टर



**लखनऊ, अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी दूर हो गई, उच्च न्यायालय (लखनऊ बेंच) के एक आदेश से विभाग की समस्या का समाधान हो गया। वर्तमान में सेवारत करीब दो हजार डिप्लोमाधारी डॉक्टर विभागीय रिकार्ड में विशेषज्ञ हो गए हैं। जन सामान्य को गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए बीते कई दशक से राज्य सरकार द्वारा सरकारी अस्पतालों में कार्यरत एमबीबीएस डॉक्टरों को विभिन्न विषयों में डिप्लोमा करने भेजा जाता था। प्रदेश के आठ मेडिकल कॉलेजों में संसाधन बढ़ने के साथ ही डिप्लोमा लेने वालों की संख्या में भी इजाफा होने लगा। नतीजतन हर साल पीएमएसएच के 150-200 एमबीबीएस डॉक्टर दो वर्षीय डिप्लोमा मिलने लगा था। तकनीकी रूप से दिक्कत पंजीकरण को लेकर आ गई, तत्कालीन मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया (नेशनल मेडिकल कमीशन)द्वारा मेडिकल कॉलेजों को डिप्लोमा सीट नहीं बढ़ाई गई, लिहाजा मेडिकल कॉलेजों के पास प्रति डिप्लोमा जितनी अधिकृत सीटें होती थी, उतने ही डॉक्टरों को उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी में बतौर विशेषज्ञ पंजीकृत किया जाता था।

### पूर्व विधायक के खिलाफ जमानतीय वारंट

**सुलतानपुर,अमृत विचार :** चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में सपा पूर्व विधायक अनूप संडा के खिलाफ एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने कोर्ट में हाजिर न होने पर उनके खिलाफ जमानतीय वारंट जारी कर 8 अगस्त को तलब किया है । विशेष लोक अभियोजक वैभव पाण्डेय ने बताया 20 फरवरी 2022 को केएनआईटी कस्बा में मंदिर के पास बिना अनुमति जनसभा करने के आरोप में तत्कालीन दरोगा मुकेश कुमार ने चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में सपा पूर्व विधायक अनूप संडा के खिलाफ केस दर्ज कराया था।

### यूएई में फंसे उप्र के दो नागरिकों को भारत लाने की पहल

**लखनऊ, अमृत विचार :** यूएई में फंसे उप्र. के दो नागरिकों को सकुशल भारत लाने के लिए नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने पहल की है। दोनों में एक मऊ तो दूसरा नागरिक कानपुर देहात से है। कैबिनेट मंत्री ने उनकी सहायता के लिए पीएमओ से सम्पर्क कर उनकी सुरक्षा और प्रत्यर्पण के आग्रह किया, जिसके बाद प्रधानमंत्री के निर्देश पर कार्रवाई शुरू की गई। इस दौरान यूएई स्थित भारतीय काउंसलेट को दिए गए निर्देश उसने वहां फंसे दोनों भारतीयों से मुलाकात की। एके शर्मा ने बताया कि मऊ जिले के रहने वाले विशाल सिंह पुत्र संजय सिंह और कानपुर देहात ज़िले की सर्वेश कुमारी पत्नी मनोज यादव नौकरी के लिए यूएई गए थे। लेकिन उनके एजेंटों एवं संभावित नियोक्ता द्वारा धोखा दिया गया। उनके नियोक्ता ने दोनों नागरिकों पर दबाव डालकर उनसे ऋण के कागजात पर हस्ताक्षर करवा लिए और उनके नाम पर स्वयं ऋण प्राप्त कर लिया। इस कारण यह लोग दुबई में कानूनी एवं आर्थिक मामलों के केस में फंस गए और उनको कोई नौकरी भी नहीं मिली।

### 140 ग्राम स्मैक के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार

**बहराइच, अमृत विचार :** भारत नेपाल सीमा पर एसएसबी और पुलिस ने संयुक्त पेट्रोलिंग करते हुए दो तस्करों को पकड़ा है। उनके पास से 70 लाख मूल्य की 140 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। जिसे सीज कर दिया गया है। भारत नेपाल सीमा पर रूपईडीहा थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन के पास एसएसबी और पुलिस के जवान गश्त कर रहे थे। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि रात पौने नौ बजे गश्त के दौरान भूरे उर्फ जियाउल हक निवासी मुकाम निबिया हुसैनपुर और सिराज निवासी सलारगंज निकट पानी टंकी थाना दरगाह शरीफ बहराइच को गिरफ्तार किया गया। जिनकी तलाशी से भूरे उर्फ जियाउल हक उपरोक्त के पास से 75 ग्राम व अभियुक्त सिराज उपरोक्त के पास से 65 ग्राम कुल 140 ग्राम स्मैक बरामद हुआ। जिस पर थाने लाकर दोनों के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया। बरामद स्मैक को पुलिस ने सीज कर दिया।

# पेपर लीक मामले के मास्टरमाइंड राजीव नयन को मिली जमानत

विधि संवाददाता,प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बुधवार को आरओ-एआरओ और पुलिस भर्ती पेपर लीक मामले के मास्टरमाइंड राजीव नयन मिश्रा उर्फ राहुल मिश्रा को बड़ी राहत देते हुए उसे जमानत दे दी है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार पचौरी की एकलपीठ ने प्रयागराज के सिविल लाइंस थाने में 2 मार्च को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के सचिव अशोक कुमार द्वारा दर्ज मामले में राजीव को राहत देते हुए पारित किया। इससे पहले राजीव नयन को मेरठ, नोएडा और कौशांबी में दर्ज मामलों में भी हाईकोर्ट से जमानत मिल चुकी है। कौशांबी पुलिस ने आरओ-एआरओ पेपर लीक मामले में मास्टरमाइंड राजीव नयन सहित 23 सदस्यों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। कौशांबी पुलिस ने मंझनपुर, कोखराज व प्रयागराज के सिविल लाइंस थाने में दर्ज मुकदमों को आधार बनाकर गैंगस्टर के तहत कार्यवाही की है। इस कारण राजीव अभी जेल से बाहर नहीं आ सकेगा। इन दिनों वह मेरठ जेल में बंद है।

मालूम हो कि 11 फरवरी 2024 को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने कई शहरों में आरओ/एआरओ की भर्ती परीक्षा आयोजित कराई थी, जिसका पेपर राजीव ने प्रिंटिंग प्रेस के कर्मचारी सुशील रघुवंशी से 10 लाख में लिया था और इससे उसने लगभग एक करोड़ रुपए कमाए। इस मामले में अब तक करीब 19 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है जो अलग-अलग जेलों में बंद हैं। राजीव का नाम अब तक कुल चार भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक मामले में सामने आया है। रिकॉर्ड के अनुसार वर्ष 2019 में राजीव भोपाल के ही तरुणेश अजारिया से मिला। तरुणेश पैसा लेकर भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक करवाने का काम करता था।

## भड़काऊ भाषण मामले में आजम खान की याचिका खारिज

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सपा विधायक आजम खान द्वारा फिरोजाबाद में वर्ष 2007 में भड़काऊ भाषण देने पर दर्ज मामले में दाखिल आवेदन को नए सिरे से दाखिल करने की स्वतंत्रता के साथ वापस लेने की शर्त पर खारिज कर दिया। दरअसल सरकारी अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि वर्तमान आवेदन पावर ऑफ अटॉर्नी के आधार पर याची के अधिवक्ता के वकालतनामे के बिना दाखिल किया गया है। अतः यह स्वीकार्य योग्य नहीं है, इसे खारिज किया जाना चाहिए। इस पर याची के अधिवक्ता ने कोर्ट से बेहतर विवरण और उचित राहत देते हुए नए सिरे से आवेदन दाखिल करने की अनुमति मांगी थी।



# आपदा, भगदड़ से बचाव को एसओपी जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- डीजीपी ने प्रदेश के समस्त जिलों को जारी किए दिशा-निर्देश

**अमृत विचार :** डीजीपी प्रशांत कुमार ने भीड़ जनित आपदा एवं भगदड़ से बचाव को लेकर आयोजनों में भीड़ प्रबंधन व पुलिस व्यवस्थापन के लिए (एसओपी) स्टैण्डर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) जारी की है। उन्होंने किसी भी प्रकार के आयोजनों के समय, आयोजक, प्रशासन, पुलिस, अस्पताल, अग्निशम, सिविल डिफेंस आदि की क्या-क्या भूमिकाएं होंगी के बारे में बताया। भविष्य में होने वाले आयोजनों में इसी एसओपी के आधार माना जाएगा।

उन्होंने कहा कि किसी भी भीड़ जनित आपदा के दृष्टिगत एक एकीकृत प्रणाली विकसित करते हुए डीएम, सीएमओ, सिविल डिफेंस, अग्निशमन, विभिन्न स्वयं सेवी संगठनों तथा स्थानीय पुलिस के स्तर पर नियमित रूप से उक्त प्रणाली को विकसित व अपडेट किये जाने के लिए लगातार कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। आपदा प्रबंधन से संबंधित समस्त विभागों को सम्मिलित करते हुए नियमित पूर्वाभ्यास। स्थानीय परिस्थितियों का समावेश करते हुए उक्त योजना को नियमित रूप से प्रतिवर्ष अपडेट किया जाए। जिले की पुलिस लाइन में विशेष आयोजनों में सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण तथा सुव्यवस्थित यातायात संचरण के दृष्टिगत आवश्यक संसाधनों व उपकरणों की नियमित देखरेख व कर्मियों को समुचित प्रशिक्षण दिया जाए। जिला स्तर पर समस्त राजकीय व निजी अस्पतालों को चिन्हित कर लिया जाए। वरिष्ठ अधिकारियों, स्थानीय मजिस्ट्रेट व अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया जाना जरूरी है। अनुमतिकर्ता अधिकारी तथा स्थानीय पुलिस द्वारा यह पूर्णरूप से सुनिश्चित कर लिया जाए कि कार्यक्रम स्थल पर किसी प्रकार का कोई खतरा नहीं है तथा उस स्थल पर आगन्तुकों का सुरक्षित आवागमन सम्भव है। समस्त संबंधित विभागों यथा- नोडल मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, सुरक्षा एजेन्सी, नगर निगम, खाद्य सुरक्षा विभाग, एयरपोर्ट सुरक्षा से संबंधित समस्त एजेंसी तथा प्रोटोकॉल और जिला प्रशासन से समन्वय रखा जाए। कार्यक्रम धार्मिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक, सामाजिक, खेल आदि किस प्रकार का है, इसकी विस्तृत जानकारी कर आगन्तुकों की संख्या का पूर्वानुमान भी रखा जाए।

## अपर आयुक्त बरेली मंडल अरुण कुमार को अलीगढ़ मंडल भेजा गया

# 10 आईएएस व कई पीसीएस अधिकारियों के तबादले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ





- शिव प्रसाद बने अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम के प्रबंध निदेशक

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने 10 आईएएस व आधा दर्जन से अधिक पीसीएस अफसरों के तबादले कर दिये। आईएएस शिव प्रसाद को अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम का प्रबंध निदेशक बनाया गया है। वह अभी तक विशेष सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के पद पर तैनात थे। यहां रहे राधे श्याम को प्रतीक्षारत कर दिया गया है।

अभी तक प्रतीक्षारत रही प्रेरणा सिंह को एसीईओ ग्रेटर नोयडा बनाया गया है। अपर आयुक्त अलीगढ़ मंडल डा कंचन शरण को अपर आयुक्त आगरा मंडल के पद पर भेजा गया है। अपर आयुक्त बरेली मंडल अरुण कुमार को अपर आयुक्त अलीगढ़ मंडल भेजा गया है। अपर आयुक्त लखनऊ मंडल शीलधर सिंह यादव को विशेष सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी बनाया गया है। अपर आयुक्त लखनऊ मंडल रणविजय यादव को विशेष सचिव सिंचाई के पद पर भेजा गया है। फिरोजाबाद की सीडीओ दीक्षा जैन को सीडीओ कानपुर, कानपुर विकास प्राधिकरण के सचिव रहे शत्रुघन वैश्य को फिरोजाबाद का सीडीओ बनाया गया है। कानपुर के सीडीओ सुधीर कुमार को कानपुर का नगर आयुक्त बनाया गया है। पीसीएस अधिकारियों में सिटी मजिस्ट्रेट लखनऊ सिद्वार्थ को कानपुर में एडीएम एफआर के पद पर भेजा गया है। गोरखपुर के सिटी मजिस्ट्रेट मंगलेश दुबे को एडीएम प्रशासन गौतमबुद्धनगर बनाया गया है। एसडीएम बुलंदशहर विमल किशोर गुप्ता को मेरठ में एडीएम न्यायिक के पद पर भेजा गया है। एसडीएम बुलंदशहर लवी त्रिपाठी को एसडीएम हापुड़ बनाया गया है। एसडीएम बहराइच पंकज दीक्षित को एसडीएम आजमगढ़ बनाया गया है। सहायक निदेशक स्थानीय निकाय शालिनी सिंह को एसडीएम उन्नाव बनाया गया है। एडीएम न्यायिक रायबरेली राजेश कुमार यादव-प्रथम को एडीएम नमामि गंगे एंड ग्रामीण जलापूर्ति मथुरा बनाया गया है। एडीएम नमामि गंगे एंड ग्रामीण जलापूर्ति मथुरा विशाल कुमार यादव को एडीएम रायबरेली बनाया गया है।

### सिद्दार्थ बने छठे राज्य वित्त आयोग के सचिव

वित्त विभाग के अपर निदेशक सिद्धार्थ श्रीवास्तव को छठे राज्य वित्त आयोग का सचिव बनाया गया है। सचिव की नियुक्ति के बाद आयोग के गठन की प्रक्रिया पूरी हो गई है। शासन के अधिकारियों ने बताया कि अब वित्त आयोग अपना कामकाज शुरू कर सकेगा। तीन साल के लिए गठित यह आयोग पंचायती राज संस्थाओं व नगर निकायों को राज्य सरकार के राजस्व से मिलने वाली हिस्सेदारी तय करेगा। आयोग इन दोनों संस्थाओं के संसाधन बढ़ाने के लिए सुझाव भी देगा। मालूम हो कि शासन ने अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार इस आयोग का अध्यक्ष और वित्त विभाग के विशेष सचिव नील रतन कुमार और आलोक दीक्षित को आयोग का सदस्य पहले ही बना चुकी है।

## थानों में बने जर्जर भवन होंगे ध्वस्त बनेंगे नए आवास

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश के कई थानों में बने आवासों के जर्जर हो जाने के कारण उसे ध्वस्त करने और नए आवासों के निर्माण का निर्णय लिया गया है। पुलिस मुख्यालय से आए प्रस्तावों को ध्यान में रखते हुए शासन ने स्वीकृति भी दे दी है। बतादें कि औरैया के थाना बिधूना में महिला आवास जर्जर हो गया है। इसके अलावा मुरादाबाद के थाना मुगलपुरा थाने में बने कर्मचारियों के आवास, यहीं के कोतवाली परिसर में बने कर्मचारियों के आवास, मथुरा के थाना नौहझील में आवास एवं बैरिक, लखनऊ के बंथरा में टाइप सी-1, सी-2, सी-3, सी-4, सी-5 आवास, मथुरा के मोगर्रा थाना परिसर में जर्जर आवासों के ध्वस्तीकरण और नए आवास के निर्माण की संस्तुति कर दी गई है।

## वर्ग पहेली-141

**बाएं से दाएं**

1.1. प्रतिमान युक्त 2. प्रतिमान के रूप में होने वाला 3. सामान्य से हट कर विशेष प्रकार की आकृति वाला।

6. नारी की स्वतंत्रता

7. दही मथने की लकड़ी की मथानी।

8. एक पक्षी, सिरोही या किलंहटी नामक चिड़िया।

9.1. पार करने या जाने की क्रिया या भाव 2. व्रत या उपवास के बाद का पहला भोजन 3. तृप्ति; संतोष 4. उत्तीर्ण होना, परीक्षा या जांच में खरा उतरना 5. बादल 6. अध्ययन, पढ़ना 7. आगे बढ़ना 8. पूरा करना।

11.1. पत्र, चिट्ठी 2. रेखा

**ऊपर से नीचे**

2.1. कुल, वंश, नस्ल, कौम 2. व्यक्तित्व 4. अस्तित्व 5. शरीर।

3.1. किसी क्षेत्र को नगरीय सुविधाओं से युक्त करने की क्रिया।

4.1. सन्मार्ग पर चलने अथवा उस दिशा में प्रेरित करने वाला, आध्यात्मिक गुरु 2. गुरु की कृपा से बना ज्ञानी अथवा निपुण।

5. वीरों को जन्म देने वाली माता, वीर-माता, वीर-जननी।

8.1. अगरचे, यद्यपि 2. हालांकि।

10. खंडित, विभक्त, कटा हुआ।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | 4 |
| ■ | | ■ | | ■ | |
| 5 | ■ | 6 | | | |
| 7 | | ■ | | ■ | ■ |
| | ■ | 8 | | | ■ |
| ■ | 9 | | | ■ | 10 |
| ■ | ■ | | ■ | 11 | |

### वर्ग पहेली -140 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ए | क | ता | ■ | ■ | 2 ज़ |
| कां | ■ | ■ | 3 अ | मी | न |
| श | ■ | ■ | सं | ■ | ख़ा |
| ■ | 4 ए | कां | ग | ■ | ■ |
| ■ | ट | ■ | ति | ■ | 5 बि |
| ■ | ल | ■ | ■ | 6 मे | वा |
| 7 फु | स | ला | ऊ | ■ | ई |

## सुडोकू-54

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | 8 | 4 | | | | 5 |
| 4 | | | 7 | 2 | 9 | | 1 | |
| 3 | | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | 8 | | 3 | | |
| | | 5 | 2 | | 4 | 6 | | |
| | | 2 | | 7 | | | 9 | |
| | | | 1 | | | | | 2 |
| | 8 | | 4 | 3 | 7 | | | 6 |
| 6 | | | | 5 | 2 | 7 | | |

### सुडोकू -53 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 2 | 5 | 7 | 8 | 3 | 4 | 1 | 9 |
| 8 | 4 | 9 | 1 | 5 | 2 | 3 | 6 | 7 |
| 3 | 7 | 1 | 4 | 9 | 6 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 1 | 6 | 3 | 4 | 7 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 7 | 2 | 3 |
| 5 | 3 | 7 | 8 | 2 | 9 | 1 | 4 | 6 |
| 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 8 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 8 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 8 | 6 | 7 | 4 | 2 | 3 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 जुलाई गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-पंचमी 26 जुलाई 01.58 तक तत्पश्चात षष्ठी।

**मेष** – आज दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। आपको व्यर्थ बहसबाजी से बचना चाहिए। इसके कारण आपसे प्रियजन नाराज हो सकते हैं। मौसमी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। ऑनलाइन पेमेंट में सावधानी रखें। परिजनों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**वृष** – आज प्रतिष्ठित लोगों के साथ आपके संपर्क बनने वाले हैं। दिनचर्या काफी अच्छी रहेगी। परिवार का माहौल बहुत ही अच्छा रहने वाला है। जीवनसाथी को करियर संबंधित अच्छे अवसर मिल सकते हैं। इन अवसरों का लाभ भी अवश्य उठाएंगे।

**मिथुन** – आज कार्यक्षेत्र में दूसरों की गलती की भरपाई आपको करनी पड़ेगी। लंबित कार्य दोबारा शुरू हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। परिजनों से मतभेद हो सकते हैं। बुजुर्ग लोगों से मार्गदर्शन लेते रहें इसके सार्थक परिणाम आपको प्राप्त होंगे।

**कर्क** – आज निर्माण कार्यों से जुड़े लोगों के काम में वृद्धि होगी। सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। पैरों में दर्द और ऐंठन की शिकायत हो सकती है। महिलाओं को कुछ थकान महसूस होगी। धार्मिक आयोजनों में सम्मिलित हो सकते हैं।

**सिंह** – आज शत्रु आपको नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर सकते हैं। धन की कमी के कारण थोड़े परेशान रहेंगे। आपको तनाव लेने से बचना चाहिए। बौद्धिक विमर्श व चर्चाओं में आप भाग ले सकते हैं। जीवनसाथी को लेकर आप कुछ परेशान रहेंगे।

**कन्या** – आज नए कार्यों की शुरुआत के लिए दिन अच्छा है। व्यवसाय में आकस्मिक धन लाभ हो सकता है। महत्वपूर्ण अनुबंध होने के योग बन रहे हैं। आपके लिए दिन शुभ रहने वाला है। अपने परिजनों की आवश्यकताओं को पूरा करने में कसर न छोड़ें।

**तुला** – आज वाहन चलाते वक्त सावधानी रखें। कार्यक्षेत्र में लोगों का व्यवहार आपके अनुकूल नहीं रहेगा। पेटदर्द की शिकायत हो सकती है। धर्म-कर्म के प्रति रुचि और आस्था बनाए रखें। बच्चों के भविष्य को लेकर आप कुछ परेशान हो सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज धन उधार देने से आपको बचना चाहिए। प्रतियोगी परीक्षाओं में कुछ बाधाओं के साथ सफलता मिलेगी। छोटी बातों पर अनावश्यक उलझने से आपको बचना चाहिए। सरकारी कार्यों में अपेक्षाकृत लाभ नहीं मिलेगा। प्रेमी जन की बातों का आपको बुरा लग सकता है।

**धनु** – आज आकस्मिक धन हानि हो सकती है। अनावश्यक यात्राओं से आपको बचना चाहिए। आप कुछ परेशान से रहेंगे। मित्रों व परिजनों से मतभेद हो सकते हैं। भविष्य को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**मकर** – आज व्यवसाय में काफी अच्छा धन लाभ होगा। लेनदेन से जुड़े कार्यों में सफलता मिलेगी। आप काफी प्रसन्न रहेंगे। दुर्लभ वस्तुओं की प्राप्ति हो सकती है। अधिकारी वर्ग के लोग आपकी पदोन्नति को लेकर कुछ निर्णय ले सकते हैं।

**कुंभ** – आज अपनी वक्तव्य शैली से लोगों को प्रभावित करेंगे। आपके भीतर नया काम करने को लेकर इच्छा जागृत होगी। मित्रों के ऊपर धन खर्च होगा। अधिकारियों के सामने अपनी योग्यता का परिचय देंगे। उच्च पद प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**मीन** – आज किसी पर ज्यादा निर्भरता होना उचित नहीं है। आपकी संवादशैली काफी आकर्षक रहेगी। व्यवसाय में व्यय होने के योग बन रहे हैं। रुके हुए मामलों को सुलझाने में सफल रहेंगे। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

## आज का पंचांग





दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पूर्व भाद्रपद 16.16 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
धड़कन – सुबह : 10.48
जख्मी सिपाही – रात : 07.00

&pictures
एक विवाह ऐसा भी – सुबह : 11.20
गो गोआ गॉन – रात : 08.00

SONY PIX
जस्टिस लीग – सुबह : 11.18
गॉडजिला – रात : 09.00

ZEE CINEMA
सिंबा – दोपहर : 12.18
अखंडा – रात : 08.00

colors CINEPLEX
बू – सुबह : 11.12
खतरनाक खिलाड़ी – शाम : 05.39

### आज की सुपरहिट फिल्म





सोनी पिक्स पर रात : 09.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

अध्यापक ने कक्षा में पूछा-सीनियर और जूनियर में क्या अंतर है?
पप्पू ने हाथ खड़ा किया
शिक्षक ने कहा-शाबाश बेटा, बताओ?
पप्पू- सर, जो समुद्र के पास रहता हो वो सीनियर (सी-नियर) और जो चिड़ियाघर के पास रहता हो वो जूनियर (जू-नियर)।

पति – सुनो, तुमने मुझमें ऐसा क्या देखा था जो मुझसे शादी के लिए हां कर दी।
पत्नी – मैंने बालकनी से आपको एक-दो बार बर्तन साफ करते हुए देखा था।

अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, गुरुवार, 25 जुलाई 2024

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 80,148.88 | 24,413.50 |
| गिरावट | 280.16 | 65.55 |
| प्रतिशत में | 0.35 | 0.27 |

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन – तुलसी 2075, राज श्री 14390, फ़ॉर्चून कि. 1760, रविन्द्रा 1975, फॉर्चुन ली. 1610, जय जवान 1525, सचिन 1510, सूरज 1550, अवसर 1650, राग गोल्ड 1605, गृहणी 1495, क्लासिक (किलो) 1715, मोर 1590, चक्र टिन 1890, ब्लू 1615, आशीर्वाद मस्टर्ड 1920, स्वास्तिक 2045 । किराना–( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 19200, जीरा 32500, लाल मिर्च 19500–25000, धनिया 9000–11000, अजवायान 15500–23000, मेथी 7400, सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–900 । चावल–( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9600, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल नया 10400, जेनिथ 10600, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 । दाल दलहन ___ मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा काला क्राउन 10800, राजमा चित्रा 13700–14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050–7500 मलका दाल 7575–7900, मलका छाँटी 7500, दाल उड़द बिलासपुर 10200–10900, मसूर दाल छोटी 8900–9500, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900–12900,चना काला 7800, दाल चना 8350, लाल हिंदुस्तान 8450, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9000, चना अकोला 8200, डबरा 9500–11700, सच्चा हीरा 11400, मोटा हीरा 13300, अरहर गोला मोटा 15300, अरहर पटका मोटा 16000, अरहर कोरा मोटा 16300, अरहर पटका छोटा 16000–16200, अरहर कोरी छोटी 17000 । चीनी – डालमियां 4020, पीलीभीत 4000, नवाबगंज 3990, बहेड़ी 4000 ।

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड ( पक्के जेवर ) | 72000 |
| गोल्ड ( गिन्नी जेवर ) | 71000 |
| सिल्वर ( पक्की ) | 870 ( अनुमानित ) |

# कर कम किए जाने से रियल एस्टेट को होगा लाभ

## वित्त मंत्री बोलीं- दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर को बगैर इंडेक्सेशन के 20 से कम कर 12.5% किया

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि आम बजट में दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर को बगैर इंडेक्शेशन के 20 प्रतिशत से कम कर 12.5 प्रतिशत किये जाने से सभी मामले में रियल एस्टेट लाभ में ही रहेगा। सीतारमण ने अनौपचारिक चर्चा में कहा कि इंडेक्सेशन के साथ 20 प्रतिशत कर देना पड़ता था, लेकिन अब इसके बगैर 12.5 प्रतिशत कर लगेगा। आम तौर पर रियल एस्टेट पर वार्षिक रिटर्न 12 से 16 प्रतिशत होता है जो महंगाई से अधिक है।

महंगाई का इंडेक्सेशन चार से पांच प्रतिशत होता है जो संपत्ति को रखने की अवधि पर निर्भर करता है। इसलिए इस तरह के अधिकांश मामलों में करदाताओं को कर की बचत ही होगी। उन्होंने कहा कि नई कर दर से अधिकांश मामलों में लाभ होगा। इस मामले में यदि संपत्ति को पांच वर्ष रखा जाता है और संपत्ति पर रिटर्न में 1.7 गुना की बढ़ोतरी होगी तो इस मामले में नयी व्यवस्था लाभकारी है। यदि संपत्ति को 10 वर्ष रखा जाता है और रिटर्न 2.4 गुना होता है तब भी इससे करदाता को लाभ होगा। जब संपत्ति पर 9 से 11 प्रतिशत वार्षिक रिटर्न मिलेगा तब नयी कर में करदाता को नुकसान होगा हालांकि रियल एस्टेट में ऐसा होना अव्यवहारिक है। उन्होंने कहा कि किसी भी कर सरलीकरण का लाभ करदाताओं को ही होता है क्योंकि इससे अनुपालन का भार कम होता है और रिकार्ड रखने की जरूरत समाप्त हो जाती है। सीतारमण ने कहा कि नयी व्यक्तिगत कर प्रणाली भी सभी के लिए लाभकारी है। इसमें कम कर देने के बाद जो बचत होगी उसका उपयोग करदाता अपने जरूरत के अनुसार कर सकेगा।



● रियल एस्टेट पर वार्षिक रिटर्न 12 से 16 प्रतिशत होता है जो महंगाई से अधिक है

### एलटीसीजी में कमी से करदाताओं को होगी पर्याप्त कर बचत

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने कहा कि रियल एस्टेट क्षेत्र में दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर (एलटीसीजी) की दर में कटौती से करदाताओं को पर्याप्त कर बचत होने की उम्मीद है। बजट में दीर्घावधि तक रखी गई आवास संपत्तियों की बिक्री से अर्जित पूंजीगत लाभ पर कर की दरें कम कर दी गई हैं, लेकिन करदाताओं को मिलने वाला इंडेक्सेशन लाभ हटाया गया है। इंडेक्सेशन लाभों से तात्पर्य पूंजीगत लाभ कर की गणना के लिए सम्पति के मूल्य से मुद्रास्फीति को समायोजित करने की व्यवस्था समाप्त करना है। आयकर विभाग ने एक्स पर लिखा, नाममात्र अचल संपत्ति रिटर्न आम तौर पर 12–16 प्रतिशत प्रति वर्ष के आसपास है, जो मुद्रास्फीति से बहुत अधिक है।मुद्रास्फीति के लिए इंडेक्सेशन चार से पांच प्रतिशत के आसपास है, जो संपत्ति को कितने समय के लिए पास रखा गया इस पर निर्भर करता है।

### इंडेक्सेशन लाभ हटाने से विक्रेताओं को होगा नुकसान

पुरानी संपत्ति की बिक्री करते समय मुद्रास्फीति के समायोजन पर विचार नहीं किए जाने से निवेशकों को नुकसान हो सकता है। विशेषज्ञों ने यह बात कही। सरकार ने आम बजट में अचल संपत्तियों पर दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ (एलटीसीजी) कर को घटाया है और मुद्रास्फीति के समायोजन (इंडेक्सेशन) से जुड़े लाभ हटाने का प्रस्ताव रखा। विशेषज्ञों ने इस कदम को विक्रेताओं के लिए नकारात्मक बताया है। प्रस्ताव पर डेलॉयट इंडिया की साझेदार आरती रावते ने कहा कि इंडेक्सेशन के बिना एलटीसीजी का करदाताओं पर उल्लेखनीय प्रभाव पड़ेगा। यदि मुद्रास्फीति के समायोजन पर विचार नहीं किया गया तो निवेशकों को नुकसान होगा। इक्रा की उपाध्यक्ष और सह–समूह प्रमुख (कॉरपोरेट रेटिंग्स) अनुपमा रेड्डी ने भी कहा कि एलटीसीजी कर की दर में कमी के बावजूद रियल एस्टेट क्षेत्र पर दीर्घकालिक रिटर्न को देखते हुए, संपत्ति की बिक्री के समय इंडेक्सेशन लाभ को हटाने से कर में वृद्धि होने की संभावना है।

# बजट कृषि के निगमीकरण को देगा बढ़ावा : एसकेएम

नई दिल्ली, एजेंसी

● यह तीन कृषि कानूनों के प्रावधानों के पिछले दरवाजे से प्रवेश का भी रास्ता बनाने वाला

संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने बुधवार को कहा कि केंद्रीय बजट कृषि के निगमीकरण को बढ़ावा देगा। एसकेएम ने आरोप लगाया कि यह तीन कृषि कानूनों के प्रावधानों के पिछले दरवाजे से प्रवेश का भी रास्ता बनाने वाला है। इन कानूनों को लगभग दो साल पहले निरस्त कर दिया गया था।

संयुक्त किसान मोर्चा ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश बजट में किसानों की स्थिति में सुधार के लिए कोई प्रावधान नहीं है और वे विरोध में बजट की प्रतियां जलाएंगे। भाकियू नेता राकेश टिकैत ने कहा कि बजट में किसानों के लिए कुछ नहीं है। यह पिछले साल जैसा ही है। बिहार को वित्तीय पैकेज दिए गए हैं, कृषि क्षेत्र की अनदेखी हुई है और राज्य में मजबूत मंडी प्रणाली बनाने के लिए कोई प्रावधान नहीं हैं। अखिल भारतीय किसान महासभा के आशीष मित्तल ने कहा कि बजट में प्राकृतिक खेती से जुड़ी घोषणा से उत्पादन में गिरावट आ सकती है। वे एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रशिक्षित करने जा रहे हैं। जय किसान आंदोलन के नेता अविक साहा ने कहा कि यह बजट कृषि कानूनों के प्रावधानों को पिछले दरवाजे से प्रवेश देने की कोशिश कर रहा है। बजट में किसान अदृश्य हैं। एसकेएम ने कहा कि बजट किसानों और श्रमिकों की कीमत पर कृषि के निगमीकरण की ओर ले जाएगा और राज्य सरकारों के अधिकारों को छीन लेगा, जो संविधान के संघीय चरित्र की मूल अवधारणा का उल्लंघन है।

# चौथे दिन भी गिरावट, सेंसेक्स 280 अंक लुढ़का

● बैंकिंग शेयरों में बिकवाली से निफ्टी भी 65.55 अंक टूटा

मुंबई, एजेंसी

वित्तीय एवं बैंकिंग शेयरों में बिकवाली और प्रतिभूति लेनदेन कर एवं अल्पावधि पूंजीगत लाभ कर में बढ़ोतरी से बुधवार को शेयर बाजार में लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट आई। बीएसई का सेंसेक्स 280.16 अंक यानी 0.35% की गिरावट के साथ 80,148.88 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 678.53 अंक तक फिसलकर 79,750.51 अंक पर आया था। एनएसई का सूचकांक निफ्टी भी 65.55 अंक यानी 0.27% गिरकर 24,413.50 अंक पर बंद हुआ। बजाज फिनसर्व के शेयर में दो प्रतिशत की गिरावट आई। बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, कोटक महिंद्रा बैंक, अदाणी पोर्ट्स, एक्सिस बैंक और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए। टेक महिंद्रा, आईटीसी, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स और सन फार्मा के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।

### स्मॉलकैप 1.91% और मिडकैप 0.68% चढ़ा

बाजार में बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 1.91 प्रतिशत और मिडकैप 0.68 प्रतिशत चढ़ा। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजार भी गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। मंगलवार को अमेरिकी बाजारों में मामूली नुकसान दर्ज किया गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 2,975.31 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। अंतर्राष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.75 प्रतिशत उछलकर 81.62 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। बजट पेश किए जाने के साथ वायदा एवं विकल्प सौदों पर एसटीटी को बढ़ाने का प्रस्ताव रखने के बाद सेंसेक्स 1,277.76 अंक यानी 1.58 प्रतिशत तक टूट गया था। बाद में यह काफी हद तक भरपाई करने में सफल रहा था।

# एंजल कर : निवेश पर कर नहीं होना चाहिए : डीपीआईआईटी

नई दिल्ली, एजेंसी

स्टार्टअप के लिए एंजल कर को हटाना एक लंबित मुद्दा था, क्योंकि यह कर देश में आने वाले निवेश पर लगाया जाता था और इस तरह के विदेशी निवेश पर कर नहीं लगाया जाना चाहिए। उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव राजेश सिंह ने कहा कि इस निर्णय से विदेशी निवेश आकर्षित करने, नवाचार को बढ़ावा देने तथा स्टार्टअप परिवेश को और मजबूत करने में मदद मिलेगी।

सिंह ने कहा कि यह कारोबार सुगमता का मुद्दा होने के साथ कर का मुद्दा भी था।



अंततः यह आय पर नहीं बल्कि निवेश पर कर था और निवेश पर कर नहीं लगना चाहिए, यही मूल विचार है। एंजल कर (30% से अधिक की दर से आयकर) का मतलब वह आयकर है जो सरकार गैर-सूचीबद्ध कंपनियों या स्टार्टअप द्वारा जुटाई राशि पर लगाती है।

# एमएसएमई के लिए कर्ज गारंटी योजना से विनिर्माण को मिलेगा बढ़ावा

**नई दिल्ली।** तमाम वस्तुओं पर सीमा शुल्क में कटौती, एमएसएमई के लिए ऋण गारंटी योजना और ई-कॉमर्स केंद्र की स्थापना जैसी बजट घोषणाओं से घरेलू विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। विशेषज्ञों ने कहा कि स्पैन्डेक्स, चमड़ा और समुद्री सामान जैसे सामान पर सीमा शुल्क कम करने से उद्योग को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी।

परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) के चेयरमैन सुधीर सेखरी ने कहा कि परिधान उद्योग आईजीसीआर (रियायती दरों पर वस्तुओं का आयात) के तहत ट्रिम्स और एम्बेलिशमेंट का विस्तार करने की सराहना करता है, जिससे तैयार कपड़ों की निर्यात को बढ़ाने में मदद मिलेगी। विनिर्माण क्षेत्र में एमएसएमई के लिए ऋण गारंटी योजना के तहत सीमा में वृद्धि, औपचारिक क्षेत्रों में नए प्रवेशकों को 15,000 रुपये तक महीने का वेतन देना, नए विनिर्माण कर्मचारियों के लिए 4 साल तक ईपीएफओ अंशदान और परिधान उद्योग को बढ़ाने और भविष्य के लिए तैयार करने में मदद करेगा।



## एक नजर

### कंगना के लोकसभा मंडी से चुनावी जीत को चुनौती

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट में बुधवार को मंडी लोकसभा क्षेत्र के एक निर्दलीय उम्मीदवार ने नामांकन पत्र अस्वीकृति पर याचिका दायर कर इस सीट से भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत की चुनावी जीत को चुनौती दी गई। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता के मुताबिक याचिका पर अदालत की ओर से नोटिस जारी किया गया है और प्रतिवादी भाजपा सांसद को 21 अगस्त तक जवाब दाखिल करने को कहा गया है। याचिका में प्रदेश के किन्नौर जिले के निवासी निर्दलीय उम्मीदवार लायक राम नेगी के नामांकन की अस्वीकृति को चुनौती दी गई थी। याचिकाकर्ता ने दलील दी कि मानदंड पूरा करने के बावजूद चुनाव से पहले उनका नामांकन खारिज कर दिया गया था।

### टक्कर मारकर फरार होने के मामले में एक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने टक्कर मारकर फरार होने के एक मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि आरोपी के वाहन ने एक मोटरसाइकिल को कथित तौर पर टक्कर मारी थी, जिससे दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी की पहचान धीरज तलवार के रूप में हुई है और वाहन को जब्त कर लिया गया है।

### खालिद की जमानत पर कोर्ट ने पुलिस से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने फरवरी 2020 में दिल्ली में हुए दंगों के पीछे कथित साजिश से जुड़े गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) मामले में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र उमर खालिद की जमानत पर बुधवार को पुलिस का रुख जानना चाहा। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति गिरीश कठपालिया की पीठ ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने को कहा।

### जिम मालिक की हत्या में दो महिलाओं समेत 4 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तर–पूर्वी दिल्ली के भजनपुरा इलाके में जिम मालिक सुमित चौधरी की 10 जुलाई को चाकू घोंपकर हत्या हुई थी। पुलिस उपायुक्त (उत्तर पूर्वी) जॉय टिर्की ने बताया कि बुधवार को मामले में दो महिलाओं समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों में करतार सिंह (33), हुसैन अली (20), शायना (36) और आशु (38) है। सभी आरोपी भजनपुरा निवासी हैं। हत्या के पीछे पुरानी रंजिश होने का संदेह है, हालांकि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है ।

# बजट की आलोचना विपक्ष की राजनीतिक हताशा

## भाजपा ने विपक्षी दलों पर साधा निशाना, कहा-पिछड़े राज्यों के प्रति उनकी नकारात्मक सोच

नई दिल्ली, एजेंसी

● इंडिया गठबंधन ने सरकार पर भेदभाव का आरोप लगाया

भाजपा ने केंद्रीय बजट की आलोचना करने पर कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर बुधवार को निशाना साधा तथा कहा कि इससे उनकी राजनीतिक हताशा एवं उन पिछड़े राज्यों के प्रति उनकी नकारात्मक सोच का पता चलता है जिन्हें विकास के लिए विशेष ध्यान देने और सहायता की आवश्यकता है।

आंध्र प्रदेश और बिहार के लिए की कई घोषणाओं के बाद कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन इंडिया ने सरकार पर विपक्ष शासित राज्यों के प्रति भेदभावपूर्ण बजट पेश करने का आरोप लगाया था। बिहार और आंध्र प्रदेश क्रमशः सत्ता में काबिज जनता दल (यूनाइटेड) और तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) राजग सरकार के प्रमुख घटक हैं। भाजपा के राज्यसभा सदस्य जीवीएल नरसिम्हा राव ने विपक्षी की आलोचना करते हुए कहा कि सरकार के बजट का सभी ने स्वागत किया है, लेकिन विपक्ष अपरिपक्व और नकारात्मक प्रतिक्रिया दे रहा है। उन्होंने कहा कि पूरा देश इसको प्रगतिशील, जन समर्थक, गरीब समर्थक, किसान समर्थक और रोजगार समर्थक बजट के रूप में देखता है। यह एक ऐसा बजट है जिसने वास्तव में 'विकसित भारत' के लिए एक दृष्टिकोण पेश किया है।

### ईएलआई पहल से आश्वस्त नहीं हैं : चिदंबरम



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता एवं पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने केंद्र सरकार को आगाह किया कि यदि बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी पर लगाम नहीं लगा तो जनता सत्तारूढ़ दल को चुनावों में दंडित करती रहेगी। चिदंबरम ने कहा कि वह बजट में घोषित ईएलआई पहल से आश्वस्त नहीं हैं और उन्हें आशंका है कि कहीं इसका हश्र भी प्रति वर्ष दो करोड़ नौकरी देने के जुमले जैसा नहीं हो जाए। आम बजट 2024–25 और जम्मू कश्मीर के बजट पर चिदंबरम ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को पढ़ने का अवसर निकाला। वित्त मंत्री ने कांग्रेस घोषणापत्र की पृष्ठ संख्या 11, 30 एवं 31 से अच्छे विचारों को लिया।

### खरगे बोले- फिर से ठोस सुधारों की जरूरत

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 1991 के केंद्रीय बजट को पेश किए जाने के 33 साल पूरा होने पर कहा कि आज फिर एक ऐसे सार्थक, ठोस नए सुधारों की जरूरत है जो मध्यम वर्ग और वंचितों दोनों की मदद करें। खरगे ने एक्स पर कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव और वित्त मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में जुलाई 1991 उदारीकरण बजट के रूप में महत्वपूर्ण क्षण था, जिसने आर्थिक सुधारों के युग की शुरुआत की थी।

# सार्वजनिक मंच से फैसलों को हटाने के होंगे बहुत गंभीर परिणाम : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि आपराधिक मामलों में आरोपी के बरी होने के बाद, भुला देने के अधिकार के तहत अदालत के आदेशों द्वारा सार्वजनिक मंच से फैसलों को हटाने के बहुत गंभीर परिणाम होंगे। हालांकि, शीर्ष अदालत कानून के इस जटिल प्रश्न पर विचार करने के लिए सहमत हो गई कि क्या कोई आरोपी, दोषमुक्त होने के बाद, भुला दिये जाने के अधिकार के तहत सार्वजनिक मंच से फैसले को हटाने का अनुरोध कर सकता है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने बेंगलुरू स्थित कानूनी वेबसाइट इंकानून सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड की दलीलों पर गौर करने के बाद कहा कि कोई अदालत ऐसा आदेश कैसे दे सकती है? यह कहना कि फैसले, जो सार्वजनिक दस्तावेज है, को हटाया जाए। इसके बहुत गंभीर परिणाम होंगे। कंपनी ने अदालत को सूचित किया कि मद्रास हाईकोर्ट ने उसे एक निर्णय को हटाने को कहा है जिसमें दुष्कर्म और धोखाधड़ी के मामले में बरी व्यक्ति की पहचान का खुलासा किया गया था। पीठ ने आदेश दिया कि नोटिस जारी करें और इस दौरान मद्रास हाईकोर्ट के निर्देशों पर रोक रहेगी। वह इस मुद्दे पर कानून की व्याख्या करेगा।



● आरोपी के बरी होने पर फैसला सार्वजनिक मंच से हटाने संबंधी याचिका पर सुनवाई करेगा कोर्ट

वकील अबीहा जैदी के माध्यम से वेबसाइट ने याचिका दायर की है। जैदी ने कहा कि उच्च न्यायालय के फैसले से याचिकाकर्ता और आम लोगों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जिसकी गारंटी संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत दी गई है। याचिकाकर्ता की व्यापार, कारोबार और पेशे की स्वतंत्रता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जिसे अनुच्छेद 19(1)(जी) के तहत संरक्षण प्राप्त है।

# मोबाइल पर निर्देश देकर चिकित्सक ने दाई से कराया सुरक्षित प्रसव

सिवनी (मप्र), एजेंसी

● मध्यप्रदेश के सिवनी जिले में बाढ़ की स्थिति होने से जोरावाड़ी गांव नहीं पहुंच सकी महिला चिकित्सक, महिला ने जुड़वा बच्चों को दिया जन्म

महिला का सुरक्षित प्रसव कराने के लिए महिला चिकित्सक ने मोबाइल फोन पर दाई को निर्देश देकर सुरक्षित प्रसव कराया। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि मध्यप्रदेश के सिवनी जिले में भारी बारिश से सड़कों पर पानी भरने से महिला चिकित्सक गांव तक नहीं पहुंच सकी तो पा उन्होंने प्रसव कराने के लिए फोन पर ही दाई को निर्देश दिए।

अधिकारी ने बताया कि जोरावाड़ी गांव में बाढ़ जैसी स्थिति थी जब रवीना उइके को प्रसव पीड़ा हुई। परिजन जलजमाव होने से जिला अस्पताल नहीं जा सके। उइके की जानकारी के बाद जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीषा सिरसम के साथ टीम गांव रवाना हुई, लेकिन मार्ग जलमग्न होने से टीम का गांव पहुंचना असंभव होगा तो डॉ. सिरसम ने उइके के पति को फोनकर प्रशिक्षित दाई को बुलाने के लिए कहा। सिरसम ने दाई रेशना वंशकार को फोन पर दिए निर्देशों का पालन करने को कहा ताकि उच्च जोखिम वाली महिला का प्रसव हो सके। दाई ने निर्देशों का पालन करते हुए जुड़वा बच्चों का सुरक्षित जन्म कराया। जल स्तर कम पर जच्चा-बच्चा को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# हल्द्वानी अतिक्रमण : लोगों के पुनर्वास के लिए मुख्य सचिव केंद्र और रेलवे के साथ करें बैठक

नई दिल्ली, एजेंसी

● रेलवे की जमीन पर अतिक्रमण करने वाले 50,000 से अधिक लोगों के पुनर्वास का मामला

● केंद्र की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई, पिछले आदेश को रद करने का किया गया है अनुरोध

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को उत्तराखंड के मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि वह हल्द्वानी में रेलवे की जमीन पर अतिक्रमण करने वाले 50,000 से अधिक लोगों के पुनर्वास के लिए केंद्र और रेलवे के साथ बैठक करें। केंद्र की याचिका पर कोर्ट सुनवाई कर रहा है, जिसमें उससे पिछले साल पांच जनवरी के आदेश को रद करने का अनुरोध किया गया है।

कोर्ट ने हल्द्वानी में उस 29 एकड़ भूमि से अतिक्रमण हटाने के उत्तराखंड हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी थी, जिस पर रेलवे ने दावा जताया है। याचिका में कहा गया कि रेलवे परिचालन को सुगम बनाने के लिए उक्त भूमि उपलब्ध कराई जानी चाहिए क्योंकि पटरियों की सुरक्षा के लिए बनाई दीवार पिछले साल ढह गई। न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने कहा कि राज्य सरकार को यह योजना बतानी होगी कि इन लोगों का कैसे और कहां पुनर्वास किया जाएगा।

अदालत ने कहा कि यह मानते हुए कि वे अतिक्रमणकारी हैं, लेकिन वे इंसान हैं और दशकों से वहां रह रहे हैं। उन्होंने पक्के मकान भी बना लिए हैं, तो इस स्थिति से कैसे निपटा जाए। अदालतें निर्दयी नहीं हो सकतीं और अतिक्रमण के लिए प्रोत्साहित भी नहीं कर सकतीं। इस पीठ में न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां भी शामिल हैं।

# मणिपुर में महिलाओं ने निकाली रैली तीन मौतों की न्यायिक जांच की मांग

**चुराचांदपुर (मणिपुर)।** मणिपुर के कुकी और हमार समुदाय के दो महिला संगठनों ने बुधवार को रैली निकाली और असम पुलिस के साथ मुठभेड़ में हमार समुदाय के तीन पुरुषों के मारे जाने की जांच सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश से कराने की मांग की।

कुकी विमिन ऑर्गेनाइजेशन फॉर ह्यूमन राइट्स और हमार विमिन यूनियन द्वारा आयोजित रैली में शामिल महिलाओं ने मुओलवाइफेई मैदान से शांति मैदान स्थित स्मृति दीवार तक मार्च निकाला। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा था कि कछार जिले में 17 जुलाई को पुलिस ने मुठभेड़ में तीन आतंकवादियों को मार गिराया है। हालांकि, मारे गए लोगों के परिजनों ने इसे फर्जी मुठभेड़ करार दिया था। दोनों संगठनों ने गृहमंत्री अमित शाह को दिए ज्ञापन में कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के नेतृत्व में विशेष जांच टीम गठित करने का अनुरोध करते हैं ताकि मामले से जुड़े तथ्यों को सामने लाया जा सके।

# कानून का पता न होना तोड़ने का बहाना नहीं होता

मुंबई, एजेंसी

प्रतिबंधित सामग्री घोषित रसायन का बिना प्रमाणपत्र के निर्यात करने पर दवा कंपनी के निदेशक के खिलाफ दर्ज मामले को रद करने से बंबई हाईकोर्ट ने इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि कानून की जानकारी नहीं होना उसे तोड़ने का बहाना नहीं होता।

उच्च न्यायालय ने कहा कि यदि इस अनभिज्ञता को बचाव के तौर पर स्वीकार कर लिया जाए तो कानून प्रवर्तन मशीनरी ठप्प पड़ जाएगी। विवालविता फार्मास्यूटिकल्स नामक कंपनी के निदेशक अजय मेलवानी ने हाईकोर्ट से मुंबई पुलिस की अपराध शाखा द्वारा उनके खिलाफ स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम के तहत 2019 में दर्ज की प्राथमिकी रद करने का अनुरोध किया था। अपनी अर्जी में आरोपी ने दावा करते हुए मामले को रद करने का अनुरोध किया कि 2018 में जारी अधिसूचना में संबंधित रसायन प्रतिबंधित सामग्री की सूची में नहीं था, इसलिए उनकी कंपनी को इसकी जानकारी नहीं थी कि उसके निर्यात से पहले अनापत्ति प्रमाणपत्र की जरूरत होगी। न्यायमूर्ति एएस गडकरी और न्यायमूर्ति नीला गोखले की पीठ ने यह अर्जी रद कर दी और यह कहते हुए मामला रद करने से इनकार कर दिया कि यह स्थापित कानूनी रुख है कि कानून की जानकारी नहीं होना किसी आपराधिक आरोप के सिलसिले में बचाव नहीं हो सकता है।



● दवा कंपनी के खिलाफ दर्ज मामले को रद करने से हाईकोर्ट का इनकार

# राज्यपाल मानहानि मामले में ममता ने आदेश पर रोक का किया अनुरोध

**कोलकाता।** प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कलकत्ता हाईकोर्ट का रुख कर एकल पीठ के आदेश पर रोक का अनुरोध किया है। एकल पीठ ने बनर्जी और तीन अन्य पर राज्यपाल सीवी आनंद बोस के खिलाफ बयान देने पर रोक लगा दी थी। बनर्जी के वकील ने न्यायमूर्ति आईपी मुखर्जी की पीठ के समक्ष कहा कि बनर्जी ने राज्यपाल के खिलाफ कोई टिप्पणी नहीं की। पीठ ने कहा कि मामले पर गुरुवार को सुनवाई होगी जब बोस के वकील दलीलें देंगें।

# छत्तीसगढ़ में विधि विश्वविद्यालय ने लागू की मासिक धर्म अवकाश नीति

रायपुर, एजेंसी

● हिदायतुल्लाह राष्ट्रीय विधि विवि ने छात्राओं के लिए की घोषणा एक जुलाई से होगी प्रभावी

छत्तीसगढ़ में हिदायतुल्लाह राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (एचएनएलयू) ने अपनी छात्राओं के लिए मासिक धर्म अवकाश की घोषणा की है। शिक्षण संस्थान के प्रवक्ता ने बताया कि विश्वविद्यालय ने अपनी मासिक धर्म अवकाश नीति लागू की है जो इस वर्ष एक जुलाई से प्रभावी हो गई है।

विश्वविद्यालय की ओर से मंगलवार को जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह अवकाश नीति एचएनएलयू हेल्थ शील्ड की पहल का हिस्सा है। एचएनएलयू के कुलपति प्रोफेसर वीसी विवेकानंदन ने कहा कि इस अवकाश नीति का कार्यान्वयन विश्वविद्यालय में छात्राओं की विशेष आवश्यकताओं को समझने और उन्हें समर्थन देने के लिए है। इस नीति के समर्थन के लिए हम अकादमिक परिषद का धन्यवाद करते हैं।''

विज्ञप्ति में कहा गया, ''छात्राएं प्रति माह में पढ़ाई के दिनों के दौरान एक दिन के अवकाश का दावा कर सकती हैं। परीक्षा के दिनों में 'बेड रेस्ट' की आवश्यकता के सत्यापन पर ऐसी छूट का विस्तार किया जाएगा। इसमें कहा गया है कि इसके अतिरिक्त, अनियमित मासिक धर्म से पीड़ित छात्राएं प्रति सेमेस्टर, प्रति विषय छह अवकाश का दावा कर सकती हैं।

खेल खिलाड़ी
अमृत विचार
बरेली, गुरुवार, 25 जुलाई 2024
15

# डरता नहीं हूं, ट्रेनिंग पर फोकस : कुशारे

नई दिल्ली, एजेंसी



- हाई जंपर सर्वेश ने अपनाया चोपड़ा का फॉर्मूला, कहा- नीरज मेरे आदर्श हैं, मुझे भी देश का मान बढ़ाना है

गांव में चारे के मैट पर अभ्यास से पेरिस ओलंपिक तक का सफर तय करने वाले हाई जंपर सर्वेश कुशारे को अपनी तैयारियों और भारतीय एथलेटिक्स के गोल्डन ब्वॉय नीरज चोपड़ा से मिले इस मूलमंत्र पर यकीन है कि प्रतिद्वंद्वियों की ख्याति से डरे बिना बस अपनी ट्रेनिंग पर फोकस रखो। कुशारे ओलंपिक ऊंची कूद के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय एथलीट हैं। अभ्यास के दौरान 2.30 मीटर का आंकड़ा पार कर रहे कुशारे को अपनी कड़ी मेहनत और तोक्यो ओलंपिक में भालाफेंक में स्वर्ण पदक जीतकर एथलेटिक्स में भारत का खाता खोलने वाले नीरज की सलाह पर पूरा यकीन है।

ओलंपिक में ऊंचे कद और भारी डील डौल वाले प्रतिद्वंद्वियों का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार पांच फुट नौ इंच के कुशारे ने पोलैंड के वारसॉ से कहा मेरा बस कद ही छोटा है लेकिन भीतर से बहुत मजबूत हूं। प्रतिद्वंद्वी की कद काठी देखकर कोई डर नहीं लगता। सही समय पर शीर्ष फॉर्म में रहना महत्वपूर्ण है। महाराष्ट्र के नाशिक से कुछ किलोमीटर दूर देवरगांव के रहने वाले 29 वर्ष के इस एथलीट ने कहा अभी तो काफी समय से नीरज भाई से मुलाकात नहीं हुई है लेकिन जब पिछली बार मिले थे तो उन्होंने कहा था कि ट्रेनिंग पर फोकस करो और विरोधी खिलाड़ियों की ख्याति से डरना नहीं है। वह हमेशा टिप्स देते रहते हैं। उन्होंने कहा हमारे आदर्श नीरज चोपड़ा ही हैं जिन्होंने एथलेटिक्स में पहला ओलंपिक पदक जीतकर हमारे भीतर भी आत्मविश्वास भरा। हम भी उनकी तरह बनना चाहते हैं और देश का मान बढ़ाना चाहते हैं।

## ऑस्ट्रेलिया की पांच खिलाड़ी मिलीं कोविड-19 पॉजिटिव

**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक के लिए ऑस्ट्रेलिया की महिला वाटर पोलो टीम की पांच खिलाड़ियों को कोविड-19 पॉजिटिव पाया गया है। पेरिस में ऑस्ट्रेलिया की दल प्रमुख अन्ना मीयर्स ने कहा कि कोविड मामले सिर्फ वाटर पोलो टीम तक ही सीमित हैं।

उन्होंने साथ ही कहा कि पॉजिटिव खिलाड़ियों को अभ्यास करने की अनुमति है। हम कोविड को किसी अन्य श्वसन संबंधी बीमारी से अलग नहीं मानते हैं। लेकिन हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमारे प्रोटोकॉल का भी पालन हो। इस तरह की बीमारियों से निपटना और इन्हें कम से कम फैलने देना हर ओलंपिक खेलों का एक अभिन्न अंग है। प्रोटोकॉल में मास्क पहनना और ट्रेनिंग के बाहर टीम के अन्य सदस्यों से पॉजिटिव खिलाड़ियों को दूर रखना शामिल है। मीयर्स ने कहा कि पूरी टीम की जांच हो चुकी है।

# अभी नहीं तो कभी नहीं वाली स्थिति : राय

पेरिस, एजेंसी



अनुभवी भारतीय तीरंदाज तरुणदीप राय पेरिस में टीम के अनौपचारिक मेंटोर के तौर पर काम कर रहे हैं और उनका कहना है कि अपने चौथे ओलंपिक में हिस्सा लेते हुए उनके लिए यह अभी नहीं तो कभी नहीं वाली स्थिति है।

40 साल के राय अपने चौथे ओलंपिक में पहला पदक जीतने की कोशिश में जुटे हैं। उन्होंने वैश्विक से महाद्वीपीय स्तर तक हर चैंपियनशिप में पदक जीते हैं, बस ओलंपिक में ही कोई पदक हासिल नहीं कर पाए हैं। उन्होंने विश्व चैंपियनशिप (2005, 2019) में दो रजत, तीन स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य सहित नौ विश्व कप पदक, एशियाई चैंपियनशिप में दो रजत और एक कांस्य पदक जीते हैं। राय ने कहा हर दिन भावनात्मक होता है। यह चौथी दफा है। मेरे लिए यह अभी नहीं तो कभी नहीं वाली स्थिति है। मैं अपने साथी तीरंदाजों से भी कहता हूं। शायद कोई अपना पहला या दूसरा ओलंपिक खेल रहा हो, लेकिन उसे इस तरह सोचना चाहिए कि अभी नहीं तो कभी नहीं। आपको इस तरह प्रयास करना चाहिए जैसे कि यह आपका आखिरी ओलंपिक हो।

सिक्किम के अनुभवी तीरंदाज ने 2004 एथेंस, 2012 लंदन और 2021 तोक्यो ओलंपिक में हिस्सा लिया था। तोक्यो में पुरुष टीम क्वार्टरफाइनल तक पहुंची थी जिसमें राय शामिल थे। उन्होंने कहा ओलंपिक हर खिलाड़ी का सपना होता है और मैं भी इससे अलग नहीं हूं। इसके लिए आपको सर्वश्रेष्ठ तैयारी करनी होती है। आपको क्वालीफाई करने और पदक जीतने के लिए कड़ी मेहनत करनी होती है। इस ओलंपिक में तीन साल के अंतराल के बाद खेल रहा हूं। कई बदलाव आये हैं जो सकारात्मक हैं। तोक्यो में जो भी कमी रह गई थी उसे दूर करना मेरा लक्ष्य है। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगा। भारतीय तीरंदाज 1988 में पदार्पण के बाद से नियमित रूप से ओलंपिक में हिस्सा लेते रहे हैं लेकिन अभी तक पदक नहीं जीत पाये हैं। अब भारतीय तीरंदाज गुरुवार को यहां क्वालीफिकेशन दौर से अभियान शुरू करेंगे।

# तीरंदाजों का लक्ष्य पहला पदक जीतना

## 1988 से ओलंपिक में शामिल किया गया था तीरंदाजी का खेल, तब से लेकर अब तक भारत नहीं जीत पाया है पदक

PARIS 2024 ओलंपिक 1 दिन शेष

पेरिस, एजेंसी

स्थान भी अलग होगा और वर्ष भी और एक नया ओलंपिक होगा लेकिन भारतीय तीरंदाजों का लक्ष्य वही पुराना होगा, ओलंपिक खेलों में पहला पदक जीतना। तीरंदाजी को ओलंपिक में 1988 में शामिल किया गया था और तब से भारतीय तीरंदाज लगभग हर ओलंपिक खेल में हिस्सा ले रहे हैं लेकिन अभी तक पोडियम तक पहुंचने में नाकाम रहे हैं।

पेरिस ओलंपिक में भारतीय तीरंदाज बुधवार को लेस इनवैलिड्स गार्डन में क्वालीफिकेशन राउंड के साथ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। लंदन ओलंपिक 2012 के बाद यह पहला अवसर है जबकि भारतीय टीम में सभी छह खिलाड़ी शामिल हैं। भारतीय पुरुष और महिला टीमों ने रैंकिंग के आधार पर ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया जिसका मतलब है कि इस बार भारतीय तीरंदाज पांच स्पर्धाओं में भाग लेंगे। अनुभवी तरुणदीप राय और दीपिका कुमारी अपने चौथे ओलंपिक में भाग ले रहे हैं। उनकी अगुवाई में टीम को पसंदीदा ड्रॉ हासिल करने के लिए क्वालिफिकेशन में कम से कम शीर्ष 10 में जगह बनानी होगी। प्रत्येक तीरंदाज 72 तीर चलाएगा और क्वालिफिकेशन दौर में भाग ले रहे 53 देश के 128 खिलाड़ियों के स्कोर के आधार पर रविवार से शुरू होने वाली मुख्य नॉकआउट प्रतियोगिता के लिए वरीयता तय की जाएगी।

भारतीय टीम के लिए क्वालीफिकेशन दौर महत्वपूर्ण होगा जो अक्सर निचली वरीयता हासिल करती रही हैं और ऐसे में नॉकआउट चरण में उन्हें दक्षिण कोरिया जैसी मजबूत टीम का सामना करना पड़ता है। तोक्यो ओलंपिक में भारत के सभी पुरुष तीरंदाज शीर्ष 30 में जगह नहीं बना पाए थे जिससे भारतीय टीम को नौवीं वरीयता मिली थी। भारत की एकमात्र महिला तीरंदाज दीपिका ने नौवां स्थान हासिल किया था। भारत को तब अपने अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में शीर्ष वरीयता प्राप्त कोरिया से हार का सामना करना पड़ा था। भारत को पुरुष टीम से काफी उम्मीद है जिसने इस साल शंघाई में विश्व कप के फाइनल में कोरिया को हराकर इतिहास रचा था।

महिला वर्ग में सभी की निगाहें दीपिका पर टिकी रहेंगी। उन्होंने मां बनने के 16 महीने के अंदर शंघाई में विश्व कप के पहले चरण में रजत पदक जीत कर शानदार वापसी की थी। महिला टीम में उनके साथ देने के लिए अंकिता भक्त और भजन कौर हैं। इन दोनों का यह पहला ओलंपिक होगा लेकिन वह वर्तमान ओलंपिक चक्र में भारतीय टीम का हिस्सा रही हैं और उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है। धीरज और दीपिका अगर रैंकिंग राउंड में शीर्ष पर रहते हैं तो फिर रिकर्व मिश्रित टीम में उनसे पदक की उम्मीद की जा सकती है। भारतीय तीरंदाज ओलंपिक में अभी तक क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाए हैं।

### ओलंपिक में अमेरिकी टीम की महिला ध्वजवाहक होंगी कोको गॉफ

**पेरिस।** टेनिस स्टार कोको गॉफ शुक्रवार को होने वाले ओलंपिक उद्घाटन समारोह में अमेरिकी टीम की महिला ध्वजवाहक होंगी। अमेरिका बास्टकेबॉल स्टार लेब्रोन जेम्स को पहले ही पुरुष ध्वजवाहक बनाने की घोषणा कर चुका है। गत अमेरिकी ओपन चैंपियन गॉफ पेरिस खेलों में अपने ओलंपिक पदार्पण की तैयार कर रही हैं। वह अमेरिका की ध्वजवाहक बनने वाली पहली टेनिस खिलाड़ी होंगी। टीम अमेरिकी एथलीट ने उन्हें और जेम्स को ध्वजवाहक के रूप में चुना है। बीस साल की गॉफ ने तीन साल पहले तोक्यो ओलंपिक के लिए अमेरिकी टीम में जगह बनाई थी लेकिन जापान रवाना होने से पहले कोविड-19 पॉजिटिव पाए जाने के कारण खेलों के महाकुंभ में हिस्सा नहीं ले पाईं थी। फ्रेंच ओपन की मेजबानी करने वाले रोलां गैरो पर होने वाली टेनिस प्रतियोगिता के महिला एकल में गॉफ को दूसरी वरीयता दी गई है। दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी पोलैंड की इगा स्वियातेक को शीर्ष वरीयता मिली है। गॉफ और जेसिका पेगुला को युगल में शीर्ष वरीयता मिली है।



ओलंपिक प्रतिस्पर्धाओं के लिए बनाया गया इंडोर स्टेडियम।

# फ्रांस को 2030 और अमेरिका को 2034 की मेजबानी मिली

पेरिस, एजेंसी

शीतकालीन ओलंपिक



अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने बुधवार को 2030 में होने वाले शीतकालीन ओलंपिक खेलों की मेजबानी फ्रांस के फ्रेंच आल्प्स और 2034 की मेजबानी अमेरिका के साल्ट लेक सिटी को सौंपने का फैसला किया। फ्रांस को मेजबानी कुछ शर्तों के आधार पर सौंपी गई है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने आईओसी को आश्वासन दिया कि ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल 2024 के संपन्न होने के बाद जो भी सरकार गठित होगी वह आयोजन से संबंधित सभी शर्तों को पूरा करेगी। इन पर अभी तक हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं।

फ्रांस में नई सरकार के गठन के बाद जो भी व्यक्ति प्रधानमंत्री बनेगा उन्हें इन शर्तों पर हस्ताक्षर करने होंगे। आईओसी ने इसके लिए एक अक्टूबर की समय सीमा तय की है। आईओसी के सदस्यों ने उनके आश्वासन को स्वीकार करके फ्रांस को मेजबानी सौंपने के पक्ष में मतदान किया। फ्रांस की मेजबानी के पक्ष में 84 सदस्यों ने जबकि चार सदस्यों ने विरोध में मतदान किया। सात सदस्यों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। मैक्रों ने कहा हम पर भरोसा दिखाने के लिए हम आपका आभार व्यक्त करते हैं। फ्रांस इन खेलों की मेजबानी के लिए बोली लगाने वाला एकमात्र देश था। फ्रांस इससे पहले तीन बार 1924, 1968 और 1992 में शीतकालीन ओलंपिक खेलों की मेजबानी कर चुका है। आईओसी सदस्यों ने इसके बाद 2034 में होने वाले शीतकालीन खेलों की मेजबानी के लिए साल्ट लेक सिटी की बोली पर भी मोहर लगाई। साल्ट लेक सिटी 32 साल के बाद इन खेलों का आयोजन करेगा। इससे पहले उसने 2002 में पहली बार शीतकालीन ओलंपिक खेलों की मेजबानी की थी। आईओसी ने पिछले साल साल्ट लेक सिटी को दावा मजबूत करने के लिए बातचीत के अधिकार दिए थे। इसके बाद उटा राज्य की राजधानी साल्ट लेक सिटी मेजबानी की दौड़ में अकेला शहर रह गया था। साल्ट लेक सिटी की तरफ से जिन लोगों ने बोली लगाई उनमें उटा के गवर्नर स्पेंसर कॉक्स, साल्ट लेक सिटी के मेयर एरिन मेंडेनहॉल और अल्पाइन स्की की महान खिलाड़ी लिंडसे वॉन शामिल थे।

# टीम को रोहित-विराट के न होने का उठाना चाहिए फायदा : जयसूर्या

पाल्लेकल, एजेंसी



- सनथ बोले- भारत के मुख्य खिलाड़ियों का न होना श्रीलंका के लिए बेहतर 27 से होगी शृंखला की शुरुआत

श्रीलंका के अंतरिम मुख्य कोच सनथ जयसूर्या ने बुधवार को खुलासा किया कि आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स के हाई परफॉर्मेंस निदेशक जुबिन भरूचा ने भारत के खिलाफ आगामी टी-20 शृंखला की तैयारी में उनके बल्लेबाजों की मदद की है और उन्हें उम्मीद है कि टीम रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे स्टार खिलाड़ियों के संन्यास का फायदा उठाएगी।

रोहित, कोहली और ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने पिछले महीने भारत की विश्व कप जीत के बाद टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों से संन्यास ले लिया था। श्रीलंका के खिलाफ टी-20 शृंखला 27 जुलाई से शुरू होगी। भारत को टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों के लिए सूर्यकुमार यादव के रूप में नया कप्तान भी मिला है और जयसूर्या ने अपनी टीम से इस अवसर का पूरा लाभ उठाने को कहा।

### भारत के खिलाफ शृंखला से बाहर हुए चामीरा

**कोलंबो।** श्रीलंका के तेज गेंदबाज दुष्मंता चामीरा श्वसन संबंधित समस्याओं से उबरने में विफल होने के कारण भारत के खिलाफ सीमित ओवरों की घरेलू शृंखला से बाहर हो गए हैं। देश के क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को यह जानकारी दी। तेज गेंदबाज असिथा फर्नांडो को चामीरा की जगह शामिल किया गया। श्रीलंका क्रिकेट ने ट्वीट किया दुश्मंता चामीरा अभी तक श्वसन संबंधित संक्रमण से उबर नहीं सके हैं इसलिए वह टी-20 शृंखला में नहीं खेल पाएंगे। असिथा फर्नांडो को चामीरा की जगह टीम में शामिल किया गया।

विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप

## भारतीय पुरुष टीम छठे और महिला टीम सातवें स्थान पर

**नई दिल्ली।** भारत अमेरिका के ह्यूस्टन में आयोजित की गई विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप में पुरुष और महिला वर्ग में क्रमशः छठे और सातवें स्थान पर रहे।



भारतीय पुरुष टीम पांचवें स्थान के लिए खेले गए मैच में इंग्लैंड से 1-2 से हार गई। शौर्य बावा ने पहला मैच जीतकर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई थी लेकिन युवराज वाधवानी और अयान वाजिलल्ली अपने मुकाबले हार गए। महिला टीम ने सातवें स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में न्यूजीलैंड को 2-1 से हराया। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और शमीना रियाज पांच गेम तक चले मैच में हार गई। निरुपमा दुबे और उन्नति त्रिपाठी ने इसके बाद अपने मैच जीत कर टीम को सातवां स्थान दिलाया।

## टेनिस खिलाड़ी सिनर पेरिस ओलंपिक से हटे

**पेरिस।** दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी यानिक सिनर गले में संक्रमण (टॉन्सिल) के कारण बुधवार को पेरिस ओलंपिक से हट गए।



इटली के इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि डॉक्टर ने उन्हें सलाह दी है कि वह ओलंपिक खेलों में हिस्सा नहीं लें। जनवरी में ऑस्ट्रेलिया ओपन के साथ अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाले सिनर पिछले महीने फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचकर एटीपी रैंकिंग में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी बने थे। ओलंपिक टेनिस का ड्रॉ गुरुवार को होगा जबकि मुकाबले शनिवार से शुरू होंगे। सिनर ने इतालवी में लिखा ओलंपिक से चूकना बड़ी निराशा है क्योंकि इस सत्र में यह मेरे मुख्य लक्ष्यों में से एक था। मैं इस बेहद महत्वपूर्ण टूर्नामेंट में अपने देश का प्रतिनिधित्व करने का सम्मान पाने के लिए इंतजार नहीं कर सकता था।

## टेस्ट में एक दिन में 600 रन बना सकता है इंग्लैंड : पोप

लंदन, एजेंसी

- टीम इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली बोले- बैजबॉल पद्धति अपनाने से नहीं बचती

इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप का मानना है कि उनकी टीम टेस्ट क्रिकेट में एक दिन के अंदर 600 रन बना सकती है और इन बातों को सिरे से खारिज कर दिया कि वे बल्लेबाजी में आक्रामक शैली बैजबॉल से पीछे हट रहे हैं।

टेस्ट क्रिकेट में एक दिन में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड इंग्लैंड के नाम पर ही है। उसने 1936 में भारत के खिलाफ मैनचेस्टर में खेले गए मैच के दूसरे दिन 6 विकेट पर 588 रन बनाए थे और पोप का मानना है कि बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली टीम इस रिकार्ड को तोड़ सकती है। पोप ने कहा कभी-कभी हम एक दिन में 280 या 300 रन बना सकते हैं क्योंकि हम परिस्थितियों को अच्छी तरह से समझते हैं। ऐसा भी हो सकता है कि भविष्य में कभी ऐसा दिन आए जब हम 500 से 600 रन बना लें और यह अच्छा रिकॉर्ड होगा। इंग्लैंड ने दिसंबर 2022 में पाकिस्तान के खिलाफ रावलपिंडी में खेले गए पहले टेस्ट मैच के पहले दिन 506 रन बनाए थे।इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ खेली जा रही तीन मैच की शृंखला में अभी 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर रखी है।

# मुर्शीदा की पारी से बांग्लादेश ने मलेशिया को 114 रनों से हराया

महिला एशिया कप

दांबुला, एजेंसी

मुर्शीदा खातून (80) और कप्तान निगार सुल्ताना नाबाद (62) रनों की अर्धशतकीय पारियों के बाद गेंदबाजों शानदार प्रदर्शन दम पर बांग्लादेश ने बुधवार को महिला एशिया कप के 11वें मुकाबले में मलेशिया को 114 रनों से हरा दिया है।

192 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने छह ओवर में 23 रन पर अपने दो विकेट गवां दिए। मलेशिया की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 77 रन ही बना की और 114 रनों से बड़ी हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले आज यहां बांग्लादेश की कप्तान निगार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मलेशिया को जीत के लिए 192 रनों का लक्ष्य दिया था। दिलारा अख्तर ने 20 गेंदों में 33 रन बनाए। मुर्शीदा खातून ने 59 गेंदों में 80 रनों की पारी खेली।


जीत के बाद बांग्लादेश के खिलाड़ी। ● एजेंसी

### श्रीलंका सेमीफाइनल में पहुंचा

**दांबुला।** शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन के बाद कप्तान चमारी अट्टापटू नाबाद (49) विश्मी गुणारत्ने नाबाद (39) की बेहतरीन बल्लेबाजी के दम पर श्रीलंका ने बुधवार को थाईलैंड को 10 विकेट से हराकर महिला एशिया कप में सेमीफाइनल में प्रवेश किया। श्रीलंका ने 11.3 ओवर में बिना कोई विकेट खोये 94 रन लक्ष्य हासिल कर अपनी टीम को 10 विकेट से जीत दिला दी। चमारी अट्टापटू ने 35 गेंदों में नाबाद 49 रनों की पारी खेली तथा विश्मी गुणारत्ने ने 34 गेंदों में 39 रन बनाए। इससे पहले आज यहां टॉस जीतकर थाईलैंड ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी थाईलैंड की टीम 93 रन ही बना सकी।

## नीता अंबानी दोबारा बनीं आईओसी की सदस्य

**पेरिस।** नीता अंबानी को एक बार फिर सर्वसम्मति से अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी (आईओसी) का सदस्य चुना गया है।

इसके लिए आज हुए मतदान में नीता अंबानी के पक्ष में शतप्रतिशत 93 वोट पड़े। वर्ष 2016 में रियो डी जेनेरियो ओलंपिक खेलों में नीता अंबानी पहली बार आईओसी सदस्य चुनी गई थी। वे रिलायंस फाउंडेशन की फाउंडर और चेयरपर्सन हैं। पुनर्निर्वाचन पर नीता अंबानी ने कहा, अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी के सदस्य के रूप में फिर से चुने जाने पर मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रही हूँ।



मैं प्रेसिडेंट बाख और आईओसी में अपने सभी सहयोगियों को मुझ पर विश्वास और भरोसे के लिए धन्यवाद देना चाहती हूँ। यह पुनर्निर्वाचन न केवल मेरे लिए एक व्यक्तिगत मील का पत्थर है, बल्कि वैश्विक खेल क्षेत्र में भारत के बढ़ते प्रभाव को भी दिखाता है। मैं हर भारतीय के साथ खुशी और गर्व के इस पल को साझा करना चाहती हूँ और भारत और दुनिया भर में ओलंपिक आंदोलन को मजबूत करने के लिए मैं तत्पर हूँ।

बॉलीवुड हलचल

## पति पत्नी और वो के सीक्वल में काम करेंगे कार्तिक आर्यन!



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन अपनी सुपरहिट फिल्म पति पत्नी और वो के सीक्वल में काम करते नजर आ सकते हैं। वर्ष 2019 में प्रदर्शित फिल्म पति पत्नी और वो में कार्तिक आर्यन, भूमि पेडनेकर और अनन्या पांडे ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। दर्शकों को यह फिल्म बेहद पसंद आई थी।चर्चा है कि कार्तिक ने फिल्म पति पत्नी और वो के सीक्वल के लिए हामी भर दी है। सीक्वल की स्क्रिप्ट पहले ही फाइनल हो चुकी है। कहा जा रहा है कि कार्तिक को पति पत्नी और वो 2 की पटकथा बहुत पसंद आई है। पति पत्नी और वो के सीक्वल का निर्माण भूषण कुमार और जूनो चोपड़ा करेंगे। वहीं, इसका निर्देशन मुदस्सर अजीज करेंगे।

## सन ऑफ सरदार 2 की शूटिंग शुरू

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन और संजय दत्त स्टारर फिल्म सन ऑफ सरदार 2 की शूटिंग स्कॉटलैंड में शुरू हो गई है। वर्ष 2012 में प्रदर्शित सुपरहिट फिल्म सन ऑफ सरदार का सीक्वल बनाया जा रहा है। सन ऑफ सरदार 2 की शूटिंग स्कॉटलैंड में शुरू हो गई है। इस फिल्म में अजय देवगन, संजय दत्त और मृणाल ठाकुर की मुख्य भूमिका होगी। इस कॉमेडी-ड्रामा फिल्म का निर्देशन विजय कुमार अरोड़ा कर रहे हैं। फिल्म सन ऑफ सरदार 2 के सेट से मृणाल ठाकुर की एक फोटो सामने आई है। फोटो से अंदाजा लगाया जा सकता है कि यहां बारात का सीक्वेंस शूट किया जा रहा है। मृणाल पंजाबी कुड़ी के लुक में बारात में ढोल बजाकर डांस करती नजर आ रही हैं। उनके साथ में कई और डांसर्स भी मौजूद हैं। कहा जा रहा है इस फिल्म की शूटिंग स्कॉटलैंड में 50 तक चलेगी।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

बौछारें



मुंबई के मरीन ड्राइव पर हाई टाइड के कारण समुद्र में दिनभर ऊंची-ऊंची लहरें उठती रहीं। इस बीच यहां राहगीरों ने बौछारों में भीगकर इस पल का लुत्फ उठाया। एजेंसी

न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित एक अध्ययन में हुआ खुलासा

# साल में दो बार एचआईवी रोधी इंजेक्शन शत प्रतिशत कारगर

नई दिल्ली, एजेंसी

न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित एक अध्ययन में कहा गया है कि इंजेक्शन के जरिए साल में दो बार दी जाने वाली एचआईवी-निवारक एक दवा ने महिलाओं में 100 प्रतिशत प्रभावशीलता दिखाई है तथा इसमें सुरक्षा संबंधी कोई चिंता भी नजर नहीं आई है।



साल में दो बार इंजेक्शन के रूप में दी जाने वाली लेनकापाविर को अमेरिका स्थित बायोफार्मास्युटिकल कंपनी जीलेड साइंसेज द्वारा 'प्री-एक्सपोजर प्रोफिलैक्सिस (रोग निरोधक) दवा के रूप में विकसित किया गया है। ये दवाएं उन लोगों में संक्रमण फैलने से रोकती हैं जो अभी तक रोग पैदा करने वाले वाहक के संपर्क में नहीं आए हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह अध्ययन, दक्षिण अफ्रीका और युगांडा में किशोरवय लड़कियों और युवा महिलाओं को शामिल करते हुए चरण-3 का परीक्षण है।

बयान के अनुसार इसमें पता चला कि प्री-एक्सपोजर प्रोफिलैक्सिस (प्रीईपी) लेनकापाविर ने शून्य (एचआईवी) संक्रमण और 100 प्रतिशत प्रभावशीलता प्रदर्शित की। एचआईवी या ह्यूमन इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस संक्रमित व्यक्ति के शारीरिक द्रव (बॉडी फ्लूइड) से फैलता है। उपचार न किए जाने पर, संक्रमण वर्षों में एड्स या 'एक्वायर्ड इम्यूनोडेफिशिएंसी सिंड्रोम' में बदल सकता है। उद्देश्य 1 परीक्षण में, 5,338 प्रतिभागियों को, जो शुरू में एचआईवी-नेगेटिव थे, तीन समूहों में विभाजित किया गया। इनमें 2,134 को 26 सप्ताह के अंतर पर लेनकापाविर इंजेक्शन दिए गए।

### शानदार परिणाम मिलेंगे : बेकर

केपटाउन विश्वविद्यालय के डेसमंड टूटू एचआईवी सेंटर की निदेशक और अध्ययन की प्रथम लेखक लिंडा-गेल बेकर ने एक बयान में कहा ये शानदार परिणाम दर्शाते हैं कि प्रीईपी के लिए दो बार वार्षिक लेनकापाविर, यदि स्वीकृत हो जाता है, तो एक अत्यधिक प्रभावी, वहनीय और विवेकपूर्ण विकल्प प्रदान कर सकता है जो संभावित रूप से प्रीईपी के उपयोग और दृढ़ता में सुधार कर सकता है, जिससे हमें वैश्विक स्तर पर सिसजेंडर महिलाओं में एचआईवी को कम करने में मदद मिल सकती है। सिसजेंडर वह शब्द है जो किसी व्यक्ति की लैंगिक पहचान को दर्शाता है, न कि उसकी यौन अभिरुचि को।

### इंजेक्शन लगने की जगह पर कोई गंभीर प्रतिक्रिया नहीं हुई

अध्ययन के लेखकों ने लिखा साल में दो बार लेनकापाविर लेने वाले किसी भी प्रतिभागी को एचआईवी संक्रमण नहीं हुआ। लेनकापाविर समूह के लगभग 70 प्रतिशत प्रतिभागियों में सबसे आम प्रतिकूल प्रभाव इंजेक्शन-स्थल पर होने वाली प्रतिक्रियाएं थीं। हालांकि, बयान के अनुसार इंजेक्शन-स्थल पर कोई गंभीर प्रतिक्रिया नहीं हुई।

## एक नजर

### ताइवान ने तूफान से निपटने की तैयारी की, फिलीपीन में 13 की मौत

**ताइपे।** शक्तिशाली तूफान की आशंका के मद्देनजर ताइवान ने बुधवार को पूरे द्वीप में कार्यालय, स्कूल और पर्यटन स्थल बंद कर दिए। इस तूफान के कारण फिलीपीन में मौसमी बारिश से हालात और खराब हो गए हैं और कम से कम 13 लोगों की जान चली गई जबकि छह लाख से ज्यादा लोग विस्थापित हुए हैं। तूफान गेमी अभी ताइवान की मुख्य भूमि में दाखिल नहीं हुआ है लेकिन उसके पहले ही ताइवान के अधिकांश भागों में भारी वर्षा हो रही है। तूफान के बुधवार शाम को उत्तरी काउंटी यलान में सीधे दस्तक देने की आशंका है।

### माल्विनास द्वीप के पास नाव पलटी, 8 की मौत

**ब्यूनस आयर्स।** माल्विनास द्वीप समूह के पास सोमवार को एक मछली पकड़ने वाली नाव के पलट जाने से आठ लोगों की मौत हो गई, जिसे अंग्रेजी में फ़ॉकलैंड द्वीप समूह कहते हैं। इस द्वीप पर अर्जेंटीना अपना दावा करता है लेकिन यह ब्रिटेन द्वारा शासित है। यह जानकारी अर्जेंटीना और स्पेनिश मीडिया ने दी। अर्जेंटीना के दैनिक समाचारपत्र ला नासियोन ने कहा कि सोमवार को मछली पकड़ने वाली नौका टूथफिश की तलाश में माल्विनास द्वीप के पास नौकायन कर रही थी, तभी उसका पतवार टूट गया और वह डूब गया।

### चीन प्रांत में भारी बारिश से 13,000 लोग प्रभावित

**लान्झू।** उत्तर पश्चिमी चीन के गांसू प्रांत के लोंगनान शहर में मूसलाधार बारिश से बुधवार सुबह तीन बजे तक 13,400 से ज्यादा लोग प्रभावित हुए, जबकि 5,622 लोगों को सुरक्षित निकाला गया। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। लोंगनान मौसम विभाग के अधिकारियों के अनुसार, सोमवार से बुधवार तक लोंगनान में 251 मिमी तक की भारी बारिश हुई।

### भूस्खलन से मरने वालों की संख्या 229 हुई

**अदीस अबाबा।** इथियोपिया के एक दूरस्थ क्षेत्र में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में कम से कम 229 लोगों की मौत हो गई है जिनमें से कई ऐसे लोग शामिल हैं जो पीड़ितों को बचाने की कोशिश में जुटे थे। प्रधानमंत्री अबी अहमद ने इसे भयानक क्षति बताया है। एक स्थानीय प्रशासक दागमावी आयेले ने बताया कि दक्षिणी इथियोपिया के केंचो शाचा गोजदी प्रांत में मिट्टी धंसने की घटना में मारे गए लोगों में बच्चे और गर्भवती महिलाएं शामिल हैं।

# इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध को रोकने के प्रयास हुए तेज

## डोनाल्ड ट्रंप ने फिलिस्तीनी राष्ट्रपति से कहा- सब कुछ जल्दी ठीक हो जाएगा

वाशिंगटन, एजेंसी

- बेंजामिन नेतन्याहू के साथ शुक्रवार को होगी मुलाकात

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ शुक्रवार को होने वाली बैठक से पहले अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास से कहा कि सबकुछ ठीक हो जाएगा।

ट्रंप ने कहा बेंजामिन नेतन्याहू के साथ शुक्रवार को होने वाली मुलाकात का बेसब्री से इंतजार है और मध्य पूर्व में शांति स्थापित करने के लिए और भी अधिक तत्पर हूं। इसके साथ ही उन्होंने अब्बास द्वारा उन्हें लिखा गया एक पत्र भी संलग्न किया। फिलिस्तीन के राष्ट्रपति ने ट्रंप पर चुनावी रैली के दौरान 13 जुलाई को हुए हमले के एक दिन बाद यह पत्र लिखा था।

राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने 14 जुलाई को ट्रंप को लिखे पत्र में कहा आप पर हुए हमले की खबर सुनकर मुझे बहुत चिंता हो रही है। मैंने इसका वीडियो भी देखा। डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर अब्बास के पत्र के जवाब



में अपने हाथ से लिखे गए पत्र की तस्वीर साझा करते हुए कहा महमूद, शुक्रिया। सब ठीक हो जाएगा।

**अपने कार्यकाल के दौरान शांति और स्थिरता कायम की थी :** उन्होंने कहा मेरे पहले कार्यकाल के दौरान हमने क्षेत्र में शांति और स्थिरता कायम की थी, यहां तक कि ऐतिहासिक अब्राहम समझौते पर भी हस्ताक्षर किए थे और हम पुनः शांति कायम करेंगे। जैसा कि मैंने हाल के सप्ताहों में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और अन्य विश्व नेताओं के साथ की गई चर्चा में कहा है कि मेरा शक्ति के माध्यम से शांति का एजेंडा दुनिया को दिखाएगा कि इन भयानक घातक युद्धों और हिंसक संघर्षों को समाप्त किया जाना चाहिए। लाखों लोग मर रहे हैं और कमला हैरिस किसी भी तरह से इसे रोकने में सक्षम नहीं हैं।

### नेतन्याहू से मिलेंगी कमला हैरिस

**वाशिंगटन।** अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के एक सहयोगी ने बताया कि हैरिस इस सप्ताह व्हाइट हाउस में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात करेंगी और उनसे कहेंगी कि युद्ध समाप्त करने का वक्त आ गया है। हालांकि, वह नेतन्याहू द्वारा संबोधित किए जाने वाले अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र की अध्यक्षता नहीं कर पाएंगी। डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की संभावित उम्मीदवार हैरिस के एक सहयोगी ने कहा नतन्याहू के साथ होने वाली यह बैठक राष्ट्रपति बाइडेन की नियोजित बैठक से अलग होगी। उपराष्ट्रपति पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के लिए 24 जुलाई को इंडियानापोलिस जा रही हैं और वह प्रधानमंत्री नेतन्याहू के कांग्रेस के संयुक्त सत्र के पहले से निर्धारित संबोधन में भाग नहीं ले पाएंगी। हैरिस के सहयोगी ने कहा अनुमान है कि उपराष्ट्रपति नेतन्याहू से कहेंगी कि युद्ध को इस तरह से समाप्त करने का समय आ गया है कि इजराइल सुरक्षित हो, सभी बंधक रिहा हों, गाजा में फिलिस्तीनी नागरिकों की पीड़ा का अंत हो और उनका सम्मान, स्वतंत्रता और आत्मनिर्णय के अपने अधिकार का आनंद ले सकें। नेतन्याहू का अमेरिकी कांग्रेस के एक संयुक्त सत्र को संबोधित करने का कार्यक्रम है। यह अमेरिकी संसद में नेतन्याहू का चौथा संबोधन है, जो किसी भी विदेशी नेता द्वारा अमेरिकी कांग्रेस में सबसे अधिक बार दिया जाने वाला संबोधन होगा। अमेरिकी संसद के संयुक्त सत्र की अध्यक्षता आम तौर पर उपराष्ट्रपति करते हैं। अमेरिकी कांग्रेस के स्पीकर माइक जॉनसन ने इस संबोधन में भाग न लेने के लिए हैरिस की आलोचना की है। डेमोक्रेटिक की ओर राष्ट्रपति पद की संभावित उम्मीदवार के तौर पर अपने पहले सप्ताह में हैरिस इजराइली प्रधानमंत्री की वाशिंगटन की आधिकारिक यात्रा के मद्देनजर अमेरिकी विदेश नीति में राजनीतिक रूप से सबसे ज्यादा विभाजनकारी मुद्दे का सामना करेंगी।

## हैरिस के नेतृत्व में भारत नीति में बदलाव की संभावना नहीं : मुकेश

**वाशिंगटन।** भारत केंद्रित अमेरिकी व्यापार एवं रणनीतिक पैरोकार समूह के प्रमुख ने मंगलवार को कहा कि अगर कमला हैरिस राष्ट्रपति चुनी जाती हैं तो उनके प्रशासन में भारत-अमेरिका नीति एवं रणनीति में कोई बदलाव होने की संभावना नहीं है। यूएस इंडिया स्ट्रेटेजिक एंड पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुकेश अघी ने एक साक्षात्कार में यह बात कही।

उन्होंने कहा राष्ट्रपति जो बाइडेन के चुनावी दौड़ से हटने के बाद कमला हैरिस तेजी से चुनाव प्रचार में जुट गई हैं और राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार बनने के 50 घंटे से भी कम समय में 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक धनराशि जुटाना उनके पक्ष में बढ़ते समर्थन को दर्शाता है। राष्ट्रपति बाइडेन के चुनावी दौड़ से हटने से पार्टी में और पार्टी समर्थकों में ऊर्जा भर गई है। बड़े दानदाता अब फिर से डेमोक्रेटिक पार्टी और उम्मीदवार के तौर पर कमला हैरिस का समर्थन कर रहे हैं। अघी ने कहा चीन का उदय, चीन का आक्रामक रुख दुनिया के लिए खतरा है। यह अमेरिका के हितों के लिए खतरा है और भारत पूरे परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# बांग्लादेश में धीरे-धीरे सामान्य हो रही स्थिति

ढाका, एजेंसी

- बंद पड़ी इंटरनेट सेवाएं आंशिक रूप से हुईं बहाल
- हिसा से लगभग देश में 200 लोगों की हो चुकी है मौत

बांग्लादेश में पांच दिन के बाद ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवाएं आंशिक रूप से बहाल कर दी गई हैं। सरकारी नौकरियों में आरक्षण में सुधार की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों और सुरक्षाकर्मियों के बीच हिंसक झड़पों के चलते इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई थीं। इस हिंसा में 200 से अधिक लोग मारे गए हैं। खबरों में कहा गया है कि मंगलवार देर शाम सीमित स्तर पर ब्रॉडबैंड सेवा बहाल होनी शुरू हो गई।

ढाका ट्रिब्यून की खबर के अनुसार डाक, दूरसंचार और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जुनैद अहमद पलक ने चरणबद्ध इंटरनेट बहाली को प्रायोगिक व्यवस्था बताया। इसमें बैंकिंग, वाणिज्य क्षेत्रों, प्रौद्योगिकी कंपनियों, निर्यातकों, आउटसोर्सिंग प्रदाताओं और मीडिया संगठनों को प्राथमिकता दी जाएगी तथा शीघ्र ही पूरे देश में पूर्ण इंटरनेट सेवा बहाल कर दी जाएगी। इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर्स एसोसिएशन ऑफ बांग्लादेश के अध्यक्ष मोहम्मद इमदादुल हक ने कहा कि देशभर में करीब 40 प्रतिशत इंटरनेट कनेक्शन बहाल कर दिए गए हैं और आज ज्यादातर लाइन जोड़ दी जाएंगी। डेली स्टार ने उनके हवाले से कहा हम सभी कनेक्शन को बहाल करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि ज्यादातर लोगों को शीघ्र ही इंटरनेट



### आरक्षित कोटा घटाकर पांच प्रतिशत किया

देशव्यापी हिंसा के चलते इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं निलंबित कर दी गई थीं। बीडी न्यूज 24 न्यूज पोर्टल ने खबर दी है कि देश में मोबाइल इंटरनेट अब भी बंद है। शीर्ष अदालत ने सोमवार को बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में हिस्सा लेने वालों के रिश्तेदारों के लिए आरक्षित कोटा घटाकर केवल पांच प्रतिशत कर दिया। इस प्रकार, अब 93 प्रतिशत नौकरियां योग्यता आधारित होंगी।

सेवा मिल जाएगी। बांग्लादेश में हाल में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़पें हुई थीं।

# इमरान ने नहीं कराया पोलीग्राफ टेस्ट

लाहौर, एजेंसी

- 12 सदस्यीय फोरेंसिक टीम परीक्षण करने पहुंची थी जेल
- पिछले साल हुए अप्रत्याशित उपद्रव के कारण जेल में हैं बंद

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने पिछले साल 9 मई को हुए अप्रत्याशित उपद्रव से जुड़े दर्जनों मामलों की लाहौर पुलिस द्वारा की जा रही जांच के तहत पोलीग्राफ (एक प्रकार की झूठ पकड़ने वाली जांच) और आवाज मिलान परीक्षण कराने से इनकार कर दिया है।

12 सदस्यीय फोरेंसिक टीम क्रिकेटर से नेता बने 71 वर्षीय इमरान खान का पोलीग्राफ परीक्षण करने मंगलवार को अडियाला जेल पहुंची थी। राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने 19 करोड़ पाउंड के भ्रष्टाचार के मामले में पिछले साल जब पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान को गिरफ्तार किया था तब 9 मई को देशभर में उपद्रव हुए थे। इमरान खान 200 से अधिक मामलों का सामना कर रहे



हैं और वह पिछले साल अगस्त से जेल में हैं। एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने खबर दी है कि एक पुलिस उपाधीक्षक की अगुवाई में लाहौर पुलिस का एक दल (पोलीग्राफ और आवाज मिलान) परीक्षण करने आडियाला जेल पहुंचा था। इस अखबार के अनुसार उनके साथ पंजाब अपराध जांच विज्ञान एजेंसी (पीएफएसए) के विशेषज्ञ भी थे। इन पीएफएसए विशेषज्ञों को पूर्व प्रधानमंत्री का पोलीग्राफ, आवाज मिलान परीक्षण और फोटोग्रेमेट्री परीक्षण करने थे।

### बोले- पिछली जांच पूरी होने के बाद देंगे समय

इमरान खान ने कहा कि विभिन्न संगठनों द्वारा उनकी जांच की जा रही है और पिछली जांच के पूरा हो जाने के बाद ही वह पुलिस को समय देंगे। डॉन अखबार की खबर है कि पुलिस अधिकारियों ने उससे 9 मई के उपद्रव के विभिन्न पहलुओं के बारे में पूछताछ की। इस उपद्रव के दौरान लाहौर कोर कमांडर के आवास, सैन्य प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनिक संपत्तियों को निशाना बनाया गया था। इस अखबार के मुताबिक जेल से लौटने के बाद, पुलिस टीम और पीएफएसए विशेषज्ञों ने लाहौर के डीआईजी (जांच) जीशान असगर को खान के असहयोग के बारे में बताया।

## पोत पर घायल चीनी नाविक को भारतीय नौसेना ने बचाया

**नई दिल्ली।** मुंबई अपतटीय क्षेत्र में गंभीर रूप से घायल एक चीनी नाविक को भारतीय नौसेना के एक हेलीकॉप्टर के जरिए एक मालवाहक जहाज से सुरक्षित निकाला गया। नौसेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि मरीज को हेलीकॉप्टर से हवाई परिसर ले जाया गया और उसके बाद आगे की चिकित्सा देखभाल के लिए अस्पताल भेज दिया गया। नौसेना ने कहा कि समुद्री बचाव समन्वय केंद्र (एमआरसीसी), मुंबई को मंगलवार को मुंबई से 200 समुद्री मील (लगभग 370 किमी) दूर मालवाहक पोत झोंग शान मेन से एक आपात संदेश प्राप्त हुआ। संदेश में 51 वर्षीय चीनी नाविक के गंभीर रूप से घायल होने और काफी खून बहने की जानकारी दी गई।

# ओलंपिक खत्म होने से पहले प्रधानमंत्री की नियुक्ति नहीं

पेरिस, एजेंसी

- राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा- अव्यवस्था से बचने के लिए उठाया कदम
- 10,500 एथलीट और लाखों प्रशंसक होंगे इकट्ठा

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि वह अव्यवस्था से बचने के लिए ओलंपिक खेलों की समाप्ति से पहले नए प्रधानमंत्री की नियुक्ति किसी भी कीमत में नहीं करेंगे। यह जानकारी मंगलवार को स्थानीय मीडिया ने दी।

मैक्रों ने फ्रांस 2 चैनल के साथ एक साक्षात्कार में कहा इस सरकार ने खेलों की तैयारी की है और हमारी जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करना है कि वे अच्छी तरह से हों। राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने खेलों की सुरक्षा के लिए स्थिरता को चुना है, जिसमें लगभग 10,500 एथलीट और लाखों प्रशंसक इकट्ठा होंगे। नये प्रधानमंत्री की नियुक्ति और एक नई सरकार के गठन से अराजकता



उत्पन्न होगी इसलिए उन्होंने राजनीतिक दलों से पूर्ण बहुमत के अभाव में देश की संसद में समझौता करने का आह्वान किया। सत्तारूढ़ पार्टी के मध्यावधि चुनावों में बहुमत प्राप्त करने में विफल रहने के बाद गैब्रियल अट्टल ने 8 जुलाई को मैक्रों को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा सौंप दिया था।

## अब दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति कार्यालय में गिरा कचरे से भरा गुब्बारा

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने बुधवार को दक्षिण कोरिया की ओर कचरे से भरे गुब्बारे भेजे, जिसमें एक गुब्बारा राष्ट्रपति कार्यालय परिसर में जा गिरा। विशेषज्ञों का कहना है कि दक्षिण कोरिया को अगली बार सीमावर्ती क्षेत्रों में ऐसे गुब्बारों को मार गिराना होगा क्योंकि क्या पता उत्तर कोरिया भविष्य में इसमें खतरनाक वस्तुएं भेज दे। सियोल के अधिकारियों ने बताया कि कुछ दिन पहले ही दक्षिण कोरिया ने जवाबी कार्रवाई करते हुए सीमा पर उत्तर कोरिया के संबंध में दुष्प्रचार संदेश प्रसारित किए थे। सुरक्षा सेवा ने यह बताने से इनकार कर दिया कि जब कचरे से भरा गुब्बारा परिसर में गिरा तो उस समय राष्ट्रपति यून सुक येओल कार्यालय में मौजूद थे या नहीं। यून के कार्यालय ने पहले कहा था कि बुधवार को उनका कोई आधिकारिक कार्यक्रम नहीं है।

# चंद्रमा के मिट्टी के नमूनों में पानी के अणु मिले

बीजिंग, एजेंसी

- चांग ई-5 मिशन द्वारा चंद्रमा से लाए गए मिट्टी के नमूनों का अध्ययन जारी

चांग ई-5 मिशन द्वारा चंद्रमा से लाए गए मिट्टी के नमूनों का अध्ययन कर रहे चीनी वैज्ञानिकों को चंद्रमा की मिट्टी में पानी के अणु मिले हैं। यह जानकारी चाइनीज एकेडमी आफ साइंसेज (सीएएस) ने दी।

हांगकांग मीडिया के अनुसार यह अनुसंधान बीजिंग नेशनल लेबोरेटरी फॉर कंडेंस्ड मैटर फिजिक्स और सीएएस के भौतिकी संस्थान तथा अन्य घरेलू अनुसंधान संस्थानों के अनुसंधानकर्ताओं द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। रिपोर्ट 16 जुलाई को पत्रिका नेचर एस्ट्रोनॉमी में प्रकाशित हुई। सीएएस ने कहा कि 2020 में चांग ई-5 मिशन द्वारा लाए गए चंद्रमा की मिट्टी के नमूनों के आधार पर चीनी वैज्ञानिकों ने आणविक जल से युक्त एक जलयोजित खनिज पाया है।

### भारत के चंद्रयान 1 ने खोजी थी ऑक्सीजन

वर्ष 2009 में, भारत के चंद्रयान-1 अंतरिक्ष यान ने चंद्रमा के सूर्य के प्रकाश वाले क्षेत्रों में ऑक्सीजन और हाइड्रोजन अणुओं के रूप में जलयोजित खनिजों के संकेतों का पता लगाया था। इसके उपकरणों में नासा का मून मिनरलॉजी मैपर (एम3) भी शामिल था जो एक इमेजिंग स्पेक्ट्रोमीटर है।

## एससीओ देशों ने पहला संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभ्यास किया

**बीजिंग।** शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के सुरक्षा अधिकारियों ने चीन में पहले संयुक्त आतंकवाद-रोधी अभ्यास में हिस्सा लिया, जिसमें आतंकवादी समूहों के उन्मूलन जैसे विशेष अभियानों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

चीन के जनसूचना मंत्रालय ने कहा कि उत्तर-पश्चिमी चीन के झिंजियांग उइगर स्वायत्त क्षेत्र में हाल ही में संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभ्यास इंटरैक्शन-2024 आयोजित किया गया। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने खबर दी कि यह अभ्यास पहली बार आयोजित किया गया और इसमें एससीओ के सभी सदस्य देशों की संबंधित एजेंसियों ने हिस्सा लिया।

खगोल विज्ञान | नासा के मार्स क्यूरियोसिटी रोवर की खोज, वैज्ञानिक इसे बड़ी उपलब्धि मान रहे

# मंगल ग्रह की सतह पर सल्फर क्रिस्टल की हुई खोज

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** लाल ग्रह मंगल की सतह पर पहली बार सल्फर का पता चला है। यह खोज नासा के मार्स क्यूरियोसिटी रोबर ने की है। वैज्ञानिक सल्फर के स्रोत का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। दरअसल वैज्ञानिको को जरा भी अनुमान नही था कि मंगल पर सल्फर भी उपलब्ध हो सकता है। कई दशकों से मंगल के धरातल से लेकर आसमान तक वैज्ञानिक खाक छानते आ रहे हैं। अब तक अनेक वस्तुओं की जानकारी जुटा चुके हैं।

मंगल की धरती पर सल्फर का मिलना बड़ी खोज मानी जा रही है। वैज्ञानिकों के अनुसार मार्स क्यूरियोसिटी रोवर गेडिज़ वैली में खोज कर रहा था, तभी वह एक चट्टान के ऊपर से गुजरा और चट्टान को तोड़ दिया। तभी पता चला कि शुद्ध तात्विक गंधक के साथ बाहर निकल आया। तस्वीरों की जांच करने के बाद पता चला कि यह शुद्ध रूप से सल्फर है।

क्यूरियोसिटी चट्टान काटने की क्षमता रखता है साथ ही रासायनिक संरचना का पता भी लगा सकता है। वैज्ञानिकों ने आगे के अध्ययन के लिए नमूने एकत्र किए और तब पता चला कि मंगल ग्रह पर सल्फर विभिन्न रूपों में मौजूद है।

वैज्ञानिकों का कहना है कि क्यूरियोसिटी द्वारा टूटी चट्टानों के बीच में शुद्ध सल्फर खोजना मंगल ग्रह की खोज में एक नया अनुभव है। साथ ही यह सवाल उठ रहा है कि यह मंगल की सतह पर कब और कैसे पहुंचा। 31 मार्च को रोबर ने यह खोज की। जिसकी सच्चाई का पता लगाने में कई महीने वैज्ञानिकों को लग गए। बहरहाल मंगल पर सल्फर की खोज को लेकर लाल ग्रह पर अध्ययन करने वालों के लिए खुशी की खबर है, जो मंगल पर जीवन बसाने के प्रयास में मदद करेगी।



मंगल की सतह पर चट्टान में मिले सल्फर की तस्वीर।

### मंगल होगा मानव का आशियाना

मंगल ग्रह पर नित नई खोज वैज्ञानिकों का मनोबल बढ़ाती है। यह खोज भी इसी तरह की है। एरिज़ोना टक्सन के प्लैनेटरी साइंस इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिको ने सल्फर का खुलासा किया है। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि मंगल पर भविष्य में कुछ और भी राज सामने आएंगे, जो मंगल पर मानव जीवन बसाने में मददगार साबित होंगे।